Website- edristi.in

₹ 50.00

नवत्र

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 1 ➤➤ अंक - 6 ➤➤ फरवरी, 2018



आर्थिक सर्वेक्षण 2017-18

New India Budget 2018

केन्द्रीय बजट 2018-19

प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेण्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेण्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए। दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं। करेण्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों।माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं। आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं। हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है। आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (**1** जनवरी से **31** जनवरी, **2018**) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं। ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Table of Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य 16

केंद्रीय बजटः 2018-19 16

इस्राइल के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा 24

पद्म पुरस्कार-2018 25

अंतरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन-2018 27

नौ नए स्मार्ट शहरों की घोषणा 28

उ.प्र. औद्योगिकी मॉडल स्थायी आदेश (प्रथम संशोधन)-2017 का प्रस्ताव स्वीकृत 29

आधार की पहचान फेस ऑथेन्टिकेशन से 30

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला-2018 31

उत्तर प्रदेश भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा-शर्त विनियमन) नियमावली-2009 में संशोधन 32

उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति-2017 33

उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एंड गारमेंटिंग पॉलिसी, 2017 35

मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा की विधानसभाओं के लिए चुनाव, 2018 के कार्यक्रम की घोषणा 37

उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण-2016-17 37

राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव-2018 38

सक्षम-2018 39

रेडीनेस फॉर द फ्यूचर ऑफ द प्रोडक्शन रिपोर्ट-2018 40

रायसीना डायलॉग, 2018 41

केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 65वीं बैठक 42

भारत और मलेशिया के मध्य पांचवीं द्विपक्षीय बैठक 43

उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण, 2016-17 रिपोर्ट 44

नाबॉर्ड (संशोधन) विधेयक, 2017 45

पराक्रम्य लिखत (निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स) (संशोधन) विधेयक, 2017 46

वर्षांत समीक्षा 2017: पर्यटन मंत्रालय ..... **Error! Bookmark not defined.**

वर्षांत समीक्षा, 2017: पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ..... **Error! Bookmark not defined.**

वर्षांत समीक्षा, 2017: पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ..... **Error! Bookmark not defined.**

वर्षांत समीक्षा, 2017: संसदीय मामले का मंत्रालय ..... **Error! Bookmark not defined.**

जल संसाधन मंत्रालय ..... **Error! Bookmark not defined.**

भारतीय वन (संशोधन) विधेयक, 2017 47

उत्तर प्रदेश चावल निर्यात प्रोत्साहन योजना (2017-22) 48

अतुल्य भारत डिजिटल कैलेंडर-2018 49

22वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2018 50

बाड़मेर रिफाइनरी परियोजना 51

खाद्य सुरक्षा और पोषण पर 'स्वास्थ्य मंत्रियों का पहला गोलमेज सम्मेलन' 52

महिला स्व-सहायता समूहों को सामाजिक अंकेक्षण की जिम्मेदारी 53

केंद्र सरकार द्वारा कंपनी (संशोधित) अधिनियम, 2017 अधिसूचित 54

प्रथम प्रवासी सांसद सम्मेलन 55

समुद्र मार्ग से हज यात्रा का विकल्प शुरू करने पर भारत के प्रस्ताव को मंजूरी 56

आसियान-भारत प्रवासी भारतीय दिवस समारोह 57

राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर का पहला मसौदा प्रकाशित 57

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 58

पर्यावरण निष्पादन सूचकांक-2018 58

वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्धा सूचकांक-2018 59

ग्लोबल लीडर्स सर्वे 60

विश्व ऊर्जा भविष्य शिखर सम्मेलन-2018 60

आर्थिक परिदृश्य 61

आर्थिक सर्वेक्षण, 2017-18 22

विश्व आर्थिक दृष्टिकोण अद्यतन, जनवरी, 2018 61

समावेशी विकास सूचकांक-2018 62

आईडीएफसी बैंक और कैपिटल फर्स्ट का विलय 63

भारत सरकार ने बचत (कर योग्य) बॉन्ड, 2018 लांच करने की घोषणा की 64

आयकर विभाग द्वारा कर दाताओं के आंकड़े जारी 65

वर्ल्ड इकोनॉमिक लीग टेबल के अनुसार भारत 2018 में पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था होगा..... 67

भारत सरकार टकसाल द्वारा पहला उच्च शुद्धता वाला 'स्वर्ण संदर्भ मानक' 68

फोर्ब्स की 'बेस्ट कंट्री फॉर बिजनेस-2017' रैंकिंग जारी 69

टीसीएस को मिला रिकॉर्ड 2.25 अरब डॉलर का नीलसन आउटसोर्सिंग अनुबंध..... 70

जीएसटी परिषद की 25वीं बैठक 71

दुग्ध एवं अंडा उत्पादन आंकड़े जारी..... 72

आईआईपी के त्वरित अनुमान 73

भारत चीन प्रायोजित एआईआईबी का शीर्ष उधारकर्ता बना 74

एफडीआई नीति में संशोधन को मंजूरी 75

राष्ट्रीय आय के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी..... 77

चुनावी बांड योजना 78

वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट, जनवरी, 2018..... 79

उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक गैस की दर 80

एसबीआई द्वारा दीर्घावधि कोष जुटाने को मंजूरी 81

वैज्ञानिक परिदृश्य 81

रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी 81

पहली बार भारतीय वैक्सीन को डब्ल्यूएचओ द्वारा 'पूर्व-योग्य' घोषित 81

अपतटीय निगरानी पोत 'विजया' का जलावतरण..... 83

नासा का भावी टेलिस्कोप 84

गोल्ड और आइकॉन मिशन 85

निर्देशित बम और बराक मिसाइलों की खरीद को मंजूरी 86

डॉर्नियर-228 विमान को कॉमर्शियल उड़ान की स्वीकृति..... 86

अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण 87

अब तक का सबसे तेज भारतीय सुपरकंप्यूटर अनावरित 88

निकटतम अंतरिक्ष के अन्वेषण हेतु नासा के दो भावी मिशन 89

इसरो के 100वें उपग्रह कार्टोसैट-2 का सफल प्रक्षेपण 90

खेल परिदृश्य 91

टेनिस 91

ऑरेकल चैलेंजर सीरीज-न्यूपोर्ट बीच, 2018 91

प्रश्न-हाल ही में संपन्न ऑरेकल चैलेंजर सीरीज न्यूपोर्ट बीच, 2018 का पुरुष युगल खिताब लिएंडर पेस ने किसके साथ जोड़ी बनाकर जीत लिया? (a) जेम्स सेरेटानी (b) टेलर फ्रिट्ज (c) डेनिस कुडला (d) महेश भूपति उत्तर-(a) संबंधित तथ्य 91

ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2018 92

ब्रिस्बेन इंटरनेशनल, 2018 93

टा ओपन, 2018 94

कतर ओपन, 2018 95

शेनझेन ओपन, 2018 96

हॉपमैन कप, 2018 96

सिडनी इंटरनेशनल टेनिस प्रतियोगिता, 2018 97

क्रिकेट 98

सैय्यद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी, 2017-18 98

दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप, 2018 99

एशेज सीरीज, 2017-18 99

बैडमिंटन 101

इंडोनेशिया मास्टर्स, 2018 101

आइसलैंड इंटरनेशनल, 2018 101

प्रीमियर बैडमिंटन लीग, 2018 102

मुक्केबाजी 103
दूसरी एलाइट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017-18 103
बिलियडर्स/स्नूकर/स्क्वैश 103
कोलकाता ओपन अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण स्नूकर चैंपियनशिप, 2018 103
गोल्फ 104
2018 हीरो WPGT का दूसरा चरण 104
रॉयल कप, 2017 104
खेल विविध 105
IPL 2018: खिलाड़ियों की नीलामी 105
टेस्ट क्रिकेट नियमों में बदलाव 107
'खेलो इंडिया स्कूल खेल' के एंथम का अनावरण 107
वुमैन पॉवर कप हैंडबॉल सुपर लीग, 2018 108
सांबा डे ओउरा ट्रॉफी, 2017 109
65वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप, 2017 110
शीतकालीन ओलंपिक खेलों में प्रतिनिधि मंडल भेजेगा उत्तर कोरिया 110
चर्चित खेल व्यक्तित्व 111
भारतीय क्रिकेटर ने सार्वकालिक टेस्ट रैंकिंग सूची में ब्रायन लारा को पीछे छोड़ा 111
हैरी केन ने तोड़ा 22 वर्ष पुराना रिकॉर्ड 112
ब्राजीलियाई फुटबॉलर का अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास 113
रिकी पोंटिंग 113
अंडर-19 विश्वकप के आईसीसी पैनल में दो भारतीय अंपायर शामिल 114
महिला मुक्केबाजों के प्रतिनिधि का चुनाव 114
अंतरराष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी 115
रिकी पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सह-कोच नियुक्त 116

संक्षिप्तियां 116
चर्चित व्यक्ति 116
सुप्रिया देवी 116
सेवांग नामग्याल 117
राजेश अग्रवाल 117
श्रीकुमार मेनन 118
टी. कृष्णा कुमारी 118
उरसुला के. ले गुइन 118
देश के नए चुनाव आयुक्त 119
भारत के नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त 119
विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के नए निदेशक 120
अनिंद्य सेनगुप्ता 121
एनएसजी के नए महानिदेशक 121
उ.प्र. के नए राज्य निर्वाचन आयुक्त 122
डॉ. विवेक लाल 122
राधा विश्वनाथन 123
उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का गठन 123
आनंदीबेन पटेल 123
राजीव बिंदल 124
वसंत डावखरे 124
चंडी लहिड़ी 125
काशीनाथ 125
निर्मला सीतारमण 126
'डोरस्टेप डिलिवरी' योजना 126

नारायण सदाशिव फरांदे 127
डॉ. नंदकिशार त्रिखा 127
पंडित बुद्धदेव दासगुप्ता 128
रघुनाथ झा 128
टी.वी. राजेश्वर 129
एनसीडीईएक्स के नए प्रबंध निदेशक एवं सीइओ 129
सुखचैन सिंह चीमा 130
सऊदी अरब में महिला राजदूत नियुक्त करने वाला विश्व का पहला देश 130
लाइबेरिया के नए राष्ट्रपति 131
भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) के नए अध्यक्ष 131
यूजीसी के नए अध्यक्ष 132
बनवारी लाल जोशी 132
आईओए वित्त आयोग के अध्यक्ष 133
अजय सिंह 134
उ.प्र. सरकार के नए आर्थिक सलाहकार 134
वर्ल्ड बिजनेस काउंसिल फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के नए अध्यक्ष 135
दूधनाथ सिंह 135
इसरो के नए अध्यक्ष 136
एनपीसीआई के नए एमडी एवं सीईओ 136
कैरी ग्रेसी 137
ए.आर. रहमान 137
एस.आर. मरडी 138
शशिकांत भागवत 138
टी.एस. तिरूमूर्ति 139

राजेश रंजन 139
पीटर सुदरलैंड 140
उ.प्र. के नए डीजीपी 140
विनीत चौधरी 141
एन.सी. गोयल 141
एसएफआईओ (SFIO) के नए निदेशक 141
चर्चित स्थल 142
सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग कम्पोस्टिंग एंड सेनेटरी लैंडफिल डिस्पोजल प्लांट 142
यूरोप की सांस्कृतिक राजधानी, 2018 143
कराईकल में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्घाटन 143
बिलासपुर 144
ग्वाटेमाला 145
सबसे प्राचीन बौद्ध शिलालेख 146
दक्षिण ऑस्ट्रेलिया का भावी वृहत्तम सौर ताप विद्युत संयंत्र 146
भारत का पहला कोल-टू-गैस कनवर्जन प्लांट 147
खाना लूटने को लेकर हिंसा 148
अंगोला का पहला राष्ट्रीय उपग्रह 148
विश्व का सबसे लंबा शीशे का पुल 149
बिहार को राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की स्वीकृति 150
आधुनिक इनक्यूबेशन केंद्र 'सेंटर फॉर इंटरप्रेन्योरशिप अपार्च्यूनिटीज एंड लर्निंग' का उद्घाटन 150
माटुंगा रेलवे स्टेशन लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, 2018 में शामिल 151
विकास खंड सहसों एवं शृंगवेरपुर धाम के सृजन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी 152
खुले में शौच से मुक्त देश का छठां राज्य 152
वीरता पुरस्कार-2018 153

प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार, 2016 153

63वां जियो फिल्मफेयर अवॉर्ड, 2018 155

जीडी बिड़ला सम्मान-2015-16 156

राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार-2017 156

आईसीसी अवॉर्ड्स-2017 158

24वां क्रिस्टल अवॉर्ड-2018 159

पहला केपीएस गिल 'फीयरलेस इंडियन' पुरस्कार 160

75वां गोल्डन ग्लोब पुरस्कार-2018 160

13वां नवलेखन पुरस्कार, 2017 161

योजना/परियोजना 162

बंगलुरू जलापूर्ति एवं सीवरेज परियोजना (चरण-3) (1) 162

राष्ट्रीय सीएसआर डेटा पोर्टल और कॉरपोरेट डेटा पोर्टल लांच 163

सतत शहरी नियोजन पर पहले पाठ्यक्रम का शुभारंभ 163

धौलपुर लिफ्ट सिंचाई परियोजना 164

भावांतर भरपाई योजना 165

मुख्यमंत्री जन-धन सुरक्षा योजना 166

कलाकारों के सहायतार्थ ओडिशा सरकार की योजना 167

देश के पहले कृषि विकल्प कारोबार का शुभारंभ 167

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 26 लंबे स्पान पुलों को मंजूरी 168

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन 169

गंगा ग्राम परियोजना 170

'मुहाफिज' योजना 171

पिपराईच चीनी मिल और मुंडेरवा चीनी मिल की अविवादित भूमि पर नई चीनी मिल एवं को-जेनरेशन प्लांट की स्थापना का निर्णय 172

सीसीईए ने एमपीलैड्स को 12वीं योजना से आगे जारी रखने की स्वीकृति दी 173
मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना 173
उत्तर प्रदेश में पोषाहार की दरों में वृद्धि 175
कृषि ऋण माफी योजना 175
ऑपरेशन/अभियान 176
'टाइम्स अप' अभियान 176
आयोग/समिति 177
एन.आर. नारायण मूर्ति समिति 177
सिख विरोधी दंगों की जांच हेतु एसआईटी का गठन 178
सम्मेलन/समारोह 178
आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन-2018 178
चौथा बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट, 2018 179
निर्वाचन प्रक्रियाओं में दिव्यांगजनों के समावेशन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 2018 179
भारत पर्व-2018 180
आसियान-इंडिया बिजनेस एंड इन्वेस्टमेंट मीट एंड एक्सपो-2018 181
डिफेंस एक्सपो इंडिया, 2018 181
सुगम्यता के विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन, 2018 182
हिन्दी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 182
उत्तर प्रदेश राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की पहली बैठक 183
तीस्ता रंगीत पर्यटन महोत्सव, 2017 184
'इंडिया @ 70: द जम्मू एंड कश्मीर सागा' प्रदर्शनी 185
चौथा भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव-2018 185
एससीओ के अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग विभाग की बैठक 186
कृषि एवं वानिकी पर चौथी आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय बैठक, 2018 186

व्यापार विकास और संवर्धन परिषद की तीसरी बैठक 187

खाद्य एवं कृषि के लिए 10वां वैश्विक फोरम 187

राष्ट्रीय गर्भाशय कैंसर कांग्रेस-2018 188

आईडब्ल्यूडीआरआई-2018 189

आर्थिक लोकतंत्र कॉन्क्लेव 189

'सुशासन एवं सर्वोत्तम प्रथाओं की प्रतिकृति' पर क्षेत्रीय सम्मेलन 190

32वां भारतीय अभियांत्रिकी कांग्रेस-2017 190

कृषि एवं वानिकी पर चौथी आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय बैठक, 2018 191

प्रथम नार्थ इंडियन साइंस कांग्रेस-2018 191

प्रधानमंत्री की अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक 192

24वां राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकारों का सम्मेलन 193

अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन, 2018 193

प्रवासी सांसदों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 2018 194

18वां अखिल भारतीय सचेतक सम्मेलन 194

अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन-2018 195

संधि/समझौता 195

उत्तर कोयल जलाशय परियोजना हेतु समझौता 195

भारतीय आईटी कंपनी का अमेरिकी बीमा समूह से अनुबंध 196

भारत-कनाडा में समझौता 197

मेघालय सरकार और आईओए में समझौता 198

राजस्थान पुलिस और एसबीआई में समझौता 199

गेल-गैजप्रॉम समझौता 200

भारत-इटली में समझौता 200

भारत-अमेरिका में समझौता 201

इंफोसिस द्वारा अमेरिकी कर संधि हस्ताक्षरित 202
भारत-बेल्जियम में समझौता 203
भारत-ट्रांसपोर्ट फॉर लंदन में समझौता 204
भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार में समझौता 204
भारत और स्विट्जरलैंड के मध्य समझौता 205
कोंकण रेलवे, आईआईटी बॉम्बे के मध्य समझौता 206
भारत-श्रीलंका में समझौता 206
पंजाब नेशनल बैंक और एनएसएफडीसी में समझौता 207
संघ/संगठन 208
भारत ऑस्ट्रेलिया ग्रुप में शामिल 208
तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड 209
ईगल इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट का अधिग्रहण 209
फूडपांडा का अधिग्रहण 210
भारती एयरटेल मिलिकॉम करार 211
विधि/न्याय 211
राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग विधेयक, 2017 211
दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) दूसरा (संशोधन) विधेयक, 2017 212
उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2017 213
माल और सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) संशोधन विधेयक, 2017 214
सिनेमाघरों में राष्ट्रगान बजाना स्वैच्छिक 215
वर्ष/दिवस/सप्ताह 216
विश्व कुष्ठ दिवस 216
राष्ट्रीय मतदाता दिवस 217
राष्ट्रीय बालिका दिवस 217

विश्व ब्रेल दिवस 218
ट्राई द्वारा दूरसंचार इंटर-कनेक्शन विनियमन, 2018 जारी 218
किसान दिवस 219
राष्ट्रीय गणित दिवस 219
70वां भारतीय सेना दिवस 220
राष्ट्रीय युवा दिवस 221
विश्व हिंदी दिवस 221
पुस्तकें 222
इलेक्शन एटलस ऑफ इंडिया 222
विविध 223
'साइबर सुरक्षित भारत' लांच 223
उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक द्वारा नाबार्ड से ऋण आहरित करने हेतु शासकीय गारंटी स्वीकृत 223
ऑनलाइन पोर्टल 'नारी' 224
'युवा संगम' वेबसाइट 225
LDFM- ऐप लांच 226
हेरिटेज कैबिनेट 227
मंगल ग्रह पर स्पोर्ट्स कार 227
हज सब्सिडी समाप्त 228
बौद्धिक संपदा प्रतियोगिता का शुभारंभ 229
मदरसों में संस्कृत पढ़ाए जाने की मंजूरी 230
ड्रोन कैमरों द्वारा रेल परियोजनाओं की निगरानी 230
वर्चुअल आईडी 231
देश की पहली डिजिटल ऑनलाइन ऑन्कोलॉजी ट्यूटोरियल सीरीज लांच 231
'मेरा होर्डिंग' ऐप 232

29वां विजयवाड़ा पुस्तक उत्सव 233

माजुली द्वीप के बाढ़ और क्षरण से बचाव हेतु सुरक्षा कार्यों की आधारशिला 233

पराली जलाने की समस्या से निपटने हेतु क्षेत्रीय परियोजना को मंजूरी 234

भारत और अफगानिस्तान के मध्य दूसरा वायु मार्ग 235

मेडागास्कर में उष्णकटिबंधीय चक्रवात 235

भारत-श्रीलंका संयुक्त महासागरीय सर्वेक्षण पूर्ण 236

ईरानी कंपनियों पर प्रतिबंध 237

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति 237

राष्ट्रीय परिदृश्य

केंद्रीय बजटः 2018-19

प्रश्न-1 फरवरी, 2017 को प्रस्तुत केंद्रीय बजट, 2018-19 से संबंधित कथनों पर विचार कीजिए-

(i) वित्त वर्ष 2017-18 के लिए राजकोषीय घाटा 3.5 प्रतिशत तय किया गया, इसके वर्ष 2018-19 में 3.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

(ii) बजट में जनजातीय विद्यार्थियों के लिए वर्ष 2019 तक हर जनजातीय ब्लॉक में 'एकलव्य आवासीय स्कूल' खोलने का प्रस्ताव।

(iii) केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBEC) का नाम बदलकर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड करने का प्रस्ताव।

(iv) कृषि क्षेत्र को संस्थापगत ऋण वर्ष 2014-15 के 8.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर वर्ष 2018-19 में 11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव

उपरोक्त कथनों में से कौन-से/सा कथन सही हैं?

(a) केवल (i), (iii) एवं (iv)

(b) केवल (i) एवं (iv)

(c) केवल (ii), (iii) एवं (iv)

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 फरवरी, 2018 को केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली ने वर्ष 2017-18 हेतु केंद्रीय बजट संसद में प्रस्तुत किया।
- **बजट 2018-19 की प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं-**
  कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था
- वित्त मंत्री ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने की सरकार की वचनबद्धता का उल्लेख करते हुए अनेक नई योजनाओं और उपायों की घोषणा की।
- अधिकतर रबी फसलों की तरह सभी अघोषित खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) उनके उत्पादन लागत से 1.5 गुना होगा।

- कृषि क्षेत्र को संस्थागत ऋण वर्ष 2014-15 के 8.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर वर्ष 2018-19 में 11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव।
- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का बजटीय आवंटन वर्ष 2017-18 में 51,576 करोड़ रुपये था, जिसे बढ़ाकर वर्ष 2018-19 में 58,080 करोड़ रुपये कर दिया गया।
- 86 प्रतिशत छोटे एवं सीमांत किसानों के हितों की रक्षा के लिए 22,000 ग्रामीण हाटों एवं 585 APMC को ग्रामीण कृषि बाजारों में विकसित एवं उन्नत किया जाएगा।
- किसानों एवं उपभोक्ताओं के हित में आलू, टमाटर और प्याज की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव की समस्या से निपटने के लिए 'ऑपरेशन ग्रीन' लांच किए जाने की घोषणा।
- इसके लिए 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।
- मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्रों के लिए 10,000 करोड़ रुपये के दो नए कोष की घोषणा।
- पशुपालन एवं मात्स्यिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाले किसानों को भी किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
- बांस (हरित सोना) के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 1,290 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक पुनर्गठित 'राष्ट्रीय बांस मिशन' को शुरू करने का प्रस्ताव।
- कृषि उत्पादों के निर्यात की संभावना को देखते हुए 42 मेगाफूड पार्कों में अत्याधुनिक परीक्षण सुविधाएं स्थापित करने का प्रस्ताव।
- हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) दिल्ली में प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए सरकार के प्रयासों को सहायता देने के लिए एक विशेष योजना की घोषणा।
- ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और जीविका के साधनों के सृजन के लिए वर्ष 2018-19 में 14.34 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- कृषि क्षेत्र में पिछड़े 96 जिलों में सिंचाई के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 2600 करोड़ रुपये का आवंटन।
- महिला स्वयं सहायता समूहों को मिलने वाली ऋण की राशि को वर्ष 2017-18 के 42,500 करोड़ रुपये से बढ़ाकर मार्च 2019 तक 75,000 करोड़ रुपये किया जाएगा।
- वर्ष 2018-19 में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका कार्यक्रम के आवंटन को बढ़ाकर 5750 करोड़ रुपये किया गया।
- सरकार उज्ज्वला योजना के तहत 8 करोड़ गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देगी। इससे पहले 5 करोड़ मुक्त गैस कनेक्शन का लक्ष्य था।
- सौभाग्य योजना के अंतर्गत 16 हजार करोड़ रुपये के परिव्यय से 4 करोड़ गरीब परिवारों को बिजली के कनेक्शन प्रदान किये जा रहे हैं।

- वर्ष 2022 तक सभी को आवास का लक्ष्य पूरा करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2019 तक एक करोड़ से ज्यादा आवासों का निर्माण किया जाएगा।
- स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकार अब तक 6 करोड़ से ज्यादा शौचालयों का निर्माण कर चुकी है।
- वित्त वर्ष 2018-19 में सरकार का 1.88 करोड़ शौचालय बनाने का लक्ष्य है।
- जानवरों के गोबर और ठोस अपशिष्ट कम्पोस्ट, उर्वरक, बायो गैस और बायो-सीएनजी के रूप में बदलने के लिए खेतों में इसके प्रबंधन और रूपांतरण हेतु 'गाल्वेनाइजिंग ऑर्गेनिक बायो-एग्रो रिसोर्सेज धन' (गोबर-धन) नामक योजना प्रारंभ की जाएगी।

शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा

- वर्ष 2018-19 के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा पर बजटीय व्ययों का अनुमान वर्ष 2017-18 के 1.22 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 1.38 लाख करोड़ रुपये है।
- 1,00,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ वर्ष 2022 तक 'शिक्षा में आधारभूत ढांचों और प्रणाली पुनर्जीवन (RISE)' नामक पहल के प्रारंभ का प्रस्ताव।
- इस पहल के वित्तपोषण के लिए उच्चतर शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (HEFA) को उपयुक्त रूप से तैयार किया जाएगा।
- वर्ष 2022 तक 50 प्रतिशत से ज्यादा की अनुसूचित जनजाति आबादी वाले प्रत्येक ब्लॉक में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय की स्थापना की घोषणा।
- राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के लिए वर्ष 2018-19 में 9975 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।
- इस वर्ष सरकार ''प्रधानमंत्री अनुसंधान अध्येता (PMRF)'' नामक पहल प्रारंभ करेगी।
- इस पहल के अंतर्गत, श्रेष्ठ संस्थानों से हर वर्ष 1,000 उत्कृष्ट बी.टेक छात्रों की पहचान कर उन्हें एक अच्छी अध्येतावृत्ति के साथ आईआईटी/आईआईएमसी में पी.एच.डी. करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।
- 10 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवारों (लगभग 50 करोड़ लाभार्थी) को दायरे में लाने के लिए 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य संरक्षण योजना' (आयुष्मान भारत परियोजना के तहत) की घोषणा की गई।
- जिसके तहत द्वितीयक और तृतीयक देख-रेख अस्पताल में भर्ती होने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक का कवरेज प्रदान किया जाएगा।
- यह विश्व का सबसे बड़ा सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य देख-रेख कार्यक्रम होगा।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 की परिकल्पना के अनुसार 1.5 लाख केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को घर तक पहुंचाने की योजना।
- इस कार्यक्रम के लिए 1200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

- केंद्र सरकार ने टी.बी. से पीड़ित सभी रोगियों को उनके उपचार की अवधि के दौरान 500 रुपये प्रति माह के हिसाब से पोषणाहार सहायता प्रदान करने के लिए 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि आवंटित की है।
- प्रत्येक 3 संसदीय क्षेत्रों के लिए कम से कम एक चिकित्सा कॉलेज और देश के प्रत्येक राज्य में कम से कम एक सरकारी चिकित्सा कॉलेज सुनिश्चित करने हेतु देश में मौजूदा जिला अस्पतालों को अपग्रेड करके 24 नए सरकारी चिकित्सा कॉलेजों और अस्पतालों की स्थापना की घोषणा।
- वर्ष 2018-19 के लिए 'मुद्रा योजना' के अंतर्गत तीन लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है।
- केंद्र सरकार अगले 3 सालों तक सभी क्षेत्रों के लिए ईपीएफ में नए कर्मचारियों के वेतन का 12 प्रतिशत का योगदान करेगी।
- वर्ष 2018-19 में टेक्सटाइल क्षेत्र में 7148 करोड़ रुपये परिव्यय का प्रस्ताव।
- वर्ष 2018-19 में बुनियादी ढांचे पर 5.97 लाख करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव।
- वर्ष 2018-19 के लिए रेलवे का पूंजीगत व्यय 1,48,528 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है।
- वर्ष 2017-18 के दौरान चार हजार किमी. का विद्युत रेलवे नेटवर्क प्रारंभ हो चुका है।
- 11 हजार करोड़ रु. की लागत से मुंबई के स्थानीय रेलवे नेटवर्क में 90 कि.मी. तक लंबी लाइनों का दोहरीकरण किया जाएगा।
- इसके अलावा 40 हजार करोड़ रुपये की लागत से एक अतिरिक्त 150 किमी. का उपशहरी रेल नेटवर्क योजनावित किया जा रहा है।
- 10 प्रमुख स्थलों को प्रतीक पर्यटक गंतव्यों के रूप में विकसित किया जाएगा।
- नीति आयोग आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI) पर एक राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू करेगा।
- 'रोबोटिक्स','एआई','इंटरनेट ऑफ थिंग्स' इत्यादि पर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
- सोने को परिसंपत्ति श्रेणी के रूप में विकसित करने के लिए व्यापक स्वर्ण नीति बनाने की तैयारी की जाएगी।
- वाणिज्यिक विभाग सभी हितधारकों को आपस में जोड़ने के लिए एक सिंगल विंडो ऑनलाइन बाजार के रूप में 'राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स पोर्टल' विकसित किया जाएगा।
- आधार की तर्ज पर प्रत्येक उद्यम के लिए एक विशिष्ट पहचान योजना शुरू की जाएगी।
- डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के लिए 3073 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- 5 करोड़ ग्रामीणों को नेट कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए सरकार 5 लाख वाई-फाई हॉट स्पॉट का निर्माण करेगी।
- इसके लिए 10 हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित।
- देश में रक्षा उत्पादन के लिए दो कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव।

- सरकारी क्षेत्र, निजी क्षेत्र और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों द्वारा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 'उद्योग अनुकूल रक्षा उत्पादन नीति, 2018' लाई जाएगी।
- राजकोषीय घाटा 3.5 प्रतिशत तय किया गया, इसके वर्ष 2018-19 में 3.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- प्रत्यक्ष करों की वृद्धि दर वर्ष 2016-17 में 12.6 प्रतिशत और वर्ष 2017-18 में 18.7 प्रतिशत रही है।
- कर दाताओं की संख्या जो वर्ष 2014-15 में 6.47 करोड़ थी, वर्ष 2016-17 में बढ़कर 8.27 करोड़ हो गई है।
- केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBEC) का नाम बदलकर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड करने का प्रस्ताव।
- आयकर की पुरानी कर निर्धारण प्रक्रिया को बदलकर देश भर में ई-निर्धारण प्रणाली को लागू किया जाएगा।
- वर्ष 2018-19 के लिए 80 हजार करोड़ रुपये का विनिवेश का लक्ष्य।
- सार्वजनिक क्षेत्र की तीन बीमा कंपनियों नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लि., यूनाइटेड इंडिया एश्योरेंस कंपनी लि. और ओरियंटल इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लि. का विलय करके एक बीमा कंपनी बनाई जाएगी।
- बजट में राष्ट्रपति का वेतन 5 लाख रुपये, उपराष्ट्रपति का 4 लाख रुपये और राज्यपाल का 3.5 लाख रुपये प्रति माह करने का प्रस्ताव किया गया है।
- महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए बजट में 150 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।
- परिवहन भत्ते के लिए मौजूदा छूट और विविध चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति के स्थान पर 40,000 रुपये की मानक कटौती। इससे 2.5 करोड़ नौकरीपेशा कर्मचारी एवं पेंशन भोगी लाभान्वित होंगे। वरिष्ठ नागरिकों को प्रस्तावित राहतः
- बैंकों और डाकघरों में जमा राशियों पर ब्याज आमदनी संबंधी छूट 10,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये की जाएगी।
- धारा 194ए के तहत टीडीएस काटने की आवश्यकता नहीं। सभी सावधि जमा योजनाओं और आवर्ती जमा योजनाओं के तहत प्राप्त ब्याज पर भी लाभ मिलेगा।
- धारा 80डी के तहत स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम और/अथवा चिकित्सा व्यय के लिए कटौती की सीमा 30,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये की गई।

- धारा 80डीडीबी के तहत कुछ विशेष गंभीर बीमारियों पर चिकित्सा व्यय के लिए कटौती की सीमा 60,000 रुपये (वरिष्ठ नागरिकों के मामले में) और 80,000 रुपये (अति वरिष्ठ नागरिकों के मामले में) से बढ़ाकर सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1 लाख रुपये कर दी गई है।
- प्रधानमंत्री वय वंदना योजना की अवधि मार्च 2020 तक बढ़ाने का प्रस्ताव। वर्तमान निवेश सीमा को प्रति वरिष्ठ नागरिक के लिए 7.5 लाख रुपये की मौजूदा सीमा से बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने का प्रस्ताव।
- अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) में अवस्थित स्टॉक एक्सचेंजों में कारोबार को बढ़ावा देने हेतु आईएफएससी के लिए और अधिक रियायतें।
- कैश इकॉनोमी को नियंत्रण में रखने के लिए ट्रस्टों और संस्थानों को 10,000 रुपये से अधिक का नकद भुगतान करने की अनुमति नहीं होगी और इस पर टैक्स लगेगा।
- 1 लाख रुपये से अधिक के दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर 10 प्रतिशत की दर से टैक्स लगेगा जिसमें कोई भी सूचीकरण लाभ नहीं मिलेगा। हालांकि, 31 जनवरी, 2018 तक हुए सभी लाभ को संरक्षित किया जाएगा।
- इक्विटी उन्मुख म्यूचुअल फंडों द्वारा वितरित आय पर 10 प्रतिशत की दर से टैक्स लगाने का प्रस्ताव।
- व्यक्तिगत आयकर और कॉरपोरेशन टैक्स पर देय उपकर को मौजूदा 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 4 प्रतिशत करने का प्रस्ताव।
- केंद्र सरकार की आय के शीर्ष मद-(i) वस्तु एवं सेवाकर (GST) और अन्य कर (23 प्रतिशत) (ii) निगम कर (19 प्रतिशत) और उधार एवं अन्य देयताएं (19 प्रतिशत) (iii) आयकर (16 प्रतिशत)।
- टैक्स स्लैब अपरिवर्तित रहा।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=176063
http://pibphoto.nic.in/documents/rlink/2018/feb/p20182101.pdf
http://www.indiabudget.gov.in/ub2018-19/bag/bag1.pdf
http://pibphoto.nic.in/documents/rlink/2018/feb/p20182104.pdf
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=176070
https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/policy/modicare-government-of-form-council-to-roll-out-the-national-health-protection-scheme/articleshow/62781912.cms
http://www.indiabudget.gov.in/ub2018-19/bag/bag1.pdf

आर्थिक सर्वेक्षण, 2017-18

प्रश्न-29 जनवरी, 2018 को संसद में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण, 2017-18 के अनुसार वर्ष 2017-18 में की वृद्धि दर सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर कितने प्रतिशत रहने का अनुमान है?

(a) 7.5 प्रतिशत (b) 6.5 प्रतिशत (c) 8.0 प्रतिशत (d) 6.75 प्रतिशत

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 29 जनवरी, 2018 को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के मंत्री अरुण जेटली ने संसद के पटल पर 'आर्थिक सर्वेक्षण, 2017-18' (Economic Survey, 2017-18) प्रस्तुत किया। आर्थिक सर्वेक्षण, 2017-18 के मुख्य बिंदु-
- वर्ष 2017-18 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर 6.75 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- आगामी वित्त वर्ष 2018-19 में इसके 7-7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- स्थायी मूलभूत कीमतों पर ग्रॉस वैल्यू एडेड (GVA) में वर्ष 2016-17 में 6.6 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2017-18 में 6.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि होने की उम्मीद है।
- इसी प्रकार से, वर्ष 2017-18 में कृषि उद्योग और सेवा क्षेत्रों में क्रमशः 2.1 प्रतिशत, 4.4 प्रतिशत और 8.3 प्रतिशत दर की वृद्धि होने की उम्मीद है।
- वर्ष 2017-18 के दौरान औसत मुद्रास्फीति दर विगत 6 वर्षों में सबसे कम रही।
- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) पर आधारित महंगाई दर 3.3 प्रतिशत रही।
- भारत 3.4 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ वर्ष 2016 के दौरान विश्व में वाणिज्यिक सेवाओं के आठवें सबसे बड़े निर्यातक के रूप में अपना रूतबा बनाए रखने में कामयाब रहा।
- यह विश्व में भारत के वस्तुगत (Merchandise) निर्यात की 1.7 प्रतिशत हिस्सेदारी की तुलना में दुगुनी है।
- भारत के सेवा क्षेत्र में वर्ष 2016-17 में 5.7 प्रतिशत की निर्यात वृद्धि दर दर्ज की गई थी।
- वर्ष 2017-18 की अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान सेवा निर्यात और सेवा आयात में क्रमशः 16.2 तथा 17.4 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।
- इस अवधि के दौरान सेवा क्षेत्र से जुड़ी शुद्ध प्राप्तियों में 14.6 प्रतिशत की वृद्धि आंकी गई है।
- औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) जो कि आधार वर्ष के साथ एक वॉल्यूम सूचकांक है, में वर्ष 2017-18 अप्रैल-नवंबर के दौरान औद्योगिकी उत्पादन में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित की गई है।

- आईआईपी ने 10.2 प्रतिशत की विनिर्माण वृद्धि के साथ 8.4 प्रतिशत की 25 महीने की उच्च वृद्धि दर दर्ज की।
- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोलियम, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात सीमेंट एवं बिजली जैसे आठ प्रमुख अवसंरचना समर्थक उद्योग में वर्ष 2017-18 के अप्रैल-नवंबर के दौरान 3.9 प्रतिशत की संचयी वृद्धि दर्ज की गई।
- इस अवधि के दौरान कोयला, प्राकृतिक गैस रिफाइनरी उत्पाद, स्टील, सीमेंट एवं बिजली की उत्पादन वृद्धि सकारात्मक रही।
- इस्पात उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई जबकि कच्चे तेल एवं उर्वरक उत्पादन में इस अवधि के दौरान मामूली गिरावट दर्ज की गई। कुल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश आवक में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई अर्थात यह पिछले वर्ष के 55.56 बिलियन डॉलर की तुलना में 2016-17 के दौरान 60.08 बिलियन डॉलर हो गया।
- वर्ष 2017-18 (अप्रैल-सितंबर) में कुल एफडीआई की आवक 33.75 बिलियन डॉलर की रही।
- सर्वेक्षण के अनुसार, दूरसंचार क्षेत्र में भारत नेट और डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रम भारत को एक डिजिटल अर्थव्यवस्था में परिवर्तित कर देंगे।
- सितंबर, 2017 के अंत तक भारत में कुल मोबाइल कनेक्शन की संख्या 1207.04 मिलियन थी। इनमें से 501.99 मिलियन ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 705.05 मिलियन शहरी क्षेत्रों में थे।
- वर्ष 2017-18 (अप्रैल-सितंबर) में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 57.5 मिलियन थी। इनमें पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।
- ऊर्जा क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सर्वेक्षण कहता है कि नवंबर, 2017 तक भारत की ऊर्जा क्षमता 3,30,860.6 मेगावाट हो गई है।
- वर्ष 2017-18 (अप्रैल-अक्टूबर) के दौरान सेवा क्षेत्र में एफडीआई इक्विटी प्रवाह 15.0 प्रतिशत बढ़ा।
- 1 जुलाई, 2017 से जीएसटी के लागू होने के पहले आठ महीने में अप्रत्यक्ष करदाताओं की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- केंद्र की प्रत्यक्ष कर वसूली में वृद्धि पिछले वर्ष के अनुरूप रही है और 13.7 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ इसके लक्ष्य पर खरा उतरने की उम्मीद है जबकि अप्रत्यक्ष करों में अप्रैल-नवंबर, 2017 के दौरान 18.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- भारत के निर्यात में महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना की 70 प्रतिशत हिस्सेदारी है।
- वस्तु एवं सेवा के क्षेत्र में भारत के आंतरिक व्यापार की हिस्सेदारी जीडीपी का 60 प्रतिशत है।
- कुल खाद्यान्न उत्पादन 2016-17 के दौरान 275.7 मिलियन टन (चौथा अग्रिम अनुमान) रहा।

- राजकोषीय घाटा बजट अनुमान 2017-18 के अनुसार सकल घरेलू उत्पाद के 3.2 प्रतिशत रहा।
- देश का विदेशी मुद्रा भंडार दिसंबर, 2017 तक 409.4 बिलियन डॉलर के स्तर पर पहुंच गया जबकि 2016-17 में यह 370.3 बिलियन डॉलर था।
- 12 जनवरी, 2018 को कुल विदेशी मुद्रा भंडार 413.8 बिलियन डॉलर हो गया।
- जीडीपी के अनुपात के रूप में केंद्र एवं राज्यों द्वारा सामाजिक सेवाओं पर व्यय वर्ष 2012-13 से 2014-15 के दौरान 6 प्रतिशत के दायरे में बना रहा था। वर्ष 2017-18 (बजट अनुमान) में सामाजिक सेवाओं पर व्यय 6.6 प्रतिशत है।

संबंधित लिंक

http://mofapp.nic.in:8080/economicsurvey/Volume-I/Hindi-Volume-1-Combined.pdf
http://mofapp.nic.in:8080/economicsurvey/Volume-I/Hindi-Volume-II-Combined.pdf

इस्राइल के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

प्रश्न-14-19 जनवरी, 2018 के मध्य इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भारत की यात्रा पर रहे। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य कितने सहमति/समझौता/आशय पत्रों पर हस्ताक्षर हुए?

(a) 12 (b) 14 (c) 18 (d) 9

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 14-19 जनवरी, 2018 के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी पत्नी सारा के साथ भारत की यात्रा पर रहे।
- यह प्रधानमंत्री नेतन्याहू की पहली भारत यात्रा थी।
- गौरतलब है कि राजनयिक संबंधों की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दोनों प्रधानमंत्रियों ने एक-दूसरे के देश की यात्रा करने का निर्णय लिया था।
- तद्नुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जुलाई, 2017 में इस्राइल की यात्रा पर गए थे।
- 15 जनवरी, 2018 को प्रधानमंत्री नेतन्याहू का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया।
- बाद में उन्होंने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- इस यात्रा के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एवं विदेश मंत्री सुषमा स्वराज से मुलाकात की।
- 15 जनवरी, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेतन्याहू के मध्य नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय वार्ता हुई।

- वार्ता के बाद दोनों देशों के मध्य विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निम्नलिखित 9 सहमति/ समझौता/आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए-

1. भारत एवं इस्राइल के बीच साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर सहमति पत्र (MoU)।
2. तेल एवं गैस क्षेत्र में सहयोग के लिए एमओयू
3. हवाई परिवहन समझौते में संशोधन पर दोनों देशों के बीच प्रोटोकॉल।
4. दोनों देशों के बीच फिल्म-सह उत्पादन पर समझौता।
5. होम्योपैथिक औषधियों से जुड़े अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए दोनों देशों के बीच समझौता।
6. अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग के लिए भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (IIST) और टेक्नियन-इस्राइल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बीच एमओयू
7. इन्वेस्ट इंडिया और इन्वेस्ट इन इस्राइल के बीच आशय ज्ञापन।
8. मेटल-एयर बैटरियों के क्षेत्र में सहयोग के लिए आईओसीएल (IOCL) और फिनर्जी लिमिटेड के बीच आशय पत्र।
9. संकेद्रित सौर तापीय प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में सहयोग के लिए आईओसीएल और येदा रिसर्च एंड डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के बीच आशय पत्र।

- इस यात्रा के दौरान उन्होंने आगरा, गुजरात और मुंबई का दौरा किया।
- जहां आगरा में उन्होंने ताज महल का अवलोकन किया।
- उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साबरमती आश्रम की यात्रा की।
- दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से गुजरात में उद्यमिता और प्रौद्योगिकी के लिए इंटरनेशनल सेंटर आइक्रिस्ट का उद्घाटन किया।
- इसके अलावा, प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने 'रायसीना डॉयलाग-2018' को संबोधित किया।
- दोनों नेताओं ने नई दिल्ली में भारत-इस्राइल व्यापार शिखर सम्मेलन को भी संबोधित किया।

संबंधित लिंक

http://www.mea.gov.in/incoming-visit-detail.htm?29356/List+of+MoUsAgreements+signed+during+the+visit+of+Prime+Minister+of+Israel+to+India+January+15+2018
http://www.mea.gov.in/incoming-visit-info.htm?1/1045/Visit+of+Prime+Minister+of+Israel+to+India+January+1419+2018

पद्म पुरस्कार-2018

प्रश्न-25 जनवरी, 2018 को केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) वर्ष 2018 में 3 व्यक्तियों को पद्म विभूषण, 9 व्यक्तियों को पद्मभूषण और 73 व्यक्तियों को पद्म श्री सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई है।

(ii) प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी एम.एस. धोनी एवं स्नूकर खिलाड़ी पंकज आडवाणी को पद्म भूषण सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई है।

(iii) पूरे पद्म सम्मान में 14 महिलाएं और 16 विदेशी/अप्रवासी भारतीय/भारतीय मूल के लोग भी शामिल हैं?

(a) केवल (ii) एवं (iii) (b) केवल (i) एवं (iii) (c) केवल (i) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2018 को 69वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कार-2018 की घोषणा की गई।
- वर्ष 2018 में 3 व्यक्तियों को पद्म विभूषण, 9 व्यक्तियों को पद्म भूषण और 73 व्यक्तियों को पद्म श्री सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई है।
- इस पद्म पुरस्कारों में 14 महिलाएं तथा 16 विदेशी/अप्रवासी भारतीय/भारतीय मूल के व्यक्ति भी शामिल हैं।
- जिसमें 3 व्यक्तियों को यह सम्मान मरणोपरांत दिया जाएगा।
- दक्षिण भारतीय संगीतकार इलैया राजा (तमिलनाडु), हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक गुलाम मुस्तफा खान (महाराष्ट्र) और साहित्यकार पी. परमेस्वरन (केरल) को पद्म विभूषण से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है।
- **पद्म भूषण से सम्मानित व्यक्ति इस प्रकार हैं-**

1. पंकज आडवाणी (खेल-बिलियर्ड्स/स्नूकर)- कर्नाटक
2. फिलिपोज मार क्रिसोस्टोम (अन्य-अध्यात्म)-केरल
3. महेंद्र सिंह धोनी (खेल-क्रिकेट)-झारखंड
4. एलेक्जेंडर कदाकिन (लोक मामले)-रूस (विदेशी/मरणोपरांत)
5. रामचंद्रन नागास्वामी (अन्य-पुरातत्व)-तमिलनाडु
6. वेद प्रकाश नंदा (ओसीआई) (साहित्य एवं शिक्षा)-यूएसए
7. लक्ष्मण पाई (कला-पेंटिंग)-गोवा
8. अरविंद पारिख (कला-संगीत)-महाराष्ट्र
9. शारदा सिन्हा (कला-संगीत)-बिहार
1. **पद्म श्री से सम्मानित कुछ प्रमुख हस्तियां इस प्रकार हैं-**
2. मीराबाई चानू (खेल)-मणिपुर

3. सोमदेव देववर्मन (खेल)-त्रिपुरा
4. मुरलीकांत पेटकर (खेल)-महाराष्ट्र
5. किदांबी श्रीकांत (खेल)-आंध्र प्रदेश
6. पंडित श्यामलाल चतुर्वेदी (साहित्य)-छत्तीसगढ़
7. अरूप कुमार दत्ता (साहित्य)-असम
8. अरविंद गुप्ता (साहित्य)-महाराष्ट्र
9. अनवर जलालपुरी (मरणोपरांत साहित्य)-उत्तर प्रदेश
10. भागीरथ प्रसाद त्रिपाठी (साहित्य)-उत्तर प्रदेश
11. टोमियो मिजोकामी (साहित्य)-जापान
12. मोहन स्वरूप भाटिया (कला)-उत्तर प्रदेश
13. दामोदर गणेश बपत (सामाजिक कार्य)-छत्तीसगढ़
14. नॉफ मारवाई (योग)-सऊदी अरब
15. लक्ष्मीकुट्टी (चिकित्सा-पारंपरिक)-केरल
16. अमिताव रॉय (विज्ञान)-पश्चिम बंगाल
17. रोमुलुस वीटाकर (वन्यजीव संरक्षण)-तमिलनाडु

संबंधित लिंक

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1517923

अंतरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन-2018

प्रश्न-23-24 जनवरी, 2018 के मध्य 'अंतरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन' का आयोजन कहां किया जा रहा है?

(a) त्रिवेंद्रम (b) तिरुवनंतपुरम (c) रांची (d) बंगलुरू

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23-24 जनवरी, 2018 के मध्य 'अंतरराष्ट्रीय बांध सुरक्षा सम्मेलन' (International Dam Safety Conference) का आयोजन तिरुवनंतपुरम, केरल में किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय जल आयोग द्वारा केरल जल संसाधन विभाग (KWRD), केरल राज्य बिजली बोर्ड, कालीकट स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एवं त्रिवेंद्रम स्थित अभियांत्रिकी महाविद्यालय के सहयोग से किया जा रहा है।
- केरल के मुख्यमंत्री पीनारई विजयन ने सम्मेलन का उद्घाटन किया।

- केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की।
- गौरतलब है कि बांध सुरक्षा सम्मेलनों का आयोजन झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु एवं उत्तराखंड के सात राज्यों में जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय द्वारा संचालित की जा रही 'बांध सुरक्षा पुनर्वास एवं उन्नयन परियोजना' (DRIP) के तहत वार्षिक समारोहों के रूप में किया जाता है।
- 2100 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2012 में आरंभ विश्व बैंक समर्थित इस परियोजना का लक्ष्य पुराने बांधों का पुनर्वास करना है।
- उल्लेखनीय है कि त्रिवेंद्रम (केरल) में आयोजित होने वाले आगामी सम्मेलन में 20 से अधिक देशों के 550 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

संबंधित लिंक

http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1517399
https://www.damsafety.in/idsc2018/

नौ नए स्मार्ट शहरों की घोषणा

प्रश्न-19 जनवरी, 2018 को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप सिंह पुरी ने नौ नए स्मार्ट शहरों की घोषणा की। इन नौ शहरों में उत्तर प्रदेश के कितने शहरों को शामिल किया गया है?

(a) 2 (b) 4 (c) 3 (d) 1

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 जनवरी, 2018 को केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप सिंह पुरी ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत नौ नए स्मार्ट शहरों की घोषणा की।
- इस तरह अब कुल मिलाकर सरकार ने 99 स्मार्ट शहरों के नाम को घोषित कर दिया।
- शिलांग की तरफ से प्रक्रिया पूरी न किए जाने की वजह से 100वें शहर के नाम की घोषणा नहीं की गई।
- **जिन 9 शहरों को चौथे चरण में शामिल किया गया है उनमें निम्न शहर शामिल हैं-**

  1. सिलवासा, दादरा एवं नगर हवेली
  2. इरोड, तमिलनाडु
  3. दीव, दमन और दीव
  4. बिहारशरीफ, बिहार

5. बरेली, उत्तर प्रदेश
6. इटानगर, अरुणाचल प्रदेश
7. मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश
8. सहारनपुर, उत्तर प्रदेश
9. कावारत्ती, लक्षद्वीप

- 99 स्मार्ट सिटी में कुल प्रस्तावित निवेश 2,03,979 करोड़ रुपये तथा 9 स्मार्ट सिटी में 12,824 करोड़ रुपये के निवेश वाली लगभग 409 परियोजनाएं होंगी।
- इस अवसर पर 116 भारतीय शहरों में रहन-सहन के आकलन के लिए 'रहन-सहन सूचकांक' कार्यक्रम की घोषणा की गई।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/news-ani/govt-announces-nine-new-smart-cities-118012000119_1.html
https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/infrastructure/government-announces-names-of-nine-new-smart-cities-check-list-here/articleshow/62569505.cms
http://www.financialexpress.com/economy/list-of-nine-new-smart-cities-announced-3-from-this-one-state-heres-the-full-list/1021934/

उ.प्र. औद्योगिकी मॉडल स्थायी आदेश (प्रथम संशोधन)-2017 का प्रस्ताव स्वीकृत

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा उत्तर प्रदेश औद्योगिकी मॉडल स्थायी आदेश (प्रथम संसोधन), 2017 से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इससे संबंधित विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 2 जनवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा इसे मंजूरी प्रदान की गई।

(b) प्रस्तावित संशोधन द्वारा नियत अवधि कर्मचारी को उक्त अधिनियम में कर्मकार की श्रेणी में शामिल किया गया है।

(c) नियत अवधि कर्मचारी द्वारा किए गए कार्य की अवधि, मजदूरी, भत्ते और अन्य लाभ किसी स्थायी कर्मकार से कम नहीं होंगे।

(d) इस संशोधन से राज्य सरकार पर कोई व्यय भार नहीं पड़ेगा।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश औद्योगिकी मॉडल स्थायी आदेश (प्रथम संशोधन), 2017 से संबंधित प्रस्ताव को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

- वर्तमान परिप्रेक्ष्य एवं विभिन्न राज्यों में किए गए प्रयोगों एवं औद्योगिक तथा श्रमिक संगठनों से विचार-विमर्श के आधार पर उत्तर प्रदेश औद्योगिक सेवायोजन मॉडल स्थायी आदेश, 1992 में प्रस्तावित किया गया है।
- प्रस्तावित संशोधन द्वारा नियत अवधि कर्मचारी को उक्त अधिनियम में कर्मकार की श्रेणी में शामिल किया गया है।
- प्रस्तावित संशोधन के अनुसार नियत अवधि कर्मचारी द्वारा किए गए कार्य की अवधि, मजदूरी, भत्ते और अन्य लाभ किसी स्थायी कर्मकार से कम नहीं होंगे।
- नियत अवधि कर्मचारी भी स्थायी कर्मकार के सदृश्य सभी कानूनी लाभों को प्राप्त करने का पात्र होगा भले ही उसके नियोजन की अवधि कानून में अपेक्षित अर्हकारी नियोजन की अवधि न बढ़ाई गयी हो।
- प्रस्तावित संशोधन से नियत अवधि कर्मचारियों को मौसमी कार्य करने वाले उद्योग यथा वस्त्र उद्योग एवं निर्यात आधारित ऐसे उद्योग जहां निर्यात आर्डर को निश्चित अवधि में पूरा करना होता है की आवश्यकता की पूर्ति हो सकेगी।
- इस संशोधन से नियोजकों को यह लाभ होगा कि आवश्यकतानुसार काम बढ़ाने पर वे नियत अवधि कर्मचारियों को नियोजित कर सकेंगे तथा विशिष्ट प्रयोजन हेतु उत्पादन कर सकेंगे।
- उक्त उद्देश्य से नियोजकों द्वारा कर्मचारी को नियोजित करने से कर्मकारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।
- इस संशोधन से राज्य सरकार पर कोई व्यय भार नहीं पड़ेगा।
- उक्त संशोधन से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी तथा औद्योगिक इकाईयों की स्थापना में मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=884
https://www.amarujala.com/lucknow/industrialists-suggest-chief-minister-for-investment-in-uttar-pradesh
https://www.amarujala.com/lucknow/cabinet-meeting-and-its-decision-uttar-pradesh?pageId=5

आधार की पहचान फेस ऑथेन्टिकेशन से

प्रश्न-किस तिथि से यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने फेस ऑथेन्टिकेशन (चेहरे की पहचान) तकनीक के माध्यम से आधार कार्ड धारक की पहचान सुनिश्चित करने का फैसला किया है?

(a) 1 मार्च, 2018 से (b) 1 अप्रैल, 2018 से

(c) 1 मई, 2018 से (d) 1 जुलाई, 2018 से

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 1 जुलाई, 2018 से यूनिक आईडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने फेस ऑथेन्टिकेशन (चेहरे की पहचान) तकनीक के माध्यम से भी आधार कार्ड धारक की पहचान सुनिश्चित करने का फैसला किया है।
- यूआईडीएआई के अनुसार बुजुर्गों के अलावा कुछ अन्य लोगों के फिंगर प्रिंट या आइरिश स्पष्ट नहीं होते जिससे उनकी पहचान में समस्या होती है।
- ऐसी स्थिति में उनकी मदद हेतु मुख्यतः इस तकनीक का उपयोग किया जा सकेगा।
- ज्ञातव्य है कि यूआईडीएआई ने हाल ही में आधार नंबरों की सुरक्षा और निजता हेतु वर्चुअल आईडेंटिफिकेशन को भी लागू किया है।

संबंधित लिंक

http://www.bgr.in/news/uidai-to-introduce-face-authentication-for-aadhaar-from-july-1-2018/
http://www.firstpost.com/tech/india/uidai-announces-aadhaar-facial-authentication-feature-to-be-launched-from-1-july-onwards-4303639.html

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला-2018

प्रश्न-6-14 जनवरी, 2018 के मध्य 26वां 'नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला-2018' का आयोजन प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया गया। इस वर्ष मेले की थीम क्या थी?

(a) मैत्री (b) मानुषी

(c) पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन (d) डिजिटल इंडिया

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6-14 जनवरी, 2018 के मध्य 26वें 'नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला'-2018 का आयोजन प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया गया।
- इस वर्ष मेले की थीम 'पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन' (Environment and Climate Change) थी।
- इस नौ दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (NBT) द्वारा भारत व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO) के सहयोग से किया गया।
- इस बार मेले में यूरोपीय संघ ने अतिथि के रूप में हिस्सा लिया।

- मेले में यूरोपीय संघ में शामिल 27 देशों के साथ ईरान, मेक्सिको, जापान, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन समेत 40 देशों ने हिस्सा लिया।
- इसके अलावा यूनेस्को और अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने इसमें हिस्सा लिया।

संबंधित लिंक

http://www.newdelhiworldbookfair.gov.in/16___history-of-ndwbf_ndwbf.ndwbf_page
http://www.newdelhiworldbookfair.gov.in//downloads/2018/theme-2018.jpg

उत्तर प्रदेश भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा-शर्त विनियमन) नियमावली-2009 में संशोधन

प्रश्न-उत्तर प्रदेश भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा-शर्त विनियमन) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2017 के माध्यम से मूल नियमावली, 2009 के नियम 281 में श्रमिकों के अंशदान की अवधि को 5 वर्ष से घटाकर कितना कर दिया गया?

(a) 1 वर्ष (b) 2 वर्ष (c) 3 वर्ष (d) 4 वर्ष

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को आवास निर्माण के लिए सुगमता से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु 'उत्तर प्रदेश भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा-शर्त विनियमन) नियमावली-2009' में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई।
- उत्तर प्रदेश भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा-शर्त विनियमन) (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2017 के माध्यम से मूल नियमावली, 2009 के नियम 281 में श्रमिकों के अंशदान की अवधि को कम किया गया है।
- इसके तहत श्रमिकों के अंशदान की अवधि को न्यूनतम पांच वर्ष से घटाकर एक वर्ष कर दिया गया है।
- इससे अधिकाधिक श्रमिकों को आवास निर्माण/क्रय हेतु आर्थिक सहायता का लाभ मिल सकेगा।
- श्रम विभाग में सीमित जनशक्ति होने, सर्वे में पारदर्शिता व वस्तुनिष्ठा सुनिश्चित करने तथा बड़े पैमाने पर उपकर देयता वाले निर्माण के दृष्टिगत उ.प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा ऐसे निर्माण चिह्नित करने हेतु जी.आई.एस. सर्वे कराने का निर्णय किया था।

- इन नियमों में और अधिक स्पष्ट व्यवस्था करने के दृष्टिकोण भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा-शर्त विनियमन) (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2017 के माध्यम से मूल नियमावली, 2009 के नियम 283 में संशोधन किया गया है।
- उक्त संशोधन के माध्यम से उपकरण की धनराशि के आकलन हेतु ऐसे निर्माणों के चिह्नितकरण हेतु जी.आई.एस. या किसी अन्य आधुनिक तकनीक के माध्यम से सर्वेक्षण कराने तथा नियमों से आच्छादित करने का प्रबंध किया गया है।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=884

उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति-2017

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति-2017 जारी की गई। इस नीति के तहत मैन्युफैक्चरिंग जोन घोषित किया गया है-

(a) नोएडा, कानपुर, ग्रेटर नोएडा (b) नोएडा, ग्रेटर नोएडा, आगरा एक्सप्रेस-वे

(c) नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे (d) नोएडा, आगरा, कानपुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 1 जनवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम को गति प्रदान करने हेतु 'उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति-2017' जारी की गई।
- इस नीति के तहत नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना एक्सप्रेस वे को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग जोन घोषित किया गया है।
- यू.पी. इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति के समस्त लाभ एवं प्रोत्साहन इस उद्घोषित क्षेत्र में स्थापित होने वाली समस्त इकाइयों के लिए अनुमन्य होगा।
- इस नीति का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब बनाना है।
- इसके अलावा प्रदेश में अनुकूल परिवेश प्रदान कर राज्य को देश में सर्वाधिक वरीयता वाले निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करना, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को प्रोत्साहन प्रदान करना, इकाइयों को सिंगल विंडो सिस्टम प्रदान करना तथा इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में जनशक्ति हेतु कौशल विकास को बढ़ावा देना है।
- ई.एस.डी.एम. क्षेत्र में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित करना तथा वर्ष 2022 तक तीन लाख रोजगार का सृजन करना है।

- इस नीति का मुख्य उद्देश्य राज्य में मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर्स/ई.एस.डी.एम. पार्क्स की स्थापना, अधिकतम निवेश को आकर्षित करना, फैब इकाई की स्थापना पर बल देना तथा प्रादेशिक सकल घरेलू उत्पाद (जी.एस.डी.पी.) में वृद्धि करना है।
- इस नीति के अनुसार राज्य में व्यावसायिक इकाइयों की स्थापना के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण संकुल/ई.एस.डी.एम. पार्कों की स्थापना पर बल दिया जाएगा।
- यह पार्क ज्ञान आधारित नव प्रयोगों एवं प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक क्षेत्रों के सृजन, पर्यावरण संबंधी बिंदुओं के अनुश्रवण व प्रबंधन की उच्च क्षमता, नगरीय परिवहन में सुधार, भूमि, गुणवत्तायुक्त 24 घंटे अनवरत विद्युत आपूर्ति, पानी, सड़क आदि जैसी आधारभूत अवस्थापना सुविधा प्रदत्त करने में सहायक होंगे।
- इस नीति के तहत वैश्विक व्यवस्था के अनुरूप हानिकारक पदार्थों के उपयोग पर प्रतिबंध सहित राज्य में उत्पन्न ई-अपशिष्ट के लिए ई-अपशिष्ट पुनर्चक्रण उद्योग को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- इस नीति के सफल क्रियान्वयन हेतु एक इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन निदेशालय होगा।
- मिशन निदेशालय निवेशकों से वार्ता करेगा तथा निवेशकों द्वारा प्रस्तुत निवेश प्रस्तावों को नीति क्रियान्वयन इकाई के अनुमोदन के अनुरूप मिशन निदेशक द्वारा वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।
- निवेशकों को आकर्षित करने हेतु मिशन निदेशालय द्वारा समय-समय पर इवेंट, कार्यशाला एवं कॉन्फ्रेंस में प्रतिभाग किया जाएगा।
- निवेश प्रस्ताव पर सक्षम स्तर से अनुमोदन के पश्चात लेटर ऑफ कंफर्ट जारी किया जायेगा।
- राज्य में नीति के क्रियान्वयन एवं उसके सफल निष्पादन का अनुश्रवण मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय सशक्त समिति द्वारा किया जाएगा।
- पी.आई.यू. 200 करोड़ रुपये से अधिक के संभावित निवेश वाले प्रस्तावों का परीक्षण कर इम्पॉवर्ड कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करेगी।
- यह कमेटी केस-टू-केस आधार पर विचार करके मंत्रिपरिषद के अनुमोदन हेतु अनुशंसा करेगी।
- पी.आई.यू. 200 करोड़ से कम पूंजी निवेश वाली परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान करेगी।
- नीति अंतर्गत भूमि के अतिरिक्त स्थित पूंजी पर 5 करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा सहित 15 प्रतिशत पूंजी उपादान अनुमन्य होगा।
- बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से लिए गए ऋण पर अदा किए गए ब्याज की दर 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की ब्याज उपादान की प्रतिपूर्ति 7 वर्ष तक की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा प्रतिवर्ष इकाई 1 करोड़ रुपये होगी।

- इकाइयों की स्थापना हेतु भूमिक्रय करने अथवा पट्टे पर लेने पर स्टॉम्प शुल्क में शत-प्रतिशत छूट प्राप्त होगी।
- भूमि को छोड़कर अन्य स्थिर पूंजी निवेश के अधिकतम 100 प्रतिशत की सीमा सहित 10 वर्षों की अवधि तक, जो भी पहले हो, राज्य जी.एस.टी. की शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाएगी।
- इलेक्ट्रॉनिक इकाइयों को सरकार अभिकरणों से क्रय की जाने वाली भूमि पर 25 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी।
- 200 करोड़ रुपये से अधिक निवेश वाली इकाइयों के लिए केस-टू-केस आधारित प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है।

संबंधित लिंक

http://upnews360.in/newsdetail/100075/hi

उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एंड गारमेंटिंग पॉलिसी, 2017

प्रश्न-उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एंड गारमेंटिंग पॉलिसी, 2017 के तहत उत्तर प्रदेश सरकार ने लगभग कितने रोजगार सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया है?

(a) 50 हजार (b) 75 हजार (c) 1 लाख (d) 1.50 लाख

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 दिसंबर, 2017 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एंड गारमेंटिंग पॉलिसी, 2017 को मंजूरी प्रदान की गई।
- उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 में प्राविधानित ईज आफ डूइंग बिजनेस के सभी प्रावधान प्रस्तावित वस्त्र नीति में भी लागू होंगे।
- इससे नीति के क्रियान्वयन हेतु प्रक्रियाओं का सरलीकरण होगा तथा सर्वोत्तम, समयबद्ध मापदंडों के अनुरूप स्वीकृतियां एवं सुविधाएं वस्त्र उद्यमियों को प्राप्त होगी, जिससे प्रदेश में वस्त्र उद्योग व्यापार में सुविधा होगी।
- उत्तर प्रदेश हैंडलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी, 2017 प्रदेश में 5 वर्षों में अधिकाधिक रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से प्रस्तावित की गई है।
- वर्तमान प्रस्तावित नीति में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तथा रेशम की सभी उपशाखाओं यथा-रेशम चाकी, कोया उत्पादन, किसी भी सामग्री की रीलिंग, स्पिनिंग, वीनिंग, निटिंग, डाइंग, प्रोसेसिंग, गारमेंट जूट एवं मेडअप्स उत्पाद एवं उसकी पैकिंग इकाइयों को प्रोत्साहन देना प्राविधानित है।

- इसके अलावा तकनीकी कार्यों यथा-औद्योगिक टेक्सटाइल, फर्नीचर लाइनिंग, अग्निशमन उपकरण, बुलेट प्रूफ जैकेट, पैराशूट, लेदर गारमेंट, जूट तथा तकनीकी वस्त्रों को प्रोत्साहन प्रदान किए जाने का प्रावधान है।
- नीति अंतर्गत प्रदेश के पूर्वांचल, बुंदेलखंड एवं मध्यांचल क्षेत्रों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।
- इस नीति में रीलिंग यूनिटों को बढ़ावा देने हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं।
- लेदर गारमेंट के क्षेत्र में प्रदेश में कानपुर, उन्नाव तथा आगरा मुख्य क्षेत्र हैं जिसमें रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं हैं।
- **वस्त्रोद्योग की विभिन्न विशिष्ट आवश्यकताओं के दृष्टिगत विभिन्न वित्तीय सुविधाएं भी प्रस्तावित हैं जो निम्नलिखित हैं-**

  1. सरकारी संस्थाओं द्वारा भूमि आवंटन पर सब्सिडी।
  2. निजी टेक्सटाइल औद्योगिक पार्कों को प्रोत्साहन।
  3. प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देना।
  4. वस्त्र उद्योग इकाइयों हेतु भूमि क्रय पर स्टाम्प शुल्क में छूट।
  5. वस्त्र इकाई को जी.एस.टी. और मंडी शुल्क में छूट।
  6. विद्युत दर में वस्त्र इकाइयों को छूट।
  7. विभिन्न प्रकार की वस्त्र इकाइयों को ब्याज उपादान, गुणवत्ता विकास उपादान, पूंजीगत उपादान एवं कार्यशील पूंजी सब्सिडी का प्रावधान।
  8. ईपीएफ प्रतिपूर्ति एवं हथकरघा बुनकरों के उत्पाद के विपणन में सहायता।
  9. अनुसूचित जाति, महिला, दिव्यांग उद्यमियों को अतिरिक्त सुविधा क्षमता निर्माण एवं कौशल विकास।
  10. मेगा एवं सुपर मेगा वस्त्र उद्योग इकाइयों को विशेष सुविधा।
  11. निर्यात को बढ़ावा देने हेतु मालभाड़े की प्रतिपूर्ति तथा केंद्र सरकार की कुछ योजनाओं से डवटेलिंग करते हुए गैप फिलिंग किया जाना प्रस्तावित है।
- इस नीति के तहत लगभग एक लाख व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- इस नीति से प्रदेश में निवेश आकर्षित होगा जिससे निवेश में बढ़ोत्तरी होगी तथा टेक्सटाइल क्षेत्र के श्रमिकों की आय में वृद्धि होगी।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=868

मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा की विधानसभाओं के लिए चुनाव, 2018 के कार्यक्रम की घोषणा

प्रश्न-18 जनवरी, 2018 को चुनाव आयोग ने मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा की विधानसभाओं के लिए चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। तीनों राज्यों में मतगणना कब की जाएगी?

(a) 5 मार्च, 2018 (b) 3 मार्च, 2018 (c) 18 मार्च (d) 28 फरवरी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 जनवरी, 2018 को चुनाव आयोग ने पूर्वोत्तर के राज्य त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय में चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।
- 60 सदस्यीय त्रिपुरा विधानसभा चुनाव की अधिसूचना 24 जनवरी, 2018 को जारी होगी।
- 18 फरवरी, 2018 को वोट डाले जाएंगे।
- जबकि 60 सदस्यीय विधानसभा वाले नागालैंड और मेघालय में चुनाव की अधिसूचना 31 जनवरी, 2018 को जारी होगी।
- 27 फरवरी, 2018 को दोनों राज्यों में वोट डाले जाएंगे।
- तीनों राज्यों में वोटों की गिनती एक साथ 3 मार्च, 2018 को की जाएगी।
- उल्लेखनीय है कि मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा विधानसभाओं का कार्यकाल क्रमशः 6 मार्च, 13 मार्च और 14 मार्च को समाप्त हो रहा है। तीनों विधानसभाओं में 60-60 सदस्य हैं।

संबंधित लिंक

https://www.jansatta.com/national/meghalaya-tripura-nagaland-assembly-election-2018-date-live-updates-meghalaya-tripura-nagaland-vidhan-sabha-chunav-date-to-be-announced-by-ec-today/551826/

उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण-2016-17

प्रश्न-उच्च-शिक्षा पर 8वें अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार कौन-सा राज्य सकल नामांकन अनुपात (GER) में शीर्ष पर है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) तमिलनाडु (c) केरल (d) बिहार

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर द्वारा उच्च शिक्षा **पर**8वां अखिल भारतीय सर्वेक्षण, 2016-17 नई दिल्ली में जारी। (5 जनवरी, 2018)
- साथ ही उन्होंने 2017-18 के लिए सर्वेक्षण का भी शुभारंभ किया।
- सर्वेक्षण के मुख्य बिंदु-
- समग्र नामांकन वर्ष 2010-11 के 27.5 मिलियन से बढ़कर वर्ष 2016-17 में 35.7 मिलियन हो गया।
- सकल नामांकन अनुपात (GER) वर्ष 2010-11 के 19.4% से बढ़कर वर्ष 2016-17 में 25.2% हो गया है। 2015-16 में यह 24.5% हो गया था।
- सकल नामांकन अनुपात उच्च शिक्षा में नामांकन और पात्र आयु वर्ष (18-23 वर्ष) वाली आबादी का अनुपात है।
- सरकार द्वारा वर्ष 2022 तक 30% का सकल नामांकन अनुपात प्राप्त करने का लक्ष्य है।
- तमिलनाडु में उच्चतम GER 46.9 प्रतिशत है जबकि उच्च शिक्षा के लिए दखिला के लिए 18 से 23 वर्ष के आयु वर्ग के 14.9 प्रतिशत युवाओं के साथ बिहार सबसे नीचे है।
- छात्र-छात्रा समानता सूचकांक (GPI) उपरोक्त अवधि में 0.86 से **सुधर** कर 0.94 के स्तर पहुंच गया।
- GPI, महिला और पुरुष के आनुपातिक प्रतिनिधित्व का अनुपात है।
- AISHE पोर्टल में सूचीबद्ध उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या वर्ष 2010-11 के 621 विश्वविद्यालयों से बढ़कर वर्ष 2016-17 में 864 विश्वविद्यालयों के स्तर पर पहुंच गई है। वर्ष 2015-16 में यह संख्या 799 थी।
- वर्ष 2010-11 के 32.974 कॉलेजों से बढ़कर वर्ष 2016-17 में 40.026 कॉलेजों के स्तर पर पहुंच गई है।
- उल्लेखनीय है कि उच्चशिक्षा के लिए सरकार का दृष्टिकोण तीन महत्वपूर्ण पहलुओं यथा गुणवत्ता, स्वायत्तता और शोध तथा नवाचार पर आधारित है।

संबंधित लिंक

http://mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/PR_AISHE-2017-18.pdf
http://pibarchive.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=70032

राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव-2018

प्रश्न-14-20 जनवरी, 2018 के मध्य 'राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव' का 7वां संस्करण कहां आयोजित किया जा रहा है?

(a) तमिलनाडु (b) राजस्थान (c) कर्नाटक (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14-20 जनवरी, 2018 के मध्य 'राष्ट्रीय संस्कृति महोत्सव' 2018 का 7वां संस्करण बंगलुरू, हुबली-धारवाड़ एवं मंगलुरू (कर्नाटक) में आयोजित किया जा रहा है।
- केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक तथा संसदीय मामलों के मंत्री अनंत कुमार एवं केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री. (स्वतंत्र प्रभार) एवं पर्यावरण राज्य मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने इस महोत्सव का उद्घाटन किया।
- भारतीय धरोहर एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने इस महोत्सव का आयोजन किया है।
- इस महोत्सव का आयोजन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' सांचे के तहत किया जा रहा है।
- गौरतलब है कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम 31 अक्टूबर, 2016 को विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ किया गया था।
- इस महोत्सव में कर्नाटक के साथ उत्तराखंड भागीदार राज्य है।
- इस महोत्सव में शास्त्रीय से लेकर लोक कलाओं तक कला के विविध रूपों, संगीत एवं नृत्य, थिएटर से लेकर साहित्य और दृश्य कलाओं की प्रचुरता को प्रदर्शित किया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175601

सक्षम-2018

प्रश्न-सक्षम-2018 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(1) सक्षम-2018 का आयोजन विद्युत मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

(2) इसका उद्देश्य विद्युत संरक्षण को बढ़ावा देना है।

उपरोक्त में से कौन-सा कथन सही है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 16 जनवरी, 2018 को सक्षम (संरक्षण क्षमता महोत्सव)-2018 का सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में शुभारंभ हुआ।
- 'सक्षम' पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (PCRA) की प्रमुख वार्षिक गतिविधि है।

- इसमें राज्य सरकारों जैसे अन्य हितधारकों के साथ तेल एवं गैस संबंधी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम सक्रिय सहयोग करते हैं।
- इस महोत्सव का उद्देश्य तेल संरक्षण को बढ़ावा देना है।
- इसके तहत जनाधारित गतिविधियों के जरिए ईंधन संरक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाता है और बेहतर स्वास्थ्य तथा बेहतर पर्यावरण के निर्माण के लिए जनता को पेट्रोलियम उत्पादों के कारगर इस्तेमाल के प्रति जागरूक बनाया जाता है।
- इस वर्ष महीने भर लंबे सक्षम-2018 के दौरान ईंधन संरक्षण के संबंध में विभिन्न संवाद मूलक कार्यक्रमों और गतिविधियों की योजना बनाई गई है।
- इसके अलावा, पीसीआरए ने 21 जनवरी को देश भर में 'साइकिल दिवस' के रूप में मनाने की योजना बनाई है।
- ईंधन संरक्षण, जाम की स्थिति में कमी लाकर वाहनों से उत्सर्जित होने वाले धुएं में कमी लाने और यातायात प्रवाह में सुधार लाने की संदेश देने के लिए इंदौर, भुवनेश्वर, मुंबई, आदि में 'साइक्लोथॉन' का आयोजन किया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175569
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175655
http://www.pcra.org/pages/display/219-saksham-2018

रेडीनेस फॉर द फ्यूचर ऑफ द प्रोडक्शन रिपोर्ट-2018

प्रश्न-हाल ही में विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी रेडीनेस फॉर द फ्यूचर ऑफ द प्रोडक्शन रिपोर्ट-2018 में उत्पादन का ढांचा श्रेणी में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?

(a) 53 वां (b) 30 वां (c) 45 वां (d) 36 वां

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 12 जनवरी, 2018 को विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने 'रेडीनेस फॉर द फ्यूचर ऑफ द प्रोडक्शन रिपोर्ट' (Readiness for the Future of the Production Report)-2018 जारी किया।
- उत्पादन के भविष्य की तैयारी के आकलन परिणामों के तहत रिपोर्ट में उत्पादन का ढांचा (Structure of Production) श्रेणी में जापान को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- रिपोर्ट के अनुसार जापान में उत्पादन का ढांचा सबसे बेहतर आंका गया है।
- इसके बाद दक्षिण कोरिया, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, चीन, चेक गणराज्य, अमेरिका, स्वीडन, ऑस्ट्रिया और आयरलैंड शीर्ष दस देशों में शामिल हैं।

- इसमें भारत को 30वां स्थान प्राप्त हुआ है। भारत विरासत वाले देश (Legacy Contries) में शामिल है।
- इसी प्रकार उत्पादन के संचालक (Drivers of Production) श्रेणी में अमेरिका शीर्ष स्थान पर है।
- इस श्रेणी में सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, यू.के. और नीदरलैंड्स क्रमशः द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान पर हैं।
- भारत का इस श्रेणी में 44वां स्थान है। रिपोर्ट में भारत निम्न-मध्यम आय वाले वर्ग में रखा गया है।

संबंधित लिंक

http://www3.weforum.org/docs/FOP_Readiness_Report_2018.pdf
https://www.weforum.org/reports/readiness-for-the-future-of-production-report-2018

रायसीना डायलॉग, 2018

प्रश्न-16-18 जनवरी, 2018 के मध्य 'रायसीना डायलॉग' के तीसरे संस्करण का आयोजन कहां किया जा रहा है?

(a) आगरा (b) मुंबई (c) नई दिल्ली (d) राजकोट

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16-18 जनवरी, 2018 के मध्य 'रायसीना डायलॉग' (Raisina Dialogue), 2018 के तीसरे संस्करण का आयोजन ताज पैलेस होटल, नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-"Managing Discruptive Transitions : Ideas, Institutions & Idioms' है।
- इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री सुषमा स्वराज इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए।
- रायसीना डायलॉग (संवाद) भारत का एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संवाद है।
- यह भारत सरकार के विदेश मंत्रालय व आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ORF) की संयुक्त पहल है।
- उल्लेखनीय है कि आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन नई दिल्ली स्थित एक स्वतंत्र थिंक-टैंक है।
- रायसीना डायलॉग भारत द्वारा भू-राजनैतिक एवं भू-आर्थिक पर आयोजित एक ऐसा वार्षिक सम्मेलन है जिसमें विभिन्न राष्ट्रों के हितधारक, राजनेता, पत्रकार, उच्चाधिकारी तथा उद्योग एवं व्यापार जगत से संबंधित लोग एक मंच पर अपने विचार साझा करते हैं।

- साउथ ब्लॉक स्थित विदेश मंत्रालय का मुख्यालय जिस रायसीना पहाड़ी पर स्थित है, उसके नाम से ही इसे रायसीना संवाद नाम दिया गया है।
- रायसीना संवाद का मुख्य उद्देश्य एशियाई एकीकरण एवं शेष विश्व के साथ एशिया के बेहतर समन्वय की संभावनाओं तथा अवसरों को तलाश करना है।
- इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई, कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर और स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री कार्ल बिल्ड्ट सहित 90 देशों के लगभग 150 से ज्यादा वक्ता और लगभग 550 से ज्यादा प्रतिनिधि संवाद में हिस्सा ले रहे हैं।
- इसके अलावा, सेना प्रमुख जनरल विपिन रावत, नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनील लांबा, अमेरिका के प्रशांत कमान के प्रमुख एडमिरल हैरी हैरिस और ब्रिटेन के संयुक्त बल कमांडर जनरल क्रिस डेवेरेल सहित अन्य भी इसके एक सत्र को संबोधित करेंगे।

संबंधित लिंक

http://www.orfonline.org/raisina-dialogue/

केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 65वीं बैठक

प्रश्न-15-16 जनवरी, 2018 के मध्य केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 65वीं बैठक कहां संपन्न हुई?

(a) जयपुर (b) मुंबई (c) लखनऊ (d) नई दिल्ली

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 15-16 जनवरी, 2018 के मध्य 'केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 65वीं बैठक' विज्ञान भवन, नई दिल्ली में संपन्न हुई।
- केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इस बैठक की अध्यक्षता की।
- इस बैठक में एजेंडे के साथ-साथ राज्य सरकारों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं को भी ध्यान में रखते हुए बैठक में कई निर्णय लिए गए एवं निम्न प्रस्तावों का अनुमोदन किया-
- अगले पांच वर्षों में देश के सभी विद्यालयों में 'ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड' लांच किया जाएगा।
- अंत्यत सक्रिय कदमों और योजना के माध्यम से शिक्षा में गुणवत्ता, समानता, पहुंच, जवाबदेही और किफायत सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।
- स्वच्छ भारत, एक भारत श्रेष्ठ भारत, पढ़े भारत, सुगम्य भारत और शारीरिक शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाएगा।

- मानव मूल्य आधारित शिक्षा, जीवन कौशल शिक्षा, प्रायोगिक शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि शिक्षा प्रणाली से विद्यार्थी अच्छे नागरिक बनें।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175640
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=70170

भारत और मलेशिया के मध्य पांचवीं द्विपक्षीय बैठक

प्रश्न-हाल ही में पारंपरिक औषधि प्रणालियों में सहयोग हेतु भारत और मलेशिया के मध्य पांचवीं द्विपक्षीय बैठक कहां आयोजित हुई?

(a) इपोह (b) पेनांग (c) नई दिल्ली (d) मुंबई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को भारत और मलेशिया के बीच पारंपरिक औषधि प्रणालियों में सहयोग हेतु पांचवीं द्विपक्षीय बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई।
- यह बैठक वर्ष 2010 में दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित समझौते के एक भाग के रूप में आयोजित की गई थी।
- इस बैठक की अध्यक्षता भारतीय पक्ष से आयुष मंत्रालय के संयुक्त सचिव प्रमोद कुमार पाठक और मलेशिया पक्ष से स्वास्थ्य मंत्रालय में उपनिदेशक जन-स्वास्थ्य (चिकित्सा) ने की।
- इस बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया-

1. मलेशिया की यूनिवर्सिटी ऑफ यूटीएआर में आयुर्वेद पीठ की स्थापना।
2. मलेशियाई विशेषज्ञों को भारत में पंचकर्म पद्धति में व्यावसायिक प्रशिक्षण।
3. क्लीनिकल परीक्षणों हेतु आयुर्वेदिक/पारंपरिक उत्पादों के यौगिकों की सुरक्षा और प्रभावकारिता का मूल्यांकन।
4. औषधीय पौधों के क्षेत्र में सहयोग हेतु आयुष मंत्रालय के राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड तथा मलेशिया के बीच जड़ी-बूटियों के क्षेत्र में सहयोग हेतु द्विपक्षीय समझौता-ज्ञापन।
5. कुशल लैबोरेटरी प्रैक्टिस के आधार पर आयुर्वेदिक उत्पादों का सुरक्षा मूल्यांकन।
6. होम्योपैथिक चिकित्सकों का पंजीकरण और मलेशिया में उनके क्षमता निर्माण का प्रारूप।

- बैठक में मलेशियाई पक्ष ने अपने देश में पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में होने वाले हालिया विकास के विषय में जानकारी दी।
- पारंपरिक प्रणालियों से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का संचालन करने हेतु मलेशिया में पारंपरिक और सहायक औषधि परिषद का गठन किया गया है।

- मलेशियाई पक्ष ने भारतीय औषधि और पंचकर्म पद्धति में रुचि दिखाई।
- आयुष मंत्रालय द्वारा मलेशिया में आयुष चिकित्सकों और उत्पादों के पंजीकरण संबंधी मुद्दों को रेखांकित किया गया।
- बैठक में मलेशियाई पक्ष को सूचित किया गया कि भारत में आयुष उत्पाद, प्रैक्टिसेज और प्रदाताओं के लिए देश में विनियमन की सुदृढ़ प्रणाली मौजूद है जो संदर्भ उद्देश्य हेतु मलेशियाई पक्ष के साथ साझा की जा सकती है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175526

उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण, 2016-17 रिपोर्ट

प्रश्न- हाल ही में जारी 'उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण, 2016-17' में कौन-सा भारतीय राज्य उच्च शिक्षा नामांकन में शीर्ष पर रहा?

(a) केरल (b) कर्नाटक (c) तमिलनाडु (d) आंध्र प्रदेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5 जनवरी, 2018 को 'उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण, 2016-17' रिपोर्ट जारी की गई।
- यह रिपोर्ट मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा जारी की गई।
- रिपोर्ट में तमिलनाडु का सकल नामांकन अनुपात (Gross Enrolment Ratio) 46.9 प्रतिशत रहा।
- जो भारतीय राज्यों में सर्वोच्च है।
- संघ शासित प्रदेशों की श्रेणी में चंडीगढ़ का जीईआर 56.1 प्रतिशत दर्ज किया गया।
- तमिलनाडु ने पुरुष और महिला जीईआर आंकड़ों के संदर्भ में भी बेहतर प्रदर्शन किया है।
- साथ ही उसके अनुसूचित जातियों के जीईआर आंकड़े भी बेहतर रहे।
- बिहार, असम, पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा के जीईआर निम्न हैं।
- जो क्रमशः 14.4 प्रतिशत, 17.2 प्रतिशत, 18.5 प्रतिशत और 21 प्रतिशत हैं।
- इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश का मामूली बेहतर प्रदर्शन रहा।
- इसका जीआईआर राष्ट्रीय औसत के करीब (24.9%) रहा।
- जीईआर की गणना 18-23 वर्ष की आयु वर्ग के संदर्भ में की जाती है।
- अर्थात यह दिए गए स्कूलावधि (School Year) में 18-23 वर्ष की आयु वर्ग के सकल नामांकन अनुपात को दर्शाता है।
- तमिलनाडु का महिला 'सकल नामांकन अनुपात' (जीईआर) 45.6 प्रतिशत रहा।

- इस संदर्भ में यह केंद्र शासित प्रदेशों चंडीगढ़ एवं दिल्ली के बाद तीसरे स्थान पर है।
- पुरुष जीईआर के मामले में, तमिलनाडु 48.2 प्रतिशत के साथ सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों की सूची में शीर्ष पर है।
- इसके बाद चंडीगढ़ और दिल्ली जैसे संघ शासित प्रदेश हैं।
- अनुसूचित जातियों के जीईआर के संदर्भ 38.3 प्रतिशत के साथ तमिलनाडु सभी प्रमुख राज्यों में शीर्ष पर है।
- अखिल भारतीय जीईआर वर्ष 2013-2014 के 23 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान (2016-17) में 25.2 प्रतिशत हो गया है।
- सरकार वर्ष 2022 तक अखिल भारतीय जीईआर के 30 प्रतिशत तक होने के प्रति आशान्वित है।
- वर्ष 2016-17 में कुल नामांकित विद्यार्थियों की संख्या संपूर्ण भारत में 35.7 मिलियन रही।
- इसमें पुरुषों की संख्या 19 मिलियन तथा महिलाओं की संख्या 16.7 मिलियन रही।

संबंधित लिंक

http://pibphoto.nic.in/documents/rlink/2018/jan/p20181501.pdf

नाबॉर्ड (संशोधन) विधेयक, 2017

प्रश्न-2 जनवरी, 2018 को राज्यसभा की मंजूरी के बाद संसद ने नाबार्ड (संशोधन) विधेयक, 2017 पारित किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए?

(i) इस विधेयक द्वारा नाबार्ड की अधिकृत पूंजी 5000 करोड़ से 30000 करोड़ रुपये तक बढ़ाना है।

(ii) प्रस्तावित विधेयक द्वारा नाबार्ड में रिजर्व बैंक की हिस्सेदारी का केंद्र सरकार द्वारा अधिग्रहण करने का प्रावधान किया गया है।

(iii) प्रस्तावित विधेयक में सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों को शामिल करने का प्रावधान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा कथन सही है?

(a) केवल (i) (b) केवल (iii) (c) (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2018 को राज्य सभा की मंजूरी के बाद संसद ने 'नाबार्ड (संशोधन) विधेयक, 2017' को पारित किया।
- यह विधेयक अगस्त, 2017 में ही लोकसभा से पारित हो चुका है।

- यह विधेयक नाबार्ड अधिनियम, 1981 में संशोधन के द्वारा नाबार्ड को अधिक से अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करता है।
- इस विधेयक के कुछ प्रमुख प्रावधान इस प्रकार हैं-
- नाबार्ड अधिनियम, 1981 के तहत अधिकृत पूंजी 100 करोड़ रुपये तक हो सकती थी जिसे केंद्र सरकार द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक की सलाह से 5000 करोड़ रुपए तक बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान बिल में इस पूंजी को 30,000 करोड़ रुपए करने का प्रावधान है जिसे केंद्र सरकार द्वारा आरबीआई की सलाह से बढ़ाया भी जा सकता है।
- नाबार्ड में केंद्रीय सरकार की न्यूनतम हिस्सेदारी 51 प्रतिशत निर्धारित की गई है।
- नाबार्ड अधिनियम, 1981 के अनुसार, नाबार्ड में केंद्र सरकार एवं रिजर्व बैंक की संयुक्त हिस्सेदारी को न्यूनतम 51 प्रतिशत रखने का प्रावधान था।
- प्रस्तावित विधेयक द्वारा नाबार्ड में रिजर्व बैंक की हिस्सेदारी का केंद्र सरकार द्वारा अधिग्रहण करने का प्रावधान किया गया है। वर्तमान में रिजर्व बैंक की हिस्सेदारी 0.4 प्रतिशत है जो लगभग 20 करोड़ के बराबर है।
- नाबार्ड में भारत सरकार की हिस्सेदारी 99.6 प्रतिशत है और अधिग्रहण के पश्चात यह पूर्णतया केंद्र सरकार के स्वामित्व वाली संस्था होगी।
- वर्ष 1981 के प्रावधानों के तहत नाबार्ड केवल लघु उद्यमों (Small-Scale Industries) कुटीर एवं ग्रामोद्योग (Cottage and Village Industries) के लिए ही ऋण उपलब्ध कराता है।
- प्रस्तावित विधेयक में इस समूह में सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों (Micro and Medium Enterprises) को भी शामिल करने का प्रावधान है।

संबंधित लिंक

http://www.prsindia.org/billtrack/the-national-bank-for-agriculture-and-rural-development-amendment-bill-2017-4726/
http://www.livemint.com/Companies/x9q2syyJlDyqO5EXrgG5TP/Parliament-passes-bill-to-raise-Nabards-capital-to-Rs30000.html

पराक्रम्य लिखत (निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स) (संशोधन) विधेयक, 2017

प्रश्न-2 जनवरी, 2017 को केंद्र सरकार ने निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स (संशोधन) विधेयक, 2017 लोकसभा में पेश किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) प्रस्तावित विधेयक में चेक बाउंस मामले के निस्तारण में होने वाली अनावश्यक देरी को दूर करने का प्रावधान किया गया है।

(ii) प्रस्तावित विधेयक के अनुसार, संबंधित अदालत चेक जारीकर्ता से शिकायकर्ता

को अंतरिम मुआवजा देने का आदेश दे सकती है।

(iii) अंतरिम मुआवजा राशि जारी चेक की राशि का 30 प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?

(a) केवल (i) (b) (i) एवं (ii) (c) (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2017 को केंद्रीय वित्तमंत्री अरुण जेटली की ओर से वित्त राज्यमंत्री शिव प्रसाद शुक्ला ने निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स (संशोधन) विधेयक, 2017 लोकसभा में पेश किया।
- इसमें चेक बाउंस मामले के निस्तारण में होने वाली अनावश्यक देरी को दूर करने का प्रावधान किया गया है।
- निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 में संशोधन के लिए लाए गए विधेयक के अनुसार, संबंधित न्यायालय चेक जारीकर्ता से शिकायतकर्ता को अंतरिम मुआवजा देने का आदेश जारी कर सकती है।
- संबंधित न्यायालय चेक जारीकर्ता द्वारा खुद के निर्दोष होने का अभिवाक किये जाने के बावजूद संक्षिप्त सुनवाई एवं समन मामले में अंतरिम मुआवजे का आदेश दे सकती है।
- अंतरिम मुआवजा राशि चेक की राशि के 20 प्रतिशत से ज्यादा नहीं हो सकती।
- यदि जारीकर्ता मामले में बरी हो जाता है तो अदालत शिकायतकर्ता को अंतरिम मुआवजा में मिली राशि ब्याज के साथ लौटाने के लिए कह सकती है।

संबंधित लिंक

http://www.prsindia.org/uploads/media/Negotiable%20instrument/Negotiable%20Instruments%20Amendment%20Bill%202017.pdf
http://www.thehindubusinessline.com/economy/policy/chequebounce-case-new-bill-in-lok-sabha-to-provide-for-interim-compensation/article10009079.ece
http://www.prsindia.org/billtrack/the-negotiable-instruments-amendment-bill-2017-5026/

भारतीय वन (संशोधन) विधेयक, 2017

प्रश्न-भारतीय वन (संशोधन) विधेयक, 2017 का उद्देश्य किस अधिनियम में संशोधन करना है?

(a) भारतीय वन अधिनियम, 1927 (b) भारतीय वन अधिनियम, 1956

(c) भारतीय वन अधिनियम, 1982 (d) भारतीय वन अधिनियम, 1986

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 27 दिसंबर, 2017 को संसद ने भारतीय वन (संशोधन) विधेयक, 2017 को पारित किया।

- यह विधेयक 18 दिसंबर, 2017 को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा लोकसभा में पेश किया गया था।
- इस विधेयक का उद्देश्य भारतीय वन अधिनियम, 1927 में संशोधन करना है।
- यह अधिनियम वनों एवं वन उत्पादों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर लाने-ले जाने और उन पर वसूल की जाने वाली ड्यूटी से जुड़े कानूनों को कन्सोलिडेट करता है।
- इस अधिनियम में वृक्ष की परिभाषा में ताड़, बांस, ठूंठ, झाड़-झंखाड़ और बेंत को शामिल किया गया है।
- चूंकि अधिनियम के अंतर्गत वृक्ष की परिभाषा में बांस भी शामिल है इसलिए इसे एक राज्य से दूसरे राज्य में लाने-ले जाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है।
- इस अधिनियम में संशोधन के पश्चात गैर वन क्षेत्रों में उगने वाले बांस को काटने और आर्थिक उपयोग हेतु उसके परिवहन के लिए अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं होगी।
- ज्ञातव्य है कि वनस्पति शास्त्र के वर्गीकरण के अनुसार बांस घास की श्रेणी में आता है।

संबंधित लिंक

http://www.prsindia.org/billtrack/the-indian-forest-amendment-bill-2017-5001/
http://www.thehindu.com/news/national/bamboo-not-a-tree-parliament-passes-bill-amending-forest-act/article22287886.ece

उत्तर प्रदेश चावल निर्यात प्रोत्साहन योजना (2017-22)

प्रश्न-उत्तर प्रदेश चावल निर्यात प्रोत्साहन योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह योजना 7 नवंबर, 2017 से 6 नवंबर, 2022 तक लागू रहेगी।

(b) योजनांतर्गत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष निर्यातकों को मंडी शुल्क एवं विकास सेस पर छूट प्रदत्त होगी।

(c) बासमती चावल का निर्यात दायित्व सिद्ध करने हेतु धान से चावल की रिकवरी का न्यूनतम मानक 40 प्रतिशत रखा गया है।

(d) नान-बासमती चावल निर्यात के संदर्भ में निर्यात दायित्व सिद्ध करने हेतु धान से चावल की रिकवरी का न्यूनतम मानक 50 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 13 दिसंबर, 2017 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर प्रदेश चावल निर्यात प्रोत्साहन योजना को आगामी पांच वर्षों (2017-2022) के लिए लागू करने का निर्णय लिया गया।
- यह योजना 7 नवंबर, 2017 से 6 नवंबर, 2022 तक लागू रहेगी।
- योजनांतर्गत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष निर्यातकों को मंडी शुल्क एवं विकास सेस पर छूट प्रदत्त होगी।

- बासमती चावल का निर्यात दायित्व सिद्ध करने हेतु धान से चावल की रिकवरी का न्यूनतम मानक 45 प्रतिशत रखा गया है।
- नान-बासमती चावल निर्यात के संदर्भ में निर्यात दायित्व सिद्ध करने हेतु धान से चावल की रिकवरी का न्यूनतम मानक 50 प्रतिशत निर्धारित किया गया है।
- डायरेक्ट निर्यातकों को एपीडा (भारत सरकार की संस्था) में कराए गए पंजीकरण द्वारा मान्यता दी जाएगी, उन्हें प्रदेश में पृथक रूप से कोई पंजीकरण नहीं कराना होगा।
- अप्रत्यक्ष निर्यातकों को शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पंजीकरण कराना होगा।
- सीधे निर्यातक यदि किसान या किसान उत्पादक से क्रय करता है तो उसे 2.5 प्रतिशत की छूट एवं आढ़तियों के माध्यम से क्रय करता है तो 2 प्रतिशत की छूट प्रदत्त हो

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=836

अतुल्य भारत डिजिटल कैलेंडर-2018

प्रश्न-हाल ही में जारी किए गए डेस्क कैलेंडर की विषय वस्तु है-

(a) भारत की यात्रा (b) सबके लिए भारत

(c) भारत के दर्शनीय स्थल (d) भारत को देखो

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 12 जनवरी, 2018 को केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री के.जे. अल्फोंस ने सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के अनुपालन में 'अतुल्य भारत डिजिटल कैलेंडर-2018' को नई दिल्ली में लांच किया।
- इस अवसर पर उन्होंने 2018 का अतुल्य भारत वॉल और डेस्क कैलेंडर भी जारी किया।
- अतुल्य भारत डिजिटल कैलेंडर एप्लीकेशन से उपयोगकर्त्ता को भारत के सभी त्यौहारों और उत्सवों की जानकारी एक साथ प्राप्त होगी।
- इस डिजिटल कैलेंडर को एंड्रायड और आईओएस प्लेटफार्म पर डाउनलोड किया जा सकता है।
- इन तस्वीरों को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से साझा किया जा सकता है।
- अतुल्य भारत वॉल कैलेंडर 2018 का प्रत्येक पृष्ठ चमकदार रंग के हैं जो अंधेरे में भी चमकता है जिसे देखने पर सूर्योदय और सूर्यास्त दोनों समय भारत की सुंदरता समान दिखेगी।
- अतुल्य भारत डेस्क कैलेंडर 2018 में 12 विभिन्न प्रकार के यात्रियों का विवरण है और इसमें उनके लिए उचित गंतव्य स्थलों का सुझाव दिया गया है।

- डेस्क कैलेंडर की विषयवस्तु 'सबके लिए भारत' है।
- इस कैलेंडर में यात्रियों हेतु भारत के अद्भुत या मनोरम स्थलों को प्रदर्शित किया गया है।

संबंधित लिंक

http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1516493

22वां राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2018

प्रश्न-12-16 जनवरी, 2018 के मध्य '22वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव' का आयोजन कहां किया जा रहा है?

(a) भोपाल (b) रायपुर (c) ग्रेटर नोएडा (d) गांधीनगर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 12-16 जनवरी, 2018 के मध्य '22वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2018' (22nd National Youth Festival) का आयोजन गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा (उ.प्र.) में किया जा रहा है।
- इसका आयोजन पहली बार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) में किया जा रहा है।
- इस पांच दिवसीय महोत्सव का मुख्य विषय (Theme) 'संकल्प से सिद्धि' है।
- इसका आयोजन युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से किया जा रहा है।
- इस महोत्सव में देश भर के राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केंद्र संगठन के 5 हजार स्वयंसेवी स्थानीय युवाओं के साथ भाग ले रहे हैं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 जनवरी, 2018 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए इस महोत्सव का उद्घाटन किया।
- यह महोत्सव देश में अपनी तरह का सबसे बड़ा युवा उत्सव है, जो पहली बार वर्ष 1995 में भोपाल (म.प्र.) में आयोजित किया गया था।
- ज्ञातव्य है कि 21वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन रोहतक, हरियाणा में किया गया था जिसकी थीम 'यूथ फॉर डिजिटल इंडिया' निर्धारित की गई थी।।

संबंधित लिंक

http://www.ddinews.gov.in/people/national-youth-day-being-celebrated-today
http://newsonair.nic.in/full_news.asp?type=bulletins&id=112

बाड़मेर रिफाइनरी परियोजना

प्रश्न-बाड़मेर रिफाइनरी परियोजना के संबंध में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह परियोजना पचपदरा, राजस्थान में स्थापित की जाएगी।

(b) इस परियोजना की लागत राशि 43,129 करोड़ रुपये होगी।

(c) अभियांत्रिकी समापन का लक्ष्य 5 वर्ष रखा गया है।

(d) इस रिफाइनरी (बीएस-6) की क्षमता 9 एमएमटीपीए होगी।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 16 जनवरी, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पचपदरा, राजस्थान में बाड़मेर रिफाइनरी के परियोजना कार्य का शुभारंभ करेंगे।
- इस परियोजना की लागत राशि 43,129 करोड़ रुपये होगी।
- अभियांत्रिकी समापन का लक्ष्य 4 वर्ष रखा गया है।
- इस रिफाइनरी की क्षमता 9 एमएमटीपीए होगी।
- रिफाइनरी में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का इक्विटी शेयर 74 प्रतिशत और राजस्थान सरकार का इक्विटी शेयर 26 प्रतिशत होगा।
- 15 वर्षों तक प्रतिवर्ष 1123 करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त ऋण तथा 16वें वर्ष से आगामी 15 वर्षों तक ऋण अदायगी का लक्ष्य निर्धारित है।
- नई रिफाइनरी अद्यतन बीएस-6 ईंधन का उत्पादन करेगी।
- निर्माण अवधि के दौरान अप्रत्यक्ष रूप से 40,000 नौकरियां और 1000 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।
- इससे सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में कौशल विकास और शिक्षा अर्जित करने की क्षमता में वृद्धि और जीवन स्तर में सुधार होगा।
- आर्थिक विकास के क्षेत्र में इससे पेट्रोकेमिकल पर आधारित अन्य उद्योग तथा अनुषंगी उद्योग स्थापित होंगे।
- सड़क एवं संचार नेटवर्क, स्कूल एवं कॉलेज तथा चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं सेवा उद्योग जैसे अवसंरचना का विकास होगा।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2013 में भारत सरकार द्वारा यह परियोजना अनुमोदित की गयी थी।

- तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 22 सितंबर, 2013 (27 सितंबर, 2013 से आचार संहिता लागू होने के पूर्व) को बाड़मेर के पचपदरा में इसकी आधारशिला रखी थी।
- पूर्व में परियोजना का आईआरआर 6.32 प्रतिशत था जो अब 12.2 प्रतिशत है।
- इस कारण राज्य सरकार पर वित्तीय भार 56,040 करोड़ रुपये से घटकर 16,845 करोड़ रुपये हो गया है।
- इससे राज्य सरकार को लगभग 40,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है।
- 188.80 करोड़ रुपये की भूमि लागत के एवज में भारत सरकार को इस परियोजना में इक्विटी प्रदान की गई है।
- परियोजना कार्य प्रारंभ करने हेतु पर्यावरण व वन मंत्रालय से पर्यावरण अनुमति तथा संशोधित परियोजना के लिए भारत सरकार से सभी आवश्यक अनुमति/अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है।
- रिफाइनरी संयंत्र हेतु 4567.32 एकड़ जमीन और पचपदरा (बाड़मेर) में विपणन टर्मिनल हेतु 250 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि यह देश की पहली बीएस-6 ईंधन रिफाइनरी होगी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175491

खाद्य सुरक्षा और पोषण पर 'स्वास्थ्य मंत्रियों का पहला गोलमेज सम्मेलन'

प्रश्न हाल ही में खाद्य सुरक्षा और पोषण पर स्वास्थ्य मंत्रियों के पहले गोलमेज सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?

(a) नई दिल्ली (b) बंगलुरू (c) पुणे (d) अहमदाबाद

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को खाद्य सुरक्षा और पोषण पर स्वास्थ्य मंत्रियों के पहले गोलमेज सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।
- केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने इस सम्मेलन की अध्यक्षता की।
- यह सम्मेलन भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा आयोजित किया गया।
- केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे तथा उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, तेलंगाना, पुडुचेरी और दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री भी इस गोलमेज सम्मेलन में शामिल हुए।
- इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने क्लीन स्ट्रीट फूड हब्स और खाद्य उत्सवों के लिए फ्रेमवर्क जारी किया।

- इससे स्ट्रीट फूड विक्रेताओं की क्षमता के विकास में सहायता मिलेगी।
- इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री ने एफएसएसएआई का स्वस्थ भारत खाद्य कैलेंडर भी जारी किया।
- अपनी तरह का यह पहला कैलेंडर है, जिसमें भारत के प्रमुख त्यौहारों तथा इनसे संलग्न खाद्यों को दर्शाया गया है।
- एफएसएसएआई की नई वेबसाइट का भी शुभारंभ किया गया है।
- इस गोलमेज सम्मेलन के दौरान अनुसंधानकर्त्ताओं की एक टीम द्वारा बीमारियों के कारण होने वाली आर्थिक हानि का आकलन प्रस्तुत किया गया।
- आकलन के अनुसार बीमारियों के कारण भारत की जीडीपी में 0.5 प्रतिशत (28 बिलियन डॉलर) की हानि होती है।
- इस सम्मेलन के दौरान राज्य स्वास्थ्य मंत्रियों ने एक सात सूत्री चार्टर को स्वीकार करने की घोषणा की जो निम्नलिखित है-
  1. कड़े खाद्य सुरक्षा मानकों को विकसित करना और सुरक्षित खाद्य अभ्यास संहिता तैयार करना।
  2. एक सकारात्मक नियामक वातावरण का निर्माण करना।
  3. एक विश्वसनीय राष्ट्रीय खाद्य परीक्षण प्रणाली स्थापित करना।
  4. सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करना तथा भोजन की उत्कृष्ट आदतों को विकसित करना।
  5. सुरक्षित और पोषक भोजन हेतु नागरिकों में व्यवहार संबंधी परिवर्तन लाना।
  6. खाद्य व्यवसाय में स्व-प्रमाणन की संस्कृति को विकसित करना।
  7. उचित वित्तीय सहायता से प्रभावी संस्थानों को विकसित करना।
- ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार द्वारा देश में 1.5 लाख स्वास्थ्य उप-केंद्रों को 'स्वास्थ्य एवं कल्याण' केंद्रों के रूप में परिणत करने का निर्णय लिया गया है।
- इन केंद्रों पर मधुमेह, हाईपरटेंशन, कैंसर आदि की जांच होगी।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 का मुख्य लक्ष्य सुरक्षित व पोषण युक्त खाद्य की उपलब्धता और खपत तथा मधुमेह और हृदय संबंधी रोगों से होने वाली मौतों में कमी लाना है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175484

महिला स्व-सहायता समूहों को सामाजिक अंकेक्षण की जिम्मेदारी

प्रश्न-महिलाओं को पंचायतों के कामकाज के सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) की जिम्मेदारी देने वाला देश का पहला राज्य कौन-सा है?

(a) उत्तराखंड (b) झारखंड (c) छत्तीसगढ़ (d) पश्चिम बंगाल

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को प्रकाशित (छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा) रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य में महिला स्व-सहायता समूहों को पंचायतों के काम-काज के सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।
- ऐसा करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है।
- छत्तीसगढ़ राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज्य संस्थानों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण प्राप्त है।
- महिला समूहों को पंचायतों के काम-काज के सामाजिक अंकेक्षण में भागीदार बनाने हेतु प्रशिक्षित भी किया जा रहा है।
- प्रथम चरण में राज्य स्तर पर विगत लगभग तीन माह में 14 हजार 435 महिला स्व-सहायता समूहों को इस कार्य हेतु प्रशिक्षित किया जा चुका है।
- 2 अक्टूबर, 2017 से प्रारंभ यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 जनवरी, 2018 को संपन्न हुआ।
- महिला स्व-सहायता समूहों को मनरेगा और इंदिरा आवास योजना के तहत भौतिक सत्यापन, सामाजिक जवाबदेही, योजनाओं का लेखा-परीक्षण, स्वीकृत कार्यों पर चर्चा, सोशल ऑडिट का आवश्यक दस्तावेजीकरण एवं प्रतिवेदन लेखन जैसे कार्यों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।
- प्रशिक्षित महिलाएं स्थानीय और क्षेत्रीय भाषाओं में बातचीत करने में सक्षम हैं।

संबंधित लिंक

http://dprcg.gov.in/post/1515492063/___Raipur_:_Women_do_social_audit_of_panchayats_for_first_time_in_country_:_14,_000_women's_groups_trained_in_social_audit

केंद्र सरकार द्वारा कंपनी (संशोधित) अधिनियम, 2017 अधिसूचित

प्रश्न-कंपनी अधिनियम, 2013 के किस अनुच्छेद के अनुसार छूट पर शेयर जारी करने पर रोक लगा दी गई है?

(a) अनुच्छेद 54 (b) अनुच्छेद 53 (c) अनुच्छेद 197 (d) अनुच्छेद 247

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार द्वारा कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 2017 (संशोधन अधिनियम) को अधिसूचित किया गया।
- इस अधिनियम के प्रावधान सरकार द्वारा सरकारी राजपत्र में अधिसूचना के निर्धारण की तिथि से प्रभावी होंगे।

- इस संशोधित अधिनियम के कुछ प्रावधान दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 (संहिता) की कार्यप्रणाली पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालेंगे।
- कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 53 के अनुसार छूट पर शेयर जारी करने पर रोक लगा दी गई है।
- संशोधित अधिनियम के तहत अब कंपनियां ऋणदाता को छूट पर शेयर तब प्रदान कर सकती हैं जब परिवर्तित ऋण पुनर्गठन योजना या संविदा के तहत किसी संवैधानिक प्रस्ताव के अंतर्गत उनका ऋण शेयर में परिवर्तित होगा।
- कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 197 के अंतर्गत कंपनी को सकल लाभ के 11 प्रतिशत से अधिक प्रबंधकीय वेतन प्रदान करने पर आमसभा में इसकी अनुमति लेनी होगी।
- संशोधित अधिनियम के अनुसार कंपनी किसी बैंक या सार्वजनिक वित्तीय संस्थान या गैर-परिवर्तनीय ऋण-पत्र-धारक या अन्य सुरक्षित ऋणदाताओं को भुगतान में गलती होने पर इस प्रकार के प्रबंधकीय वेतन देने से पहले उनकी मंजूरी लेनी होगी।
- ज्ञातव्य है कि यह मंजूरी आमसभा से पहले लेनी होगी।
- कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 247 के अंतर्गत पंजीकृत मूल्य का आकलन करने वाले को किसी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुचि वाली संपत्ति या संपत्ति के आकलन के दौरान या आकलन पश्चात रुचि वाली संपत्ति के आकलन पर रोक लगाई गई है।
- संशोधित अधिनियम में अब पंजीकृत मूल्य आकलनकर्त्ता को उसकी नियुक्ति से तीन वर्ष पूर्व या उसके द्वारा संपत्ति को मूल्यांकन करने के तीन वर्ष पश्चात प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुचि वाली संपत्ति के आकलन पर रोक लगा दी गई है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175458

प्रथम प्रवासी सांसद सम्मेलन

प्रश्न-हाल ही में प्रथम प्रवासी सांसद सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?

(a) उदयपुर (b) नई दिल्ली (c) राजकोट (d) जयपुर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को 'प्रथम प्रवासी सांसद सम्मेलन' (First PIO Parliamentarian Conference) प्रवासी भारतीय केंद्र, नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस एक दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

- इस सम्मेलन का उद्देश्य प्रवासी भारतीयों से संपर्क के जरिए इन देशों से संबंध मजबूत बनाना है।
- इस सम्मेलन में 23 देशों के 141 सांसदों और मेयरों ने भाग लिया।
- जिसमें ब्रिटेन, कनाडा, फिजी, केन्या, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और अन्य देशों से 124 सांसदों ने भाग लिया।
- जबकि अमेरिका, मलेशिया, स्विट्जरलैंड, गुयाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो सहित अन्य देशों से 17 मेयरों ने भाग लिया।
- इस आयोजन में दो मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें पहले सत्र का विषय रहा-'विदेशों में बसे भारतीय मूल के सांसद-संघर्ष का सफर' और दूसरे भाग में 'पुनरुत्थानशील भारत विदेशों में बसे भारतीय मूल के सांसदों के योगदान' पर विशेष चर्चा हुई।
- गौरतलब है कि देश में प्रतिवर्ष 9 जनवरी को विदेश में बसे भारतीय मूल के लोगों का भारत के विकास में योगदान को रेखांकित करने के लिए 'प्रवासी भारतीय दिवस' मनाया जाता है।
- यह दिवस 9 जनवरी, 1915 को महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका से भारत आने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

संबंधित लिंक

http://indianexpress.com/article/india/141-mps-mayors-from-indian-diaspora-to-join-first-pio-event-nri-parliamentarian-conference-pravasi-bharatiya-kendra-5013106/

समुद्र मार्ग से हज यात्रा का विकल्प शुरू करने पर भारत के प्रस्ताव को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में किस देश ने समुद्री मार्ग से हज यात्रा का विकल्प शुरू करने के भारत के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की?

(a) संयुक्त अरब अमीरात (b) बहरीन (c) सऊदी अरब (d) कुवैत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 जनवरी, 2018 को सऊदी अरब ने समुद्र मार्ग से हज यात्रा का विकल्प शुरू करने पर भारत के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।
- अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सऊदी अरब के हज और उमराह (Umrah) मंत्री मोहम्मद सालेह बिन ताहिर बेंटन के साथ द्विपक्षीय वार्षिक हज समझौते, 2018 पर मक्का में हस्ताक्षर किए।
- अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री के अनुसार यह सेवा शीघ्र ही शुरू होगी।
- इस वर्ष से भारत से पहली बार मुस्लिम महिलाएं मेहरम अर्थात पुरुष साथी के बिना हज पर जा सकेंगी।

- इन महिलाओं के लिए परिवहन और ठहरने की व्यवस्था अलग से की गई है।
- इन महिलाओं की सहायता हेतु महिला हज सहायकों की नियुक्ति की जाएगी।
- वर्ष 1995 में मुंबई और जद्दाह के बीच समुद्र मार्ग से हज यात्रा बंद कर दी गई थी।

संबंधित लिंक

http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1515940

आसियान-भारत प्रवासी भारतीय दिवस समारोह

प्रश्न-6-7 जनवरी, 2018 के मध्य 'आसियान-भारत प्रवासी भारतीय दिवस' समारोह कहां आयोजित हुआ?

(a) थाइलैंड (b) सिंगापुर (c) ब्रिटेन (d) अमेरिका

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 6-7 जनवरी, 2018 के मध्य 'आसियान-भारत प्रवासी भारतीय दिवस' मरीना बे सैंड्स एक्सपो एवं कन्वेंशन सेंटर, सिंगापुर में आयोजित हुआ।
- थीम-प्राचीन मार्ग, नई यात्राः गतिशील आसियान-भारत साक्षेदारी में डायस्पोरा (Ancient Route, New Journey: Diaspora in the Dynamic ASEAN INDIA Partnership)
- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, जहाजरानी एवं जल संसाधन, नदी विकास एवं संरक्षण मंत्री नितिन गडकरी ने इस समारोह का उद्घाटन किया।
- इस समारोह में विदेशी मंत्री सुषमा स्वराज ने भी भाग लिया।
- उल्लेखनीय है कि यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष सरकार के साथ विदेशी भारतीय समुदाय के संपर्क को मजबूत बनाने उन्हें उनकी जड़ों के साथ फिर से जोड़ने तथा उनकी उपलब्धियों और योगदानों का समारोह मनाने के लिए आयोजित किया जाता है।

संबंधित लिंक

https://www.pbdsingapore2018.org/

राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर का पहला मसौदा प्रकाशित

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य ने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) का पहला मसौदा प्रकाशित किया?

(a) गुजरात (b) दिल्ली (c) असम (d) हिमाचल प्रदेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 दिसंबर, 2017 को असम सरकार ने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC: National Register of Citizens) का पहला मसौदा जारी किया।
- गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने राज्य को 31 दिसंबर, 2017 तक या उससे पहले एनआरसी का मसौदा जारी करने का निर्देश दिया था।
- इस पहले मसौदे के तहत राज्य के कुल 3 करोड़ 29 लाख लोगों में से 1 करोड़ 90 लाख लोगों के नाम शामिल किए गए हैं।
- इस अवसर पर भारत के रजिस्ट्रार जनरल (RGI) शैलेश ने कहा कि शेष सभी लोगों के नामों का सत्यापन विभिन्न चरणों में किया जाएगा।

संबंधित लिंक

https://timesofindia.indiatimes.com/india/assam-publishes-first-draft-of-nrc-with-1-9-crore-names/articleshow/62320193.cms

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

पर्यावरण निष्पादन सूचकांक-2018

प्रश्न-23 जनवरी, 2018 को येल और कोलंबिया विश्वविद्यालय की ओर से संयुक्त रूप से जारी 'पर्यावरण निष्पादन सूचकांक (EPI)-2018' में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?

(a) 141वां (b) 170वां (c) 177वां (d) 150वां

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 जनवरी, 2018 को पर्यावरण निष्पादन सूचकांक (Environmental Performance Index: EPI)-2018 जारी किया गया।
- यह द्वि-वार्षिकी सूचकांक विश्व आर्थिक मंच के सहयोग से येल और कोलंबिया विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई है।
- इस सूचकांक में पर्यावरण संबंधी स्वास्थ्य व पारिस्थिकी जीवन शक्ति संबंधी 10 श्रेणियों के 24 निष्पादन संकेतों के आधार पर 180 देशों को शामिल किया गया है।
- पर्यावरण निष्पादन सूचकांक-2018 में स्विट्जरलैंड (स्कोर-87.42) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात फ्रांस (स्कोर-83.95) दूसरे, डेनमार्क (स्कोर-81.60) तीसरे, माल्टा (स्कोर-80.90) चौथे तथा स्वीडन (स्कोर-80.51) पांचवें स्थान पर रहा।

- इस सूचकांक में निम्न स्थान प्राप्त करने वाले देश हैं-180-बुरुंडी, 179-बांग्लादेश, 178- कांगो 177-भारत तथा 176 – नेपाल।
- ईपीआई-2018 में 180 देशों की सूची में भारत 177वें स्थान (स्कोर-30.57) पर रहा।
- जबकि वर्ष 2016 में भारत इस सूची में 141वें स्थान पर था।
- भारत के पड़ोसी देशों में श्रीलंका को 70वां, चीन को 120वां, भूटान को 131वां और पाकिस्तान को 169वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- इस प्रकार भारत इस सूचकांक में अपने पड़ोसी देशों से पीछे है।
- ब्रिक्स देशों में रूस 52वें, ब्राजील 69वें, चीन 120वें तथा दक्षिण अफ्रीका 142वें स्थान पर रहे।
- इस सूचकांक में विश्व के अन्य प्रमुख देशों में यूनाइटेड किंगडम 6वें, स्पेन 12वें, जर्मनी 13वें, इटली 16वें, इस्राइल 19वें, जापान 20वें, ऑस्ट्रेलिया 21वें तथा अमेरिका 27वें स्थान पर रहा।

संबंधित लिंक

http://admin.indiaenvironmentportal.org.in/files/file/epi2018policymakerssummaryv.pdf
http://www.thehindu.com/sci-tech/energy-and-environment/india-ranks-177-out-of-180-in-environmental-performance-index/article22513016.ece

वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्धा सूचकांक-2018

प्रश्न-हाल ही में जारी वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्धा सूचकांक-2018 में भारत का कौन-सा स्थान रहा?

(a) 80वां (b) 75वां (c) 92वां (d) 81वां

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 22 जनवरी, 2018 को 'वैश्विक प्रतिभा प्रतिस्पर्धा सूचकांक' (Global Talent Competitiveness Index)-2018 का प्रकाशन दावोस, स्विट्जरलैंड में किया गया।
- इस सूचकांक का प्रकाशन 'इनसीड' (INSEAD) बिजनेस स्कूल द्वारा एडिको ग्रुप (Adecco Group) और टाटा कम्युनिकेशंस के सहयोग से किया गया।
- इस वर्ष के सूचकांक का विषय (Theme) (Diversity for Competitiveness) था।
- इस सूचकांक में 119 देशों को शामिल किया गया है।
- इस सूचंकाक में शीर्ष पांच स्थान प्राप्त करने वाले देश हैं- स्विट्जरलैंड, 2. सिंगापुर, 3. अमेरिका, 4. नार्वे तथा 5. स्वीडन।
- इस सूचकांक में निम्न स्थान प्राप्त करने वाले देश हैं-
- 119- यमन, 118 – मेडागास्कर, 117- मोजांबिक, 116- नेपाल तथा 115- जिम्बाब्वे।
- इस सूचकांक में भारत 81वां स्थान प्राप्त हुआ है।जबकि गतवर्ष भारत 92वें पायदान पर था।

- भारत के पड़ोसी देशों में श्रीलंका को 82वां, भूटान को 91वां, पाकिस्तान को 109 वां तथा बांग्लादेश को 114वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- ब्रिक्स देशों में चीन 43वें, रूस 53वें, दक्षिण अफ्रीका 63वें तथा ब्राजील 73वें स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक

https://www.insead.edu/sites/default/files/assets/dept/globalindices/docs/GTCI-2018-report.pdf

ग्लोबल लीडर्स सर्वे

प्रश्न-हाल ही में स्विस कंपनी गैलप इंटरनेशनल एसोसिएशन (GIA) के ग्लोबल लीडर्स नामक सर्वे में विश्व के शीर्ष 12 नेताओं की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कौन से स्थान पर रहे?

(a) चौथे (b) तीसरे (c) पांचवें (d) दूसरे

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2018 में स्विस कंपनी गैलप इंटरनेशनल एसोसिएशन (GIA) के द्वारा जारी ग्लोबल लीडर्स नामक सर्वे में विश्व के शीर्ष 12 नेताओं की सूची जारी की।
- इस सूची में जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल शीर्ष स्थान पर रही।
- इसके पश्चात फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रान दूसरे स्थान पर हैं।
- भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के शीर्ष 12 नेताओं की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।
- नरेंद्र मोदी को 30 प्रतिशत वैश्विक समुदाय अनुकूल (Favourable) मानता है जबकि 22 प्रतिशत उन्हें अनुकूल (Unfavourable) मानता है। उनका कुल स्कोर 8 है।
- इस सूची में ब्रिटेन की प्रधानमंत्री थेरेसा मे चौथे, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग पांचवें, रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन छठवें, सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुल अजीज अल साव सातवें, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू आठवें, ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी नौवें, तुर्की के राष्ट्रपति तैय्यप एर्दोगन दसवें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 11वें तथा पोप फ्रांसिस 12वें स्थान पर हैं।

संबंधित लिंक

http://www.gallup-international.com/surveys/global-leaders-2/
http://www.gallup-international.com/wp-content/uploads/2017/12/2017_Global-Leaders.pdf

विश्व ऊर्जा भविष्य शिखर सम्मेलन-2018

प्रश्न-15-18 जनवरी, 2018 के मध्य 'विश्व ऊर्जा भविष्य शिखर सम्मेलन' (WFES) कहां आयोजित हुई?

(a) मॉस्को (b) मस्कट (c) आबूधाबी (d) पेरिस

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15-18 जनवरी, 2018 के मध्य 'विश्व ऊर्जा भविष्य शिखर सम्मेलन (World Future Energy Summit: WFES)-2018 आबूधाबी, संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित हुई।
- यह शिखर सम्मेलन आबूधाबी निरंतरता सप्ताह (ABU DHABI Sustainability Week) का एक भाग है।
- जिसका आयोजन मसदर (A Mubadala Company) द्वारा किया गया।
- इस अवसर पर अपनी तरह के पहले कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) ने 17-18 जनवरी, 2018 के दौरान दो दिवसीय 'अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा गठबंधन मंच' की मेजबानी की।
- अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन मंच के पहले दिन आईएएसए मंत्रियों का पूर्ण मंत्रिस्तरीय सत्र का आयोजन किया गया।
- आईएसए सदस्य देशों के सात ऊर्जा मंत्रियों ने मंत्रिस्तरीय सत्र में भाग लिया।
- केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आर.के. सिंह ने इस मंच में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- इस अवसर पर उन्होंने सौर परियोजना वित्त पोषण के लिए 350 मिलियन अमेरिकी डॉलर की सौर विकास निधि बनाने की घोषणा की।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175707

आर्थिक परिदृश्य

विश्व आर्थिक दृष्टिकोण अद्यतन, जनवरी, 2018

प्रश्न-22 जनवरी, 2018 को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा प्रकाशित 'विश्व आर्थिक दृष्टिकोण अद्यतन, जनवरी, 2018 के अनुसार, वर्ष 2017 के लिए भारत की वृद्धि दर कितने प्रतिशत आकलित की गई?

(a) 7.1 प्रतिशत (b) 6.7 प्रतिशत (c) 7.4 प्रतिशत (d) 7.2 प्रतिशत

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 जनवरी, 2018 को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने 'विश्व आर्थिक दृष्टिकोण अद्यतन, जनवरी, 2018' (World Economic Outlook Update, January, 2018) प्रकाशित किया।
- इसके अनुसार, वर्ष 2017 में वैश्विक विकास दर 3.7 प्रतिशत आकलित की गई, जिसके वर्ष 2018 तथा 2019 में 3.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- इस रिपोर्ट में वर्ष 2017 में भारत की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत आकलित की गई है।
- जिसके वर्ष 2018 में 7.4 प्रतिशत तथा वर्ष 2019 में 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- ब्रिक्स (BRICS) देशों में वर्ष 2018-19 में सर्वाधिक विकास दर भारत (क्रमशः 7.4% एवं 7.8%) की अनुमानित की गई है।
- इसके बाद चीन की (6.6% एवं 6.4%), रूस की (1.7 % एवं 1.5%), ब्राजील की (1.9% एवं 2.1%) तथा दक्षिण अफ्रीका की (0.9 % दोनों वर्षों में) अनुमानित की गई है।
- भारतीय अर्थव्यवस्था के अन्य प्रमुख उदीयमान अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में तेजी से बढ़ने की उम्मीद है।
- उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर वर्ष 2017 में 2.3 प्रतिशत की आकलित की गई है, जिसके वर्ष 2018 में 2.3 प्रतिशत तथा वर्ष-2019 में 2.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की विकास दर वर्ष 2017 में 2.3 प्रतिशत आकलित की गई है, जिसके वर्ष 2018 में 2.7 प्रतिशत तथा वर्ष 2019 में 2.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- यूरो क्षेत्र की विकास दर वर्ष 2017 में 2.4 प्रतिशत आकलित की गई है, जिसके वर्ष 2018 में 2.2 प्रतिशत तथा वर्ष 2019 में 2.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है।
- उभरते बाजार तथा विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (Emerging Market and Developing Economies) की विकास दर वर्ष 2017 में 4.7 प्रतिशत आकलित की गई है, जिसके वर्ष 2018 में 4.9 प्रतिशत तथा वर्ष 2019 में 5.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

संबंधित लिंक

http://www.imf.org/en/Publications/WEO/Issues/2018/01/11/world-economic-outlook-update-january-2018
http://www.imf.org/en/About/infographics/world-economic-outlook-update-january-2018-infographic

समावेशी विकास सूचकांक-2018

प्रश्न-22 जनवरी, 2018 को विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी 'समावेशी विकास सूचकांक (IDI) - 2018' की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं की सूची में भारत कौन-से स्थान पर रहा?

(a) 60 वां (b) 62 वां (c) 55 वां (d) 68 वां

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 जनवरी, 2018 को विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा समावेशी विकास सूचकांक (The Inclusive Development Index)-2018 जारी किया गया।
- इस सूचकांक में विश्व की 103 अर्थव्यवस्थाओं (देशों) को शामिल किया गया है।
- सूचकांक में 29 विकसित एवं 74 विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को सूचीबद्ध किया गया है।
- समावेशी विकास सूचकांक-2018 में 29 विकसित अर्थव्यवस्थाओं (Advanced Economies) में नॉर्वे (स्कोर-6.08) शीर्ष स्थान पर रहा।
- इसके पश्चात आइसलैंड (स्कोर-6.07) दूसरे, लक्जमबर्ग (स्कोर-6.07) तीसरे, स्विट्जरलैंड (स्कोर-6.05) चौथे तथा डेनमार्क (स्कोर-5.81) पांचवें स्थान पर है।
- अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ऑस्ट्रेलिया 9वें, जर्मनी 12वें, कनाडा 17वें, फ्रांस 18वें, यूनाइटेड किंगडम 21वें, अमेरिका 23वें तथा जापान 24वें स्थान पर है।
- इस सूचकांक में 74 विकासशील अर्थव्यवस्थाओं (Development Economies) में लिथुआनिया (स्कोर-4.86) शीर्ष पर रहा।
- इसके पश्चात हंगरी (स्कोर-4.74) दूसरे, अजरबैजान (स्कोर-4.69) तीसरे, लाटविया (स्कोर-4.61) चौथे तथा पोलैंड (स्कोर-4.67) पांचवें स्थान पर है।
- समावेशी विकास सूचकांक (IDI) में विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में भारत (स्कोर-3.09) को 62वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- जबकि गतवर्ष भारत को 60वां स्थान प्राप्त हुआ था।
- भारत के पड़ोसी देशों में नेपाल 22वें, बांग्लादेश 34वें, श्रीलंका 40वें तथा पाकिस्तान 47वें स्थान पर है।
- अन्य विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में ब्रिक्स देशों में रूस 19वें, चीन 26वें, ब्राजील 37वें तथा दक्षिण अफ्रीका 69वें स्थान पर है।

संबंधित लिंक

https://www.weforum.org/reports/the-inclusive-development-index-2018

आईडीएफसी बैंक और कैपिटल फर्स्ट का विलय

प्रश्न-हाल ही में हुई घोषणा के अनुसार आईडीएफसी बैंक और कैपिटल फर्स्ट का विलय किस तिथि को प्रभावी होगा?

(a) 1 अप्रैल, 2018 (b) 1 मार्च, 2018 (c) 1 मई, 2018 (d) 1 अप्रैल, 2018

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 13 जनवरी, 2018 को 'आईडीएफसी बैंक' और 'कैपिटल फर्स्ट' के विलय की घोषणा हुई।
- 'कैपिटल फर्स्ट' खुदरा व्यापार में संलग्न गैर बैंकिंग वित्त कंपनी है। जो निजी इक्विटी फर्म बारर्ग पिनकस द्वारा समर्थित है।
- आईडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ राजीव लाल मर्ज किए गए इकाई (Merged Entity) के गैर-सरकारी अध्यक्ष होंगे।
- जबकि कैपिटल फर्स्ट के संस्थापक वी. वैद्यनाथन इसके एमडी एवं सीईओ होंगे।
- मर्जर (विलय) के शर्तों के तहत कैपिटल फर्स्ट के प्रत्येक 10 शेयरों के बदले आईडीएफसी बैंक 139 शेयर जारी करेगी।
- शेयरों की यह अदला-बदली 'शेयर स्वैप' कहलाती है।
- मर्जर से आईडीएफसी बैंक के डिपॉजिट और कारोबार के विस्तार में मदद मिलेगी।
- ध्यातव्य है कि आईडीएफसी किसी मजबूत खुदरा फ्रेंचाइजी के अधिग्रहण हेतू प्रयासरत था।
- इस क्रम में उसने पूर्व में 'श्रीराम ग्रुप' के साथ भी विलय की असफल कोशिश की।
- आईडीएफसी बैंक और कैपिटल फर्स्ट का मर्जर 1 अप्रैल, 2018 से लागू हो जाएगा।

संबंधित लिंक

http://www.livemint.com/Politics/CpCkiZEWtXfB1jlmg5xUBK/IDFC-Bank-agrees-to-acquire-Warburgbacked-lender-Capital-Fi.html

भारत सरकार ने बचत (कर योग्य) बॉन्ड, 2018 लांच करने की घोषणा की

प्रश्न-हाल ही में भारत सरकार ने कब से शुरू हुए 7.75 प्रतिशत बचत (कर योग्य) बॉन्ड, 2018 लांच करने की घोषणा की थी?

(a) 31 जनवरी, 2018 (b) 10 जनवरी, 2018

(c) 25 जनवरी, 2018 (d) 15 जनवरी, 2018

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2018 को भारत सरकार ने 10 जनवरी, 2018 से शुरू हुए 7.75 प्रतिशत बचत (कर योग्य) बॉन्ड, 2018 लांच करने की घोषणा की थी।
- जिससे देश के नागरिक/हिंदू अविभाजित परिवार (HUF) कर योग्य बॉन्ड में निवेश कर सकें।
- निवेश की जाने वाली धनराशि की कोई सीमा नहीं है।

- **बॉन्ड की मुख्य विशेषताएं निम्न हैं-**

  (i) बॉन्ड में कोई भी व्यक्ति (संयुक्त स्वामित्व सहित) और हिंदू अविभाजित परिवार निवेश कर सकते हैं। एनआरआई इन बांडों में निवेश नहीं कर सकते हैं।

  (ii) बॉन्ड एकाउंट के प्रारूप में आवेदन, एजेंसी बैंकों तथा एसएचसीआईएल की नामित शाखाओं में जमा किए जा सकते हैं।

  (iii) बॉन्ड 100 रुपये के सममूल्य पर जारी किए जाएंगे। बॉन्ड में न्यूनतम राशि 1000 रुपए या इसके गुणज में निवेश किया जा सकता है। बॉन्ड डीमैट प्रारूप में जारी किए जाएंगे।

  (iv) बॉन्ड अगली अधिसूचना तक टैप होंगे और संचयी तथा गैर-संचयी रूपों में जारी किए जाएंगे।

  (v) इन बॉन्डों में निवेश की कोई ऊपरी सीमा नहीं होगी।

  (vi) बॉन्डों पर मिलने वाला ब्याज आयकर अधिनियम 1961 के अंतर्गत कर योग्य होगा। संपत्ति कर अधिनियम, 1957 के अंतर्गत बॉन्डों को संपत्ति कर से छूट दी गई है।

  (v) इन बॉन्डों में निवेश की कोई ऊपरी सीमा नहीं होगी।

  (vi) बॉन्ड पर मिलने वाला ब्याज आयकर अधिनियम 1961 के अंतर्गत कर योग्य होगा। संपत्ति कर अधिनियम, 1957 के अंतर्गत बॉन्ड को संपत्ति कर से छूट दी गई है।

  (vii) बॉन्डों की परिपक्वता अवधि 7 वर्ष होगी और इस पर 7.75 प्रतिशत वार्षिक ब्याज मिलेगा। ब्याज छमाही देय होगा।

  (viii) बॉन्ड हस्तांतरणीय नहीं है। बॉन्ड द्वितीयक बाजार में व्यापार योग्य नहीं होगा। बैंक, वित्तीय संस्थान, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी में ऋण के लिए बॉन्ड का उपयोग समर्थक ऋण संपत्ति के रूप में नहीं किया जा सकेगा।

  (ix) एकमात्र धारक या बॉन्ड का एकमात्र जीवित धारक नामांकन कर सकता है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175293
http://www.businesstoday.in/current/economy-politics/7.75-savings-bonds-scheme-government-launch-taxable-tax-interest/story/267282.html

आयकर विभाग द्वारा कर दाताओं के आंकड़े जारी

प्रश्न-हाल ही में जारी आयकर विभाग के आंकड़ों के अनुसार निर्धारित वर्ष 2015-16 में कितने प्रतिशत भारतीयों ने आयकर का भुगतान किया?

(a) 1.7 प्रतिशत (b) 1.8 प्रतिशत (c) 1.9 प्रतिशत (d) 2.0 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2017 में आयकर विभाग ने निर्धारित वर्ष 2015-16 में करदाताओं के आंकड़े जारी किए।
- इसके अनुसार निर्धारित वर्ष 2015-16 में केवल 1.7 प्रतिशत भारतीयों ने आयकर का भुगतान किया।
- विभाग के अनुसार निर्धारित वर्ष 2015-16 (वित्त वर्ष 2014-15 की आय पर) में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या बढ़कर 4.07 करोड़ हो गई है जो इससे पूर्व वर्ष में 3.65 करोड़ थी। लेकिन वास्तव में कर का भुगतान केवल 2.06 करोड़ लोगों ने ही किया। जबकि अन्य ने अपनी आय कर निर्धारण सीमा से कम होने का हवाला दिया।
- केवल दो करोड़ भारतीयों ने निर्धारित वर्ष 2015-16 में आयकर का भुगतान किया।
- निर्धारित वर्ष 2014-15 में 1.91 करोड़ लोगों ने कर का भुगतान किया था जबकि रिटर्न भरने वालों की संख्या 3.65 करोड़ थी।
- निर्धारित वर्ष 2015-16 में व्यक्तिगत आयकर भुगतान राशि कम होकर 1.88 लाख करोड़ रुपए रह गई जो 2014-15 में 1.91 लाख करोड़ रुपए थी।
- जारी आंकड़ों के अनुसार देश के तीन प्रतिशत से कुछ अधिक लोगों ने ही रिटर्न फाइल किये।
- इसमें से 2.01 करोड़ ने शून्य आयकर का भुगतान किया वहीं 9,690 ने एक करोड़ रुपए से अधिक कर का भुगतान किया।
- व्यक्तिगत रूप से केवल एक व्यक्ति ने 100 करोड़ रुपए से अधिक (238 करोड़ रुपए) कर का भुगतान किया।
- कुल 2.80 करोड़ रुपए कर देने वालों में से 19,931 करोड़ रुपए की प्राप्ति उन लोगों से हुई जिन्होंने 5.5 लाख रुपए से लेकर 9.5 लाख रुपए के बीच कर भुगतान किया।
- आंकड़ों के अनुसार 1.84 करोड़ रिटर्न के तहत 1.5 लाख रुपए या औसतन 24,000 रुपए का कर भुगतान किया गया।
- निर्धारित वर्ष 2015-16 में कर रिटर्न दाखिल करने वाले कुल 4.07 करोड़ लोगों में से 82 लाख ने शून्य कर अथवा 2.5 लाख रुपए पर कर का भुगतान किया।
- निर्धारित वर्ष 2015-16 में कर रिटर्न दाखिल करने वाले कुल 4.07 करोड़ लोगों में से 82 लाख ने शून्य कर अथवा 2.5 लाख रुपए से कम की आय दिखाई है।
- आंकड़ों के अनुसार निर्धारित वर्ष 2015-16 में व्यक्तिगत आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की कुल आय 21.27 लाख करोड़ रुपए आंकी गई है जो कि इससे पिछले साल 18.41 लाख करोड़ रुपए रही।
- वर्ष के दौरान सबसे ज्यादा 1.33 करोड़ आयकर रिटर्न 2.5 लाख से 3.5 लाख रुपए वार्षिक के आय वर्ग में थी।

- कुल मिलाकर व्यक्तिगत आयकर रिटर्न सहित निर्धारित वर्ष 2015-16 में 4.35 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल की गई और इनमें कुल 33.62 लाख करोड़ रुपए आय की घोषणा की गई।
- जबकि पिछले वर्ष (निर्धारित वर्ष 2014-15) 3.91 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए और 26.93 करोड़ की आय घोषित की गई।
- कंपनियों ने इस दौरान 7.19 लाख रिटर्न दाखिल किए जिनमें कुल 10.71 लाख करोड़ रुपए की आय घोषित की गई।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/economy-policy/only-1-7-indians-paid-income-tax-in-ay-2015-16-official-data-117122500442_1.html

वर्ल्ड इकोनॉमिक लीग टेबल के अनुसार भारत 2018 में पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था होगा

प्रश्न-हाल ही में सेंटर फॉर इकोनॉमिक एंड बिजनेस रिसर्च (सीईबीआर) कंसल्टेंसी द्वारा जारी 'वर्ल्ड इकोनॉमिक लीग टेबल 2018' के अनुसार भारत वर्ष 2018 में विश्व की कौन-सी अर्थव्यवस्था बन जाएगा?

(a) दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था (b) तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

(c) चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था (d) पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 26 दिसंबर, 2017 को जारी 'वर्ल्ड इकोनॉमिक लीग टेबल-2018' के अनुसार वर्ष 2018 में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (डॉलर संदर्भ में) बन जाएगा।
- स्वतंत्र आर्थिक पूर्वानुमान जारी करने वाली संस्था (सीईबीआर) इस रिपोर्ट की प्रतिपादक है। 'वर्ल्ड इकोनॉमिक लीग टेबल' में 192 देशों के लिए वर्ष 2032 तक के पूर्वानुमान हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था 2018 तक ब्रिटेन और फ्रांस से भी आगे निकल जाएगी।
- रिपोर्ट के अनुसार ऊर्जा एवं तकनीक के सस्ते साधनों की बदौलत वैश्विक अर्थव्यवस्था में तेज वृद्धि का अनुमान जताया गया है।
- भारत भी ऐसे ही सुधारों पर आगे बढ़ रहा है।
- अगले 15 वर्षों तक शीर्ष 10 अर्थव्यवस्था में एशियाई देशों का प्रभाव बढ़ते रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।
- रिपोर्ट में चीन के वर्ष 2032 तक अमेरिका को पछाड़कर शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने की संभावना व्यक्त की गई है।

- साथ ही ब्रिटेन पर ब्रेक्जिट का प्रभाव आशंका से कम होगा।
- जिससे यह 2020 तक फ्रांस को फिर से पीछे छोड़ देगा।
- रिपोर्ट में कच्चे तेल की गिरती कीमतों के कारण रूस की अर्थव्यवस्था के कमजोर पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है।
- रूस की ऊर्जा क्षेत्र पर अधिक निर्भरता के कारण ऐसी आशंका व्यक्त की गई है।
- रूस वर्ष 2032 तक 11वें स्थान से गिरकर 17वें स्थान पर आ सकता है।

संबंधित लिंक

https://gcp.global/uk/products/welt-2018
http://www.thehindu.com/business/india-to-become-fifth-largest-economy-in-2018/article22282335.ece
https://gcp.global/uk/products/welt-2018

भारत सरकार टकसाल द्वारा पहला उच्च शुद्धता वाला 'स्वर्ण संदर्भ मानक'

प्रश्न-हाल ही में भारत सरकार टकसाल (आईजीएम) द्वारा कौन सा पहला 'स्वर्ण संदर्भ मानक' लांच किया गया है?

(a) भारतीय संदर्भ द्रव्य (b) भारतीय निर्देशक द्रव्य
(c) भारतीय निर्देशक तत्व (d) भारतीय संदर्भ तत्व

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 दिसंबर, 2017 को भारत सरकार टकसाल (आईजीएम) द्वारा पहला उच्च शुद्धता वाला 'स्वर्ण संदर्भ मानक' लांच किया गया।
- इसका नाम 'भारतीय निर्देशक द्रव्य' (BND) है।
- यह सिक्के बनाने वालों और एक्सपोर्ट्स (निर्यातकों) दोनों के लिए बहुत मददगार साबित होगा।
- इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) ने अपने सदस्यों के बीच इस स्टैंडर्ड्स का प्रचार-प्रसार करना शुरू कर दिया है।
- इंडिया मिंट के 'स्वर्ण मानक' को अपनाने में लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (LBMA) से मान्यता प्राप्त देश की इकलौती रिफाइनरी एमएमटीसी पीएएमपी ने भी दिलचस्पी दिखाई है बशर्ते यह 2-3 अंतरराष्ट्रीय प्रयोगशालाओं से सर्टिफाइड (प्रमाणित) हो।
- फिलहाल यह रिफाइनरी अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्टैंड्स एंड टेक्नोलॉजी (NIST) से प्रमाणित संदर्भ पदार्थ का प्रयोग कर रही है।

- 9999 शुद्धता (99.99% शुद्धता) वाले स्वर्ण का संदर्भ पदार्थ (रेफरेंस मैटीरियल) BND-4201 सोने की शुद्धता पक्का करने में उपभोक्ताओं और जनता दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगा।
- उच्च शुद्धता वाला 'स्वर्ण संदर्भ मानक' आईजीएम, भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, नेशन सेंटर फॉर कंपोजिशन कैरेक्टराइजेशन ऑफ मैटेरियल्स हैदराबाद और काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च नेशनल फिजिकल लैब के सहयोग से तैयार किया गया है।
- IGM के 'स्वर्ण संदर्भ मानक' को ऑस्ट्रेलिया की पर्थ मिंट (टकसाल) ने वेरिफाई (प्रमाणित) किया है।
- मंत्रालय द्वारा 'स्वर्ण संदर्भ मानक' के औपचारिक लॉचिंग के बाद यह वैश्विक बाजार के लिए उपलब्ध हो जाएगा।
- 'भारतीय निर्देशक द्रव्य' से बुलियन ट्रेड में पारदर्शिता आएगी।
- ध्यातव्य है कि 'गोल्ड और ज्वैलरी' की हॉलमार्किंग के लिए 'स्वर्ण संदर्भ मानक' बहुत जरूरी होता है।
- यह संग्रहण और शुद्धता परीक्षण केंद्र के लिए 'गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम' के तहत जमा होने वाले स्वर्ण की शुद्धता प्रमाणित करने में मददगार साबित होगा।

संबंधित लिंक

http://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/govt-mint-launches-first-homegrown-high-purity-gold-reference-standard/article10001234.ece

फोर्ब्स की 'बेस्ट कंट्री फॉर बिजनेस-2017' रैंकिंग जारी

प्रश्न-हाल ही में प्रतिष्ठित पत्रिका फोर्ब्स ने 'बेस्ट कंट्री फॉर बिजनेस-2017' रैंकिंग जारी की। इस रैंकिंग में शीर्षस्थान किस देश को हासिल हुआ?

(a) न्यूजीलैंड (b) यूनाइटेड किंगडम (c) नीदरलैंड्स (d) स्वीडन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 दिसंबर, 2017 को फोर्ब्स ने 'बेस्ट कंट्री फॉर बिजनेस-2017' रैंकिंग जारी की।
- सूची में 153 देशों को शामिल किया गया है।
- इस सूची में यूनाइटेड किंगडम को शीर्ष स्थान हासिल हुआ है।
- न्यूजीलैंड, नीदरलैंड्स तथा स्वीडन सूची में क्रमशः दूसरे, तीसरे तथा चौथे स्थान पर रहे।
- इस सूची में भारत की रैंकिंग 62वीं है।
- इस सूची में निम्न स्थान पर रहे देश-।
- फोर्ब्स द्वारा जारी इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों की स्थिति इस प्रकार रही-श्रीलंका (77वीं रैंक), पाकिस्तान (102वीं रैंक) भूटान (103 वीं रैंक), नेपाल (109वीं रैंक) तथा बांग्लादेश (117वीं रैंक)।

- ब्रिक्स देशों में ब्राजील की 74वीं, रूस की 58वीं, चीन की 66वीं एवं दक्षिण अफ्रीका को 48वीं रैंकिंग है।
- ध्यातव्य है कि ब्रिटेन पिछले वर्ष की रैंकिंग में पांचवे स्थान पर था।
- इस सूची में अमेरिका की रैंकिंग 12वीं है।
- जबकि जर्मनी, फिनलैंड एवं नॉर्वे की रैंकिंग क्रमशः 13वीं, 14वीं एवं 15वीं है।
- जापान एवं फ्रांस की रैंकिंग क्रमशः 21वीं एवं 22वीं है।

संबंधित लिंक

https://www.forbes.com/best-countries-for-business/list/

टीसीएस को मिला रिकॉर्ड 2.25 अरब डॉलर का नीलसन आउटसोर्सिंग अनुबंध

प्रश्न-हाल ही में देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अब तक की सबसे बड़ी आउटसोर्सिंग डील की है। 2.25 अरब डॉलर की यह डील किस कंपनी के साथ की गई?

(a) वोल्वो (b) ड्यूशे बैंक (c) नीलसन (d) एट्को

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2017 में टीसीएस ने अब तक की सबसे बड़ी आउटसोर्सिंग डील की।
- 2.25 अरब डॉलर की यह डील टेलिविजन रेटिंग मैनेजमेंट फर्म 'नीलसन' (Nielsen) के साथ हुई।
- टीसीएस और नीलसन के मध्य 2.25 अरब डॉलर (144.1 अरब रुपए) का कॉन्ट्रेक्ट (अनुबंध) हुआ है।
- यह डील टीसीएस और नीलसन की पार्टनरशिप का रिन्युअल (नवीनीकरण) है।
- दोनों कंपनियों के बीच वर्ष 2008 में 10 साल के लिए 1.2 बिलियन डॉलर (76.8 अरब रुपए) में डील (अनुबंध) हुई थी।
- जिसे 2013 में बढ़ाकर (अनुबंध राशि को) लगभग दोगुना (2.5 बिलियन डॉलर या 160.1 अरब रुपए) कर दिया गया है।
- हालिया डील में अनुबंध समय पांच साल और बढ़ा दिया गया है।
- हालिया डील 31 दिसंबर, 2025 तक चलेगी, साथ ही नीलसन को एक-एक वर्ष के तीन नवीनीकरण का विकल्प दिया गया है।
- आईटी आउटसोर्सिंग की द्वितीय सबसे बड़ी डील फरवरी 2016 में वोल्वो और एचसीएल के बीच 1.8 बिलियन डॉलर (115.2 अरब रुपए) की हुई थी।
- इससे पूर्व फरवरी, 2015 में 'एचपी' और 'डयूशे बैंक' के मध्य 1.5 बिलियन डॉलर की डील हुई थी।
- जुलाई, 2014 में विप्रो एवं एटको (Atco) के मध्य 1.1 बिलियन डॉलर की डील हुई थी।

संबंधित लिंक

http://www.financialexpress.com/industry/tcs-bags-largest-ever-outsourcing-deal-for-indian-it-firm-know-about-the-other-three/985261/
https://economictimes.indiatimes.com/tech/ites/tcs-wins-record-2-25-billion-nielsen-outsourcing-contract/articleshow/62203126.cms

जीएसटी परिषद की 25वीं बैठक

प्रश्न-18 जनवरी, 2018 को जीएसटी परिषद की 25वीं बैठक कहां संपन्न हुई?

(a) मणिपुर (b) जम्मू-कश्मीर (c) बंगलुरू (d) नई दिल्ली

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 18 जनवरी, 2018 को केंद्रीय वित्त मंत्री अरूण जेटली की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 25वीं बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई।
- जीएसटी परिषद द्वारा अपनी 25वीं बैठक में निम्नलिखित नीतिगत बदलाओं की अनुशंसा की गई है-
- फॉर्म जीएसटीआर-1 (आपूर्ति विवरण), फॉर्म जीएसटीआर-5 (अनिवासी टैक्स योग्य व्यक्ति) अथवा फॉर्म जीएसटीआरए-5ए (OIDAR) दाखिल करने में विफल रहने पर किसी भी पंजीकृत व्यक्ति द्वारा देय विलंब शुल्क को घटाकर 50 रुपये प्रतिदिन किया जा रहा है और यह कोई भी फॉर्म दाखिल न करने वालों के लिए 20 रुपये प्रतिदिन होगा।
- फॉर्म जीएसटीआर-6 (इनपुट सेवा वितरण) दाखिल करने में विफल रहने पर देय विलंब शुल्क 50 रुपये प्रति दिन होगा।
- स्वैच्छिक पंजीकरण प्राप्त करने वाले कर योग्य लोगों को अब पंजीकरण की प्रभावी तिथि के बाद एक वर्ष की समाप्ति से पहले भी पंजीकरण रद्द करने के लिए आवेदन करने की अनुमति होगी।
- जीएसटी प्रणाली अपनाने वाले करदाताओं के लिए पंजीकरण रद्द करने हेतु फॉर्म जीएसटी आरईजी-29 दाखिल करने की अंतिम तिथि तीन माह और बढ़ाकर 31 मार्च, 2018 की जा रही है।
- ई-वे बिल सृजित, संशोधन एवं रद्द करने की सुविधा प्रायोगिक आधार पर nic.in पोर्टल पर मुहैया कराई जा रही है। इस व्यवस्था के पूरी तरह परिचालन में आ जाने पर ई-वे बिल प्रणाली ewaybillgst.gov.in पोर्टल पर काम करना शुरू कर देगी।
- ई-वे बिल से संबंधित नियमों में कुछ विशेष संशोधन किए जा रहे हैं।
- इन नियमों को 1 फरवरी, 2018 से वस्तुओं की अंतर-राज्य आवाजाही के लिए देशभर में अधिसूचित किया जाना है। इसी तरह एक विशेष तिथि से राज्य के भीतर वस्तुओं की आवाजाही के लिए भी इन्हें

अधिसूचित किया जाना है, जिसकी घोषणा प्रत्येक राज्य द्वारा अलग-अलग की जाएगी, लेकिन यह तिथि 1 जून, 2018 से आगे नहीं जाएगी।

- हस्तशिल्प पर गठित समिति द्वारा पेश की गई रिपोर्ट और सिफारिशों को भी जीएसटी परिषद द्वारा स्वीकार कर लिया गया।
- जीएसटी परिषद की बैठक में सरकार ने प्रमुख निर्णय लेते हुए 29 वस्तुओं और 53 सेवाओं के जीएसटी रेट में बदलाव किया है।
- बैठक में हस्तशिल्प की 29 वस्तुओं को शून्य जीएसटी के स्लैब में रख दिया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175727
http://www.indiainside.org/post.php?id=1527

दुग्ध एवं अंडा उत्पादन आंकड़े जारी

प्रश्न-हाल ही में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017-18 (ग्रीष्म) में भारत का दुग्ध उत्पादन कितने मिलियन टन रहा?

(a) 53.77 मिलियन टन (b) 51.33 मिलियन टन

(c) 50.56 मिलियन टन (d) 48.50 मिलियन टन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16 जनवरी, 2018 को 'कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय' द्वारा दुग्ध एवं अंडा उत्पादन के आंकड़े जारी किए गए।
- आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016-17 के दौरान देश में दूध उत्पादन में वर्ष 2013-14 के मुकाबले 20.13 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।
- वर्ष 2016-17 के दौरान दूध उत्पादन में वर्ष 2015-16 के मुकाबले 6.4 प्रतिशत की वृद्धि आंकी गई है।
- दूध उत्पादन की वृद्धि दर वर्ष 2014-15 में 6.3 प्रतिशत, वर्ष 2015-16 में 6.3 प्रतिशत और वर्ष 2016-17 में 6.4 प्रतिशत रही है।
- **मौसमी अनुमान (दुग्ध)**
- कुल दूध उत्पादन वर्ष 2016-17 (ग्रीष्म) के 51.33 मिलियन टन से बढ़कर वर्ष 2017-18 (ग्रीष्म) में 53.77 मिलियन टन के स्तर पर पहुंच गया है, जो 4.7 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्शाता है।

- यह वृद्धि दर वर्ष 2015-16 के मुकाबले वर्ष 2016-17 के दौरान दूध उत्पादन में दर्ज की गई 3.9 प्रतिशत वृद्धि के मुकाबले अधिक है।
- वर्ष 2017-18 के ग्रीष्म मौसम के दौरान भी दूध उत्पादन की वृद्धि दर निरंतर उच्च स्तर पर बनी रही है।
- वर्ष 2017-18 के ग्रीष्म मौसम (सीजन) के दौरान प्रथम **पांच** सर्वाधिक दूध उत्पादक राज्यों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और आंध्र प्रदेश शामिल हैं।
- वर्ष 2017-18 के ग्रीष्म सीजन के दौरान भी अंडा उत्पादन की वृद्धि दर निरंतर उच्च स्तर पर बरकरार रही है।
- देश में कुल अंडा उत्पादन वर्ष 2016-17 (ग्रीष्म) के 26.03 अरब बढ़कर वर्ष 2017-18 (ग्रीष्म) के दौरान 27.95 अरब के स्तर पर पहुंच गया जो 7.4% की वृद्धि दर्शाता है।
- यह आंकड़ा वर्ष 2015-16 के ग्रीष्म सीजन के मुकाबले वर्ष 2016-17 के ग्रीष्म सीजन के दौरान अंडा उत्पादन में दर्ज की गई 5.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से अधिक है।
- अंडा उत्पादन में मुख्य योगदान लगभग 80.83 प्रतिशत के साथ वाणिज्यिक पोल्ट्री फार्मों का रहा है, जबकि शेष योगदान घरेलू बैकयार्ड में किए जाने वाले मुर्गी पालन का रहा है।
- वर्ष 2017-18 के ग्रीष्म सीजन के दौरान प्रथम पांच सर्वाधिक अंडा उत्पादक राज्यों में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और हरियाणा शामिल हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175649

आईआईपी के त्वरित अनुमान

प्रश्न-हाल ही में जारी औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के त्वरित अनुमानों के अनुसार नवंबर 2017 में औद्योगिक उत्पादन में कितने प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई?

(a) 8.4 प्रतिशत (b) 8.2 प्रतिशत (c) 8.0 प्रतिशत (d) 8.4 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 12 जनवरी, 2018 को केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (सीएसओ) द्वारा औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और उपयोग आधारित सूचकांक के त्वरित अनुमान नवंबर, 2017 के लिए जारी किए गए।
- इसके अनुसार विनिर्माण और पूंजीगत वस्तु क्षेत्र की वृद्धि दर के शानदार प्रदर्शन के दम पर नवंबर, 2017 में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि पर 17 महीने के उच्चतम स्तर 8.4 प्रतिशत पर पहुंच गई।
- जबकि नवंबर, 2016 में यह 5.1 प्रतिशत थी।

- दवा, चिकित्सकीय रसायन और वनस्पति उत्पादों के विनिर्माण में सर्वाधिक 39.5 प्रतिशत की वृद्धि रही।
- इसके बाद कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पादों के विनिर्माण में 29.1 प्रतिशत और अन्य परिवहन कल-पुर्जों के विनिर्माण में 22.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।
- पूंजीगत वस्तुओं में नवंबर, 2016 के 5.3 प्रतिशत की तुलना में नवंबर 2017 में 9.4 प्रतिशत की तेजी रही।
- गैर टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्र की वृद्धि दर इस दौरान 3.3 प्रतिशत से बढ़कर 23.1 प्रतिशत पर पहुंच गयी।
- हालांकि आलोच्य माह के दौरान खनन क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि 8.1 प्रतिशत से कम होकर 1.1 प्रतिशत पर आ गई।
- विद्युत उत्पादन वृद्धि भी 9.5 प्रतिशत से कम होकर 3.9 प्रतिशत पर आ गई।
- इस दौरान 23 में से 15 उद्योग समूहों में सलाना आधार पर उत्पादन ऊंचा रहा।
- खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर के 4.88 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर दिसंबर में 5.21 प्रतिशत रही।
- महंगाई दर 17 महीनों के उच्चतम स्तर पर है।
- खाद्य पदार्थों-अंडा, सब्जियों और फलों की कीमतों में काफी वृद्धि हुई है।
- खाद्य पदार्थों की महंगाई 4.42 प्रतिशत से बढ़कर 4.46 प्रतिशत हो गई है।
- ध्यातव्य है कि सरकार ने आरबीआई को महंगाई दर को 4 प्रतिशत तक बनाए रखने का जिम्मा दिया है।

संबंधित लिंक

http://www.mospi.gov.in/sites/default/files/press_release/iip_PR_12jan18.pdf
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175582

भारत चीन प्रायोजित एआईआईबी का शीर्ष उधारकर्ता बना

प्रश्न-हाल ही में चीन स्थित 'एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक' द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत ने उससे वर्ष 2017 में कितने अरब डॉलर का ऋण प्राप्त किया?

(a) 1.5 अरब डॉलर (b) 2.0 अरब डॉलर (c) 2.5 अरब डॉलर (d) 3.0 अरब डॉलर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 11 जनवरी, 2018 को 'एशियाई बुनियादी ढांचा निवेश बैंक' (एआईआईबी) द्वारा 2017 में शीर्ष उधारकर्ताओं की घोषणा की गई।

- भारत इस संदर्भ में शीर्षस्थ है।
- भारत के तीन अरब डॉलर से अधिक के ऋण प्रस्ताव भी प्रस्तावित हैं।
- भारत के बाद इंडोनेशिया एआईआईबी का दूसरा शीर्षस्थ ऋण प्राप्तकर्ता देश है।
- इंडोनेशिया ने वर्ष 2017 के दौरान एआईआईबी से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण प्राप्त किया।
- एआईआईबी के पास भारत के 3.5 अरब डॉलर के ऋण-प्रस्ताव मंजूरी हेतु विचाराधीन हैं।
- इन ऋण-प्रस्तावों से मुंबई मेट्रो, आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती का विकास एवं पश्चिम बंगाल में सिंचाई संजाल की परियोजनाएं संपादित होंगी।
- ध्यातव्य है कि भारत एआईआईबी बैंक में दूसरा सबसे बड़ा शेयर धारक है जिसकी बैंक में 100 अरब अमेरिकी डॉलर की अधिकृत पूंजी है।
- चीन 26.06 प्रतिशत वोटिंग शेयर के साथ बैंक का सबसे बड़ा शेयर धारक है।
- भारत 7.5 प्रतिशत वोटिंग शेयर के साथ दूसरे, रूस (5.93 प्रतिशत) तीसरे एवं जर्मनी (4.5 प्रतिशत) चौथे स्थान पर है।
- ध्यातव्य है कि एआईआईबी कई देशों का पसंदीदा कर्जदाता है।
- यह दीर्घकालिक पुनर्भुगतान (Repayment) हेतु लगभग एक से डेढ़ प्रतिशत की दर पर कर्ज प्रदान करता है जिसमें पांच साल की अनुग्रह अवधि निहित होती है।
- भारत की आर्थिक पहचान और अच्छी तरह से तैयार परियोजना रिपोर्टों के कारण एआईआईबी का रुख भारतीय परियोजनाओं के प्रति सकारात्मक रहा है।
- एआईआईबी की अगली वार्षिक बैठक जून, 2018 में मुंबई में आयोजित होनी है।

संबंधित लिंक

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/finance/india-a-top-borrower-from-china-sponsored-aiib-in-2017/articleshow/62461954.cms
https://www.indiatoday.in/pti-feed/story/aiib-rules-out-doklam-impasse-hitting-its-prospects-1020864-2017-08-24

एफडीआई नीति में संशोधन को मंजूरी

प्रश्न-भारत में सर्वाधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) किस वर्ष प्राप्त हुआ?

(a) 2013-14 (b) 2014-15 (c) 2015-16 (d) 2016-17

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति में अनेक संशोधनों को मंजूरी प्रदान की गई।
- इन संशोधनों का उद्देश्य एफडीआई नीति को और अधिक उदार और सरल बनाना है, जिससे देश में कारोबार करने में आसानी हो।
- इसके परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के प्रवाह में वृद्धि होगी, जो निवेश, आय और रोजगार में उल्लेखनीय योगदान करेगा।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा निम्नलिखित क्षेत्रों में एफडीआई नीति में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई है-

1. एकल ब्रॉन्ड खुदर कारोबार हेतु स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति।
2. निर्माण क्षेत्र के विकास में स्वचालित मार्ग के तहत 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति।
3. विदेशी एयरलाइनों को एअर इंडिया में अनुमोदित स्वचालित मार्ग के तहत 49 प्रतिशत तक निवेश की अनुमति। एफआईआई/एफपीआई को प्राथमिक बाजार के माध्यम से भी पॉवर [(एक्सचेंजों में निवेश (49%)] की अनुमति।

- इसके अलावा इस संशोधन के तहत एफडीआई नीति में 'चिकित्सा उपकरणों' की परिभाषा में संशोधन किया गया है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश देश के आर्थिक विकास हेतु आर्थिक विकास का प्रमुख वाहक और गैर-ऋण वित्त का स्रोत है।
- सरकार द्वारा एफडीआई के संबंध में एक निवेश अनुकूल नीति बनाई गई है जिसके तहत अधिकांशतः क्षेत्रों गतिविधियों में स्वचालित मार्ग से 100 प्रतिशत तक एफडीआई की अनुमति प्रदान की गई है।
- सरकार द्वारा किए गए उपायों के परिणामस्वरूप देश में एफडीआई प्रवाह में वृद्धि हुई है।
- वर्ष 2014-15 के दौरान कुल एफडीआई प्रवाह 45.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर था जबकि वर्ष 2013-14 में एफडीआई प्रवाह 36.05 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।
- वर्ष 2015-16 के दौरान देश में कुल 55.46 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ।
- वित्तीय वर्ष 2016-17 में कुल 60.08 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ जो कि अब तक का सर्वाधिक निवेश है।
- देश में और अधिक एफडीआई को आकर्षित करने हेतु सरकार द्वारा एफडीआई नीति में अनेक संशोधन करने का निर्णय किया गया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1516115

राष्ट्रीय आय के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी

प्रश्न-हाल ही में 'सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय' द्वारा जारी 'राष्ट्रीय आय के प्रथम अग्रिम अनुमानों' के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि दर, वर्ष **2017-18 के दौरान कितने प्रतिशत रहने का अनुमान है?**

(a) 6.5 प्रतिशत (b) 7.4 प्रतिशत (c) 7.2 प्रतिशत (d) 7.5 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 5 जनवरी, 2018 को केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (सीएसओ) के द्वारा वर्ष 2017-18 के राष्ट्रीय आय के प्रथम अग्रिम अनुमान जारी किए गए। ध्यातव्य है कि 'सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय' के अधीन यह संगठन राष्ट्रीय लेखा के संकलन हेतु उत्तरदायी संस्था है।
- इसके अलावा यह औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का संकलन, उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण और आर्थिक गणना का आयोजन तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का भी संकलन करता है।
- सीएसओ के हालिया अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2017-18 में जीडीपी वृद्धि, वर्ष 2016-17 के 7.1 प्रतिशत से 0.6 प्रतिशत कम है। वर्ष 2017-18 में मूल कीमतों पर वास्तविक जीवीए की अनुमानित वृद्धि वर्ष 2016-17 के 6.6 प्रतिशत की तुलना में 6.1 प्रतिशत है।
- 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने वाले क्षेत्र 'लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाएं', 'व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण से संबंधित सेवाएं', 'बिजली, गैस, जल आपूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाएं, तथा 'वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाएं' हैं।
- वर्ष 2017-18 'कृषि वानिकी व मत्स्यन', 'खनन व उत्खनन', 'विनिर्माण और निर्माण' में वृद्धि क्रमशः 2.1 प्रतिशत, 2.9 प्रतिशत, 4.6 प्रतिशत और 3.6 प्रतिशत अनुमानित है।
- जबकि पिछले वर्ष (2016-17) इन क्षेत्रों की वृद्धि दर क्रमशः 4.9 प्रतिशत, 1.8 प्रतिशत, 7.9 प्रतिशत और 1.7 प्रतिशत रही।
- इस प्रकार कृषि और विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से जीडीपी की वृद्धि दर चालू वर्ष 2017-18 में 6.5 प्रतिशत के चार वर्ष के निचले स्तर पर रहेगी।
- वर्तमान कार्यरत केंद्रीय सरकार में यह सबसे कम वृद्धि दर होगी।
- प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि वर्ष 2016-17 के 5.7 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष (2017-18 में) 5.3 प्रतिशत अनुमानित है।

संबंधित लिंक

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1515693

चुनावी बांड योजना

प्रश्न-2 जनवरी, 2017 को केंद्र सरकार ने 'चुनावी बांड योजना' की अधिसूचना जारी की। इससे संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस योजना के तहत देश का कोई भी नागरिक या कंपनी पंजीकृत राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए रिजर्व बैंक से एक हजार रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक का चुनावी बांड खरीद सकता है।

(ii) चुनावी बांड से सिर्फ वे पार्टियां ही चंदा ले पाएंगी जिन्हें पिछले लोकसभा चुनाव या राज्य विधानसभा चुनाव में कम से कम एक प्रतिशत वोट मिले हैं।

(iii) राजनीतिक दल इस चुनावी बांड को अपने निर्धारित बैंक खातों में जमा कर भुना सकेंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं-

(a) केवल (i)(b) (i) एवं (ii)(c) (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2017 को केंद्र सरकार ने 'चुनावी बांड योजना' की अधिसूचना जारी की।
- उल्लेखनीय है कि वित्तमंत्री अरुण जेटली ने वित्त वर्ष 2017-18 के बजट भाषण में देश में राजनीतिक फंडिंग को पारदर्शी बनाने के लिए चुनावी बांड जारी करने की घोषणा की थी।
- इस योजना के तहत देश का कोई भी नागरिक या कंपनी पंजीकृत राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) की चुनिंदा शाखाओं से एक हजार रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये तक का चुनावी बांड खरीद सकता है।
- ये चुनाव बांड एक हजार रुपये, दस हजार रुपये, एक लाख रुपये, दस लाख रुपये और एक करोड़ रुपये के होंगे।
- चुनावी बांड खरीदने वालों के नाम सार्वजनिक नहीं किए जाएंगे।
- वह किस दल को यह चुनावी बांड देगा इसकी जानकारी भी गुप्त रहेगी।
- राजनीतिक दल इस चुनावी बांड को अपने निर्धारित बैंक खाते में जमाकर भुना सकेंगे। जिसकी सूचना उसे चुनाव आयोग देनी होगी।
- चुनावी बांड से सिर्फ वे पार्टियां ही चंदा ले सकेंगी जिन्हें पिछले लोकसभा या विधान सभा चुनाव में कम से कम एक प्रतिशत वोट मिले हों।
- राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग को यह बताना होगा कि चुनावी बांड से उसे कुल कितना चुनावी चंदा मिला है।

- ये चुनावी बांड सामान्य चुनाव के वर्ष में जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर माह में 30 दिन के लिए बिकने हेतु उपलब्ध रहेंगे।
- सामान्य वर्षों में यह बांड उक्त चारों माह में सिर्फ 10 दिन बिकने हेतु उपलब्ध होगा। बांड की अवधि 15 दिन होगी।

संबंधित लिंक

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/with-electoral-bonds-on-table-take-the-full-steps/articleshow/62359803.cms

वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट, जनवरी, 2018

प्रश्न-विश्व बैंक ग्रुप (World Bank Group) द्वारा जारी रिपोर्ट 'वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट' (GEP) के अनुसार वर्ष 2019 में भारत की विकास दर कितने प्रतिशत रहने का अनुमान है?

(a) 7.1 प्रतिशत (b) 6.4 प्रतिशत (c) 7.5 प्रतिशत (d) 7.0 प्रतिशत

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को वाशिंगटन डी.सी. स्थित विश्व बैंक ग्रुप (World Bank Group) द्वारा वैश्विक आर्थिक संभावना (Global Economic Prospects) रिपोर्ट, जनवरी 2018 जारी किया गया।
- इस रिपोर्ट का केंद्रीय विषय- 'व्यापक आधारभूत चढ़ाव, लेकिन कब तक' (Broad-Based Upturn, but for How Long) है।
- विश्व बैंक की इस नीतिगत रिपोर्ट में विश्व आर्थिक व्यवस्था की मध्यावधि संभावनाओं का अनुमान प्रस्तुत किया जाता है।
- रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 में वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास दर 7.3 फीसद रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार विश्व की वर्ष 2018 की वैश्विक वृद्धि वर्ष 2017 के आकलित वृद्धि 3.0 प्रतिशत से 0.1 प्रतिशत अधिक है।
- वर्ष 2018 के लिए विकसित अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर 2.2 प्रतिशत जबकि उभरती एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं हेतु 4.5 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है।
- वर्ष 2017 के लिए इन विकसित एवं उभरती अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर क्रमशः 2.3 प्रतिशत तथा 4.3 प्रतिशत आकलित है।
- विश्व बैंक समूह ने भारतीय अर्थव्यवस्था में विश्वास जताते हुए वर्ष 2017-20 तक इसे सर्वाधिक तीव्र गति से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था माना है।

- वर्ष 2017, 2018, 2019 एवं 2020 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में क्रमशः 6.7 प्रतिशत, 7.3 प्रतिशत, 7.5 प्रतिशत तथा 7.5 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है।
- उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में अमेरिका एवं जापान की अर्थव्यवस्था में वर्ष 2018 में क्रमशः 2.5 प्रतिशत एवं 1.3 प्रतिशत की वृद्धि पूर्वानुमानित है।
- जबकि वर्ष 2019 में दोनों देशों की आर्थिक वृद्धि और कम होकर क्रमशः 2.2 प्रतिशत एवं 0.8 प्रतिशत हो जाने का पूर्वानुमान है।
- ब्रिक्स देशों में शामिल ब्राजील, रूस, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका की आर्थिक विकास दर वर्ष 2018 में क्रमशः 2.0, 1.7, 6.4 एवं 1.1 प्रतिशत रहने का पूर्वानुमान है।
- जबकि वर्ष 2019 में इन देशों की आर्थिक वृद्धि क्रमशः 2.3, 1.8, 6.3 एवं 1.7 प्रतिशत पूर्वानुमानित है।

संबंधित लिंक

http://www.worldbank.org/en/publication/global-economic-prospects

उत्तर प्रदेश में प्राकृतिक गैस की दर

प्रश्न-हाल ही में संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में प्राकृतिक गैस की दर कितने प्रतिशत करने का निर्णय किया गया?

(a) 15 प्रतिशत (b) 10 प्रतिशत (c) 8 प्रतिशत (d) 5 प्रतिशत

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर प्रदेश संवर्धित कर अधिनियम, 2008 के अंतर्गत प्राकृतिक गैस की दर युक्तियुक्त 5 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया।
- इससे उत्तर प्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत पंजीकृत निर्माता इकाइयों के साथ ही उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2008 के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण इकाइयों द्वारा कराधेय माल के विनिर्माण में प्रयुक्त नेचुरल गैस को फार्म-डी के विरूद्ध खरीदे जाने की सुविधा मिलेगी।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=900

एसबीआई द्वारा दीर्घावधि कोष जुटाने को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति द्वारा कितनी राशि के दीर्घावधि कोष जुटाने के कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान की गई?

(a) 1.5 अरब डॉलर (b) 2 अरब डॉलर (c) 2.5 अरब डॉलर (d) 3 अरब डॉलर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2018 में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के केंद्रीय बोर्ड की कार्यकारी समिति द्वारा दो अरब डॉलर राशि के दीर्घावधि कोष जुटाने के कार्यक्रम को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस मंजूरी के तहत देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक की योजना अमेरिकी डॉलर या किसी अन्य परिवर्तनीय विदेशी मुद्रा में अंकित बांड जारी कर दो अरब डॉलर की राशि जुटाने की है।
- यह राशि एक या एक से अधिक किश्तों में जुटाई जाएगी।
- बैंक के अनुसार वित्त वर्ष 2017-18 और 2018-19 के दौरान यह राशि जुटाई जाएगी।

संबंधित लिंक

http://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/sbi-plans-to-raise-2-bn-via-overseas-bonds/article10019382.ece

वैज्ञानिक परिदृश्य

रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी

पहली बार भारतीय वैक्सीन को डब्ल्यूएचओ द्वारा 'पूर्व-योग्य' घोषित

प्रश्न-हाल ही में बच्चों में किस रोग के इलाज के लिए प्रयुक्त होने वाली रोटावैक वैक्सीन को डब्ल्यूएचओ द्वारा 'पूर्व-योग्य' घोषित किया गया?

(a) डायरिया (b) हेपेटाइटिस-B (c) जापानी इंसेफलाइटिस (d) डेंगू

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2018 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा पहली बार भारतीय वैक्सीन को परिक्षण के उपरांत 'पूर्व-योग्य' (Pre-Qualified) घोषित किया गया। इसका नाम 'रोटावैक वैक्सीन' (Rotavac Vaccine) है।
- 'पूर्व-योग्य' का अर्थ है कि अब इस वैक्सीन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दक्षिण अमेरिका एवं अफ्रीका के देशों में विक्रय किया जा सकता है।
- रोटावैक वैक्सीन की कल्पना एवं विकास हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक लिमिटेड द्वारा किया गया।
- इसका विकास चिकित्सीय अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य कर रहे भारत एवं अमेरिका के **संयुक्त** सहयोग के तहत किया गया।
- बच्चों में 'रोटावायरस' (Rotavirus) नामक विषाणु के कारण होने वाले 'डायरिया' (दस्त) रोग के विरुद्ध संरक्षण प्राप्त करने हेतु इस वैक्सीन का प्रयोग किया जाता है।
- इस वैक्सीन का निर्माण आज से 30 साल पहले नई दिल्ली स्थित 'अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान' (एम्स) में पृथक विषाणु के तनाव द्वारा किया गया था।
- इस वैक्सीन को वर्ष 2016 में भारत के 'राष्ट्रीय प्रतिरक्षा कार्यक्रम' में समावेशित किया गया था जिसकी अभी तक 35 मिलियन खुराक वितरित की जा चुकी है।
- रोटावैक वैक्सीन के एक खुराक की लागत 55 से 60 रु. के मध्य होती है।
- इस वैक्सीन का परिक्षण एक वर्ष से अधिक समय तक किया गया था जिसका कोई भी नकारात्मक प्रभाव नहीं देखा गया।
- अब तक भारत के 9 राज्यों के लगभग 90 लाख बच्चों का टीकाकरण कराया जा चुका है।
- 'रोटावायरस' बचपन में डायरिया रोग के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले विश्व के लगभग 36 प्रतिशत बच्चों की मौत का कारण होता है।
- निम्न एवं मध्य आमदनी वाले देशों में प्रतिवर्ष रोटावायरस के कारण लगभग 2 लाख बच्चों की मौत हो जाती है।
- टावायरस द्वारा होने वाले डायरिया रोग के कारण प्रतिवर्ष भारत के अस्पताल में भर्ती होने वाले 5 से 10 वर्ष की उम्र के लगभग 80 हजार बच्चों की मौत हो जाती है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindubusinessline.com/companies/bharat-biotechs-diarrhoea-vaccine-gets-who-nod/article10049545.ece
http://www.thehindu.com/news/national/first-india-designed-vaccine-passes-who-test/article22512401.ece

अपतटीय निगरानी पोत 'विजया' का जलावतरण

प्रश्न-20 जनवरी, 2018 को किसके द्वारा निर्मित अपतटीय निगरानी पोत (OPV) विजया (Vijaya) का जलावतरण किया गया?

(a) गोवा शिपयार्ड लि. (b) कोचीन शिपयार्ड लि.

(c) मझगांव शिपयार्ड लि. (d) लार्सन एंड टुब्रो शिपयार्ड लि.

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2018 को स्वदेश निर्मित अपतटीय निगरानी पोत (OPV) 'विजया' का कट्टुपल्ली शिपयार्ड, चेन्नई (तमिलनाडु) में जलावतरण किया गया।
- इसका निर्माण एवं डिजाइन लार्सन एंड टुब्रो (L&T) शिपयार्ड लि. द्वारा भारतीय तटरक्षक बल (India Coast Guard) के लिए किया गया।
- ज्ञातव्य है कि रक्षा मंत्रालय ने मार्च, 2015 में समुद्री सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए भारतीय तटरक्षक बल के तेजी से विस्तार के एक हिस्से के रूप में एलएंडटी (L&T) शिपयार्ड के साथ 7 अपतटीय निगरानी पोतों के निर्माण के लिए 1,432 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किया था।
- इस सौदे के एक हिस्से के रूप में पहले अपतटीय निगरानी पोत (OPV) 'विक्रम' का अक्टूबर, 2017 में जलावतरण किया गया था।
- यह देश का पहला पोत था जिसका निर्माण एवं डिजाइन स्वदेशी निजी शिपयार्ड में किया गया था।
- गौरतलब है कि ओपीवी 'विजया' इस शृंखला का दूसरा पोत है।
- जिसे आवश्यक परीक्षणों के बाद सितंबर, 2018 तक सेवा में शामिल करने की संभावना है।
- यह 98 मीटर लंबा 14.8 मीटर चौड़ा और सकल भार सहित 2,100 टन वजनी है।
- यह पोत प्रत्येक 9000 किलोवाट की क्षमता वाले दो डीजल इंजन से युक्त है जो कि निम्न ईंधन खपत इंजन हैं।
- पोत में अत्याधुनिक नेविगेशन सिस्टम तथा संचार हेतु उपकरण, सेंसर तथा मशीनरी लगी है।
- इसका उपयोग दिन-रात में गश्त और निगरानी, आतंकवाद एवं तस्करी विरोधी अभियानों तथा तटीय सुरक्षा के लिए किया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://defencenews.in/article/Second-Offshore-Patrol-Vessel-%E2%80%98Vijaya%E2%80%99-launched-525980

नासा का भावी टेलिस्कोप

प्रश्न-हाल ही में नासा द्वारा छोटे सितारों पर नजर रखने वाला कौन-सा टेलिस्कोप लांच करने की घोषणा की गई है?



(a) स्पार्क्स (b) वायर (c) वाइज (d) एस्ट्रो-एफ स्पार्क्स

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2018 में नासा द्वारा अपनी भावी टेलिस्कोप मिशन की घोषणा की गई।
- यह टेलिस्कोप जो पृथ्वी की कक्षा में स्थापित होगा छोटे सितारों की चमक (Flars) एवं झाइयों (Sunspots) पर नजर रखेगा। नासा का यह मिशन वर्ष 2021 में लांच होगा।
- टेलिस्कोप का नाम है-'स्टार-प्लानेट एक्टिविटी रिसर्च क्यूबसेट' (स्पार्क्स- SPARCS)।
- मिशन में अंतरिक्ष यान डिजाइन एकीकरण और रिजल्टिंग साइंस की गतिविधियां शामिल हैं।
- मिशन सितारों (एम ड्वॉर्फ) के आस-पास हैबिटेबिल्टी (Habitability) और उच्च ऊर्जा वातावरण का अध्ययन करेगा। स्पार्क्स केंद्रित (Focused) सितारे सूर्य की तुलना में छोटे, मंद और शीतल हैं।
- सूर्य के आकार सौर तापमान के आधे से भी कम होने के कारण ये अपनी चमक का बमुश्किल एक प्रतिशत ही प्रदर्शित करते हैं।ध्यातव्य है कि प्रत्येक एम ड्वॉर्फ सितारे का कम से कम एक उपग्रह है।
- साथ ही इसके चार में से एक प्रणाली के पास रॉकी प्लानेट उपग्रह हैं।
- ये रॉकी प्लानेट सितारों के हैबिटेबल (Habitable) जोन में हैं।
- हैबिटेबल (रहने योग) जोन में संभवतः यह जीवन अनुकूल क्षेत्र है, जहां तापमान न हो तो बहुत गर्म और न ही बहुत ठंडा है।
- साथ ही ग्रह की सतह पर तरल जल होना भी संभावित है।
- ध्यातव्य है कि आकाशगंगा में लगभग 40 बिलियन चट्टानी ग्रह (रॉकी प्लानेट) हैं जो अपने सितारों के आस-पास रहने योग्य (हैबिटेबल) जोन में स्थित हैं।
- 'स्पार्क्स' टेलिस्कोप में नौ सेंटीमीटर से अधिक व्यास का कैमरा होगा।
- यह कैमरा दो पराबैंगनी संवेनदनशील डिटेक्टरों से लैस होगा।
- जिसे नासा के जेट प्रणोदन प्रयोगशाला द्वारा विकसित किया जाना है।

संबंधित लिंक

http://www.livemint.com/Science/EXw0arzCFSbHD80fSSLH1J/New-space-telescope-to-explore-nearby-stars.html

गोल्ड और आइकॉन मिशन

प्रश्न-हाल ही में किस अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा दो मिशन 'गोल्ड' और 'आइकॉन' शीघ्र लांच किए जाने की घोषणा की गई?

(a) जाक्सा (b) नासा (c) इसरो

(d) सीएनएसए

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2018 को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) द्वारा शीघ्र ही दो मिशन 'गोल्ड' और 'आइकॉन' लांच किए जाने की घोषणा की गई।
- इन दोनों मिशनों की लांचिंग पृथ्वी की सतह से ऊपर 96 किलोमीटर (60 मील) के छोटे क्षेत्र की जांच पड़ताल हेतु की जाएगी।
- ग्लोबल-स्केल ऑब्जर्वेशन ऑफ द लिम्ब एंड डिस्क अथवा गोल्ड मिशन को जनवरी, 2018 में लांच किया जाएगा।
- अंतरिक्ष यान आयनोस्फेयरिक कनेक्शन एक्सप्लोरर (आइकॉन) वर्ष 2018 में ही बाद में लांच किया जाएगा।
- यह दोनों मिशन पृथ्वी और अंतरिक्ष की सीमा के मध्य वाले क्षेत्र अर्थात आयनमंडल (आयनोस्फेयर) की पड़ताल करेंगे।
- आइकॉन मिशन 560 किमी. (350 मील) ऊपर से धरती की परिक्रमा करेगा तथा यह आयनमंडल के निकट से गुजरेगा।
- गोल्ड मिशन पश्चिमी गोलार्द्ध में एक भू-भौगोलिक कक्षा में होगा।
- यह ग्रह की सतह से लगभग 35,398 किमी. (22,000 मील) ऊपर से पृथ्वी की परिक्रमा करेगा।
- यह अंतरिक्ष आयनमंडल की पूरी आकृति तैयार करेगा।
- यह दोनों मिशन उस समय एक-दूसरे का सहयोग भी कर सकते हैं जब आइकॉन गोल्ड के समीप से गुजरेगा। ज्ञातव्य है कि धरती से प्रेषित रेडियो तरंगें आयनमंडल से परावर्तित होकर दोबारा पृथ्वी पर वापस आ जाती हैं।
- आइकॉन और गोल्ड एक्सप्लोरर-क्लास मिशन हैं।

संबंधित लिंक

https://www.nasa.gov/feature/goddard/2018/two-heads-are-better-than-one-icon-gold-teaming-up-to-explore-earths-interface-to-space

निर्देशित बम और बराक मिसाइलों की खरीद को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में रक्षामंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1700 करोड़ रुपये से अधिक के दो रक्षा सौदों को मंजूरी प्रदान की गई। इस मंजूरी के तहत लक्ष्य निर्देशित बमों की खरीद किस देश से की जाएगी?

(a) इस्राइल (b) रूस (c) अमेरिका (d) फ्रांस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2018 को रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1700 करोड़ रुपए की राशि से अधिक के दो रक्षा सौदों को मंजूरी प्रदान की गई।
- इन सौदों में लक्ष्य निर्देशित बम और बराक मिसाइलों की खरीद शामिल है।
- 240 लक्ष्य निर्देशित बमों की खरीद रूस से की जाएगी जिस पर 1254 करोड़ रुपये की लागत आएगी।
- दूसरे सौदे में इस्राइल की मेसर्स राफेल एडवांस डिफेंस सिस्टम लिमिटेड से 131 बराक मिसाइलों की खरीद की जाएगी।
- इसकी खरीद लागत 460 करोड़ रुपये होगी।
- सतह से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल पोतरोधी मिसाइलों के खिलाफ मिसाइल रोधी प्रणाली का काम करेगी।

संबंधित लिंक

http://indianexpress.com/article/india/precision-bombs-barak-missiles-nirmala-indian-navy-air-force-sitharaman-5009052/
https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/purchase-of-240-precision-bombs-131-barak-missiles-approved/articleshow/62337956.cms

डॉर्नियर-228 विमान को कॉमर्शियल उड़ान की स्वीकृति

प्रश्न-हाल ही में भारत के नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने किस विमान को कॉमर्शियल उड़ान की स्वीकृति दी?

(a) डॉर्नियर-328 (b) डॉर्नियर-27 (c) डॉर्नियर-228 (d) डॉर्नियर-28

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 दिसंबर, 2017 को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारत में निर्मित 'डॉर्नियर-228' विमान को कॉमर्शियल उड़ान हेतु स्वीकृति की घोषणा की।
- हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित डॉर्नियर-228 को रीजनल रूट्स पर सिविलियन फाइट्स के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति दी गई है।
- अब तक सिर्फ सुरक्षा बल ही 19 सीटों के एयरक्राफ्ट का प्रयोग करते थे। लेकिन अब यह शीघ्र ही 'मेड इन इंडिया कॉमर्शियल फ्लाइट्स' का गौरव हासिल कर लेगा।
- 19 सीटों वाला डॉर्नियर 228 संपूर्ण बहुमुखी बहुउद्देशीय हल्का परिवहन विमान (हाइली वर्सटाइल मल्टी-परपस लाइट ट्रांसपोर्ट एयरक्रॉफ्ट) है।
- इस नॉन-प्रेसराइज्ड विमान की अधिकतम क्रूज स्पीड 428 कि.मी. प्रतिघंटा है।
- अधिकतम गति से यह 700 किलोमीटर तक उड़ान भर सकता है। यह रात में भी उड़ान भरने में सक्षम है।
- एचएएल की भावी योजना नेपाल और श्रीलंका में इसके निर्यात की है।
- एचएएल का कानपुर स्थित 'ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट डिवीजन' इस की मेंटेनेंस, रिपेयरिंग और ओवरहॉलिंग करता है।
- विमानन उद्योग में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए इसे (नागरिक उड्डयन की अनुमति को) बड़ा कदम माना जा रहा है।
- इससे 'उड़ान' योजना को गति मिलने की उम्मीद है।
- वर्तमान में एयरलाइन कंपनियों को अमेरिका और यूरोपीय देशों से विमान का आयात करना पड़ता है।

संबंधित लिंक

https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/all-mcdonalds-east-india-outlets-shut-on-supply-crunch-vikram-bakshi/articleshow/62244289.cms

अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण

प्रश्न-18 जनवरी, 2018 को नाभिकीय सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का ओडिशा के डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम (व्हीलर द्वीप) से सफल परीक्षण किया गया। इसकी मारक क्षमता है-

(a) 3000 किमी. से अधिक (b) 5000 किमी. से अधिक

(c) 2500 किमी. से अधिक (d) 6500 किमी. से अधिक

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 जनवरी, 2018 को नाभिकीय सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप (व्हीलर द्वीप) से सफल परीक्षण किया गया।
- 'अग्नि 5' सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है तथा इसकी मारक क्षमता 5000 किमी. से अधिक है।
- यह रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा डिजाइन तथा निर्मित है।
- मीटर लंबी, 50 टन वजनी अग्नि-5 त्रिचरणीय प्रक्षेपास्त्र है।
- यह ठोस प्रणोदक संचालित प्रक्षेपास्त्र अपने साथ 1-1.5 टन पांरपरिक और नाभिकीय युद्धशीर्ष (Warhead) ले जाने में सक्षम है।
- यह इस मिसाइल का पांचवा सफल परीक्षण था।
- इससे पूर्व 19 अप्रैल, 2012 को इसका पहला, 15 सितंबर, 2013 को दूसरा, 31 जनवरी, 2015 को तीसरा तथा 26 दिसंबर, 2016 को चौथा सफल परीक्षण किया गया था।
- ज्ञातव्य है कि 19 अप्रैल, 2012 को 'अग्नि-5' मिसाइल के सफल परीक्षण के साथ भारत अमेरिका, फ्रांस, रूस और चीन के साथ विशिष्ट आई.सी.बी.एम. में शामिल हो गया था।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/national/india-successfully-test-fires-agni-5-ballistic-missile/article22462182.ece

अब तक का सबसे तेज भारतीय सुपरकंप्यूटर अनावरित

प्रश्न-हाल ही में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा अनावरित अब तक का तीव्रतम भारतीय सुपरकंप्यूटर है-

(a) आदित्य (b) प्रत्यूष (c) सूर्य (d) परमयुवा दो

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 जनवरी, 2018 को केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने पुणे स्थित भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) में अब तक का द्रुततम भारतीय सुपरकंप्यूटर अनावरित किया।
- सुपर कंप्यूटर के शुभारंभ से भारत शीर्ष 500 सूची में लाभार्जन हेतु आशान्वित है।
- ध्यातव्य है कि 'शीर्ष 500 सूची' दुनियाभर के 500 सबसे शक्तिशाली सुपरकंप्यूटरों की रैंकिंग है।
- भारत अद्यतन रैंकिंग में 368वें स्थान पर है और अब शीर्ष 30 में आने के प्रति आशान्वित है।

- आईआईटीएम में स्थापित इस सुपरकंप्यूटर का नाम सूर्य के नाम पर 'प्रत्यूष' दिया गया है।
- इसके द्वारा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय से सटीक मौसम और जलवायु पूर्वानुमान में और भी सुधार होगा।
- इसका इस्तेमाल देश में मानसून की अधिक बेहतर भविष्यवाणी के अलावा तमाम प्राकृतिक आपदाओं जैसे सुनामी, चक्रवाती तूफान, भूकंप आदि की अधिक कार्यकुशल निगरानी में होगी।
- इसके अलावा वायु की गुणवत्ता, बिजली गिरने में मत्स्य उद्योग, गर्म व ठंडी तरंगों के अवलोकन तथा बाढ़ व सूखे की तैयारियों में इसका इस्तेमाल किया जाएगा।
- वास्तव में 'प्रत्यूष' तमाम कंप्यूटर की एक संयुक्त कड़ी है जो अधिकतम 6.8 पेटाफ्लॉप्स तक की शक्ति तक गणना करने में सक्षम है।
- ध्यातव्य है कि एक पेटाफ्लॉप दस लाख बिलियन फ्लोटिंग प्वाइंट गणनाएं प्रति सेकंड के बराबर होती है तथा यह सुपरकंप्यूटर की गणना क्षमता को समझने की इकाई होती है।
- हालांकि 'प्रत्यूष' की कुल गणना क्षमता में से 2.8 पेटाफ्लॉप्स को नोएडा स्थित 'नेशनल सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फोरकास्ट' में स्थापित किया जाएगा।
- 'प्रत्यूष' मौसम को समर्पित दुनिया का चौथा सबसे तेज सुपरकंप्यूटर है तथा इसका स्थान जापान, अमेरिका और ब्रिटेन के सुपरकंप्यूटरों के बाद है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/national/india-unveils-pratyush-its-fastest-supercomputer-yet/article22398732.ece

निकटतम अंतरिक्ष के अन्वेषण हेतु नासा के दो भावी मिशन

प्रश्न-हाल ही में नासा द्वारा घोषित निकटतम अंतरिक्ष के अन्वेषण हेतु दो भावी मिशन कौन-से हैं?

(a) गोल्ड एवं आइकॉन (b) बोल्ड एवं इमेज

(c) सिल्वर एवं आइकॉनिक (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2018 को नासा द्वारा (गोल्ड) GOLD एवं (आइकॉन) ICON मिशनों की घोषणा की गई।
- 'ग्लोबल-स्केल ऑब्जरवेशन्स ऑफ द लिम्ब एंड डिस्क' (गोल्ड) एवं 'आयनोस्फेरिक कनेक्शन एक्सप्लोरर' (आइकॉन) क्रमशः जनवरी, 2018 एवं उसके बाद (इसी वर्ष में) लांच किए जाएंगे।
- दोनों मिशन निकटतम अंतरिक्ष के अन्वेषण से संबंधित हैं।
- मिशन प्रत्येक आधे घंटे पर 'आयनमंडल' और इसके नीचे के अपर एटमॉस्फेयर' के पूर्ण-डिस्क दृश्य (Full-Disk View) में मददगार होगा।

- उक्त क्षेत्र धरती की सतह से 96 किमी. ऊपर है।
- जिनके बारे में मानवीय जानकारियां सीमित ही हैं।
- यह क्षेत्र पृथ्वी और अंतरिक्ष के बीच एक सीमा (Boundary) है।
- यह क्षेत्र वायुयानों एवं जलयानों के मार्गदर्शन में प्रयुक्त एवं ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम उपग्रहों हेतु रेडियो सिग्नलों के परावर्तन का एक स्रोत है।
- 'गोल्ड' एवं आइकॉन' दोनों मिशन एक-दूसरे के पूरक हैं।
- 'आइकॉन' निम्न-पृथ्वी कक्षा में होगा।
- एक क्लोज-अप कैमरे के जैसे पृथ्वी से 560 किमी. ऊपर जबकि 'गोल्ड' पश्चिमी गोलार्द्ध& के ऊपर एक भू-स्थिर कक्षा में पृथ्वी की सतह से 35,398 किमी. ऊपर होगा।
- उपरोक्त दोनों मिशन एक-दूसरे को सहयोग करेंगे ताकि इनके भेजे आंकड़े एक-दूसरे को ओवरलैप करें।
- आंकड़ों में ओवरलैपिंग किसी निर्दिष्ट समय में, ऊपरी वायुमंडल में हुए परिवर्तनों के कारणों को पहचानना सुलभ बनाएगा।
- मिशन का एक लक्ष्य हरिकेन और भौगोलिक तूफानों (Geomagnetic Storms) के सापेक्ष उपरी वायुमंडल (अपर एटमॉस्फेयर) में होने वाले परिवर्तनों को मापना है।
- गोल्ड' रात में आयनमंडल में होने वाले विघटनों (Disruptions) का परीक्षण करेगा, जो कि सघन (Dense) होते हैं तथा आवेशित गैसों के अप्रत्याशित बुलबुले (Bubbles) होते हैं।
- यह घटना भूमध्य रेखा और उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों (Tropics) में दिखाई देती है और कभी-कभी रेडियो संचार में हस्तक्षेप करती है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/sci-tech/nasa-to-launch-two-missions-to-explore-nearest-space/article22373725.ece
https://www.nasa.gov/press-release/nasa-briefing-previews-mission-to-explore-nearest-reaches-of-space

इसरो के 100वें उपग्रह कार्टोसैट-2 का सफल प्रक्षेपण

प्रश्न-12 जनवरी, 2018 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने किस प्रक्षेपण यान से अपने 100वें उपग्रह कार्टोसैट-2 समेत 31 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया?

(a) पीएसएलवी-सी 41 (b) पीएसएलवी-सी 40

(c) पीएसएलवी-सी 39 (d) पीएसएलवी-सी 35

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 12 जनवरी, 2018 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी 40 (PSLV-C40) से अपने 100वें उपग्रह कार्टोसैट-2 समेत 31 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया।
- इसका प्रक्षेपण सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) से सुबह 9 : 28 पर किया गया।
- पीएसएलवी सी-40 के जरिए 710 किग्रा. वजनी कार्टोसैट-2 शृंखला के एक उपग्रह और 26 नैनो एवं 4 माइक्रो उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया गया।
- सभी 31 उपग्रहों का कुल वजन 1323 किग्रा. है।
- इन 31 उपग्रहों में भारत के तीन जिसमें कार्टोसैट-2 के अलावा 1 माइक्रो उपग्रह तथा 1 नैनो उपग्रह शामिल हैं।
- जबकि 3 माइक्रो उपग्रह तथा 25 नैनो उपग्रह 6 देशों-कनाडा, फिनलैंड, फ्रांस, दक्षिण कोरिया, यूके और अमेरिका के हैं।
- यह दूसरा अवसर है जब इसरो ने एक साथ 31 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया।
- इससे पूर्व इसरो ने 23 जून, 2017 को पीएसएलवी-सी 38 से 31 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया था।
- उल्लेखनीय है कि कार्टोसैट उपग्रह को 'आई इन द स्काई' के नाम से भी जाना जा रहा है, क्योंकि ये अंतरिक्ष से तस्वीरें लेने के लिए बनाया गया है।
- यह पीएसएलवी का लगातार 40वां सफल मिशन था जबकि यह इसकी 42वीं उड़ान थी।

संबंधित लिंक

https://www.isro.gov.in/launcher/pslv-c40-cartosat-2-series-satellite-mission

खेल परिदृश्य

टेनिस

ऑरेकल चैलेंजर सीरीज-न्यूपोर्ट बीच, 2018

प्रश्न-हाल ही में संपन्न ऑरेकल चैलेंजर सीरीज न्यूपोर्ट बीच, 2018 का पुरुष युगल खिताब लिएंडर पेस ने किसके साथ जोड़ी बनाकर जीत लिया?

(a) जेम्स सेरेटानी (b) टेलर फ्रिट्ज (c) डेनिस कुडला (d) महेश भूपति

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- ATP चैलेंजर टूर, 2018 की पेशेवर टेनिस प्रतियोगिता अमेरिका के न्यूपोर्ट बीच में संपन्न। (22-28 जनवरी, 2018)
- मुख्य प्रतियोगिता परिणाम
- पुरुष एकल
  विजेता-टेलर फ्रिट्ज (अमेरिका)
  उपविजेता-ब्रैडली क्लाह्न (अमेरिका)
- महिला एकल
  विजेता-डेनिएल कोलिंस (अमेरिका)
  उपविजेता-सोफया ज्हुक (रूस)
- पुरुष युगल
  विजेता-लिएंडर पेस (भारत) एवं जेम्स सेरेटानी (अमेरिका)
  उपविजेता-ट्रीट ह्यूई (फिलीपींस) एवं डेनिस कुडला (अमेरिका)

संबंधित लिंक

http://oraclechallengerseries.com/newport-beach-tournament-info/

ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2018

प्रश्न-28 जनवरी, 2018 को ऑस्ट्रेलियन ओपन ग्रैंड स्लैम, 2018 का खिताब रोजर फेडरर ने जीत लिया। यह उनका कौन-सा ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब है?

(a) चौथा (b) पांचवां (c) छठवां (d) सातवां

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- वर्ष 2018 की पहली टेनिस ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता 'ऑस्ट्रेलियन ओपन', 2018 मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न। (15-28 जनवरी, 2018)
- प्रतियोगिता परिणाम
- पुरुष एकल
  विजेता-रोजर फेडरर (स्विट्जरलैंड)
  उपविजेता-मारिन सिलिच (क्रोएशिया)

- महिला एकल
  विजेता-कैरोलीन वोज्नियाकी (डेनमार्क)
  उपविजेता-सिमोना हालेप (रोमानिया)
- पुरुष युगल
  विजेता-ओलिवर माराच (ऑस्ट्रिया) एवं मैट पेविक (क्रोएशिया)
  उपविजेता-जुआन सेबस्टियन कैबल एवं रॉबर्ट फराह (दोनों कोलम्बिया)
- महिला युगल
  विजेता-तिमेया बाबोस (हंगरी) एवं क्रिस्टिना म्लाडेनोविक (फ्रांस)
  उपविजेता-कैटरीना माकारोवा एवं एलेना वेस्नीना (दोनों रूस)
- मिश्रित युगल
  विजेता-गैब्रिएला डाब्रोवस्की (कनाडा) एवं मैट पेविक (क्रोएशिया)
  उपविजेता-तिमेया बाबोस (हंगरी) एवं रोहन बोपन्ना (भारत)
- फेडरर का यह रिकॉर्ड 20वां ग्रैंड स्लैम खिताब है, जो पुरुषों में सर्वाधिक है।
- उनके आगे जर्मनी की स्टेफी ग्राफ (22), अमेरिका की सेरेना विलियम्स (23) और ऑस्ट्रेलिया की मार्गेट कोर्ट (24) हैं।
- फेडरर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन छठीं बार जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी (नोवाक जोकोविक एवं रॉय इमर्सन) भी की।
- फेडरर रिकॉर्ड 30 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना चुके हैं।
- फेडरर वर्ष 1972 के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज (36 वर्ष, 5 माह, 20 दिन) खिलाड़ी बने।
- डेनमार्क की कैरोलीन वोज्नियाकी का यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है।
- इस जीत के साथ वोज्नियाकी विश्व की नंबर एक खिलाड़ी भी बन गईं।

संबंधित लिंक
https://ausopen.com/tournament-schedule

ब्रिस्बेन इंटरनेशनल, 2018

प्रश्न-ब्रिस्बेन इंटरनेशनल, 2018 टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल विजेता कौन हैं?
(a) रियान हैरिसन (b) जॉन पियर्स (c) निक किर्जियोस (d) लियोनार्डो मेयर
उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- क्वींसलैंड टेनिस सेंटर, ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न। (31 दिसंबर, 2017-7 जनवरी, 2018)
- **पुरुष एकल**
  विजेता-निक किर्जियोस (ऑस्ट्रेलिया)
  उपविजेता-रियान हैरिसन (संयुक्त राज अमेरिका)
- **महिला एकल**
  विजेता-एलिना स्वितोलीना (यूक्रेन)
  उपविजेता-अलेक्सांद्रा सस्नोविच (बेलारूस)
- **पुरुष युगल**
  विजेता-हेनरी कांटिनेन (फिनलैंड) और जॉन पियर्स (ऑस्ट्रेलिया)
  उपविजेता-लियोनार्डो मेयर (अर्जेंटीना) और होरासियो जेबालोस (अर्जेंटीना)
- **महिला युगल**
  विजेता-किफी बर्टेंस और डेमी शूर्स (दोनों नीदरलैंड्स)
  उपविजेता-आद्रेंजा क्लेपेक (स्लोवेनिया) और मारिया जोस मार्टिनेज सांचेज (स्पेन)

संबंधित लिंक

https://www.brisbaneinternational.com.au/2018/01/kyrgios-soars-first-singles-crown-home-soil/
https://www.brisbaneinternational.com.au/

टाटा ओपन, 2018

प्रश्न-जनवरी, 2018 में संपन्न टाटा ओपन, 2018 का खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?

(a) केविन एंडरसन (b) गाइल्स सिमोन (c) रॉबिन हास (d) पियरे-ह्यूगस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- टाटा ओपन, 2018 पुणे, महाराष्ट्र में संपन्न। (1-6 जनवरी, 2018)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **पुरुष एकल**
  विजेता-गाइल्स सिमोन (फ्रांस)
  उपविजेता-केविन एंडरसन (दक्षिण अफ्रीका)

- **पुरुष युगल**
  विजेता-रॉबिन हास और मात्वे मिडेलकूप (दोनों नीदरलैंड्स)
  उपविजेता-पियरे-ह्यूगस और गाइल्स सिमोन (दोनों फ्रांस)
- ज्ञातव्य है कि यह भारत की एक मात्र एटीपी वर्ल्ड टूर प्रतियोगिता है।
- टाटा ओपन, 2018 (महाराष्ट्र ओपन टेनिस टूर्नामेंट) को पूर्व में चेन्नई ओपन के नाम से जाना जाता था।

संबंधित लिंक

https://www.atpworldtour.com/en/tournaments/pune/891/overview
https://www.atpworldtour.com/en/scores/archive/pune/891/2018/results

कतर ओपन, 2018

प्रश्न-कतर ओपन, 2018 टेनिस प्रतियोगिता में पुरुष एकल विजेता कौन रहा?

(a) एंडी मरे (b) नोवाक जोकोविक (c) गेल मोंफिल्स (d) आंद्रे रूबलेव

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- कतर ओपन, 2018 (26वां संस्करण), दोहा, कतर में संपन्न (1-6 जनवरी, 2018)
- प्रायोजक-एक्सॉन मोबाइल
- **प्रतियोगिता परिणाम-**
- **पुरुष एकल**
  विजेता-गेल मोंफिल्स (फ्रांस)
  उपविजेता-आंद्रे रूबलेव (रूस)
- **पुरुष युगल**
  विजेता-ओलिवर माराच (ऑस्ट्रिया) और मेट पैविक (क्रोएशिया)
  उपविजेता-जेमी मुरे (यूनाइटेड किंगडम) और ब्रुनो सोरेस (ब्राजील)

संबंधित लिंक

https://www.atpworldtour.com/en/scores/archive/doha/451/2018/results?matchType=doubles
https://www.atpworldtour.com/en/scores/archive/doha/451/2018/results

शेनझेन ओपन, 2018

प्रश्न-हाल ही में संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता शेनझेन ओपन, 2018 में महिला एकल का खिताब किसने जीता?

(a) कैटरीना सिनियाकोवा (b) सिमोना हालेप

(c) इरीना-कैमेलिया बेगू (d) बारबोरा क्रेजिसिकोवा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- डब्ल्यूटीए टूर सत्र, 2018 की पेशेवर महिला टेनिस प्रतियोगिता शेनझेन ओपन, 2018 शेनझेन, चीन में संपन्न। (30 दिसंबर, 2017-6 जनवरी, 2018)
- यह इस टेनिस प्रतियोगिता का 6वां संस्करण है।
- **प्रतियोगिता परिणाम-**
- **महिला एकल**
  विजेता-सिमोना हालेप (रोमानिया)
  उपविजेता-कैटरीना सिनियाकोवा (चेक गणराज्य)
- **महिला युगल**
  विजेता-सिमोना हालेप और इरीना-कैमेलिया बेगू (दोनों रोमानिया)
  उपविजेता-कैटरीना सिनियाकोवा और बारबोरा क्रेजसिकोवा (दोनों चेक गणराज्य)

संबंधित लिंक

http://www.shenzhenopentennis.com/2018/eng/news_016.php

हॉपमैन कप, 2018

प्रश्न-6 जनवरी, 2018 को संपन्न हॉपमैन कप, 2018 का खिताब स्विट्जरलैंड ने किस देश को पराजित कर जीता?

(a) फ्रांस (b) जर्मनी (c) ऑस्ट्रेलिया (d) ब्रिटेन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- टेनिस की प्रतिष्ठित टीम स्पर्धा हॉपमैन कप, 2018 (30वां संस्करण) पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में संपन्न (30 दिसंबर, 2017- 6 जनवरी, 2018)

- स्विट्जरलैंड ने जर्मनी को 2-1 से पराजित कर इस प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया।
- व्यक्तिगत परिणाम इस प्रकार रहे-
- **पुरुष एकल**
  विजेता-रोजर फेडरर (स्विट्जरलैंड)
  उपविजेता-अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी)
- **महिला एकल**
  विजेता-एंजेलिक कर्बर (जर्मनी)
  उपविजेता-बेलिंडा बेनसीस (दोनों स्विट्जरलैंड)
- **मिश्रिम युगल**
  विजेता-रोजर फेडरर और बेलिंडा बेनसीस (दोनों स्विट्जरलैंड)
  उपविजेता-अलेक्जेंडर ज्वेरेव और एंजेलिक कर्बर (जर्मनी)
- वर्ष 2001 के बाद रोजर फेडरर का यह दूसरा हॉपमैन खिताब है।

संबंधित लिंक
https://hopmancup.com/results/completed-matches/

सिडनी इंटरनेशनल टेनिस प्रतियोगिता, 2018

प्रश्न-सिडनी इंटरनेशनल टेनिस प्रतियोगिता, 2018 के पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?
(a) एंडी मरे (b) डेनिल मेदवेदेव (c) एलेक्स डी मिनॉर (d) डेनियल इवांस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- सिडनी इंटरनेशनल टेनिस प्रतियोगिता, 2018 सिडनी में संपन्न। (7-13 जनवरी, 2018)
- यह इस प्रतियोगिता का 125वां संस्करण है।
- प्रतियोगिता परिणाम
- **पुरुष एकल**
  विजेता-डेनिल मेदवेदेव (रूस)
  उपविजेता-एलेक्स डी मिनॉर (ऑस्ट्रेलिया)
- **महिला एकल**
  विजेता-एंजेलिक कर्बर (जर्मनी)
  उपविजेता-एशलेग बार्टी (ऑस्ट्रेलिया)

- **पुरुष युगल**
  विजेता-लुकास कुबोट (पोलैंड) और मार्सेलो मेलो (ब्राजील)
  उपविजेता-जान लेनार्ड स्ट्राफ (जर्मनी) और विक्टर ट्रोइकी (सर्बिया)
- **महिला युगल**
  विजेता-गैब्रिएला दाबरोस्की (कनाडा) और जू यिकान (चीन)
  उपविजेता-लतीशा चान (चीनी ताईपे) और आंद्रिया सेस्टिनी हलावाकोवा (चेक गणराज्य)

संबंधित लिंक

https://www.sydneyinternational.com.au/scores/completed-matches/
https://en.wikipedia.org/wiki/2018_Sydney_International

क्रिकेट

सैय्यद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी, 2017-18

प्रश्न-हाल ही में संपन्न सैय्यद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी, 2017-18 के फाइनल में 'मैन ऑफ द मैच' किसे चुना गया?

(a) अंकित लांबा (b) दीपक चाहर (c) मनदीप सिंह (d) प्रदीप सांगवान

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- सैय्यद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी, 2017-18 (9वां संस्करण) कोलकाता की मेजबानी में संपन्न। (21-26 जनवरी, 2018)
- पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण तथा केंद्रीय जोन से 2-2 टीमों ने टूर्नामेंट में प्रतिभाग किया।
- इन टीमों ने 2017-18 जोनल टी-20 लीग से आर्हता प्राप्त की थी। फाइनल-इडेन गार्डेंस, कोलकाता।
- फाइनल में दिल्ली ने राजस्थान को 41 रनों से पराजित कर पहली बार यह ट्रॉफी जीत ली।
- दिल्ली द्वारा जीत के लिए दिए गए 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की पूरी टीम 19.1 ओवर में 112 रन पर ऑल आउट हो गई। दिल्ली के कप्तान प्रदीप सांगवान (4 ओवर, 14 रन, 2 विकेट) को फाइनल का 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। राजस्थान के कप्तान अनिकेत चौधरी थे।

संबंधित लिंक

http://www.cricbuzz.com/live-cricket-scorecard/19977/delhi-vs-rajasthan-final-syed-mushtaq-ali-trophy-2018
http://www.cricbuzz.com/cricket-series/2673/syed-mushtaq-ali-trophy-2018/matches

दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप, 2018

प्रश्न-हाल ही में भारत ने दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप, 2018 का खिताब फाइनल में किसे पराजित कर जीत लिया?

(a) नेपाल (b) पाकिस्तान (c) श्रीलंका

(d) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5वां दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप, 2018 पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात की मेजबानी में 8-20 जनवरी, 2018 के मध्य संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में संपन्न हुआ।
- विश्व कप में पाकिस्तान, भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया और नेपाल ने प्रतिभाग किया।
- फाइनल मैच 20 जनवरी, 2018 को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के मध्य संपन्न हुआ।
- 40 ओवर के इस टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने पाकिस्तान द्वारा जीत के लिए दिए गए 309 रनों का लक्ष्य 2 विकेट शेष रहते हुए प्राप्त कर लिया।
- भारतीय टीम के कप्तान अजय कुमार रेड्डी थे।
- यह भारत का दूसरा विश्व कप है, इससे पूर्व भारत ने वर्ष 2014 में विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान को ही पराजित कर पहला विश्व कप जीता था।
- वर्ष-2006 में खेले गए विश्व कप फाइनल मैच में पाकिस्तान ने भारत को हराया था।
- वर्ल्ड ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल का गठन वर्ष 1996 में हुआ था।
- इसका मुख्यालय बंगलुरू (कर्नाटक) में है तथा इसके वर्तमान अध्यक्ष सईद सुल्तान शाह हैं।
- इसकी स्थापना जॉर्ज अब्राहम द्वारा नई दिल्ली में की गई थी।

संबंधित लिंक

https://www.blindcricket.in/team_india_lifts_the_world_cup_at_sharjah/

एशेज सीरीज, 2017-18

प्रश्न-हाल ही में ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच संपन्न एशेज सीरीज, 2017-18 के संबंध में क्या सही नहीं है?

(a) यह सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 4-0 से जीत ली।

(b) यह सीरीज इंग्लैंड में आयोजित की गई थी।

(c) स्टीव स्मिथ को 'मैन ऑफ द सीरीज' चुना गया।

(d) एक एशेज सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले स्टीव स्मिथ दूसरे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बने।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 70वीं एशेज सीरीज, 2017-18 का आयोजन ऑस्ट्रेलिया में संपन्न। (23 नवंबर, 2017 से 8 जनवरी, 2018)
- यह सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 4-0 से जीत ली।
- सीरीज का पहला टेस्ट मैच ब्रिसबेन, दूसरा एडीलेड तथा तीसरा पर्थ में खेला गया। ये तीनों मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते।
- मेलबर्न में खेला गया चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ रहा जबकि सिडनी में खेला गया पांचवां टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया ने पारी एवं 123 रनों से जीता। शृंखला के लिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान जो रूट रहे।
- आखिरी टेस्ट मैच में 'मैन ऑफ द मैच' के लिए' पैट कमिंस (ऑस्ट्रेलिया) को चुना गया।
- ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ को 'मैन ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- सीरीज में सर्वाधिक रन स्टीम स्मिथ (7 पारियों में 687 रन) ने बनाए।
- ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने शृंखला में सर्वाधिक विकेट (9 परियों में कुल 23 विकेट) लिए। किसी भी एशेज सीरीज में बतौर कप्तान सर्वाधिक रन बनाने वाले स्टीव स्मिथ दूसरे ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रहे।
- इससे पूर्व बतौर कप्तान पूर्व खिलाड़ी सर डॉन ब्रैडमैन ने 9 पारियों में कुल 810 रन बनाए थे जो अब तक किसी भी एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान द्वारा बनाया गया सर्वाधिक रन है।
- मेलबर्न में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में स्टीव स्मिथ ने दूसरी पारी में नाबाद 102 रन बनाए जो क्रिकेट के लंबे प्रारूप में इस मैदान में लगाया गया उनका चार टेस्ट मैचों में लगातार चौथा शतक रहा।
- इससे पहले पूर्व खिलाड़ी सर डॉन ब्रैडमैन ने इस मैदान में चार टेस्ट मैचों में लगातार चार शतक लगाए थे।
- ज्ञातव्य है कि एशेज सीरीज इंग्लैंड एवं ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाने वाली टेस्ट मैचों की सीरीज है।
- अब तक कुल 70 एशेज सीरीज का आयोजन किया जा चुका है जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 33 और इंग्लैंड ने 32 सीरीज जीती है जबकि 5 सीरीज ड्रॉ रही।

संबंधित लिंक

http://www.news18.com/cricketnext/news/ashes-steve-smith-equals-don-bradmans-record-with-mcg-ton-1618641.html

बैडमिंटन

इंडोनेशिया मास्टर्स, 2018

प्रश्न-28 जनवरी, 2018 को जकार्ता में संपन्न इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल में साइना नेहवाल किस खिलाड़ी से पराजित हो गईं?

(a) ताई त्जू यिंग (b) पुसारला वी. सिंधु (c) ली सो ही (d) सिन सेउंग चान

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- BWF वर्ल्ड टूर, 2018 की ग्रैड 2 (सुपर 500) स्तर की बैडमिंटन प्रतियोगिता 'इंडोनेशिया मास्टर्स' जकार्ता, इंडोनेशिया में संपन्न। (23-28 जनवरी, 2018)
- **प्रतियोगिता परिणाम (मुख्य)**
- **पुरुष एकल**
  विजेता-एंथोनी सिनीसुका गिनटिंग (इंडोनेशिया)
  उपविजेता-काजुमासा सकाई (जापान)
- **महिला एकल**
  विजेता-ताई त्जु-यिंग (चीनी ताइपे)
  उपविजेता-साइना नेहवाल (भारत)
- यह यिंग (विश्व नंबर एक खिलाड़ी) की साइना पर लगातार सातवीं जीत है।
- यिंग पिछले दस मुकाबलों में साइना को नौ बार पराजित कर चुकी हैं।
- साइना ने आखिरी बार वर्ष 2013 में स्विस ओपन में यिंग पर जीत दर्ज की थी।

संबंधित लिंक

http://bwfbadminton.com/results/3140/daihatsu-indonesia-masters-2018/draw/ms

आइसलैंड इंटरनेशनल, 2018

प्रश्न-28 जनवरी, 2018 को संपन्न आइसलैंड इंटरनेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष एकल फाइनल में भारत के बोधित जोशी को किस खिलाड़ी ने पराजित किया?

(a) एडम हाल (b) अलेक्जेंडर डुन (c) सैम परसन्स (d) अग्नेस कोरोसी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- BWF टूर, 2018 की अंतरराष्ट्रीय शृंखला की बैडमिंटन प्रतियोगिता 'आइसलैंड इंटरनेशनल', 2018 रेक्जाविक (Reykjavik), आइसलैंड में संपन्न। (25-28 जनवरी, 2018)
- **प्रमुख प्रतियोगिता परिणाम**
- **पुरुष एकल**
  स्वर्ण पदक-सैम परसन्स (इंग्लैंड)
  रजत पदक-बोधित जोशी (भारत)
  कांस्य पदक-सिद्धार्थ प्रताप सिंह (भारत)
- **महिला एकल**
  स्वर्ण पदक-सैली राणे (भारत)
  रजत पदक-वैष्णवी रेड्डी जक्का (भारत)
- **पुरुष युगल**
  कांस्य पदक-आदर्श कुमार एवं जगदीश यादव (दोनों भारत)
- **मिश्रित युगल**
  स्वर्ण पदक-रोहन कपूर एवं कुहु गर्ग (दोनों भारत)

संबंधित लिंक

http://bwf.tournamentsoftware.com/sport/winners.aspx?id=6D470E9C-B7DF-4412-A7C4-61190AD43714
http://bwfbadminton.com/results/3094/iceland-international-2018/2018-01-28

प्रीमियर बैडमिंटन लीग, 2018

प्रश्न-प्रीमियर बैडमिंटन लीग, 2018 का खिताब हैदराबाद हन्टर्स ने किस टीम को पराजित कर जीता?

(a) चेन्नई स्मैशर्स (b) अवध वॉरियर्स (c) बंगलुरू ब्लास्टर्स (d) मुंबई रॉकेट्स

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- प्रीमियर बैडमिंटन लीग (PBL) का चौथा संस्करण भारत के विभिन्न शहरों में संपन्न। (23 दिसंबर, 2017-14 जनवरी, 2018)
- प्रायोजक-वोडाफोन (Vodafone)
- प्रतिभागी टीमें (8) हैदराबाद हन्टर्स, अहमदाबाद स्मैश मास्टर्स, दिल्ली डैशर्स, बंगलुरू ब्लास्टर्स, चेन्नई स्मैशर्स, अवध वॉरियर्स, नार्थ इस्टर्न वॉरियर्स और मुंबई रॉकेट्स।
- फाइनल-हैदराबाद में संपन्न। (14 जनवरी, 2018)
- विजेता टीम-हैदराबाद हन्टर्स (4-3)

- उपविजेता टीम-बंगलुरू ब्लास्टर्स

संबंधित लिंक

http://www.pbl-india.com/fixtures

मुक्केबाजी

दूसरी एलाइट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017-18

प्रश्न-12 जनवरी, 2018 को संपन्न दूसरी एलाइट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017-18 में किस खिलाड़ी को सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज घोषित किया गया?

(a) सरजू बाला देवी (b) सरिता देवी (c) रितु (d) मीना कुमार

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- दूसरी एलाइट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017-18 हरियाणा के रोहतक में संपन्न। (6 जनवरी-12 जनवरी, 2018)
- चैंपियनशिप के फ्लाई (48-51 किग्रा.) वर्ग में मणिपुर की मुक्केबाज सरजू बाला देवी ने हरियाणा की रितु को हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्हें चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज भी चुना गया।
- लाइट (57-60 किग्रा.) वर्ग में आल इंडिया पुलिस क्लब की सरिता देवी ने पवित्रा (आरएसपीबी) को हराकर स्वर्ण पदक जीता। अन्य वर्गों में स्वर्ण पदक जीतने वाले विजेता इस प्रकार रहे-
- नोट-लाइट फ्लाई (45-48 किग्रा.) वर्ग में उत्तर प्रदेश की वर्षा चौधरी ने कांस्य पदक जीता।

संबंधित लिंक

http://boxingfederation.in/wp-content/uploads/2018/01/FINAL-STANDING_result_Rohtak-1.pdf

बिलियडर्स/स्नूकर/स्क्वैश

कोलकाता ओपन अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण स्नूकर चैंपियनशिप, 2018

प्रश्न-कोलकाता ओपन अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण स्नूकर चैंपियनशिप, 2018 के फाइनल में आदित्य मेहता ने किसे पराजित किया?

(a) सौरव कोठारी (b) एल्फी बॅर्डन (c) लक्ष्मण रावत (d) बृजेश दमानी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- चौथे कोलकाता ओपन अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण एवं प्रो-एम (Pro-Am) स्नूकर चैंपियनशिप, 2018 कोलकाता में संपन्न। (3-8 जनवरी, 2018)
- आयोजक हिन्दुस्तान क्लब, कोलकाता
- **आमंत्रण प्रतियोगिता परिणाम**
  विजेता-आदित्य मेहता (इंडियन ऑयल कॉरपारेशन)
  उपविजेता-एल्फी बॅर्डन (इंग्लैंड)
- **प्रो-एम प्रतियोगिता परिणाम**
  विजेता-श्री सीमेंट (एल्फी बॅर्डन एवं राजेश तुलसियान)
  उपविजेता-जेनिथ सीमेंट (लकी वतनानी एवं सुनील सराओगी)

संबंधित लिंक

http://www.cuesportsindia.com/myweb/tournament18/results/kolkataopen-main.htm
http://www.cuesportsindia.com/myweb/tournament18/results/kolkataopen-proam.htm

गोल्फ

2018 हीरो WPGT का दूसरा चरण

प्रश्न-25 जनवरी, 2017 को मुंबई में संपन्न 2018 हीरो WPGT के दूसरे चरण (2nd Leg) का खिताब किस महिला गोल्फर ने जीत लिया?

(a) शर्मिला निकोलेट (b) नेहा त्रिपाठी (c) तवेसा मलिक (d) गुरसिमर बदवाल

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2018 हीरो WPGT का दूसरा चरण (2nd Leg) मुंबई के प्रेसीडेंसी गोल्फ क्लब में संपन्न। (25 जनवरी, 2018)
- महिला गोल्फर शार्मिला निकोलेट ने प्ले ऑफ में नेहा त्रिपाठी को पराजित कर WPGT के दूसरे चरण का खिताब जीत लिया।
- इससे पूर्व शर्मिला ने पिछली बार यह खिताब हैदराबाद में अगस्त, 2016 में जीता था।

संबंधित लिंक

https://golfingindian.com/sharmila-wins-second-leg-of-hero-wpgt/

रॉयल कप, 2017

प्रश्न-रॉयल कप, 2017 का खिताब किसने जीता?

(a) शिव कपूर (b) डस्टिन जॉनसन (c) प्रोम मीसावत (d) गगनजीत सिंह भुल्लर

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- गोल्फ प्रतियोगिता रॉयल कप, 2017 फोनिक्स गोल्ड गोल्फ और कंट्री क्लब, पटाया (थाईलैंड) में संपन्न। (28-31 दिसंबर, 2017)
- प्रतियोगिता परिणाम
- विजेता-शिव कपूर (भारत)
- उपविजेता-प्रोम मीसावत (थाईलैंड)
- भारत के गगनजीत सिंह भुल्लर इस प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहे।
- शिप कपूर ने इस वर्ष का तीसरा एशियाई टूर खिताब जीता।
- इसके अलावा उन्होंने इस वर्ष येंगडर हेरिटेज और पैनासोनिक ओपन इंडिया एशियाई टूर खिताब जीता।
- यह शिव कपूर का चौथा एशियाई टूर और छठा अंतरराष्ट्रीय खिताब है।

संबंधित लिंक

http://www.asiantour.com/2017/12/31/kapur-wins-duel-at-the-royal-cup/

खेल विविध

IPL 2018: खिलाड़ियों की नीलामी

प्रश्न-27-28 जनवरी, 2018 को IPL 2018 (11 वां संस्करण) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में विदेशी खिलाड़ी बेन स्टोक्स सबसे महंगे (12.5 करोड़ रुपये) खिलाड़ी रहे। भारतीय खिलाड़ियों में कौन सबसे महंगा बिका?

(a) के.एल. राहुल (b) रिषभ पंत (c) मनीष पांडे (d) जयदेव उनादकट

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- इंडियन प्रीमियर लीग, 2018 के 11वें संस्करण हेतु खिलाड़ियों की नीलामी बंगलौर में संपन्न। (27-28 जनवरी, 2018)
- इंग्लैंड के बेन स्टोक्स पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बने।

- उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने 12.50 करोड़ रुपये में खरीदा।
- भारतीय खिलाड़ियों में जयदेव उनादकट सबसे महंगे खिलाड़ी रहे और इन्हें राजस्थान रॉयल्स ने ही 11.50 करोड़ रुपये में खरीदा।
- IPL 2018 की नीलामी में बिके पांच सबसे महंगे खिलाड़ी-

1. बेन स्टोक्स, 12.50 करोड़ रुपये, टीम-राजस्थान रॉयल्स
2. जयदेव उनादकट, 11.50 करोड़ रुपये, टीम-राजस्थान रॉयल्स
3. मनीष पांडे, 11 करोड़ रुपये, टीम-सनराइजर्स हैदराबाद
4. केएल राहुल, 11 करोड़ रुपये, टीम-किंग्स इलेवन पंजाब
5. क्रिस लिन, 9.60 करोड़ रुपये, टीम-कोलकाता नाइटराइडर्स

- IPL 2018 के सीजन में पहली बार चार अफगान खिलाड़ी शामिल हुए हैं।
- मुजीब जादरान (21वीं सदी में जन्में पहले खिलाड़ी जिन्होंने एकदिवसीय मैच खेला) को किंग्स इलेवन पंजाब ने, मोहम्मद नबी और राशिद खान को सनराइजर्स हैदराबाद ने तथा स्पिनर जहीर खान को राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा।
- नीलामी के दूसरे दिन नेपाल के लेग स्पिनर संदीप लैमिचाने को उनके आधार मूल्य 20 लाख रुपये में दिल्ली डेयरडेविल्स टीम ने खरीदा।
- संदीप IPL में खेलने वाले पहले नेपाली क्रिकेटर होंगे।
- इस बार नीलामी में 'राइट टू मैच कार्ड' (RTM) का प्रयोग किया गया।
- राइट टू मैच कार्ड सभी फ्रेंचाइजियों को दिया जाता है।
- इस कार्ड के माध्यम से नीलामी के दौरान बिक चुके अपने खिलाड़ी को वापस खरीद सकते हैं।
- उन्हें खिलाड़ी को खरीदने के लिए नीलामी खत्म होने पर बिकी हुई बोली की बराबरी करनी पड़ती है।
- अर्थात खिलाड़ी की जो कीमत लगी है उसी कीमत पर फ्रेंचाइजी अपने पुराने खिलाड़ी को हासिल कर सकती है।
- RTM से अपनी टीम में वापसी करने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी शिखर धवन रहे।
- धवन को किंग्स इलेवन पंजाब ने 5 करोड़ 20 लाख रुपये में हासिल किया था परंतु हैदराबाद ने RTM कार्ड का प्रयोग कर धवन को वापस अपनी टीम में शामिल कर लिया।
- IPL 2018 का आयोजन 7 अप्रैल, 2018 से 27 मई, 2018 तक भारत के विभिन्न शहरों में किया जाएगा।
- प्रशासक-BCCI
- क्रिकेट प्रारूप-टी-20
- टूर्नामेंट प्रारूप-डबल राउंड रॉबिन एंड प्लेऑफ्स नॉकआउट

- IPL प्रशासनिक परिषद द्वारा कुल 580 खिलाड़ियों का चयन निलामी के लिए किया गया था, जिसमें 361 भारतीय खिलाड़ी शामिल थे।

संबंधित लिंक

http://www.tolonews.com/afghanistan/four-afghan-cricketers-snapped-ipl-teams

टेस्ट क्रिकेट नियमों में बदलाव

प्रश्न-हाल ही में आईसीसी द्वारा टेस्ट क्रिकेट में कुछ बड़े परिवर्तन किए जाने की घोषणा की गई। इस विषय में प्रश्न में कौन-सा विकल्प सही नहीं है?

(a) टेस्ट क्रिकेट की अवधि 5 दिन से घटाकर 4 दिन की जाएगी।

(b) प्रतिदिन 90 ओवर की जगह 98 ओवर का खेल होगा।

(c) खेल का पहला सेशन 2 घंटे के बजाय 2 घंटे 30 मिनट का होगा।

(d) चार दिवसीय क्रिकेट मैच में प्रतिदिन आधे घंटे का अतिरिक्त खेल होगा।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2017 में इंटरनेशल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) द्वारा टेस्ट क्रिकेट में प्रायोगिक तौर पर कुछ बड़े परिवर्तन किए जाने की घोषणा की गई।
- इस परिवर्तन के तहत टेस्ट क्रिकेट की अवधि 5 दिन से घटाकर 4 दिन की जाएगी।
- प्रतिदिन 90 ओवर की जगह 98 ओवर का खेल होगा।
- इस प्रयोग की शुरूआत 26 दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका और जिंबाब्वे के मध्य पोर्ट एलिजाबेथ टेस्ट में शुरू होने वाले दिन-रात्रि के टेस्ट मैच से होगी।
- चार दिवसीय टेस्ट मैच में प्रतिदिन आधे घंटे का अतिरिक्त खेल होगा।
- खेल का पहला सेशन 2 घंटे के बजाय 2 घंटे 15 मिनट का होगा।
- पहली पारी में फालोआन हेतु 150 रन की बढ़त काफी होगी जबकि पांच दिवसीय प्रारूप में यह लगभग 200 रन है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/sport/cricket/new-rules-for-south-africas-4-day-test-with-zimbabwe/article22272413.ece

'खेलो इंडिया स्कूल खेल' के एंथम का अनावरण

प्रश्न-हाल ही में युवा मामले एवं खेलमंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौर ने खेलो इंडिया के एंथम (गान) का अनावरण किया। यह एंथम किसके द्वारा कंपोज किया गया है?

(a) हरिहरन (b) ए.आर. रहमान (c) लुईस बैंक (d) लुईस क्रिस्टीफर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 जनवरी, 2018 को युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौर ने खेलो इंडिया स्कूल खेल (Khelo India School Games) के एंथम (गान) 'और खेलना चाहते हैं हम——खेल में ही मस्ती है—-खेल से आबाद होंगे हम' का अनावरण किया।
- इसके साथ ही उन्होंने खेलों के शुभंकर (Mascots) 'विजय द टाइगर और जया द काली हिरन' का अनावरण भी किया।
- इसका अनावरण खेलों में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने एवं उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए किया गया है।
- इस एंथम की अवधारणा ओगिलवाई द्वारा बनाई गई है तथा इसे लुईस बैंक द्वारा कंपोज किया गया है।
- इस फिल्म का निर्माण निर्वाणा फिल्मस ने किया है।
- अग्रणी खेल प्रसारक चैनल स्टार स्पोर्ट्स इस खेल का ब्रॉडकास्टर पार्टनर है।
- पहली बार इन खेलों का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर किया जाएगा।
- यह खेल 31 जनवरी, 2018 से प्रारंभ होगा।
- इसका आयोजन जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम, मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, करणी सिंह शूटिंग रेंज एवं डॉ. एसपीएम स्विमिंग कांपलेक्स सहित पूरी दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा।
- इन स्कूली खेलों में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल, मुक्केबाजी, फुटबॉल, जिम्नास्टिक, हॉकी, जूडो, कबड्डी खो-खो, निशानेबाजी, तैराकी, बॉलीबॉल, भारोत्तोलन और कुश्ती जैसी 16 खेल स्पर्धाएं आयोजित होगी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175633
http://www.hindustantimes.com/other-sports/khelo-india-anthem-launched-by-sports-minister-rajyavardhan-rathore/story-DruJRJNjwMqP0V9CO9mEWO.html
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=70166

वुमैन पॉवर कप हैंडबॉल सुपर लीग, 2018

प्रश्न-वुमैन पॉवर कप हैंडबॉल **सुपर लीग, 2018 का खिताब** उत्तर प्रदेश चैलेंचर्स ने किसे हराकर**जीता?**

(a) हरियाणा पैंथर्स (b) अवध वॉरियर्स (c) दिल्ली फाइटर्स (d) हिमाचल प्रदेश स्नैचर्स

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- वुमैन पॉवर कप हैंडबॉल सुपर लीग, 2018 करनैल सिंह स्टेडियम, दिल्ली में संपन्न। (12-14 जनवरी, 2018)
- भारत में हैंडबॉल सुपर लीग पहली बार आयोजित हुई।
- इसका आयोजन कान स्पोर्ट्स वर्ल्ड ने हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर किया।
- प्रतिभागी टीमें (6) जम्मू और कश्मीर स्नो ईगल्स, हिमाचल प्रदेश स्नैचर्स, दिल्ली फाइटर्स, पंजाब पीर, हरियाणा पैंथर्स और उत्तर प्रदेश चैंलेजर्स रहीं।
- फाइनल-करनैल सिंह स्टेडियम, नई दिल्ली में संपन्न। (14 जनवरी, 2018)
- विजेता-उत्तर प्रदेश चैलेंजर्स (19-17)
- उपविजेता-हरियाणा पैंथर्स
- ज्ञातव्य है कि इस प्रतियोगिता में सिर्फ भारतीय खिलाड़ी ही शामिल थीं।
- उत्तर प्रदेश चैलेंजर्स की तरफ से खेलने वाली महिला खिलाड़ी पूनम कादव (महाराष्ट्र से खेलने वाली एकमात्र खिलाड़ी) ने ट्रॉफी प्राप्त की।

संबंधित लिंक

http://www.jammulinksnews.com/newsdetail/145101/Jammu-Links-News-Handball_Womens_Power_Cup_League_from_Jan_12
https://timesofindia.indiatimes.com/sports/more-sports/others/nagpurs-poonam-wins-cup-for-up-challengers-in-first-handball-league/articleshow/62504295.cms

सांबा डे ओउरा ट्रॉफी, 2017

प्रश्न-सांबा डे ओउरा में ट्रॉफी, 2017 हेतु किस खिलाड़ी का चयन किया गया है?

(a) नेमार (b) मार्सियों सैंटोस (c) मार्सेलो विएरा (d) डेविड लुईज

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 जनवरी, 2017 को ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ी नेमार दा सिल्वा सांटोस जूनियर (उपनाम-नेमार) को सांबा डे ओउरा ट्रॉफी, 2017 हेतु चयनित किया गया।
- यह ट्रॉफी यूरोप में ब्राजील के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को प्रदान की जाती है। नेमार ने यह ट्रॉफी तीसरी बार जीती है। फरवरी माह में पेरिस (फ्रांस) में ब्राजील के इस स्टार को यह ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

- ज्ञातव्य है कि पत्रकारों, पूर्व खिलाड़ियों के वोटों और इंटरनेट प्रशंसक सर्वेक्षण के तहत इस ट्रॉफी के विजेता का चुनाव किया जाता है।

संबंधित लिंक

http://zeenews.india.com/hindi/sports/neymar-became-brazils-best-player-in-europe/362385

65वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप, 2017

प्रश्न-65वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप, 2017 के पुरुष वर्ग का खिताब किसने जीता?

(a) सर्विसेज (b) रेलवे (c) महाराष्ट्र (d) हिमाचल प्रदेश

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 65वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप, 2017 हैदराबाद के गचीबोउली स्टेडियम में स्थित जीएमसी बालायोगी इनडोर संपन्न। (31 दिसंबर, 2017 – 5 जनवरी, 2018)
- पुरुष वर्ग के फाइनल में महाराष्ट्र ने सर्विसेज को 34-29 से पराजित कर खिताब जीता। महाराष्ट्र ने यह खिताब 11 साल बाद जीता। महाराष्ट्र के रिशांक देवडीगा को 18 रेड प्वाइंट के साथ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।
- महिला वर्ग के फाइनल में हिमाचल प्रदेश ने रेलवे को 38-25 से पराजित कर खिताब जीता।
- ध्यातव्य है कि हिमाचल की महिला कबड्डी टीम ने पिछले 39 साल से विजेता रही रेलवे की टीम को हराकर इतिहास रचा।
- इस चैंपियनशिप का आयोजन एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन, तेलंगाना राज्य खेल प्राधिकरण और राज्य ओलंपिक के बैनर के अंतर्गत तेलंगाना कबड्डी एसोसिएशन द्वारा किया गया।

संबंधित लिंक

https://hindi.news18.com/news/himachal-pradesh/himachals-womens-kabaddi-team-won-senior-national-kabaddi-championship-1223966.html

शीतकालीन ओलंपिक खेलों में प्रतिनिधि मंडल भेजेगा उत्तर कोरिया

प्रश्न-शीतकालीन ओलंपिक, 2018 का आयोजन किस देश में किया जाएगा?

(a) जर्मनी (b) फ्रांस (c) दक्षिण कोरिया (d) रूस

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को उत्तर कोरिया द्वारा अगले महीने दक्षिण कोरिया में आयोजित होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों में अपना खेल प्रतिनिधिमंडल भेजने का निर्णय किया गया।
- दोनों देशों के मध्य दोनों देशों की सीमा पर सेना रहित क्षेत्र पानमुनजोम गांव में 2 वर्ष बाद बैठक हुई जहां बैठक के बाद उक्त निर्णय लिया गया।
- बैठक के बाद उत्तर कोरिया द्वारा शीतकालीन खेलों में उच्च स्तरीय शिष्टमंडल (जिसमें खिलाड़ी, खेलप्रेमी, कलाकार, प्रेक्षक और पत्रकार शामिल) भेजने का फैसला किया गया।
- दक्षिण कोरिया अगले माह अपने देश में शीतकालीन ओलंपिक खेलों में उत्तर कोरिया के लोगों को वहां जाने पर लगी पाबंदी को अस्थायी रूप से हटाने पर विचार करेगा।
- ज्ञातव्य है कि उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु और मिसाइल परीक्षणों के उपरांत दक्षिण कोरिया ने उसके अधिकारियों को अपने यहां आने पर एकतरफा प्रतिबंध लगा दिया था।
- उल्लेखनीय है कि शीतकालीन ओलंपिक, 2018 का आयोजन 9-25 फरवरी, 2018 के मध्य दक्षिण कोरिया (प्योंगचांग शहर) में किया जाएगा।
- यह 23वां शीतकालीन ओलंपिक होगा।
- इस बैठक के दौरान दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के साथ सैन्य वार्ता और परिवारों को आपस में मिलाने का भी प्रस्ताव रखा।

संबंधित लिंक

http://www.bbc.com/news/world-asia-42600550

चर्चित खेल व्यक्तित्व

भारतीय क्रिकेटर ने सार्वकालिक टेस्ट रैंकिंग सूची में ब्रायन लारा को पीछे छोड़ा

प्रश्न-28 जनवरी, 2018 को ICC द्वारा जारी बल्लेबाजों की सार्वकालिक टेस्ट रैंकिंग में किस भारतीय खिलाड़ी ने 26वां स्थान प्राप्त किया?

(a) अजिंक्य रहाणे (b) विराट कोहली (c) रविचंद्रन अश्विन (d) रोहित शर्मा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) द्वारा टेस्ट बल्लेबाजों की सार्वकालिक MRF टायर्स ICC प्लेयर रैंकिंग को अद्यतित (Update) किया गया। (28 जनवरी, 2018)

- भारतीय कप्तान एवं ICC क्रिकेटर ऑफ द ईयर (एकदिवसीय मैचों में) विराट कोहली ICC सार्वकालिक टेस्ट बल्लेबाजों की रेटिंग में ब्रायन लारा (911 अंक) को पछड़ाकर 31वें स्थान पर आ गये हैं।
- द. अफ्रीका के विरुद्ध टेस्ट शृंखला का तीसरा और अंतिम मैच उन्होंने 900 रेटिंग अंकों से शुरू किया।
- अपनी 54 और 41 रनों की पारी से उन्होंने 12 अंक अर्जित किए और उनके कुल 912 रेटिंग अंक हो गये।
- ICC की इस सार्वकालिक सूची में ऑस्ट्रेलिया के सर डॉन ब्रैडमैन 961 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं।
- ऑस्ट्रेलिया के ही स्टीव स्मिथ 947 अंकों के साथ सूची में दूसरे स्थान पर हैं।
- कोहली ने 31वें से 26वें स्थान के लिए ब्रायन लारा (911), केविन पीटरसन (909) हाशिम अमला (907), शिवनारायण चंद्रपॉल (901) और माइकल क्लार्क (900) को पीछे छोड़ा।
- ICC की Best ever टेस्ट चैंपियनशिप रेटिंग (बल्लेबाजी) में शीर्ष स्थान पर भारतीय पूर्व खिलाड़ी सुनील गावस्कर हैं।
- गावस्कर 916 रेटिंग अंकों के साथ सूची में 23वें स्थान पर हैं।

संबंधित लिंक

https://www.icc-cricket.com/media-releases/604735

हैरी केन ने तोड़ा 22 वर्ष पुराना रिकॉर्ड

प्रश्न-हाल ही में किस देश के फुटबॉल खिलाड़ी हैरी केन ने टॉटनहम हॉटस्पर की ओर से साउथ हैंपटन के खिलाफ हैट्रिक लगाकर प्रीमियर लीग में एक वर्ष में सबसे ज्यादा गोल के 22 वर्ष पुराने रिकार्ड को तोड़ दिया?

(a) इंग्लैंड (b) फ्रांस (c) जर्मनी (d) रोमानिया

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 26 दिसंबर, 2017 को इंग्लैंड के फुटबॉल खिलाड़ी हैरी केन ने टॉटनहम हॉटस्पर की ओर से साउथ हैंपटन के खिलाफ हैट्रिक लगाकर प्रीमियर लीग में एक वर्ष में सबसे ज्यादा गोल के 22 वर्ष पुराने रिकार्ड को तोड़ दिया।
- केन में इस वर्ष प्रीमियर लीग में 39 गोल किए।
- इससे पूर्व इंग्लैंड के फुटबॉल खिलाड़ी शियरर ने वर्ष 1995 में एक वर्ष में 36 गोल किए थे।
- इसके अलावा केन ने एक वर्ष में सर्वाधिक 6 हैट्रिक लगाने का रिकार्ड भी अपने नाम किया।
- उन्होंने वर्ष 2017 में यूरोप में सबसे ज्यादा गोल करने वाले वार्सिलोना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी को भी पीछे छोड़ दिया।

- केन ने वर्ष 2017 में कुल 56 गोल किए जबकि मेसी ने कुल 54 गोल किए हैं।
- ज्ञातव्य है कि इंग्लैंड का यह फुटबॉल खिलाड़ी प्रीमियर लीग में दो बार गोल्डेन बूट का खिताब जीत चुका है।

संबंधित लिंक

http://www.independent.co.uk/sport/football/premier-league/harry-kane-alan-shearer-premier-league-goals-record-calendar-year-lionel-messi-european-top-scorer-a8128696.html

ब्राजीलियाई फुटबॉलर का अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास

प्रश्न-हाल ही में किस ब्राजीलियाई फुटबॉलर ने संन्यास की घोषणा कर दी?

(a) नेमार (b) रोनाल्डिन्हो (c) डिएगो (d) गैब्रिएल जिसस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- पूर्व ब्राजीली फुटबॉलर एवं बार्सिलोना के मिडफील्डर रोनाल्डिन्हो ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी। (17 जनवरी, 2018) रोनाल्डिन्हो के भाई जो उनके एजेंट भी हैं, ने यह जनकारी 16 जनवरी को दी जिसकी पुष्टि रोनाल्डिन्हो ने अगले दिन इंस्टाग्राम पर कर दी। रोनाल्डिन्हो ने ब्राजील राष्ट्रीय टीम के लिए 97 मैचों में 33 गोल किए हैं। इसमें 2002 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ 40 फुट की दूरी से किया गया अद्भुत गोल भी शामिल है।
- रोनाल्डिन्हो वर्ष 2005 में फीफा के 'बैलोन डी'ओर' (सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर) पुरस्कार के विजेता भी रहे हैं।

संबंधित लिंक

https://www.thesun.co.uk/sport/football/5358911/ronaldinho-retires-aged-37/

रिकी पोंटिंग

प्रश्न-हाल ही में पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान रिकी पोंटिंग आईपीएल में खेलने वाली किस टीम के मुख्य कोच नियुक्त किए गए?

(a) मुंबई इंडियंस (b) दिल्ली डेयरडेविल्स

(c) किंग्ल इलेवन पंजाब (d) राजस्थान रॉयल्स

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2018 को दिल्ली डेयरडेविल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 11वें सत्र (वर्ष 2018) के लिए पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग को अपना नया मुख्य कोच नियुक्त किया।

- पोंटिंग इस पद पर पेडी अप्टन (दक्षिण अफ्रीका) का स्थान लेंगे। पिछले सत्र में दिल्ली की यह टीम छठें स्थान पर थी। वर्ष 2012 में रिकी पोंटिंग ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की थी।
- इससे पूर्व 2015-2016 तक (दो सत्र) पोंटिंग मुंबई इंडियस में बतौर कोच जिम्मेदारी निभा चुके हैं।
- वर्ष 2015 में इनके कोचिंग कार्यकाल में मुंबई इंडियंस ने दूसरी बार आईपीएल का खिताब जीता।

संबंधित लिंक

http://www.cricbuzz.com/cricket-news/99432/ipl-2018-delhi-daredevils-cricket-team-ricky-ponting-head-coach

अंडर-19 विश्वकप के आईसीसी पैनल में दो भारतीय अंपायर शामिल

प्रश्न-हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा किन दो भारतीय अंपायरों को अंडर-19 विश्वकप की 14 सदस्यीय अंपायरों की सूची में शामिल किए जाने की घोषणा की गई?

(a) विनीत कुलकर्णी, सुरेश शास्त्री (b) अनिल चौधरी, सुंदरम रवि

(c) अनिल चौधरी, सी.के. नंदन (d) अमीष साहेबा, सी.के. नंदन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2018 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 13 जनवरी, 2018 से शुरू हो रहे अंडर-19 विश्व कप की 14 सदस्यीय अंपायर सूची में दो भारतीय अंपायरों को शामिल किए जाने की घोषणा की। इन भारतीय अंपायरों के नाम हैं अनिल चौधरी और सी.के. नंदन।
- आईसीसी मैच रेफारियों के अमीरात एलीट पैनल के जेफ क्रो, अंतरराष्ट्रीय पैनल के देवदास गोविंद जी और डेविड ज्यूक्स मैच रेफरी होंगे।
- अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप का खिताब भारत और ऑस्ट्रेलिया ने तीन-तीन बार जीता है।

संबंधित लिंक

https://www.indiatoday.in/pti-feed/story/two-indian-umpires-in-icc-panel-for-under-19-world-cup-1121115-2018-01-03

महिला मुक्केबाजों के प्रतिनिधि का चुनाव

प्रश्न-हाल ही में किसे राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (BFI) की कार्यकारी परिषद में महिला मुक्केबाजों का प्रतिनिधि चुना गया?

(a) सीमा पुनिया (b) एल. सरिता देवी (c) एम.सी. मैरीकॉम (d) सरिता फोगाट

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को हुए चुनाव में पूर्व विश्व और एशियाई चैंपियन एल. सरिता देवी को राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघ (BFI) की कार्यकारी परिषद में महिला मुक्केबाजी का प्रतिनिधि चुना गया।
- रोहतक, हरियाणा में चल रही राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान हुए चुनाव में एल. सरिता देवी को 31 टीम के कप्तानों में से 22 कप्तानों के वोट प्राप्त हुए थे।
- उन्होंने रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की सीमा पुनिया को पराजित किया।
- ज्ञातव्य है इस चुनाव में एल. सरिता देवी के खिलाफ सीमा पुनिया एकमात्र उम्मीदवार थीं।
- विगत वर्ष एशियाई चैंपियनशिप में एल. सरिता देवी ने कांस्य पदक जीता था।

संबंधित लिंक

http://www.hindustantimes.com/other-sports/l-sarita-devi-elected-women-boxers-representative-in-boxing-federation-of-india/story-4pmpGf55StoiGDphmFaLFK.html

अंतरराष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी

प्रश्न- अंतरराष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी कौन हैं?

(a) नूतन ठाकुर (b) आंचल ठाकुर (c) श्रेया ठक्कर (d) रजनी कोठारी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्कीइंग प्रतियोगिता 'अल्पाइन एज्डर 3200 कप' तुर्की में संपन्न। (6-9 जनवरी, 2018)
- 9 जनवरी, 2018 को स्लालम (सर्पिलाकार रास्ते पर स्कीइंग दौड़) रेस कैटेगरी में भारत की आंचल ठाकुर ने कांस्य पदक जीता।
- अंतरराष्ट्रीय स्कीइंग प्रतियोगिता में पदक जीतने वाली आंचल पहली भारतीय खिलाड़ी हैं।
- अल्पाइन एज्डर 3200 कप का आयोजन इंटरनेशनल स्की फेडरेशन (FIS) द्वारा किया गया।
- ज्ञातव्य है कि आंचल ठाकुर हिमाचल प्रदेश के मनाली जिले के बुरूआ गांव की निवासी हैं।

संबंधित लिंक

http://www.firstpost.com/sports/aanchal-thakur-creates-history-by-winning-indias-first-medal-in-an-international-skiing-competition-4296171.html
http://www.bbc.com/news/world-asia-india-42617391

रिकी पोंटिंग ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सह-कोच नियुक्त

प्रश्न-वर्तमान में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच कौन हैं?

(a) टाम मूडी (b) डैरेन लेहमन (c) ग्रीम हिक (d) ट्रॉय कूली

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- फरवरी, 2018 में आयोजित होने वाले न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ त्रिकोणीय टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का सह-कोच नियुक्त किया गया है।
- पोंटिंग ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच डैरेन लेहमन के सहायक होंगे।
- गत वर्ष श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में भी पेंटिंग सह-कोच थे।
- लेहमन के नियमित स्टॉफ सहयोगी ग्रीम हिक, डेविड सेकर तथा ब्रैड हाडिन हैं जो फरवरी-मार्च में ऑस्ट्रेलियाई टीम के दक्षिण अफ्रीका दौर के लिए तैयारी शुरू करेंगे।
- ज्ञातव्य है कि जनवरी, 2018 में रिकी पोंटिंग इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली डेयरडेविल्स टीम के मुख्य कोच नामित किए गए।

संबंधित लिंक

http://www.bbc.com/sport/cricket/42617830

संक्षिप्तियां

चर्चित व्यक्ति

सुप्रिया देवी

प्रश्न-हाल ही में सुप्रिया देवी का निधन हो गया। वह थीं-

(a) साहित्यकार (b) संगीतकार (c) अभिनेत्री (d) नृत्यांगना

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 26 जनवरी, 2018 को प्रसिद्ध बंगाली फिल्म अभिनेत्री सुप्रिया देवी का निधन हो गया। वह 85 वर्ष की थीं।

- उन्हें वर्ष 2011 में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा राज्य के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बंग विभूषण' से सम्मानित किया था। वर्ष 2014 में केंद्र सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-national/wb-ld-supriya-devi/article22531796.ece

सेवांग नामग्याल

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी सेवांग नामग्याल किस देश में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए?

(a) उत्तरी आयरलैंड (b) पोलैंड गणराज्य (c) कनाडा (d) नाइजर गणराज्य

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 24 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार द्वारा भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी सेवांग नामग्याल पोलैंड गणराज्य में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए।
- वह वर्ष 1992 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं। वर्तमान में वह क्यूबा में भारत के राजदूत के रूप में कार्यरत हैं।

संबंधित लिंक

http://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/29382/Tsewang_Namgyal_appointed_as_the_next_Ambassador_of_India_to_the_Republic_of_Poland

राजेश अग्रवाल

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी राजेश अग्रवाल किस देश में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए?

(a) क्यूबा (b) पोलैंड गणराज्य (c) नाइजर गणराज्य (d) रूस

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार ने भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी राजेश अग्रवाल को नाइजर गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया। वर्तमान में वह पोर्ट मोरेस्बी में भारतीय उच्चायोग के काउंसलर के पद पर कार्यरत हैं।

संबंधित लिंक

http://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/29379/Rajesh+Agarwal+appointed+as+the+next+Ambassador+of+India+to+the+Republic+of+Niger

श्रीकुमार मेनन

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी श्रीकुमार मेनन किस देश में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए?

(a) नाइजर गणराज्य (b) कांगो गणराज्य (c) पोलैंड गणराज्य (d) अंगोला गणराज्य

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 22 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार ने भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी श्रीकुमार मेनन को अंगोला गणराज्य में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया।
- वर्तमान में वह दक्षिण सूडान में भारत के राजदूत के रूप में कार्यरत हैं।

संबंधित लिंक

http://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/29373/Srikumar_Menon_appointed_as_the_next_Ambassador_of_India_to_the_Republic_of_Angola

टी. कृष्णा कुमारी

प्रश्न-हाल ही में टी. कृष्णा कुमारी का निधन हो गया। वह थीं–

(a) नृत्यांगना (b) गायिका (c) लेखिका (d) अभिनेत्री

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 24 जनवरी, 2018 को दक्षिण भारत की प्रसिद्ध अभिनेत्री टी. कृष्णा कुमारी का निधन हो गया। वह 84 वर्ष की थीं।
- इन्होंने 230 से अधिक तेलगु, तमिल और कन्नड़ फिल्मों में अभिनय किया था।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/entertainment/movies/krishna-kumari-tribute-an-actress-of-mettle/article22508237.ece

उरसुला के. ले गुइन

प्रश्न-हाल ही में प्रसिद्ध विज्ञान तथा लेखिका और नारीवाद उरसुला के. ले गुइन (Ursula K. Le Guin) का निधन हो गया। वह किस देश से संबंधित थीं?

(a) इस्राइल (b) अमेरिका (c) जापान (d) ब्रिटेन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 जनवरी, 2018 को प्रसिद्ध अमेरिकी विज्ञान कथा लेखिका और नारीवादी उरसुला के. ले गुइन (Ursula K. Le Guin) का निधन हो गया। वह 88 वर्ष की थीं।
- ले गुइन अपनी वैश्विक बेस्ट सेलिंग किताब 'अर्थसी' (Earthsea) शृंखला के लिए प्रसिद्ध थीं।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-life/fantasy-writer-ursula-k-le-guin-is-dead/article22516453.ece
https://www.space.com/39470-ursula-k-le-guin-obituary.html

देश के नए चुनाव आयुक्त

प्रश्न-हाल ही में किसने देश के नए चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) राजीव महर्षि (b) रवीश कुमार (c) अशोक लवासा (d) राजीव कुमार

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 जनवरी, 2018 को पूर्व वित्त सचिव अशोक लवासा ने देश के नए चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- वह हरियाणा कैडर के वर्ष 1980 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं।
- वह 31 अक्टूबर, 2017 को भारत के वित्त सचिव बनाए गए थे।
- इस पद पर उनका कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो, तक रहेगा।
- इनके अतिरिक्त सुनील अरोड़ा भी चुनाव आयुक्त हैं।

संबंधित लिंक

http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1517538

भारत के नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त

प्रश्न-23 जनवरी, 2018 को किसने भारत के 22वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) अशोक लवासा (b) अचल कुमार ज्योति (c) ओम प्रकाश रावत (d) सुनील अरोड़ा

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 23 जनवरी, 2018 को वरिष्ठतम चुनाव आयुक्त ओम प्रकाश रावत ने भारत के 22वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- इस पद पर इन्होंने अचल कुमार ज्योति का स्थान लिया।
- उन्होंने अगस्त, 2015 में भारत के निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था।
- ओम प्रकाश रावत वर्ष 1977 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं।
- ध्यातव्य है कि संविधान के भाग 15 में अनुच्छेद 324 (2) में मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्तों के नियुक्ति की शक्ति राष्ट्रपति में निहित है।
- मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, होता है।
- उल्लेखनीय है कि वरिष्ठतम चुनाव आयुक्त को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया जाता है।
- इनको उच्चतम तथा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की भांति महाभियोग की प्रक्रिया से ही पद से हटाया जा सकता है। भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी।
- पहला चुनाव आयोग एक सदस्यीय था परंतु अक्टूबर, 1993 में इसे तीन सदस्यीय बना दिया गया।
- 23 जनवरी, 2018 को पूर्व वित्त सचिव अशोक लवासा ने चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला।
- सुनील अरोड़ा अन्य चुनाव आयुक्त हैं।
- ज्ञातव्य है कि सुकुमार सेन भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त थे।

संबंधित लिंक

http://eci.nic.in/eci_main1/ecr.aspx

विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के नए निदेशक

प्रश्न-हाल ही में किसने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के नए निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) टी.एस. विजयन (b) एस. सोमनाथ (c) टी.के. विश्वनाथन (d) डॉ. के. सिवान

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 जनवरी, 2018 को प्रसिद्ध वैज्ञानिक एस. सोमनाथ ने तिरुवनंतपुरम (केरल) स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) के निदेशक का पदभार ग्रहण किया।
- इस पद पर इन्होंने डॉ.के. सिवान का स्थान लिया जो हाल ही में इसरो के अध्यक्ष बने हैं।
- इससे पूर्व वह वलियामला (केरल) स्थित द्रव नोदन प्रणाली केंद्र के निदेशक थे, जो इसरो के उपग्रह कार्यक्रमों और सभी प्रकार के वाहनों के प्रक्षेपण संबंधी चरणों और द्रव्य इंजनों के लिए जिम्मेदार केंद्र है।

संबंधित लिंक

https://timesofindia.indiatimes.com/city/thiruvananthapuram/s-somnath-takes-charge-as-vikram-sarabhai-space-centres-director/articleshow/62609273.cms

अनिंद्य सेनगुप्ता

प्रश्न-हाल ही में अनिंद्य सेनगुप्ता का निधन हो गया। वह थे-

(a) बांग्ला साहित्यकार (b) पत्रकार (c) पर्यावरणविद् (d) वैज्ञानिक

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2018 को प्रसिद्ध पत्रकार अनिंद्य सेनगुप्ता का निधन हो गया। वह 52 वर्ष के थे।
- उन्होंने एक बंगाली अखबार से अपने करियर की शुरूआत की थी।
- इसके बाद अंग्रेजी अखबार 'द स्टेट्समैन' और 'द टेलीग्राफ' में काम किया।
- वह छह बार कोलकाता प्रेस क्लब के सचिव रहे और मृत्यु पूर्व भारतीय पत्रकार संघ (IJA) के सचिव थे।

संबंधित लिंक

http://indianexpress.com/article/india/senior-journalist-anindya-sengupta-passes-away-5032505/

एनएसजी के नए महानिदेशक

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) का नया महानिदेशक नियुक्त किया?

(a) दीपक साहू (b) सुदीप लखटकिया (c) एस.पी. सिंह (d) दिनेश्वर शर्मा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुदीप लखटकिया को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) का नया महानिदेशक नियुक्त किया।
- उनका कार्यकाल जुलाई, 2018 तक रहेगा।
- वर्तमान में वह केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) मुख्यालय, नई दिल्ली में विशेष महानिदेशक हैं।
- इस पद पर वह एस.पी. सिंह का स्थान लेंगे, जो एनएसजी के महानिदेशक पद से 31 जनवरी, 2018 को सेवानिवृत्त होंगे।

संबंधित लिंक

http://indianexpress.com/article/india/sudeep-lakhtakia-appointed-new-nsg-chief-5032012/

उ.प्र. के नए राज्य निर्वाचन आयुक्त

प्रश्न-हाल ही में किसने उ.प्र. के नए राज्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) दिनेश कुमार (b) सतीश अग्रवाल (c) एस.के. अग्रवाल (d) मनोज कुमार

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 18 जनवरी, 2018 को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मनोज कुमार ने उ.प्र. के नए राज्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- इस पद पर उन्होंने एस.के. अग्रवाल का स्थान लिया।

संबंधित लिंक

https://timesofindia.indiatimes.com/city/lucknow/retd-ias-officer-manoj-kumar-takes-over-as-up-sec/articleshow/62556850.cms

डॉ. विवेक लाल

प्रश्न-हाल ही में भारतीय मूल के अमेरिकी एयरोस्पेस विशेषज्ञ डॉ. विवेक लाल ने किस देश की प्रसिद्ध एयरोस्पेस कंपनी लॉकहीड मार्टिन को ज्वाइन किया?

(a) जर्मनी (b) फ्रांस (c) जापान (d) अमेरिका

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2018 को भारतीय मूल के अमेरिकी एयरोस्पेस विशेषज्ञ डॉ. विवेक लाल ने अमेरिका की प्रसिद्ध एयरोस्पेस कंपनी लॉकहीड मार्टिन (Lockheed Martin) को ज्वाइन किया।
- वह लॉकहीड मार्टिन में बतौर रणनीति और व्यवसाय विकास (Strategy and bussiness development) के उपाध्यक्ष (Vice President) के रूप में कार्य करेंगे।
- गौरतलब है कि जून, 2017 में लॉकहीड मार्टिन ने भारत में फाइटर प्लेन F-16 का निर्माण, संचालन और निर्यात करने के लिए टाटा समूह के साथ एक समझौता किया था।
- इस सौदे के तहत, लॉकहीड अपने फोर्ट वर्थ, टेक्सास के संयंत्र को भारत में शिफ्ट करेगा।

संबंधित लिंक

http://www.thehindubusinessline.com/companies/aerospace-expert-vivek-lall-joins-lockheed-martin/article10009219.ece

राधा विश्वनाथन

प्रश्न-हाल ही में राधा विश्वनाथन का निधन हो गया। वह थीं-

(a) साहित्यकार (b) इतिहासकार (c) शास्त्रीय गायिका (d) पर्यावरविद्

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2018 को प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका राधा विश्वनाथन का निधन हो गया। वह 83 वर्ष की थीं। वह ख्यातिप्राप्त शास्त्रीय गायिका और भारत रत्न एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी की बेटी थीं।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/entertainment/music/radha-vishwanathan-daughter-of-ms-subbulakshmi-dead-at-83/article22357741.ece

उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का गठन

प्रश्न-22 जनवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव राजीव कुमार ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का गठन किया। इसके अध्यक्ष बनाए गए हैं-

(a) हृदय नारायण राव (b) डॉ. सीमा रानी (c) डॉ. ओंकार प्रसाद मिश्र (d) चंद्रभूषण पालीवाल

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 22 जनवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्य सचिव राजीव कुमार ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का गठन किया। इसके तहत चंद्रभूषण पालीवाल को आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है।
- जबकि हृदय नारायण राव, डॉ. सीमा रानी, डॉ. ओंकार प्रसाद मिश्र, अरुण कुमार सिन्हा तथा डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल को आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=936

आनंदीबेन पटेल

प्रश्न-हाल ही में गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल किस राज्य की राज्यपाल नियुक्त हुईं?

(a) राजस्थान (b) पश्चिम बंगाल (c) मध्य प्रदेश (d) कर्नाटक

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 जनवरी, 2018 को गुजरात की पूर्व मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल मध्य प्रदेश राज्य की राज्यपाल नियुक्त हुईं। इस पद पर वह ओ.पी. कोहली का स्थान लेंगी।
- गौरतलब है कि गुजरात के राज्यपाल ओ.पी. कोहली मध्य प्रदेश के कार्यवाहक राज्यपाल के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/national/other-states/anandiben-patel-to-be-next-governor-of-madhya-pradesh/article22474310.ece

राजीव बिंदल

प्रश्न-हाल ही में राजीव बिंदल किस राज्य के नए विधान सभा अध्यक्ष चुने गए?

(a) गुजरात (b) हिमालच प्रदेश (c) मणिपुर (d) ओडिशा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव बिंदल सर्वसम्मति से हिमाचल प्रदेश के नए विधानसभा अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वह राज्य के 13वीं विधानसभा के अध्यक्ष होंगे।

संबंधित लिंक

http://www.hindustantimes.com/india-news/nahan-legislator-rajeev-bindal-is-new-himachal-speaker/story-oWDbaCaqnlUuX6Pnnw4qWP.html

वसंत डावखरे

प्रश्न-हाल ही में वसंत डावखरे का निधन हो गया। वह थे-

(a) राजनेता (b) अभिनेता (c) शिक्षाविद् (d) संगीतकार

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2018 को वरिष्ठ राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (NCP) नेता और महाराष्ट्र विधान परिषद के पूर्व उपसभापति का निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 1992 के बाद से 24 वर्षों (लगातार 5 बार) तक महाराष्ट्र विधानपरिषद के सदस्य (MLC) रहे।

संबंधित लिंक

http://indianexpress.com/article/cities/mumbai/vasant-davkhare-ncp-leader-passes-away-at-68-5012049/

चंडी लहिड़ी

प्रश्न-हाल ही में चंडी लाहिड़ी का निधन हो गया। वह थे-

(a) पर्यावरणविद् (b) कार्टूनिस्ट (c) अभिनेता (d) संगीतकार

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 जनवरी, 2018 को प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट एवं लेखक चंडी लाहिड़ी का निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे।
- उन्होंने वर्ष 1952 में एक पत्रकार के रूप में अपने कॅरियर की शुरूआत की थी और अगले एक दशक में पूर्णकालिक कार्टूनिस्ट बनकर उभरे थे।
- उन्होंने अपने कार्टूनों के माध्यम से लगभग 50 वर्षों तक पश्चिम बंगाल और देश की सामाजिक राजनीतिक परिदृश्य को रेखांकित किया।

संबंधित लिंक

https://www.indiatoday.in/pti-feed/story/cartoonist-chandi-lahiri-passes-away-1148869-2018-01-18

काशीनाथ

प्रश्न-हाल ही में काशीनाथ का निधन हो गया। वह थे-

(a) तेलुगू अभिनेता (b) मलयालम अभिनेता (c) तमिल अभिनेता (d) कन्नड़ अभिनेता

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 18 जनवरी, 2018 को प्रसिद्ध कन्नड़ फिल्म अभिनेता, निर्देशक और निर्माता काशीनाथ का निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे।
- उनका फिल्मी सफर वर्ष 1976 में आई फिल्म 'अपरूपाडा अतिथिगलु' के निर्देशक के तौर पर शुरू हुआ था।
- बाद में उन्होंने 'बे-शक' नामक एक हिंदी फिल्म भी बनायी थी, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, योगीता बाली और अमरीश पुरी ने अभिनय किया था।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/veteran-kannada-actor-kashinath-passes-away/article22461418.ece

निर्मला सीतारमण

प्रश्न-17 जनवरी, 2018 को केंद्रीय रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने वायुसेना स्टेशन जोधपुर से 31 स्क्वॉड्रन के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से उड़ान भरी। वह ऐसा करने वाली-

(a) दूसरी महिला रक्षा मंत्री हैं। (b) पहली महिला रक्षा मंत्री हैं।

(c) चौथी महिला रक्षा मंत्री हैं। (d) तीसरी महिला रक्षा मंत्री हैं।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 17 जनवरी, 2018 को केंद्रीय रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने वायुसेना स्टेशन जोधपुर से 31 स्क्वॉड्रन के सुखाई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान से उड़ान भरी थी।
- वह देश की पहली महिला रक्षा मंत्री हैं, जिन्होंने भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/mbErel.aspx?relid=175679
http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1516955

'डोरस्टेप डिलिवरी' योजना

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा घर पर 40 सरकारी सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु 'डोरस्टेप डिलिवरी' योजना शुरू की गई है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) छत्तीसगढ़ (c) दिल्ली (d) मणिपुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 जनवरी, 2018 को दिल्ली के उप-राज्यपाल अनिल बैजल ने दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'डोरस्टेप डिलिवरी' योजना को मंजूरी प्रदान की।
- इस योजना का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के निवासियों के घर पर 40 सरकारी सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है।
- योजनांतर्गत दिल्ली सरकार ड्राइविंग लाइसेंस, राशन कार्ड, जाति प्रमाणपत्र शादी के पंजीकरण, जन्म और मृत्यु प्रमाण नए जल या सीवर कनेक्शन सहित 40 सेवाओं को नागरिकों तक पहुंचाएगी।
- प्रथम चरण में 8 सरकारी विभागों में 40 सेवाओं के लिए होम डिलिवरी सुविधा प्रदान की जाएगी।

- इस योजना के तहत मौजूदा ऑनलाइन सर्विस प्रदान करने हेतु युवा उद्यमियों को पर्याप्त सुरक्षा उपायों द्वारा इंटरनेट कियोस्क मुहैया कराया जाएगा।
- कियोस्क स्थापित करने हेतु शिक्षित बेरोजगारों के लिए यदि आवश्यक हुआ तो दिल्ली सरकार सॉफ्ट लोन (ऋण) देगी। इसके लिए एक उपयुक्त वित्तीय मॉडल तैयार किया जाएगा।
- दोनों प्रणालियां एक दूसरे के पूरक के रूप में कार्य करेंगी। मंजूरी के साथ ही उपराज्यपाल ने 1 माह के अंदर इंटरनेट कियोस्क स्थापित करने के प्रस्ताव को अंतिम रूप देने के लिए संबंधित प्रशासनिक विभाग को सलाह भी दी है। ज्ञातव्य है कि इस योजना को दिल्ली मंत्रिमंडल द्वारा विगत वर्ष 16 नवंबर, 2017 को मंजूरी प्रदान की गई थी।

संबंधित लिंक

http://www.news18.com/news/politics/l-g-anil-baijal-approves-aap-governments-doorstep-delivery-scheme-1633003.html

नारायण सदाशिव फरांदे

प्रश्न-हाल ही में नारायण सदाशिव फरांदे का निधन हो गया। वह थे-

(a) पर्यावरणविद् (b) फिल्म निर्माता (c) राजनेता (d) संगीतकार

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16 जनवरी, 2018 को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महाराष्ट्र विधान परिषद के पूर्व अध्यक्ष नारायण सदाशिव फरांदे का निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे।
- उन्होंने वर्ष 1998 से 2004 तक महाराष्ट्र विधान परिषद के अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं।

संबंधित लिंक

http://www.tribuneindia.com/news/nation/maharashtra-senior-bjp-leader-ns-pharande-passes-away/529393.html

डॉ. नंदकिशार त्रिखा

प्रश्न-हाल ही में डॉ. नंदकिशोर त्रिखा का निधन हो गया। वह थे-

(a) पर्यावरणविद् (b) कानूनविद् (c) पत्रकार (d) वैज्ञानिक

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 जनवरी, 2018 को वरिष्ठ पत्रकार व मीडिया शिक्षाविद् डॉ. नंदकिशोर त्रिखा का निधन हो गया।

वह 82 वर्ष के थे।

- डॉ. त्रिखा पत्रकारिता अध्यापन और मीडिया कर्मचारी संगठनों में लंबे समय तक सक्रिय रहे।
- वह टाइम्स ऑफ इंडिया समूह के अखबार नवभारत टाइम्स के साथ लंबे समय तक जुड़े रहे और इसके लखनऊ संस्करण के संपादक रहे।
- वह माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल (म.प्र.) के पत्रकारिता विभाग के प्रमुख रहे।
- वह नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (NUJ) के अध्यक्ष और भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य भी थे।

संबंधित लिंक

http://www.uniindia.com/veteran-journalist-nand-kishore-trikha-passes-away/india/news/1106963.html

पंडित बुद्धदेव दासगुप्ता

प्रश्न-हाल ही में पंडित बुद्धदेव दासगुप्ता का निधन हो गया। वह थे-

(a) सितार वादक (b) संतूर वादक (c) शहनाई वादक (d) सरोद वादक

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 15 जनवरी, 2018 को प्रसिद्ध सरोद वादक पंडित बुद्धदेव दासगुप्ता का कोलकाता में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। उन्होंने पंडित राधिका मोहन माइत्रा से सरोद वादन सीखा था।
- केंद्र सरकार द्वारा उन्हें वर्ष 2012 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।
- इसके पूर्व उन्हें वर्ष 2015 में संगीत महासम्मान और बंगाल विभूषण से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/pti-stories/sarod-maestro-pt-buddhadev-dasgupta-passes-away-118011500666_1.html

रघुनाथ झा

प्रश्न-हाल ही में रघुनाथ झा का निधन हो गया। वह थे-

(a) पर्यावरणविद् (b) राजनेता (c) खेल प्रशासक (d) साहित्यकार

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 जनवरी, 2018 को राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रघुनाथ झा का नई दिल्ली में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे।
- वह पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में केंद्रीय भारी उद्योग एवं लोक उद्यम राज्यमंत्री थे।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/national/other-states/former-union-minister-raghunath-jha-passes-away-in-delhi/article22441912.ece

टी.वी. राजेश्वर

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल टी.वी. राजेश्वर का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष देश के दूसरे नागरिक सम्मान 'पद्म विभूषण' से सम्मानित किया गया था?

(a) वर्ष 2015 (b) वर्ष 2012 (c) वर्ष 2014 (d) वर्ष 2010

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14 जनवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल टी.वी. राजेश्वर का निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 2004-2009 तक उत्तर प्रदेश राज्य के राज्यपाल रहे।
- इसके अलावा, उन्होंने सिक्किम और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में अपनी सेवाएं दी थीं।
- केंद्र सरकार द्वारा उन्हें वर्ष 2012 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक

http://www.uniindia.com/governor-and-cm-condoles-death-of-former-governor-tv-rajeshwar/states/news/1106021.html

एनसीडीईएक्स के नए प्रबंध निदेशक एवं सीइओ

प्रश्न-हाल ही में कौन देश के सबसे बड़े कृषि जिंस बाजार एनसीडीईएक्स (NCDEX) के नए प्रबंध निदेशक एवं सीईओ नियुक्त हुए?

(a) समीर शाह (b) विजय कुमार (c) दीपक संधू (d) सुचित्रा चटर्जी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 12 जनवरी, 2018 को बाजार नियामक सेबी ने विजय कुमार को देश के सबसे बड़े कृषि जिंस बाजार एनसीडीईएक्स (NCDEX) के नए प्रबंध निदेशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में नियुक्ति की मंजूरी प्रदान की।
- इस पद पर वह समीर शाह का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/sebi-approves-vijay-kumars-appointment-as-ncdex-md-ceo/articleshow/62504550.cms
http://www.markettimestv.com/ncdex-new-md-ceo-vijay-kumar-appointment-approves-from-sebi-43989

सुखचैन सिंह चीमा

प्रश्न-हाल ही में प्रख्यात रेसलर और कोच सुखचैन सिंह चीमा का सड़क हादसे में निधन हो गया। उन्होंने **किस वर्ष तेहरान में आयोजित एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था?**

(a) वर्ष 1974 (b) वर्ष 1978 (c) वर्ष 1982 (d) वर्ष 1986

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को एक सड़क हादसे में (पटियाला बाईपास) प्रख्यात रेसलर और कोच सुखचैन सिंह चीमा का निधन हो गया।
- वर्ष 1974 में तेहरान में आयोजित एशियाई खेलों में उन्होंने कांस्य पदक जीता था।
- वर्ष 2004 में उन्हें द्रोणाचार्य अवॉर्ड प्रदान किया गया था।
- ज्ञातव्य है कि सुखचैन सिंह चीमा रूस्तम-ए-हिन्द ओलंपियन रेसलर (पहलवान) केसर सिंह चीमा के पुत्र और रूस्तम-ए-हिंद ओलंपियन परविंदर सिंह चीमा के पिता थे।

संबंधित लिंक

http://www.hindustantimes.com/other-sports/renowned-wrestler-and-coach-sukhchain-singh-cheema-dies-in-road-accident/story-lphp2XPLfrBiQr4sqWTMuI.html

सऊदी अरब में महिला राजदूत नियुक्त करने वाला विश्व का पहला देश

प्रश्न-हाल ही में सऊदी अरब में महिला राजदूत नियुक्त करने वाला विश्व का पहला देश बना-

(a) कनाडा (b) तुर्की (c) बेल्जियम (d) हंगरी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- दिसंबर, 2017 में सऊदी अरब में महिला राजदूत नियुक्त करने वाला विश्व का पहला देश बेल्जियम बना।
- बेल्जियम ने महिला राजनयिक डोनिमिक मिनयोर (Dominique Mineur) को सऊदी अरब में अपना राजदूत नियुक्त किया।
- वर्तमान में वह संयुक्त अरब अमीरात (UEA) में राजदूत के रूप में कार्यरत हैं।

संबंधित लिंक

https://www.washingtonpost.com/news/worldviews/wp/2017/12/19/belgium-to-be-first-country-to-post-a-female-ambassador-to-saudi-arabia/?utm_term=.e37dc8cb35bf
http://www.bbc.com/news/world-europe-42424901

लाइबेरिया के नए राष्ट्रपति

प्रश्न-हाल ही में कौन लाइबेरिया के नए राष्ट्रपति चुने गए?

(a) जोसेफ बोआकी (b) जॉर्ज वेह (c) एलन जॉनसन सरलीफ (d) चार्ल्स टेलर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 28 दिसंबर, 2017 को पूर्व फुटबाल खिलाड़ी जॉर्ज वेह (George Weah) लाइबेरिया के नए राष्ट्रपति चुने गए।
- अक्टूबर, 2017 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें 61.5 प्रतिशत मत प्राप्त हुए।
- उन्होंने अपने विरोधी उपराष्ट्रपति जोसेफ बोकाय (Joseph Boakai) को पराजित किया।
- जॉर्ज वेह लाइबेरिया की पहली महिला राष्ट्रपति एलन जॉनसन सरलीफ का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक

http://www.bbc.com/news/world-africa-42507405

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) के नए अध्यक्ष

प्रश्न-हाल ही में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किसे भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया?

(a) संबित पात्रा (b) विनय सहस्त्रबुद्धे (c) टी.के. विश्वनाथन (d) लोकेश चंद्रा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 दिसंबर, 2017 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं राज्य सभा सदस्य विनय सहस्त्रबुद्धे को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR: India Council of Cultural Relations) का नया

अध्यक्ष नियुक्त किया। इन्होंने 2 जनवरी, 2018 को पदभार ग्रहण किया। इस पद पर वह लोकेश चंद्रा का स्थान लेंगे। विनय सहस्त्रबुद्धे भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और महाराष्ट्र से राज्यसभा सदस्य भी हैं। ज्ञातव्य है कि आईसीसीआर (ICCR) विदेश मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्तशासी संगठन है।

- इसकी स्थापना स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा वर्ष 1950 में हुई थी।

संबंधित लिंक

http://www.tribuneindia.com/news/nation/bjp-national-vice-president-sahasrabuddhe-to-take-over-as-iccr-chief-tomorrow/522060.html

यूजीसी के नए अध्यक्ष

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया?

(a) प्रो. जी.सी. त्रिपाठी (b) प्रो. वेद प्रकाश (c) प्रो. धीरेंद्र पाल सिंह (d) प्रो. ए.के. सिंह

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 दिसंबर, 2017 को केंद्र सरकार ने प्रो. धीरेंद्र पाल सिंह को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। इस पद पर वह प्रो. वेद प्रकाश का स्थान लेंगे, जो अप्रैल, 2017 में सेवानिवृत्त हुए थे।
- अप्रैल, 2017 से अध्यक्ष पद पर प्रो. विरंदर सिंह चौहान कार्यरत हैं। उनका कार्यकाल 5 वर्षों का होगा।
- वर्तमान में वह बंगलुरू स्थित 'राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद' (NAAC) के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

संबंधित लिंक

http://ptinews.com/news/9345644_Prof–Dhirendra-Pal-Singh-appointed-UGC-chairman
https://www.ugc.ac.in/subpage/Chairman.aspx

बनवारी लाल जोशी

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल बनवारी लाल जोशी का निधन हो गया। वह उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे-

(a) वर्ष 2008-2013 तक (b) वर्ष 2009-2014 तक

(c) वर्ष 2007-2012 तक (d) वर्ष 2005-2010 तक

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 दिसंबर, 2017 को उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल बनवारी लाल जोशी का निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे।

- वह 28 जुलाई 2009 से 23 जून, 2014 तक उत्तर प्रदेश के राज्यपाल थे।
- वह वर्ष 2004-2007 तक दिल्ली के उपराज्यपाल भी रहे।
- इसके अलावा, उन्होंने मेघालय एवं उत्तराखंड में राज्यपाल के रूप में भी सेवाएं दी थी।

संबंधित लिंक

http://www.ptinews.com/news/9345691_Rahul-Gandhi-condoles-death-of-Banwari-Lal-Joshi.html
http://upvidhanparishad.nic.in/Rajyapal.htm

आईओए वित्त आयोग के अध्यक्ष

प्रश्न-हाल ही में किसे भारतीय ओलंपिक संघ (
आईओए) के वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है?

(a) मुकेश कुमार (b) पवन दीप सिंह कोहली (c) अनिल खन्ना (d) जी.एस. मंदेर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 12 जनवरी, 2018 को वरिष्ठ खेल प्रशासक अनिल खन्ना को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- आईओए ने इसके साथ ही चार सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन भी किया है।
- सलाहकार समिति में तरलोचन सिंह, जी.एस. मंदेर, एस. रघुनाथन और बी.एस. लांगे शामिल हैं।
- वित्त आयोग में भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के महासचिव सहदेव यादव और उत्तराखंड ओलंपिक संघ के सचिव डी.के. सिंह सदस्य नियुक्त किए गए हैं।
- इसके अलावा चिकित्सा आयोग और खेल तकनीकी समिति का भी गठन किया गया है।
- भारतीय जूडो महासंघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार को राष्ट्रीय खेलों के लिए खेल तकनीकी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- चिकित्सा आयोग का अध्यक्ष तरलोचन सिंह के पुत्र पवन दीप सिंह कोहली को बनाया गया है।
- ज्ञातव्य है कि कोहली का नाम तब विवादों में फंस गया था जब रियो ओलंपिक, 2016 में उन्हें भारतीय दल का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया था।

संबंधित लिंक

https://timesofindia.indiatimes.com/sports/more-sports/others/anil-khanna-to-head-ioa-finance-commission/articleshow/62474750.cms

अजय सिंह

प्रश्न-हाल ही में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अजय सिंह किस राज्य के नए मुख्य सचिव नियुक्त हुए?

(a) मध्य प्रदेश (b) राजस्थान (c) उत्तराखंड (d) छत्तीसगढ़

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 11 जनवरी, 2018 को भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अजय सिंह छत्तीसगढ़ राज्य के नए मुख्य सचिव नियुक्त हुए।
- वह वर्ष 1983 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।
- इस पद पर वह विवेक ढांड का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/national/other-states/chhattisgarh-gets-new-chief-secretary/article22423977.ece

उ.प्र. सरकार के नए आर्थिक सलाहकार

प्रश्न-हाल ही में कौन उ.प्र. सरकार के नए आर्थिक सलाहकार नियुक्त हुए?

(a) संजय अग्रवाल (b) डॉ. के.वी. राजू (c) टी. अपर्णा (d) डॉ. संजय प्रसाद

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. के.वी. राजू उत्तर प्रदेश सरकार के नए आर्थिक सलाहकार नियुक्त हुए।
- वह कृषि एवं आर्थिक मुद्दों पर राज्य को सलाह देंगे।

संबंधित लिंक

http://indiangrapevine.com/index.php/Home/display/Dr-Raju-becomes-new-Economic-Advisor-of-UP-Government

वर्ल्ड बिजनेस काउंसिल फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के नए अध्यक्ष

प्रश्न-हाल में किस भारतीय मूल के कारोबारी ने वर्ल्ड बिजनेस काउंसिल फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (WBCSD) के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया?

(a) सनी वर्गीस (b) दीपक मल्होत्रा (c) संजय बंसल (d) टी. कृष्णमूर्ति

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 जनवरी, 2018 को भारतीय मूल के करोबारी सनी वर्गीस (Sunny Verghese) वर्ल्ड बिजनेस काउंसिल फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- वह सिंगापुर स्थित कृषि कारोबार समूह ओलम इंटरनेशनल लि. के सह-संस्थापक और सीईओ हैं।
- वह कृषि क्षेत्र से संबंधित इस संस्था के पहले अध्यक्ष हैं।
- उनका कार्यकाल 2 वर्षों का होगा।
- इस पद पर उन्होंने पॉल पोलमैन (Paul Polman) का स्थान लिया।

संबंधित लिंक

https://timesofindia.indiatimes.com/nri/other-news/indian-origin-businessman-appointed-world-business-council-for-sustainable-development-chairman/articleshow/62429964.cms

दूधनाथ सिंह

प्रश्न-हाल ही में दूधनाथ सिंह का निधन हो गया। वह थे-

(a) राजनेता (b) साहित्यकार (c) मानवाधिकार कार्यकर्ता (d) पर्यावरणविद्

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 12 जनवरी, 2018 को हिंदी के प्रसिद्ध कथाकार, कवि और आलोचक दूधनाथ सिंह का निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे।
- उनका जन्म 17 अक्टूबर, 1936 को बलिया (उ.प्र.) में हुआ था।
- उनकी गिनती हिन्दी के शीर्ष लेखकों और चिंतकों में होती थी।
- वह जनवादी लेखक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी थे।
- उनकी प्रमुख रचनाओं में 'आखिरी कलाम', 'लौट आ ओ धार', 'निरालाः आत्महंता आस्था' , 'यमगाथा' , 'धर्मक्षेत्रे-कुरूक्षेत्रे' , 'अगली शताब्दी के नाम' , 'सपाट चेहरे वाला आदमी' और 'युवा खुशबू' शामिल हैं।

- उन्हें उत्तर प्रदेश के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान भारत-भारती, मध्य प्रदेश के शीर्ष सम्मान मैथिलीशरण गुप्त सम्मान से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक

https://www.bhaskar.com/uttar-pradesh/allahabad/news/UP-ALAH-LCL-famous-hindi-writer-doodhnath-singh-passes-away-5789823-PHO.html

इसरो के नए अध्यक्ष

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे इसरो का नया अध्यक्ष नियुक्त किया?

(a) डॉ. टिमोथी कृष्णमूर्ति (b) डॉ. के. सिवान

(c) डॉ. ए.एस. किरण कुमार (d) डॉ.वी.के. सारस्वत

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार ने प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ.के. सिवान को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया।
- इसके साथ ही वह केंद्र सरकार द्वारा अंतरिक्ष विभाग के सचिव और अंतरिक्ष आयोग के नए अध्यक्ष नियुक्त हुए। उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।
- वर्तमान में वह विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, थुंबा, तिरूवनंतपुरम, केरल में निदेशक हैं। इस पद पर वह डॉ. ए.एस. किरण कुमार का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/sci-tech/science/k-sivan-named-new-isro-chairman/article22412843.ece

एनपीसीआई के नए एमडी एवं सीईओ

प्रश्न-हाल ही में कौन भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के नए प्रबंध निदेशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त हुए?

(a) एपी होता (b) दिलीप अस्बे (c) दीपक कुमार (d) संजय बंसल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 जनवरी, 2018 को दिलीप अस्बे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के नए प्रबंध निदेशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त हुएइससे पूर्व यह एनपीसीआई के कार्यवाहक सीईओ के रूप में कार्यरत थे। इस पद पर इन्होंने एपी होता का स्थान ग्रहण किया।
- ज्ञातव्य है कि एनपीसीआई की स्थापना वर्ष 2008 में हुई थी।
- इसका मुख्यालय मुंबई में है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/dilip-asbe-appointed-md-ceo-of-npci/article10020239.ece

कैरी ग्रेसी

प्रश्न-हाल ही में किस देश में बीबीसी की संपादक कैरी ग्रेसी ने संस्था में पुरुष और महिला कर्मचारियों के बीच वेतन असमानता को समाप्त कर पाने में असफल रहने को आधार बताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया?

(a) भारत (b) बांग्लादेश (c) अमेरिका (d) चीन

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 8 जनवरी, 2018 को चीन में बीबीसी की संपादक कैरी ग्रेसी ने संस्था में पुरुष और महिला कर्मचारियों के बीच वेतन असमानता को समाप्त कर पाने में असफल रहने को आधार बताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- कैरी ग्रेसी के अनुसार, बीबीसी के चार अंतरराष्ट्रीय संपादकों में शामिल दो पुरुषों को महिला समकक्षों के मुकाबले कम से कम 50 प्रतिशत ज्यादा वेतन मिलता है।

संबंधित लिंक

http://www.bbc.com/news/uk-42598775

ए.आर. रहमान

प्रश्न-ग्रैमी पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध संगीतकार ए.आर. रहमान को हाल ही में किस राज्य का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया?

(a) हिमाचल प्रदेश (b) उत्तराखंड (c) अरुणाचल प्रदेश (d) सिक्किम

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 8 जनवरी, 2018 को ग्रैमी पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध संगीतकार ए.आर. रहमान को सिक्किम का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया।
- मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग ने सिक्किम रेड पांडा विंटर कार्निवाल के उद्घाटन समारोह में उनके नाम की घोषणा की।

संबंधित लिंक

https://timesofindia.indiatimes.com/city/guwahati/ar-rahman-new-sikkim-brand-ambassador/articleshow/62423272.cms

एस.आर. मरडी

प्रश्न-हाल ही में वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एस.आर. मरडी किस राज्य के नए पुलिस महानिदेशक (DGP) नियुक्त हुए?

(a) हरियाणा (b) हिमाचल प्रदेश (c) गुजरात (d) उत्तराखंड

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 जनवरी, 2018 को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एस.आर. मरडी हिमाचल प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक (DGP) नियुक्त हुए।
- वह वर्ष 1986 बैच के हिमाचल कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं।
- वर्तमान में वह पुलिस महानिदेशक (होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा) हैं।
- इस पद पर वह सोमेश गोयल का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/sr-mardi-to-be-new-himachal-dgp/1/1126445.html

शशिकांत भागवत

प्रश्न-हाल ही में शशिकांत भागवत का निधन हो गया। वह थे-

(a) पर्यावरणविद् (b) शिक्षाविद् (c) वैज्ञानिक (d) वरिष्ठ खेल पत्रकार

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 8 जनवरी, 2018 को वरिष्ठ खेल पत्रकार शशिकांत भागवत का निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे।
- वह कई वर्षों तक मराठी अखबार 'सकाल' से जुड़े रहे और उसी से सेवानिवृत्त हुए।

- इसके अलावा उन्होंने पुणे श्रमिक पत्रकार संघ और पुणे पत्रकार प्रतिष्ठान के अध्यक्ष के रूप में भी सेवाएं दी।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/senior-sports-scribe-shashikant-bhagwat-no-more/1/1125920.html

टी.एस. तिरूमूर्ति

प्रश्न-हाल ही में टी.एस. तिरूमूर्ति किस मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) नियुक्त हुए?

(a) वित्त मंत्रालय (b) विदेश मंत्रालय (c) रेल मंत्रालय (d) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 5 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार ने भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी टी.एस. तिरुमूर्ति को विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) के पद पर नियुक्त किया।
- वर्तमान में वह मलेशिया की राजधानी कुआला लुमपुर भारत के उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत हैं।
- इस पद पर वह विजय केशव गोखले का स्थान लेंगे। जिन्हें हाल ही में देश का नया विदेश सचिव नियुक्त किया गया है।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/diplomat-t-s-tirumurti-appointed-economic-relations-secy/1/1124492.html

राजेश रंजन

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी राजेश रंजन किस देश में भारत के अगले उच्चायुक्त नियुक्त हुए हैं?

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) सूडान (c) पाकिस्तान (d) बोत्सवाना

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार ने भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी राजेश रंजन को बोत्सवाना में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया।
- वह वर्ष 2001 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं।
- वर्तमान में वह विदेश मंत्रालय में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

संबंधित लिंक

http://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/29340/Rajesh_Ranjan_appointed_as_the_next_High_Commissioner_of_India_to_Botswana

पीटर सुदरलैंड

प्रश्न-हाल ही में पीटर सुदरलैंड का निधन हो गया। वह थे-

(a) डब्ल्यूएचओ के पूर्व महानिदेशक (b) डब्ल्यूटीओ के पूर्व महानिदेशक

(c) यूनेस्को के पूर्व महानिदेशक (d) संयुक्त राष्ट्र महासभा के पूर्व महासचिव

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7 जनवरी, 2018 को विश्व व्यापार संगठन के पूर्व महानिदेशक पीटर सुदरलैंड का निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 1995 में विश्व व्यापार संगठन के पहले महानिदेशक बने थे।
- इससे पूर्व वे शुल्क और व्यापार संबंधी संगठन-गैट (GATT) के प्रमुख थे।
- इसके अलावा वह आयरलैंड के सबसे कम उम्र के अटॉर्नी जनरल रहे।

संबंधित लिंक

https://en.wikipedia.org/wiki/Peter_Sutherland

उ.प्र. के नए डीजीपी

प्रश्न-हाल ही में कौन उत्तर प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक (DGP) नियुक्त हुए?

(a) दलजीत सिंह चौधरी (b) एस. जावीद अहमद (c) प्रवीण सिंह (d) ओम प्रकाश सिंह

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 31 दिसंबर, 2017 को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ओम प्रकाश सिंह उत्तर प्रदेश के नए पुलिस महानिदेशक (DGP) नियुक्त हुए।
- इस पद पर वह सुलखान सिंह का स्थान लेंगे।
- वह वर्ष 1983 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।
- उनका कार्यकाल जनवरी, 2020 तक रहेगा।
- इससे पूर्व वह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के महानिदेशक (DG) के पद पर कार्यरत थे।

संबंधित लिंक

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/om-prakash-singh-is-uttar-pradeshs-new-dgp/articleshow/62316314.cms
http://www.financialexpress.com/india-news/who-is-op-singh-the-officer-appointed-as-new-dgp-by-yogi-adityanath-government/996754/

विनीत चौधरी

प्रश्न-हाल ही में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनीत चौधरी को किस राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया?

(a) हरियाणा (b) राजस्थान (c) हिमाचल प्रदेश (d) पंजाब

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 दिसंबर, 2017 को वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनीत चौधरी को हिमाचल प्रदेश का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया।
- इस पद पर वह वी.सी. फरका का स्थान लेंगे।
- इससे पूर्व वह मुख्य सलाहकार (जन- शिकायत निवारण) के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

संबंधित लिंक

https://dailypost.in/news/diaries/himachal-diary/vineet-chaudhary-new-himachal-chief-secretary/

एन.सी. गोयल

प्रश्न-हाल ही में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एन.सी. गोयल किस राज्य के नए मुख्य सचिव नियुक्त हुए?

(a) हिमाचल प्रदेश (b) दिल्ली (c) हरियाणा (d) राजस्थान

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 30 दिसंबर, 2017 को वरिष्ठ आईएएस अधिकारी निहाल चंद गोयल राजस्थान राज्य के नए मुख्य सचिव नियुक्त हुए।
- इस पद पर वह अशोक जैन का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/nc-goel-appointed-new-chief-secretary-of-rajasthan/1/1120802.html

एसएफआईओ (SFIO) के नए निदेशक

प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (SFIO) का नया निदेशक नियुक्त किया?

(a) अमितदीप भाटिया (b) अमरदीप सिंह भाटिया (c) राहुल वर्मा (d) एल.वाई. देवास

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 27 दिसंबर, 2017 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमरदीप सिंह भाटिया को गंभीर कपट अन्वेषण कार्यालय (SFIO: Serious Fraud Investigation Office) का नया निदेशक नियुक्त किया। वह वर्ष 1993 बैच के नगालैंड कैडर के आईएएस अधिकारी हैं।
- वर्तमान में वह कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं।
- ज्ञातव्य है कि एसएफआईओ (SFIO) कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अधीन एक फ्रॉड इनवेस्टिगेशन एजेंसी है। इसकी स्थापना जनवरी, 2003 में हुई थी।

संबंधित लिंक

https://www.indianbureaucracy.com/amardeep-singh-bhatia-appointed-director-sfio/#sthash.j0A6CbME.dpbs
http://sfio.nic.in/SFIOHistory.aspx

चर्चित स्थल

सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग कम्पोस्टिंग एंड सेनेटरी लैंडफिल डिस्पोजल प्लांट

प्रश्न-हाल ही में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रदेश के पहले सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग कंपोस्टिंग एंड सेनेटरी लैंडफिल डिस्पोजल प्लांट का लोकार्पण कहां किया?

(a) हरिद्वार (b) देहरादून (c) मसूरी (d) नैनीताल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 23 जनवरी, 2018 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रदेश के पहले सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग कंपोस्टिंग एंड सेनेटरी लैंडफिल डिस्पोजल प्लांट शीशमबाड़ा, देहरादून का लोकार्पण किया।
- यह प्लांट नगर निगम देहरादून द्वारा निर्मित किया गया है।
- देहरादून सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की इस परियोजना की लागत राशि 36 करोड़ रुपये है।
- 8.32 एकड़ में निर्मित इस सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में देहरादून शहर व अन्य क्षेत्रों के लगभग 350 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण होगा।
- शीघ्र ही रूड़की, हरिद्वार और हल्द्वानी में भी यह योजना शुरू की जाएगी।

संबंधित लिंक

http://cm.uk.gov.in/upload/pressrelease/Pressrelease-2427.pdf

यूरोप की सांस्कृतिक राजधानी, 2018

प्रश्न-हाल ही में किस शहर को यूरोप की सांस्कृतिक राजधानी का दर्जा दिया गया?

(a) रोम (b) स्टॉकहोम (c) एथेंस (d) वालेटा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2018 को यूरोपियन आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में माल्टा की राजधानी वालेटा एवं नीदरलैंड्स के शहर लीवार्डन को संयुक्त रूप से वर्ष 2018 हेतु यूरोप की सांस्कृतिक राजधानी का दर्जा दिया गया।
- यह दोनों इस शीर्षक को एक वर्ष के लिए साझा करेंगे जिसकी समायावधि 1 जनवरी से 31 दिसंबर, 2018 तक होगी।
- 20 जनवरी, 2018 को माल्टा के ग्रामीण महोत्सव के दौरान वालेटा को सांस्कृतिक राजधानी बनाए जाने की अधिकारिक घोषणा भी की गई।
- वर्ष 1980 में वालेटा को यूनेस्को ने विश्व विरासत स्थल का दर्जा दिया था।
- 'यूरोप की सांस्कृतिक राजधानी' एक सांस्कृतिक पहल है जिसका उद्देश्य संस्कृति के योगदान से शहरों का विकास करना है जिससे वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना सुधार कर सकें।

संबंधित लिंक

http://europa.eu/rapid/press-release_IP-17-5309_en.htm
https://ec.europa.eu/programmes/creative-europe/actions/capitals-culture_en

कराईकल में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्घाटन

प्रश्न-हाल ही में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने कराईकल में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। यह किस राज्य में स्थित है?

(a) तमिलनाडु (b) अंडमान एवं निकोबार (c) पुडुचेरी (d) केरल

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 जनवरी, 2018 को विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने संघ शासित प्रदेश पुडुचेरी के कराईकल में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (POPSK) का उद्घाटन किया।
- कराईकल डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र पुडुचेरी के संघ शासित प्रदेश में काम करने वाला पहला डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र है।

- कराईकल डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र मम तांबी मौरयाकयार स्ट्रीट पर स्थित डाकघर के परिसर से कार्य करेगा और यह चेन्नई पासपोर्ट कार्यालय के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत रहेगा।
- ज्ञातव्य है कि विदेश मंत्रालय और डाक विभाग ने देश के प्रमुख डाकघरों में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित करने का फैसला किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य पासपोर्ट संबंधी सेवाओं का बड़े पैमाने पर विस्तार और व्यापक क्षेत्र का कवरेज सुनिश्चित करना है।
- पहले दो चरणों में देश में 236 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों की घोषणा की गई।
- कराईकल का डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र 25 जनवरी, 2017 को इस योजना के शुभारंभ के बाद से कार्यात्मक होने वाला 60वां डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र होगा ।

संबंधित लिंक

http://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/29367/Inauguration+of+Post+Office+Passport+Seva+Kendra+POPSK+at+Karaikal+by+EAM

बिलासपुर

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कामरूप में नए 'अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान' (AIIMS) की स्थापना को अपनी मंजूरी प्रदान की। यह स्थित है-

(a) मध्य प्रदेश (b) हिमाचल प्रदेश (c) छत्तीसगढ़ (d) ओडिशा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) में नए 'अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान' (AIIMS) की स्थापना को अपनी मंजूरी प्रदान की।
- इस संस्थान की स्थापना प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (PMSSY) के तहत की जाएगी।
- इसकी स्थापना पर 1351 करोड़ रुपये खर्च होंगे।
- इस संस्थान में 750 बिस्तरों वाले अस्पताल की व्यवस्था की जाएगी।
- जिसमें ट्रामा सेंटर, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, स्पेशियलिटी एवं सुपर स्पेशियलिटी विभागों की व्यवस्था होगी। इसके अलावा इसमें पारंपरिक चिकित्सा पद्धति में उपचार की सुविधा प्रदान करने के लिए आयुष विभाग भी होगा।
- गौरतलब है कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना वर्ष 2003 में घोषित की गई थी।
- इस योजना के तहत भुवनेश्वर, भोपाल, रायपुर, जोधपुर, ऋषीकेश और पटना में एम्स की स्थापना की जा चुकी है जबकि रायबरेली में एम्स का कार्य प्रगति पर है।

- इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2015 में नागपुर (महाराष्ट्र), मंगलागिरी (गुंटूर, आंध्र प्रदेश) तथा कल्याणी पश्चिम बंगाल) वर्ष 2016 में भटिंडा (पंजाब) एवं गोरखपुर (उ.प्र.) में और कामरूप (असम) में एक एम्स की स्थापना को मंजूरी दी थी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175213

ग्वाटेमाला

प्रश्न-हाल ही में ग्वाटेमाला क्यों चर्चित रहा?

(a) विद्रोही संगठनों द्वारा तख्ता पलट के कारण

(b) आईएसआईएस द्वारा हमलों के कारण

(c) तेल अवीव से अपना दूतावास येरूशलम स्थानांतरित करने के कारण।

(d) रूसी दूतावास अधिकारी के निलंबन के कारण।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 24 दिसंबर, 2017 को ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति जिमी मोरालेस ने अपने देश के दूतावास को तेल अवीव से येरूशलम स्थानांतरित करने की घोषणा की।
- अमेरिका के बाद अपने दूतावास को येरूशलम स्थानांतरित करने की घोषणा करने वाला ग्वाटेमाला पहला देश है।
- ज्ञातव्य है कि 6 दिसंबर, 2017 को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने येरूशलम को इस्राइल की राजधानी घोषित किया और अपने दूतावास को तेल अवीव से येरूशलम स्थानांतरित करने की घोषणा की थी।
- उल्लेखनीय है कि विगत सप्ताह अमेरिका द्वारा येरूशलम को इस्राइल की राजधानी घोषित किए जाने के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र महासभा में एक संकल्प प्रस्ताव पारित किया गया।
- इस प्रस्ताव के पक्ष में भारत सहित 128 देशों ने मतदान किया, 9 देशों ने प्रस्ताव के विपक्ष में मतदान किया जबकि 35 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया।
- इस प्रस्ताव के विरुद्ध मतदान करने वाले देशों में ग्वाटेमाला भी शामिल था।

संबंधित लिंक

https://www.theguardian.com/world/2017/dec/24/guatemala-donald-trump-israel-embassy-jerusalem

http://edition.cnn.com/2017/12/24/middleeast/guatemala-jerusalem/index.html

सबसे प्राचीन बौद्ध शिलालेख

प्रश्न-हाल ही में सबसे प्राचीन बौद्ध शिलालेख कहां से प्राप्त हुआ है?

(a) नगारी प्रांत (तिब्बत) (b) चेंगदू प्रांत (चीन) (c) न्यिंग-ची प्रांत (तिब्बत) (d) सारनाथ

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2018 में प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार चीनी पुरातत्व विदों द्वारा उत्तरी तिब्बत में नौंवीं सदी के पुरंग शिलालेख की खोज की गई है।
- हिमालयी क्षेत्र से प्राप्त यह शिलालेख सबसे प्राचीन बौद्ध शिलालेख है।
- तिब्बत सांस्कृतिक अवशेष संरक्षण संस्थान के शर्गन वांगदु के अनुसार तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के उत्तरी भाग में स्थित नगारी प्रांत में इस शिलालेख की खोज की गई थी।
- अधिकांशतः विद्वानों के अनुसार इस शिलालेख की स्थापना तुबो (Tubo) राज्य की अवधि के दौरान 826 ई. या 838 ई. में हुई थी।
- इस शिलालेख पर भगवान बुद्ध की मूर्ति अंकित है।
- इसकी लंबाई 1.85 मीटर है।
- शिलालेख के बायीं ओर 24 प्राचीन तिब्बत भाषा की लाइनें अंकित हैं और दायीं ओर 19 पंक्तियों में बौद्ध प्रार्थना अंकित है।

संबंधित लिंक

http://www.hindustantimes.com/art-and-culture/this-one-s-for-history-buffs-oldest-buddhist-stele-discovered-in-tibet/story-ZnHVJOpwbBEGF9adG2kq6N.html

दक्षिण ऑस्ट्रेलिया का भावी वृहत्तम सौर ताप विद्युत संयंत्र

प्रश्न-हाल ही में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा विश्व के वृहत्तम सौर-ताप विद्युत संयंत्र के निर्माण के लिए मंजूरी दी गई। इसकी लागत कितनी है?

(a) 380 मिलियन पाउंड (b) 400 मिलियन पाउंड

(c) 450 मिलियन पाउंड (d) 350 मिलियन पांउड

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को विश्व के सबसे बड़े सौर ताप विद्युत संयंत्र के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी गई।

- दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में बनने वाले इस संयंत्र को अमेरिकी कंपनी सोलर रिजर्व द्वारा बनाया जाएगा।
- इसका निर्माण 2018 में ही शुरू होगा तथा इसकी निर्माण लागत लगभग 650 मिलियन डॉलर (380 मिलियन पाउंड) होगी। संयंत्र से 650 निर्माण कार्य और 50 अन्य पदों हेतु नौकरियां सृजित होंगी।
- यह संयंत्र आठ घंटे तक ऊर्जा के पूर्ण भंडारण के साथ 90,000 घरों में बिजली आपूर्ति करने में सक्षम होगा। संयंत्र में 12000 दर्पणों की एक शृंखला का उपयोग किया जाएगा।
- जो 220 मीटर ऊंचे टॉवर के शीर्ष पर स्थित रिसीवर पर सूर्य प्रकाश को संकेंद्रित (Concentrate) करेंगे। सूर्य प्रकाश तरल लवण (Molten salt) को 565 डिग्री सेंटीग्रेड (1050oF) तक गर्म करेगा और टरबाइन को चलाने हेतु भाप उत्पन्न करेगा।
- टरबाइन के चलने से 150 मेगावॉट बिजली पैदा होगी।
- इस प्रकार यह विश्व में सबसे ब़डा एकल-टॉवर सौर तापीय संयंत्र बन जाएगा।
- संयंत्र वर्ष 2030 तक दक्षिणी राज्य के 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जामय हो जाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

संबंधित लिंक

http://www.iflscience.com/technology/south-australia-approves-worlds-largest-singletower-solar-thermal-plant/

भारत का पहला कोल-टू-गैस कनवर्जन प्लांट

प्रश्न-भारत का पहला कोल-टू-गैस कनर्वजन प्लांट कहां स्थापित किया जाएगा?

(a) राजस्थान (b) ओडिशा (c) झारखंड (d) उत्तर प्रदेश

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 11 जनवरी, 2018 को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि गेल इंडिया लि. द्वारा ओडिशा में भारत का पहला कोल-टू-गैस कनवर्जन प्लांट (India's First Coal to Gas Conversion Plant) स्थापित किया जाएगा।
- इस प्लांट से उत्पादित सिंथेटिक गैस प्राकृतिक गैस की तुलना में सस्ती होगी।

संबंधित लिंक

https://energy.economictimes.indiatimes.com/news/oil-and-gas/gail-to-set-up-indias-1st-coal-to-gas-conversion-plant/62457867
http://www.thehindubusinessline.com/companies/gail-to-set-up-coal-to-gas-conversion-plants/article10025295.ece

खाना लूटने को लेकर हिंसा

प्रश्न-हाल ही में किस देश में खाना लूटने को लेकर भड़की हिंसा में कई लोगों की मौत हो गई?

(a) सोमालिया (b) बुरूंडी (c) वेनेजुएला (d) क्रोनिया

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2018 में वेनेजुएला में खाना लूटने को लेकर भड़की हिंसा में कई लोगों की मौत हो चुकी है।
- वेनेजुएला इन दिनों खाद्य पदार्थों की भारी समस्या से जूझ रहा है।
- हालात यह है कि भूखे लोग दुकानों को लूट रहे हैं और जानवरों का शिकार कर रहे हैं।
- तेल के घटते दाम, बढ़ती मुद्रास्फीति और भ्रष्टाचार से इस देश की आर्थिक हालात काफी खराब है।
- इस देश की लगभग 82 प्रतिशत आबादी गरीबी में जीवन-यापन कर रही है।

संबंधित लिंक

https://www.channelstv.com/2018/01/12/four-killed-in-venezuela-food-looting-violence-opposition/

अंगोला का पहला राष्ट्रीय उपग्रह

प्रश्न-हाल ही में प्रक्षेपित अंगोला के पहले राष्ट्रीय उपग्रह का क्या नाम है?

(a) रूस-अंगोसेट-1 (b) अंगोसेट-1 (c) नियोसेट-1 (d) अंगियोसेट-1

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 26 दिसंबर, 2017 को रूस ने अंगोला के लिए पहले राष्ट्रीय दूरसंचार उपग्रह अंगोसेट-1 (Angosat-1) का प्रक्षेपण किया।
- यह अंगोला का पहला संचार उपग्रह है।
- इस उपग्रह का प्रक्षेपण रूस के कजाखस्तान स्थित बायकोनूर अंतरिक्ष पैड से जेनिट-2 एसबी रॉकेट द्वारा किया गया।
- जेनिट-2 एसबी रॉकेट की आपूर्ति यूक्रेनी निर्यात युजमाश (Yuzhmash) द्वारा की गई थी।
- अंगोसेट परियोजना पर वर्ष 2009 में रूस और अंगोला ने सहमति व्यक्त की थी।
- लगभग 280 मिलियन डॉलर की इस परियोजना को रूस के राज्य बैंकों से साख (Credit) के साथ वित्त पोषण किया गया है।

- अंगोसेट-1 को उपग्रह संचार, इंटरनेट पहुंच, रेडियो और टीवी सेवा को बढ़ावा देने हेतु 15 वर्षीय मिशन के लिए डिजाइन किया गया है।
- इस उपग्रह के प्रक्षेपण का सजीव प्रसारण रोसकॉस्मॉस स्पेस कारपोरेशन द्वारा दिखाया गया।

संबंधित लिंक

https://telecom.economictimes.indiatimes.com/news/russia-launches-telecoms-satellite-for-angola/62262282

विश्व का सबसे लंबा शीशे का पुल

प्रश्न-हाल ही में चीन ने विश्व के सबसे लंबे शीशे से बने नवनिर्मित पुल को आम जनता के लिए शुरू कर दिया। यह पुल चीन के किस प्रांत में स्थित है?

(a) सिचुआन (b) गुआंगदोंग (c) हेबई (d) झेजियांग

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 24 दिसंबर, 2017 को चीन के हेबई प्रांत के शिजिया झुआंग शहर में नवनिर्मित पूर्णतः शीशे (कांच) से बने पुल को आम जनता के लिए शुरू किया गया।
- यह विश्व का सबसे लंबा शीशे का पुल है।
- इस पुल की कुल लंबाई 488 मीटर और चौड़ाई 2 मीटर है।
- इस पुल की धरातल से ऊंचाई 218 मीटर (लगभग 66 मंजिला इमारत के बराबर) है।
- यह पुल विंगसन काउंटी के होंग्यागू परिक्षेत्र में स्थित दो चट्टानों के बीच एक हैंगिंग (झूलता हुआ) ब्रिज है।
- इस पुल को हेबई बैलु समूह ने निर्मित किया है।
- पुल में 1077 पारदर्शी शीशे के पैनल लगे हैं जिसमें प्रत्येक पैनल को मोटाई 4 सेमी. है।
- पूरे ग्लास पैनल का वजन 70 मिट्रिक टन है।
- इस पुल पर एक साथ सिर्फ 500 लोगों को जाने की अनुमति दी गई है यद्यपि इसे 2000 लोगों के लिए डिजाइन किया गया है।

संबंधित लिंक

https://www.thesun.co.uk/news/5219263/worlds-longest-glass-bottomed-bridge-china-opens/
http://www.xinhuanet.com/english/2017-12/24/c_136849170.htm

बिहार को राष्ट्रीय क्रिकेट में खेलने की स्वीकृति

प्रश्न-हाल ही में उच्चतम न्यायालय द्वारा बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) को रणजी ट्रॉफी सहित अन्य राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग लेने की मंजूरी प्रदान की गई। किस न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह अंतरित आदेश दिया?

(a) ए.एम. खानाविलकर (b) दीपक मिश्रा (c) डी.वाई. पाटिल (d) कुरियन जोसेफ

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2017 को उच्चतम न्यायालय द्वारा बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) को रणजी ट्रॉफी सहित अन्य राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने की मंजूरी प्रदान की गई।
- मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह अंतरिम आदेश दिया।
- इस पीठ में न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर और न्यायमूर्ति डी.वाई. पाटिल शामिल थे।
- इससे पूर्व बिहार की क्रिकेट टीम को राट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति नहीं थी।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2000 में बिहार से बने नए राज्य झारखंड को उस समय यह सदस्यता दे दी गई थी।
- ज्ञातव्य है कि बिहार और झारखंड राज्य का 17 वर्ष पूर्व बंटवारा हुआ था तब बिहार की सदस्यता झारखंड को दे दी गई थी।
- बिहार बीसीसीआई का पूर्ण कालिक सदस्य भी नहीं है।
- इस कारण वर्ष 2000 के बाद से बिहार किसी भी स्पर्धा में भाग नहीं ले सका है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/sport/cricket/sc-allows-bihar-to-play-national-cricket-championships/article22368171.ece

आधुनिक इनक्यूबेशन केंद्र 'सेंटर फॉर इंटरप्रेन्योरशिप अपार्च्यूनिटीज एंड लर्निंग' का उद्घाटन

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए कहां पर एक आधुनिक इनक्यूबेशन केंद्र 'सेंटर फॉर इंटरप्रेन्योरशिप अपार्च्यूनिटीज एंड लर्निंग' का उद्घाटन किया?

(a) बंगलुरू (b) मंगलोर (c) नई दिल्ली (d) जयपुर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 दिसंबर, 2017 को केंद्रीय रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए मल्लिकेट, मंगलोर में एक आधुनिक इनक्यूबेशन केंद्र 'सेंटर फॉर इंटरप्रेन्योरशिप अपार्च्यूनिटीज एंड लर्निंग' का उद्घाटन किया।
- यह केंद्र देश में स्टार्टअप इंडिया मुहिम को बढ़ावा देगा।
- यह केंद्र 'स्टार्टअप कोस्ट' परियोजना का हिस्सा है।
- यह परियोजना कर्नाटक के पश्चिमी तट में नवाचार केंद्र, इनक्यूबेशन केंद्र, टिंकरिंग लैब आदि बनाने पर केंद्रित है।

संबंधित लिंक

http://businessworld.in/article/Sitharaman-inaugurates-incubation-centre-at-Mallikatte/29-12-2017-135989/

माटुंगा रेलवे स्टेशन लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, 2018 में शामिल

प्रश्न-हाल ही में माटुंगा रेलवे स्टेशन लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, 2018 में शामिल हुआ। यह स्टेशन स्थित है-

(a) नागपुर (b) रीवा (c) कोलकाता (d) मुंबई

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन में स्थित माटुंगा रेलवे स्टेशन को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, 2018 में शामिल किए जाने की घोषणा की गई।
- यह भारत का ऐसा पहला रेलवे स्टेशन है जहां सभी कर्मचारी महिलाएं हैं।
- कुल 41 महिलाओं का स्टॉफ स्टेशन संचालन, वाणिज्य गतिविधि, रेलवे सुरक्षा बल इत्यादि कामों में संलग्न है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 1992 में देश की पहली महिला सहायक स्टेशन मास्टार के रूप में ममता कुलकर्णी भारतीय रेलवे से जुड़ी। वह वर्तमान में माटुंगा रेलवे स्टेशन की स्टेशन मास्टर हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175519
http://www.thehindubusinessline.com/economy/logistics/matunga-station-enters-limca-book-for-allwoman-staff/article10021951.ece

विकास खंड सहसों एवं शृंगवेरपुर धाम के सृजन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा इलाहाबाद जिले में किन दो नए विकास खंड के सृजन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई?

(a) सहसों, भारतगंज (b) सहसों, शृंगवेरपुरधाम

(c) शृंगवेरपुरधाम, सिरसा (d) सिरसा, लालगोपालगंज

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा इलाहाबाद जिले के अंतर्गत विकास खंड सहसों एवं शृंगवेरपुरधाम के सृजन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
- अनुमोदित किए गए प्रस्ताव से सरकार की प्रचलित योजनाओं का प्रभावी अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन भी सुनिश्चित होगा। सृजित किए गए विकास खंडों के माध्यम से विकास कार्यों का लाभ जनसाधारण को प्राप्त होगा तथा विकास खंडों तक आम-जन की पहुंच भी सहज होगी।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=900

खुले में शौच से मुक्त देश का छठां राज्य

प्रश्न-हाल ही में कौन-सा राज्य खुले में शौच से मुक्त देश का छठा राज्य बना?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मणिपुर (c) अरुणाचल प्रदेश (d) गुजरात

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 31 दिसंबर, 2017 को अरुणाचल प्रदेश खुले में शौच से मुक्त (ODF: Open Defecation Free) देश का छठा राज्य बना।
- इससे पूर्व देश में खुले में शौच से मुक्त राज्यों में सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, केरल, हरियाणा और उत्तराखंड शामिल हैं।
- इसके साथ ही यह सिक्किम के बाद पूर्वोत्तर भारत का खुले में शौच से मुक्त दूसरा राज्य है।
- इस राज्य के सभी 21 जिले खुले में शौच से मुक्त हो गए।

संबंधित लिंक

http://indianexpress.com/article/north-east-india/arunachal-pradesh/arunachal-pradesh-declared-open-defecation-free-5006360/

वीरता पुरस्कार-2018

प्रश्न-25 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार द्वारा वीरता पुरस्कार-2018 की घोषणा की गई। शांति के समय दिया जाने वाला सर्वोच्च सैन्य सम्मान 'अशोक चक्र' किसे दिए जाने की घोषणा की गई?

(a) मेजर विजयंत बिष्ट (b) ज्योति प्रकाश निराला (c) मेजर अखिल राज (d) कैप्टन रोहित शुक्ला

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार द्वारा 'वीरता पुरस्कार-2018' (Gallantry Awards-2018) की घोषणा की गई।
- जिसमें भारतीय वायु सेना के गरुण कमांडो ज्योति प्रकाश निराला को मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किए जाने हेतु चुना गया।
- 26 जनवरी, 2018 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उनकी पत्नी और मां को ये सम्मान दिया।
- यह शांतिकाल में दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान होता है।
- कीर्ति चक्र-मेजर विजयंत विष्ट
- शौर्य चक्र-देवेंद्र मेहता, खैरनर मिलिंद किशोर (मरणोपरांत), अखिल राज आरवी, निलेश कुमार नयन (मरणोपरांत) कैप्टन रोहित शुक्ला, कैप्टन अभिनव शुक्ला, कैप्टन प्रदीप शौर्य आर्य, हवलदार मुबारक अली, हवलदार रबीन्द्र थापा, नायक नरेंदर सिंह, लांस नायक बदहर हुसैन और पीटीआर मंचू।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175896

प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कार, 2016

प्रश्न-25 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2016 के लिए प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कारों की घोषणा की गई। इस पुरस्कार से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

1.प्रधानमंत्री कार्यालय (PMD) प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कारों की घोषणा करता है।

2.ये पुरस्कार विभागीय उपक्रमों, केंद्रों और राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा निजी क्षेत्रों की इकाइयों में कार्यरत 50 श्रमिकों को प्रदान किए जाएंगे।

3.इन पुरस्कारों हेतु चयन उन्हीं उपक्रमों से किया जाता है जिनमें 500 या उससे ज्यादा श्रमिक कार्यरत हों।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से/सा कथन सही है/हैं?

(a) केवल (2) एवं (3) (b) केवल (1) एवं (3) (c) केवल (1) एवं (2) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2016 के लिए प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कारों की घोषणा की गई।
- श्रम और रोजगार मंत्रालय प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री श्रम पुरस्कारों की घोषणा करता है।
- ये पुरस्कार विभागीय उपक्रमों, केंद्र और राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा निजी क्षेत्र की इकाइयों में कार्यरत 50 श्रमिकों को प्रदान किया जाएगा।
- इन पुरस्कारों हेतु चयन उन्हीं उपक्रमों से किया जाता है जिनमें 500 या उससे ज्यादा श्रमिक कार्यरत हों।
- हालांकि इस वर्ष प्रदान किए जाने वाले श्रम पुरस्कारों की कुल संख्या 32 है, जो कि 3 महिलाओं सहित कुल 50 श्रमिकों को दिए जाएंगे।
- इनमें सार्वजनिक क्षेत्र के 34 श्रमिक और निजी क्षेत्र के 16 श्रमिक शामिल हैं।
- श्रम पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किए जाते हैं।
- इनमें 'श्रम रत्न पुरस्कार', 'श्रम भूषण पुरस्कार', 'श्रम वीर/वीरांगना' और 'श्रम श्री/श्रमदेवी पुरस्कार' शामिल हैं।
- इस वर्ष प्रतिष्ठित श्रम रत्न पुरस्कार के लिए किसी भी नामांकन को उपयुक्त नहीं पाया गया।
- सेल, भेल और टाटा स्टील लिमिटेड के 12 श्रमिकों को श्रम भूषण पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।
- जिसके अंतर्गत एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक सनद दिया जाता है।
- नेवल डॉकयार्ड, आयुध फैक्ट्री, राष्ट्रीय इस्पात निगम, टाटा स्टील, हिन्डालको इंडस्ट्रीज, पारादीप फॉस्फेड्स लि. और ब्रह्मोस एयरोस्पेस के 18 श्रमिक 'श्रम वीर/श्रम वीरांगना' पुरस्कार देने की घोषणा की गई।
- जिसके अंतर्गत 60 हजार रुपये नकद और एक सनद प्रदान किया जाएगा।
- सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, नेवल शिप रिपेयर यार्ड, टाटा मोटर्स, सूरत लिग्नाइट पॉवर प्लांट, लार्सन एंड टुब्रो इत्यादि के 20 श्रमिकों को श्रम श्री/श्रमदेवी पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- जिसके अंतर्गत 40 हजार रुपये नकद और एक सनद प्रदान किया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1517739

63वां जियो फिल्मफेयर अवॉर्ड, 2018

प्रश्न-20 जनवरी, 2018 को 63वें जियो फिल्मफेयर अवॉर्ड, 2018 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?

(a) आलिया भट्ट (b) विद्या बालन (c) अनुष्का शर्मा (d) दीपिका पादुकोण

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2018 को मुंबई नेशनल स्पोर्ट क्लब ऑफ इंडिया (NSCI) में 63वें जियो फिल्मफेयर अवॉर्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया।
- **पुरस्कार वितरण समारोह में वितरित प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं-**
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म-हिंदी मीडियम
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म (क्रिटिक्स)-न्यूटन
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-इरफान खान (फिल्म-हिंदी मीडियम)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-विद्या बालन (फिल्म-तुम्हारी सुलु)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक)-राजकुमार राव (फिल्म-ट्रैप्ड)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (क्रिटिक)-जाएरा वसीम (फिल्म-सीक्रेट सुपरस्टार)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक-अश्विनी अय्यर तिवारी (फिल्म बरेली की बर्फी)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता-राजकुमार राव (फिल्म-बरेली की बर्फी)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री-मेहर विज (फिल्म-सीक्रेट सुपरस्टार)
- सर्वश्रेष्ठ संगीत एल्बम-प्रीतम (फिल्म-जग्गा जासूस)
- सर्वश्रेष्ठ गीतकार-अमिताभ भट्टाचार्य (गीत-गलती से मिस्टेक, फिल्म-जग्गा जासूस)
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायक-अरिजीत सिंह (गीत-रोके न रूके नैना, फिल्म-बदरीनाथ की दुल्हानिया)
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्वगायिका-मेघा मिश्रा (गीत-नचदी फिरा, फिल्म-सीक्रेट सुपरस्टार)
- लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड-बप्पी लहरी एवं माला सिन्हा
- सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म के लिए पीपुल्स च्वाइस अवॉर्ड-अनाहूत
- सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक-कोंकणा सेन शर्मा (फिल्म-ए डेथ इन द गूंज)

संबंधित लिंक

https://www.filmfare.com/awards/filmfare-awards-2018/winners

जीडी बिड़ला सम्मान-2015-16

प्रश्न-हाल ही में विज्ञान के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए के.के. बिड़ला फाउंडेशन की ओर से किन दो युवा वैज्ञानिकों को जीडी बिड़ला सम्मान-2015-16 प्रदान किया गया?

(a) प्रो. संजय मित्तल एवं प्रो. उमेश वी. वाघमरे (b) प्रो. दीपक कुमार एवं प्रो. संजय मित्तल

(c) प्रो. जनार्दन रेड्डी एवं प्रो. उमेश वी. वाघमरे (d) प्रो. दीनानाथ शुक्ल एवं प्रो. सोमेश कुमार

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16 जनवरी, 2018 को विज्ञान के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए के.के. बिड़ला फाउंडेशन की ओर दो युवा वैज्ञानिकों को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में जीडी बिड़ला सम्मान 2015-16 प्रदान किया गया।
- वर्ष 2015 के लिए यह सम्मान, आईआईटी कानपुर के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. संजय मित्तल को मैकेनिक्स के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए दिया गया।
- जबकि, वर्ष 2016 का यह सम्मान बंगलुरू स्थित जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस साइंटिफिक रिसर्च में कार्यरत प्रो. उमेश वी. वाघमरे को भौतिकी के क्षेत्र में शोध के लिए दिया गया।
- ज्ञातव्य है कि शोध के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए जीडी बिड़ला अवॉर्ड फॉर साइंटिफिक रिसर्च की शुरूआत वर्ष 1991 में की गई थी।
- इस सम्मान को विशेष तौर पर ऐसे युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया था जो भारत में रह कर अपना शोध कार्य कर रहे हैं और विज्ञान के क्षेत्र में उनका विशिष्ट योगदान है।

संबंधित लिंक

http://htsyndication.com/htsportal/ht-mumbai/article/scindia%3A-link-universities-with-manufacturing-sector/25373387

राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार-2017

प्रश्न-18 जनवरी, 2018 को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार-2017 की घोषणा की गई। निम्न में से किसे प्रतिष्ठित 'भारत पुरस्कार' के लिए चुना गया है?

(a) तर्ह पीजू (b) नाजिया (c) तेजस्विता प्रधान (d) तुषार वर्मा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 जनवरी, 2018 को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार 2017 की घोषणा की गई।

- 7 लड़कियों समेत 18 बच्चों का चयन राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के लिए किया गया है।
- इनमें से 3 बच्चों को यह पुरस्कार मरणोपरांत प्रदान किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 जनवरी, 2018 को इन बच्चों को पुरस्कार प्रदान करेंगे।
- इस वर्ष का प्रतिष्ठित भारत पुरस्कार उत्तर प्रदेश की 18 वर्षीय कुमारी नाजिया को दिया जाएगा।
- नाजिया ने अपने घर के आस-पास दशकों से चल रहे अवैध जुए और सट्टेबाजी के खिलाफ आवाज उठाई। प्रतिष्ठित गीता चोपड़ा पुरस्कार कर्नाटक की 14 वर्षीय कुमारी नेत्रावती एम. चव्हाण को दिया जाएगा। इस बहादुर लड़की ने दो लड़कों को डूबने से बचाने के लिए अपनी जान दे दी।
- संजय चोपड़ा पुरस्कार पंजाब के 17.5 वर्षीय मास्टर करनबीर सिंह को दिया जाएगा।
- इन्होंने अपने निरंतर प्रयास और असीमित साहस से कई बहुमूल्य जीवनों की रक्षा की।
- मेघालय के मास्टर बेटश्वाजॉन पीनलांग (Betshwajohn peinlang), ओडिशा की ममता दलाई और केरल के मास्टर सेबस्टियन विनसेंट को बापू गैधानी पुरस्कार दिया जाएगा।
- बेट्श्वाजॉन ने बहादुरी से अपने भाई को जिंदा जलने से बचाया। ममता दलाई ने अपनी दोस्त को एक मगरमच्छ के जबड़े से बाहर निकाला। सेबस्टियन ने रेल पटरी पर एक दुर्घटना से अपने दोस्त को बचाया।
- पुरस्कार प्राप्त करने वाले अन्य बच्चे हैं-कुमारी लक्ष्मी यादव (छत्तीसगढ़), कुमारी मनशा एन, मास्टर एन.शेनपॉन, मास्टर योकनेई, मॉस्टर चिंगई वांग्सा (सभी नागालैंड से), समृद्धि सुशील शर्मा (गुजरात), मास्टर जोनुनतुआंगा, स्व. मास्टर एफ. ललछंदामा (दोनों मिजोरम से), मास्टर पंकज सेमवाल (उत्तराखंड), मास्टर नदाफ इजाज अब्दुल रॉफ (महाराष्ट्र), स्व. कुमारी लोकराकपम राजेश्वरी चानु (मणिपुर) और मास्टर पंकज कुमार महंत (ओडिशा)।
- ज्ञातव्य है कि भारतीय बाल कल्याण परिषद द्वारा राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार की शुरूआत वर्ष 1957 में हुई थी।
- भारतीय बाल कल्याण परिषद ने वर्ष 1987-88 से असाधारण मेधा व बहादुरी के लिए 'भारत पुरस्कार' की शुरूआत की।
- दूसरे विशेष पुरस्कारों गीता चोपड़ा और संजय चोपड़ा पुरस्कार को वर्ष 1978 में शामिल किया गया था।
- जबकि 1988-89 में बापू गैधानी पुरस्कारों की शुरूआत की गई।
- गौरतलब है कि वर्ष 1957 से अब तक 963 बहादुर बच्चों को ये पुरस्कार दिए गए हैं जिनमें 680 लड़के और 283 लड़कियां हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175724

आईसीसी अवॉर्ड्स-2017

प्रश्न-हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के वार्षिक पुरस्कारों के अंतर्गत 'सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी' (सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर) किसे प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

(a) जो रूट (b) रविचंद्रन अश्विन (c) विराट कोहली (d) एलिस्टेयर कुक

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 18 जनवरी, 2018 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) के वार्षिक पुरस्कारों 'आईसीसी अवॉर्ड्स-2017' की घोषणा की गई।
- वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हेतु प्रतिष्ठित सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली को प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी (राचेल हेओए फिंल्ट अवॉर्ड) का पुरस्कार ऑस्ट्रेलिया की एलिसे पेरी को प्रदान किया जाएगा।
- **अन्य पुरस्कार इस प्रकार है-**
- वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट खिलाड़ी-स्टीव स्मिथ (ऑस्ट्रेलिया)
- वर्ष का सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय खिलाड़ी (पुरुष)-विराट कोहली (भारत)
- वर्ष का उभरता हुआ खिलाड़ी (Men's Emerging Cricketer of the year)-हसन अली (पाकिस्तान)
- वर्ष का एसोसिएट क्रिकेटर (Men's Associate Cricketer of the year)-राशिद खान (अफगानिस्तान)
- वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टी-20 अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन (Men's T-20 I Performance of the year)-युजवेंद्र चहल (भारत)
- वर्ष की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय खिलाड़ी (महिला)-एमी सैटर्थवेट (न्यूजीलैंड)
- वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टी 20 खिलाड़ी (महिला)-बेथ मूने (ऑस्ट्रेलिया)
- वर्ष की उभरती खिलाड़ी (महिला)-बेथ मूने (ऑस्ट्रेलिया)
- स्पिरिट ऑफ क्रिकेट अवॉर्ड (ICC Spirit of Cricket)- अन्या श्रुबसोले (Anya Shrubsole) (इंग्लैंड)
- वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर की डेविड शेफर्ड ट्रॉफी-मराइस इरासमुस (Marais Erasmus) (दक्षिण अफ्रीका)
- भारत के विराट कोहली को आईसीसी की पुरुष टेस्ट एवं एकदिवसीय टीम का कप्तान चुना गया है।
- गौरतलब है कि यह दूसरा अवसर है जब विराट कोहली को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय खिलाड़ी घोषित किया गया। इससे पूर्व इन्हें वर्ष 2012 में यह सम्मान प्राप्त हुआ था।

- टेस्ट टीम में शामिल भारतीय खिलाड़ी हैं-विराट कोहली (कप्तान), चेतेश्वर पुजारा एवं आर. अश्विन।
- एकदिवीय टीम में शामिल भारतीय खिलाड़ी हैं-विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा एवं जसप्रीत बुमराह (12वें खिलाड़ी के रूप में)।
- ICC की महिला एकदिवसीय टीम का कप्तान इंग्लैंड की हीथर नाइट को चुना गया है तथा इसमें भारत की मिताली राज एवं एकता बिष्ट भी शामिल हैं।
- ICC की महिला टी-20 टीम का कप्तान वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर को चुना गया है तथा इसमें भारत की हरमनप्रीत कौर तथा एकता बिष्ट भी शामिल हैं।
- पाकिस्तान द्वारा भारत को पराजित कर ICC चैंपियंस ट्रॉफी, 2017 जीतना, समर्थकों (Fans) द्वारा उनका 'फेवरेट मोमेंट ऑफ द ईयर' चुना गया है।
- पुरस्कारों के लिए खिलाड़ियों का चयन 1 सितंबर, 2016 और 31 दिसंबर, 2017 की मध्यावधि के दौरान किए गए प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

संबंधित लिंक

https://www.icc-cricket.com/media-releases/596948

24वां क्रिस्टल अवॉर्ड-2018

प्रश्न-हाल ही में विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा वार्षिक 24वें क्रिस्टल अवॉर्ड की घोषणा की गई। इसमें किस प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता को शामिल किया गया है?

(a) सलमान खान (b) शाहरुख खान (c) अनुपम खेर (d) अमिताभ बच्चन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा वार्षिक '24वें क्रिस्टल अवॉर्ड' (Crystal Award) की घोषणा की गई।
- यह पुरस्कार प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियन अभिनेत्री केट ब्लेनकेट (Cate Blanchett), संगीतकार इल्टन जॉन (Elton John) एवं प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को प्रदान किया जाएगा।
- इन सभी को यह पुरस्कार दावोस क्लोस्टर्स (Davos Klosters), स्विट्जरलैंड में आयोजित विश्व आर्थिक मंच के वार्षिक बैठक उद्घाटन सत्र में प्रदान किया जाएगा।
- केट ब्लेनकेट को यह पुरस्कार शरणार्थी संकट के बारे में जागरूकता बढ़ाने में उनके नेतृत्व के लिए प्रदान किया जाएगा। वह वर्ष 2016 में यूएनएचसीआर (UNHCR) की वैश्विक सद्भावना दूत नियुक्त हुई थीं। इल्टन जॉन को यह पुरस्कार एचआईवी/एड्स के विरुद्ध लड़ाई में उनके नेतृत्व के लिए प्रदान किया जाएगा।

- जबकि शाहरुख खान को यह पुरस्कार भारत में बच्चों और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करने में उनके नेतृत्व के लिए दिया जाएगा।

संबंधित लिंक

https://www.weforum.org/press/2018/01/world-economic-forum-announces-2018-crystal-award-winners

पहला केपीएस गिल 'फीयरलेस इंडियन' पुरस्कार

प्रश्न-हाल ही में किसे पहला केपीएस गिल 'फीयरलेस इंडियन' पुरस्कार प्रदान किया गया?

(a) रजत शर्मा (b) नीलम शर्मा (c) रवीश तिवारी (d) संजीव चौधरी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 29 दिसंबर, 2017 को डीडी न्यूज की वरिष्ठ एंकर नीलम शर्मा को पहला 'केपीएस गिल फीयरलेस इंडियन', पुरस्कार प्रदान किया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार के.पी. एस. गिल फाउंडेशन की ओर से पत्रकारिता एवं महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया जाता है।

संबंधित लिंक

https://twitter.com/DDNewsLive/status/946782088446935041

75वां गोल्डन ग्लोब पुरस्कार-2018

प्रश्न-75वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कार वितरण समारोह में 'मोशन पिक्चरः संगीत या हास्य' वर्ग में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार किसे दिया गया?

(a) मूनलाइट (b) गेट आउट (c) कॉल मी बाई योर नेम (d) लेडी बर्ड

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 7 जनवरी, 2018 को अमेरिका के बेवरली हिल्टन, लॉस एंजेल्स, कैलीफोर्निया में वर्ष 2018 के गोल्डन ग्लोब पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।
- **प्रमुख वर्गों में प्रदत्त पुरस्कार इस प्रकार रहे-**
  मोशन पिक्चरः नाट्य वर्ग (Drama)
- सर्वश्रेष्ठ फिल्म-थ्री बिलबोर्ड्स आउटसाइड इबिंग, मिसौरी (निर्देशक-मार्टिन मैकडोनघ)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-गैरी ओल्डमैन (फिल्म-डार्केस्ट ऑवर)

- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-फ्रांसेस मैकडोरमंड (फिल्म-थ्री बिलबोर्ड्स आउटसाइड इबिंग, मिसौरी)

मोशन पिक्चरः संगीत या हास्य (Musical or Comedy)

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म-लेडी बर्ड (निर्देशक-ग्रेटा गेरविग)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-जेम्स फ्रैंको (फिल्म-द डिसास्टर आर्टिस्ट)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-साओर्स रोनन (फिल्म-लेडी बर्ड)

अन्य प्रदत्त पुरस्कार-

- सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म-इन द फेड (जर्मनी, फ्रांस)
- सर्वश्रेष्ठ एनीमेटेड फिल्म-कोको (निर्देशक-ली अनक्रिच)
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक-गिलर्मो डेल टोरो (फिल्म-द शेप ऑफ वाटर)
- सर्वश्रेष्ठ पटकथा-मार्टिन मैकडोनघ (फिल्म-थ्री बिलबोर्ड्स आउटसाइड इबिंग, मिसौरी)
- टेलीविजन सीरीज : संगीत या हास्य वर्ग में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भारतीय मूल के अजीज अंसारी को दिया गया।
- नोटः ओपरा विन्फ्रे पहली अश्वेत महिला हैं जिन्हें सेसिल बी. डेमिले पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संबंधित लिंक

https://www.goldenglobes.com/winners-nominees

13वां नवलेखन पुरस्कार, 2017

प्रश्न-हाल ही में भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा किस नवोदित रचनाकार को '13वां नवलेखन पुरस्कार, 2017' प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

(a) विष्णु नागर (b) आलोक रंजन (c) रेशमी भरद्वाज (d) अमिय बिंदु

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 22 दिसंबर, 2017 को भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा नवोदित रचनाकर आलोक रंजन को वर्ष 2017 को '13वां नवलेखन पुरस्कार' प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- यह पुरस्कार वरिष्ठ लेखक, पत्रकार विष्णु नागर की अध्यक्षता में गठित निर्णायक समिति द्वारा सर्वसम्मति से आलोक रंजन की दक्षिण भारत पर केंद्रित यात्रा-वृतांत की पांडुलिपि को दिये जाने का निर्णय लिया गया है।
- उल्लेखनीय है कि नवलेखन पुरस्कार भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा नवोदित रचनाकारों की पहली कृति की पांडुलिपि पर दिया जाता है।

- इस पुरस्कार के तहत सरस्वती की प्रतिमा, प्रशस्ति पत्र और 50 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं।

संबंधित लिंक

http://jnanpith.net/sites/default/files/13th_Navlekhan_Award_for_2017_goes_to_Alok_Ranjan.pdf

योजना/परियोजना

बंगलुरू जलापूर्ति एवं सीवरेज परियोजना (चरण-3) (1)

प्रश्न-हाल ही में जापान सरकार ने बंगलुरू जलापूर्ति एवं सीवरेज परियोजना (चरण-3)(1)हेतु कितनी राशि की जेआईसीए आधिकारिक विकास ऋण सहायता की प्रतिबद्धता व्यक्त की?

(a) 40 अरब येन (b) 42 अरब येन (c) 45 अरब येन (d) 48 अरब येन

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 24 जनवरी, 2018 को जापान सरकार ने बंगलुरू जलापूर्ति एवं सीवरेज परियोजना (चरण-3) (1) हेतु 45 अरब येन (लगभग 2587 करोड़ रुपए) की जेआईसीए आधिकारिक विकास ऋण सहायता की प्रतिबद्धता व्यक्त की।
- आर्थिक मामलों के विभाग में संयुक्त सचिव एस. सेल्वाकुमार और भारत में जापान के राजदूत केन्जी हीरामत्सु के बीच इससे संबंधित दस्तावेजों का अदान-प्रदान किया गया।
- इस परियोजनांतर्गत वृहद बंगलुरू महानगर पालिका (BBMP) क्षेत्र, मुख्यतः 110 गांवों के निवासियों को सुरक्षित एवं स्थिर जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी और साथ ही सीवरेज सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।
- इसके लिए जल शोधन संयंत्र और सीवरेज शोधन संयंत्र की स्थापना की जाएगी।
- जिससे कर्नाटक राज्य के बीबीएमपी से जुड़े क्षेत्रों में निवासरत लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा और साथ ही निवेश माहौल में भी अपेक्षित सुधार होगा।
- ज्ञातव्य है कि भारत और जापान के मध्य वर्ष 1958 से ही द्विपक्षीय विकास सहयोग संबंध स्थापित हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1517656

राष्ट्रीय सीएसआर डेटा पोर्टल और कॉरपोरेट डेटा पोर्टल लांच

प्रश्न-हाल ही में किसने राष्ट्रीय सीएसआर डेटा पोर्टल और कॉरपोरेट डेटा पोर्टल लांच किया?

(a) सुरेश प्रभु (b) अरुण जेटली (c) रविशंकर प्रसाद (d) नरेंद्र मोदी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 जनवरी, 2018 को केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों के मंत्री अरुण जेटली ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय सीएसआर डेटा पोर्टल और कॉरपोरेट डेटा पोर्टल लांच किए।
- राष्ट्रीय सीएसआर डेटा पोर्टल के तहत पात्र कंपनियों द्वारा क्रियान्वित की गई सीएसआर संबंधी गतिविधियों से जुड़ी सूचनाएं उनके द्वारा अपने-अपने वित्तीय विवरणों के अंतर्गत एमसीए-21 रजिस्ट्री में दर्ज की जाती है।
- इस पोर्टल पर परियोजना के बारे में आवश्यक टिप्पणियां करने या जानकारियां (फीड बैक) देने की भी सुविधा है जो पंजीकृत उपयोगकर्ता दे सकते हैं।
- डेटा तक खुली पहुंच सुलभ होने से अनुसंधानकर्ताओं को मदद मिलने की आशा है।
- इसके साथ ही कंपनियों द्वारा दर्ज किए जाने वाले डेटा की गुणवत्ता सुधारने में भी मदद मिलने की आशा है।
- वहीं कॉरपोरेट डेटा पोर्टल का उद्देश्य कंपनियों की समस्त वित्तीय एवं गैर-वित्तीय सूचनाएं आम जनता को उपभोक्ता/उपयोगकर्ता अनुकूल प्रारूप में उपलब्ध कराना है।
- इसमें पूर्व-निर्धारित रिपोर्टों के साथ-साथ अनुकूलित रिपोर्टों को भी सृजित करने की सुविधा है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175763

सतत शहरी नियोजन पर पहले पाठ्यक्रम का शुभारंभ

प्रश्न-हाल ही में नोएडा स्थित किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के आउटरीच सेंटर में रिमोट सेंसिंग और भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) आधारित सतत शहरी नियोजन पर एकेडमिक नेटवर्क कोर्स पर पहले वैश्विक पहल का उद्घाटन किया गया?

(a) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (b) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की

(c) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (d) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर

नीति आयोग

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 जनवरी, 2018 को नीति आयोग के प्रधान सलाहकार रतन पी वाटल ने नोएडा स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के आउटरीच सेंटर में रिमोट सेंसिंग और भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) आधारित सतत शहरी नियोजन पर एकेडमिक नेटवर्क कोर्स पर पहले वैश्विक पहल का उद्घाटन किया।
- यह कोर्स नीति आयोग और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के सहयोग से मानव संसाधन विकास मंत्रालय के जीआईएएन (GIAN: Global Initiative on Academic Network) के तहत आयोजित किया जा रहा है।
- कार्यक्रम का उद्देश्य भागीदारों को नवीनतम सुदूर संवेदी और जीआईएस दक्षता प्रदान करना है जिससे उन्हें भारतीय शहरों में तेजी से बदलते शहरी पर्यावरण को व्यवस्थित करने की चुनौतियों का सामना करने में सहायता मिल सके।
- इस कार्यक्रम के तहत जल संसाधन प्रबंधन, जल प्रदूषण और जल परिशोधन से संबंधित महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की स्थापना पर विशेष फोकस होगा।
- आईआईटी कानपुर के भू-विज्ञान विभाग के प्रोफेसर राजीव सिन्हा और डरहम विश्वविद्यालय, इंग्लैंड के भूगोल विभाग के प्रोफेसर डॉ. पैट्रीस कार्बोने द्वारा यह कार्यक्रम समन्वित किया गया।
- यह कोर्स केंद्र सरकार के स्मार्ट सिटीज मिशन हेतु प्रशिक्षित जनशक्ति के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175653

धौलपुर लिफ्ट सिंचाई परियोजना

प्रश्न-हाल ही में राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने धौलपुर लिफ्ट सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया। विकल्प में इस परियोजना के संबंध में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह परियोजना धौलपुर जिले के मरैना में स्थापित की जा रही है।

(b) यह देश की पहली पाइपलाइन एवं स्प्रिंटक्लर आधारित लिफ्ट सिंचाई परियोजना है।

(c) परियोजना की लागत राशि 852 करोड़ रुपये है।

(d) परियोजना की पूर्णता अवधि वर्ष 2021 है।

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 22 दिसंबर, 2017 को राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने धौलपुर जिले के मरैना में धौलपुर लिफ्ट सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया।
- यह देश की पहली पाइपलाइन एवं स्प्रिंटक्लर आधारित लिफ्ट सिंचाई परियोजना है।
- इस परियोजनांतर्गत 1600 किमी. पाइपलाइन का नेटवर्क स्थापित किया जाएगा।
- परियोजना की लागत राशि 852 करोड़ रुपये है तथा पूर्णता अवधि वर्ष 2020 है।
- इससे धौलपुर जिले के बाड़ी, धौलपुर तथा राजाखेड़ा तहसीलों के 234 गांवों के लिए पीने का पानी भी उपलब्ध होगा।
- इस परियोजना के साथ ही 30 मेगावॉट विद्युत उत्पादन क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र भी स्थापित किया जाएगा।
- इस संयंत्र से परियोजना में पानी को लिफ्ट करने हेतु बिजली की आपूर्ति की जाएगी।

संबंधित लिंक

http://dipr.rajasthan.gov.in/content/dipr/en/news-detail.56982.html

भावांतर भरपाई योजना

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य की सरकार द्वारा भावांतर भरपाई योजना शुरू की गई है?

(a) मध्य प्रदेश (b) छत्तीसगढ़ (c) हरियाणा (d) झारखंड

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 30 दिसंबर, 2017 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने करनाल जिले के गांगर गांव में भावांतर भरपाई योजना का शुभारंभ किया।
- इस योजना का मुख्य उद्देश्य मंडी में सब्जी व फल की कम कीमत के दौरान किसानों का निर्धारित संरक्षित मूल्य द्वारा जोखिम कम करना और कृषि में विविधिकरण के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना है।
- प्रथम चरण में इस योजना के तहत चार सब्जियों टमाटर, प्याज, आलू और फूलगोभी के संरक्षित मूल्य तय किए गए हैं।
- टमाटर व आलू का संरक्षित मूल्य 400 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है।
- योजनान्तंर्गत यदि किसानों को इन सब्जियों के दाम तय मूल्य से कम मिलते हैं तो उसकी भरपाई सरकार करेगी।
- हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां किसानों के हितों की रक्षा हेतु सब्जियों के न्यूनतम संरक्षित मूल्य तय किए गए हैं।

- इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु किसान को फसल की पैदावार के दौरान मार्केटिंग बोर्ड की वेबसाइट पर बागवानी भावांतर (BBY) ई-पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करवाना अनिवार्य है।
- योजना के तहत उक्त चार फसलों पर 48000 रुपये से 50000 रुपये प्रति एकड़ आमदनी सुनिश्चित करना है।
- मंडी में निर्धारित अवधि के अंदर सब्जी के कम दाम बिकने पर वेबसाइट (www.hasmb.gov.in) पर बीबीवाई ई-पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत किसानों को संरक्षित मूल्य तक भाव के अंतर की सरकार द्वारा भरपाई की जाएगी।
- ज्ञातव्य है कि बिक्री की अवधि के दौरान यदि फसल उत्पादन का थोक मूल्य संरक्षित मूल्य से कम मिलता है, तो किसान भाव के अंतर के लिए पात्र होगा।
- जे-फार्म पर बिक्री तथा निर्धारित उत्पादन प्रति एकड़ (जो भी कम होगा) को भाव के अंतर से गुना करने पर प्रोत्साहन देय होगा।
- प्रोत्साहन राशि किसान के आधार लिंक्ड बैंक खाते में बिक्री के 15 दिन के अंदर हस्तांतरित कर दी जाएगी।
- औसत दैनिक थोक मूल्य मंडी बोर्ड द्वारा चिह्नित मंडियों के दैनिक भाव के आधार पर निर्धारित किया जाएगा।
- योजना को प्रभावी तौर पर लागू करने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय एवं उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समितियों द्वारा समय-समय पर आकलन किया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://punjabkesari.com/country/haryana/in-the-state-of-bhawantpur-compensation-scheme-started/

मुख्यमंत्री जन-धन सुरक्षा योजना

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश में 'मुख्यमंत्री जनधन सुरक्षा योजना' जल्द ही लागू की जाएगी?

(a) राजस्थान (b) उत्तर प्रदेश (c) मध्य प्रदेश (d) बिहार

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2018 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की कि प्रदेश में 'मुख्यमंत्री जन-धन सुरक्षा योजना' जल्द ही लागू की जाएगी।

- इस योजना के माध्यम से लोगों को सुरक्षित निवेश के लिए प्रेरित किया जाएगा।
- साथ ही, चिटफंड कंपनी के मालिकों को खोजकर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

संबंधित लिंक

http://mpinfo.org/News/TodaysNews.aspx?newsid=20180120N16&LocID=1&PDt=1/20/2018

कलाकारों के सहायतार्थ ओडिशा सरकार की योजना

प्रश्न-हाल ही में ओडिशा सरकार द्वारा कलाकारों के सहायतार्थ कौन-सी योजना की घोषणा की गई?

(a) मुख्यमंत्री कलाकार सहायता योजना (एमएमकेएसजे)

(b) कलाकार निधि (c) रंगमंच सहायता कोष (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 15 जनवरी, 2018 को ओडिशा सरकार द्वारा कलाकारों के हितार्थ एक नई योजना की घोषणा की गई।
- यह योजना ओडिशा की कला और संस्कृति को लोकप्रिय बनाने और उसके प्रसार में संलग्न कलाकारों के लिए है।
- योजना राज्य भर के 50,000 कलाकारों को 1200 रुपये की सहायता प्रदान करेगी।
- वर्तमान में केवल 4000 कलाकारों को प्रतिमाह 1,000 रुपये की सहायता की जा रही है।
- राज्य सरकार ने कलाकार सहायता प्राप्त करने के लिए पात्रता के आयु मानदंडों को भी लचीला बनाया है।
- जिसके तहत योजना हेतु पुरुष लाभार्थी 60 वर्ष की आयु की बजाय अब 50 वर्ष की आयु में ही पात्र हो जाएगा।
- महिला कलाकार के लिए आयु मानदंड को 50 वर्ष से 40 वर्ष कर दिया गया है।
- योजना का कार्यान्वयन जिला प्रशासन के द्वारा किया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://www.governmentschemesindia.in/mukhyamantri-kalakar-sahayata-yojana-odisha/

देश के पहले कृषि विकल्प कारोबार का शुभारंभ

प्रश्न-हाल ही में पहले कृषि विकल्प कारोबार की शुरूआत किस कृषि जींस से की गई?

(a) सरसों (b) गेहूं (c) ग्वार सीड (d) चना

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 14 जनवरी, 2018 को वित्त मंत्री अरूण जेटली ने देश के पहले कृषि विकल्प कारोबार का शुभारंभ किया।
- यह नई पहल है जिससे किसान लाभान्वित होंगे।
- इसके माध्यम से किसान अपने उत्पादों पर बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे।
- यह पहल नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड (NCDEX) द्वारा शुरू की गई है।
- एमसीएक्स के बाद एनसीडीईएक्स जींस का विकल्प कारोबार शुरू करने वाला दूसरा एक्सचेंज है।
- इससे पूर्व अक्टूबर, 2017 में एमसीएक्स ने सोने (Gold) का विकल्प कारोबार शुरू किया था।
- ग्वार सीड में एनसीडीईएक्स कृषि विकल्प का उद्देश्य कमोडिटी बाजारों में किसानों को बेहतर सहभागिता प्रदान करना है।
- इस अवसर पर एनसीडीईएक्स ने किसानों के लिए एक मोबाइल एप्लीकेशन मंडी का भी शुभारंभ किया।
- इस ऐप के माध्यम से किसान विकल्प और कमोडिटी बाजार के विषय में और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1516662

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 26 लंबे स्पान पुलों को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा किस राज्य में 26 लंबे स्पान पुलों के निर्माण हेतु मंजूरी प्रदान की गई?

(a) असम (b) राजस्थान (c) हिमाचल प्रदेश (d) मध्य प्रदेश

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2018 को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा राजस्थान में 26 लंबे स्पान पुलों (Long span bridge) के निर्माण हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- पीएमजीएसवाई प्रथम योजना (वर्ष 2017-18) के तहत राज्य सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर नवंबर माह में हुई एम्पावर्ड कमेटी की बैठक की अनुशंसाओं के आधार पर यह मंजूरी प्रदान की गई है। इस मंजूरी के अंतर्गत पुलों के निर्माण पर 161 करोड़ 65 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी।

- इन पुलों की सम्मिलित लंबाई 2 हजार 950 मीटर है। इन पुलों के निर्माण पर केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा 44 करोड़ 56 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी।
- मंजूर किए गए पुल निर्माण कार्यों के अंतर्गत सर्वाधिक 12 पुलों का निर्माण बारां जिले में किया जाएगा।
- इसके अलावा उदयपुर जिले में 7, करौली जिले में तीन, सिरोही जिले में दो एवं बूंदी जिले में एक पुल का निर्माण होगा।

संबंधित लिंक

https://www.patrika.com/jaipur-news/modi-govt-sanction-to-construct-26-long-span-bridge-in-rajasthan-2179258/

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

प्रश्न-उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का गठन किसकी तर्ज पर किया जाएगा?

(a) कोच्चि मेट्रो कॉर्पोरेशन (b) महाराष्ट्र रेल कॉर्पोरेशन

(c) दिल्ली मेट्रो कॉर्पोरेशन (d) कोलकाता रेल कॉर्पोरेशन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में एक एकल विशेष प्रयोजन साधन (Single Special Purpose Vehicle) के रूप में उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के गठन का निर्णय किया गया।
- इसका गठन महाराष्ट्र रेल कार्पोरेशन (माहा मेट्रो) की तर्ज पर किया जाएगा।
- उत्तर प्रदेश के विभिन्न महानगरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं/रेल आधारित मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजनाओं का क्रियान्वयन अब इस कार्पोरेशन द्वारा किया जाएगा।
- उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन का गठन लखनऊ मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार की 50: 50 की संयुक्त स्वामित्व वाली कंपनी) को पुनर्गठित किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण नगरों में यातायात के बढ़ते दबाव के दृष्टिगत पब्लिक ट्रांसपोर्ट प्रणाली के रूप में रेल आधारित मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना प्रस्तावित है।
- इस क्रम में लखनऊ महानगर में लखनऊ मेट्रो परियोजना फेज-1A का कार्य तीव्रता से पूर्ण किया जा रहा है।

- इस परियोजनांतर्गत 5 सितंबर, 2017 से ट्रांसपोर्ट नगर से चारबाग तक निर्मित लगभग 8.5 किमी. लम्बे प्राथमिक सेक्शन पर मेट्रो का संचालन प्रारंभ किया जा चुका है।
- वर्तमान में नोएडा, ग्रेटर नोएडा के मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण भी किया जा रहा है।
- कानपुर, वाराणसी, आगरा और मेरठ महानगरों हेतु पूर्व में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी.पी.आर.) तैयार की गई थी।
- हाल ही में भारत सरकार द्वारा जारी मेट्रो रेल नीति, 2017 के अंतर्गत इन महानगरों के डी.पी.आर. के पुनःपरिक्षण की कार्यवाही की जा रही है।
- इसके अलावा गोरखपुर और इलाहाबाद की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी.पी.आर.) भी तैयार की जा रही है।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=884

गंगा ग्राम परियोजना

प्रश्न- गंगा तट पर बसे गांवों को खुले में शौच से मुक्त घोषित करने के पश्चात मंत्रालय व राज्य सरकारों द्वारा 24 ऐसे गांवों की पहचान की गई है, जिन्हें गंगा ग्राम के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। इन गांवों को गंगा ग्राम में बदलने का लक्ष्य रखा गया है-

(a) 1 अगस्त, 2018 तक (b) 15 सितंबर, 2018 तक

(c) 20 नवंबर, 2018 तक (d) 31 दिसंबर, 2018 तक

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 23 दिसंबर, 2017 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में गंगा ग्राम स्वच्छता सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- इस सम्मेलन के दौरान नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गंगा ग्राम परियोजना का औपचारिक शुभारंभ किया गया।
- इस योजना का उद्देश्य-गंगा नदी के तट पर गांवों में संपूर्ण स्वच्छता लाना है।
- गंगा ग्राम परियोजना के अंतर्गत ठोस और द्रव कचरा प्रबंधन, तालाबों और अन्य जलाशयों का पुनरुद्धार, जल संरक्षण परियोजनाएं, जैविक खेती, बागवानी तथा औषधीय पौधों को प्रोत्साहन देना शामिल है।
- इस अवसर पर ही गंगा स्वच्छता मंच का भी शुभारंभ किया गया।
- ज्ञातव्य है कि पेयजल और स्वच्छता मंत्री उमा भारती की पहल पर इस मंच का गठन हुआ है।

- इस मंच में शिक्षाविद्, नागरिक संगठन व आम नागरिक शामिल हैं।
- गंगा स्वच्छता सम्मेलन में गंगा तट पर स्थित राज्यों के 500 ग्राम सरपंच व 1400 प्रतिनिधियों सहित राज्य व जिला अधिकारी तथा गंगा स्वच्छता मंच के स्वयंसेवकों ने भाग लिया।
- गंगा तट पर बसे गांवों को खुले में शौच से मुक्त घोषित करने के पश्चात मंत्रालय व राज्य सरकारों द्वारा 24 ऐसे गांवों की पहचान की गई है, जिन्हें गंगा ग्राम के रूप में परिवर्तित किया जाएगा।
- 31 दिसंबर, 2018 तक इन गांवों को गंगा ग्राम में बदलने का लक्ष्य रखा गया है।
- इस योजना के संदर्भ में नीतियों के निर्माण के साथ ही सभी आवश्यक निर्णय लेने हेतु पेयजल व स्वच्छता मंत्री की अध्यक्षता में सलाहकार समिति गठित की गई है।
- इसके अतिरिक्त एक अन्य समिति का गठन किया गया है, जो परियोजना का पर्यवेक्षण करेगी, समन्वय स्थापित करेगी तथा इसे लागू करेगी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1513857
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=174802

'मुहाफिज' योजना

प्रश्न-हाल ही में जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा मुहाफिज योजना शुरू की गई। यह योजना किससे संबंधित हैं?

(a) असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से (b) संगठित क्षेत्र के श्रमिकों से

(c) महिलाओं की सुरक्षा से (d) बच्चों की सुरक्षा से

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8 जनवरी, 2018 को जम्मू और कश्मीर की मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने राज्य के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने हेतु मुहाफिज (संरक्षण) नामक योजना का शुभारंभ किया।
- इस योजना का उद्देश्य इन श्रमिकों को संस्थागत सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है।
- यह योजना मुख्यमंत्री की पहल पर शुरू की गई है।
- योजनान्तर्गत जम्मू-कश्मीर भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के साथ पंजीकृत भवन और लगभग तीन लाख श्रमिकों को आकस्मिक दुर्घटना, जीवन और विकलांगता बीमा के तहत कवर किया जाएगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के लिए जेके बैंक के माइक्रोक्रेडिट लिंक्ड डेबिट कार्ड का अनावरण किया।

- इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों हेतु बीमा योजना तथा श्रमिक कल्याण बोर्ड की वेबसाइट का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री ने इन श्रमिकों के बच्चों को प्रदत्त मासिक छात्रवृत्ति की राशि 1200 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने की भी घोषणा की।

संबंधित लिंक

https://kashmirreader.com/2018/01/09/muhafiz-scheme-launched-cm-says-committed-to-welfare-of-marginalised-sections/

पिपराईच चीनी मिल और मुंडेरवा चीनी मिल की अविवादित भूमि पर नई चीनी मिल एवं को-जेनरेशन प्लांट की स्थापना का निर्णय

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा किन दो जिलों में बंद पड़ी चीनी मिलों की अविवादित भूमि पर नई चीनी मिल एवं को-जेनरेशन प्लांट की स्थापना का निर्णय लिया गया?

(a) बाराबंकी, जौनपुर (b) फतेहपुर, फैजाबाद (c) गोरखपुर, बस्ती (d) बस्ती, महराजगंज

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में गोरखपुर जिले में बंद पिपराईच चीनी मिल और बस्ती जिले में बंद पड़ी मुंडेरवा चीनी मिल की अविवादित भूमि पर नई चीनी मिल और को-जेनरेशन प्लांट की स्थापना का निर्णय लिया गया।
- इन दोनों चीनी मिलों की अविवादित भूमि पर 5000 टी.सी.डी. की नई चीनी मिल एवं उसके अनुरूप को-जेनरेशन प्लांट की स्थापना की जाएगी।
- उक्त दोनों परियोजना की स्थापना पर होने वाला व्ययभार शत-प्रतिशत ऋण के रूप में राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।
- राज्य मंत्रिमंडल की अनुमति के पश्चात एक वर्ष में दोनों स्थलों पर चीनी मिल एवं को-जेनरेशन प्लांट की स्थापना कर संचालन किया जाएगा।
- चीनी मिल क्षेत्र के किसानों की समृद्धि, क्षेत्र का सर्वांगीण विकास, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा एवं प्रदेश का आर्थिक विकास होगा।
- ज्ञातव्य है कि पिपराईच चीनी मिल (नवीन) के पास पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण प्राप्त होने के बाद 1 वर्ष के अंदर आसवनी की स्थापना कर उसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=900

सीसीईए ने एमपीलैड्स को 12वीं योजना से आगे जारी रखने की स्वीकृति दी

प्रश्न-हाल ही में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने संसद सदस्य क्षेत्रीय विकास योजना (MPLADS) को कब तक जारी रखने को अपनी स्वीकृति दी?

(a) 31 मार्च, 2019 (b) 31 मार्च, 2022 (c) 31 मार्च, 2020 (d) 31 मार्च, 2023

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने संसद सदस्य क्षेत्रीय विकास योजना (MPLADS) को 12वीं योजना से आगे 14वें वित्त आयोग की कार्यावधि तक जारी रखने की स्वीकृति दी।
- योजना को 3950 करोड़ रुपये के वार्षिक आवंटन तथा 11850 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ, अगले 3 वर्षों तक जारी रखने तथा मंत्रालय द्वारा राज्य/जिला स्तर पर अधिकारियों की क्षमता में वृद्धि करने/उन्हें दिए जाने वाले प्रशिक्षण के प्रयोजनार्थ योजना में करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया गया।
- एमपीलैड्स की निधियां नोडल जिला प्राधिकारियों को आवश्यक दस्तावेजों के प्राप्त होने तथा एमपीलैड्स संबंधी दिशा-निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार जारी की जाती हैं।
- इस योजना के अंतर्गत पेयजल, शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा सड़कों जैसे राष्ट्रीय प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में स्थानीय रूप से महसूस की गई आवश्यकताओं के आधार पर टिकाऊ परिसपंत्तियों के सृजन से देश की संपूर्ण आबादी को लाभ मिलेगा।
- ज्ञातव्य है कि एमपीलैड्स योजना केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 1993-1994 में लांच की गई थी।
- योजना प्रारंभ होने के बाद से अगस्त, 2017 तक एमपीलैड्स निधियों से 44,929.17 करोड़ रुपये के कुल 18,82,18, कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175503

मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना

प्रश्न-मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 9 जनवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में यह योजना लागू करने का निर्णय किया गया।

(b) योजना के तहत बनटांगिया, मुसहर एवं थारू आदि वर्गों के बाहुल्य वाले ग्रामों का स्थायी और समेकित

विकास किया जाएगा।

(c) योजना का क्रियान्वयन ग्राम्य विकास विभाग (अनुभाग-5) द्वारा किया जाएगा।

(d) योजनांतर्गत चयनित राजस्व ग्राम में 17 कार्यदायी विभागों के 24 कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में 'मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना' लागू करने का निर्णय किया गया। योजनांतर्गत प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र (अंतरराष्ट्रीय/अंतरराज्यीय) पर स्थित उपेक्षित ग्रामों का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। इस योजना के तहत बनटांगिया, मुसहर एवं थारू आदि वर्गों के बाहुल्य वाले ग्रामों का स्थायी और समेकित विकास किया जाएगा। योजना का क्रियान्वयन ग्राम्य विकास विभाग (अनुभाग-10) द्वारा किया जाएगा। इस योजनांतर्गत चयनित राजस्व ग्राम में 17 कार्यदायी विभागों के 24 कार्यक्रम संचालित होंगे। पिछड़े राजस्व ग्रामों के साथ ही उनके मजरें, पुरवें और टोले-बसावटों का भी संपूर्ण विकास किया जाएगा।
- ऐसी बस्तियां जो संपर्क मार्ग, सड़क, विद्युतीकरण, पेयजल, ग्राम के अंदर खड़न्जा, नाली निर्माण, कल्याणकारी लाभार्थीपरक योजनाएं जैसे-पेंशन, स्वास्थ्य, राशनकार्ड, शिक्षा, आवास, स्वच्छता, कौशल विकास आजीविका एवं कृषि योजनाएं आदि बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं तथा सीमावर्ती क्षेत्र में होने के साथ ही वंचित वर्ग के लोगों की संख्या अधिक है उनका भी विकास किया जाएगा।
- इस योजना के तहत देश की रक्षा में शहीद हुए सेना एवं अर्द्धसैनिक बलों के सैनिकों के ग्रामों को शहीद ग्राम घोषित किया जाएगा। यदि इनके ग्राम संपर्क मार्ग से नहीं जुड़े हैं तो उसे पक्के संपर्क मार्ग से जोड़ा जाएगा। इन मार्गों का नाम 'गौरव पथ' होगा।
- इन ग्रामों में तोरण द्वार तथा शहीद हुए सैनिक की मूर्ति की स्थापना की जाएगी।
- ग्रामों का समयांतर्गत सर्वे/चिन्हांकन कर शासन को उपलब्ध कराए जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी। योजनाओं के क्रियान्वयन तथा देख-रेख हेतु शासन के साथ ही मंडल और जिला स्तर पर भी समिति का गठन किया जाएगा।
- प्रस्तावित योजनांतर्गत ऐसे कार्यक्रमों जिनका संतृप्तीकरण राज्य सरकार/केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से नहीं हो सकेगा, को विधायक निधि/अन्य निधियों के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों से, यथा मार्ग-निर्देशों के अनुसार कराए जाने की व्यवस्था बनाए जाने पर विचार किया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=900

उत्तर प्रदेश में पोषाहार की दरों में वृद्धि

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा राज्य में पोषाहार की दरों में वृद्धि के संदर्भ में भारत सरकार द्वारा अनुमन्य पुनरीक्षित दरों को लागू किए जाने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। पोषाहार की दरों में वृद्धि के कारण अतिरिक्त व्ययभार किसके द्वारा वहन किया जाएगा?

(a) भारत सरकार (b) उत्तर प्रदेश सरकार (c) लाभार्थी (d) नाबार्ड

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा अम्ब्रेला समन्वित बाल विकास योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी सेवाओं के अधीन अनुपूरक पोषाहार तथा किशोरी बालिकाओं के लिए अनुपूरक पोषाहार हेतु भारत सरकार द्वारा अनुमन्य पुनरीक्षित दरों को लागू किए जाने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। पोषाहार की दरों में वृद्धि के कारण अतिरिक्त व्ययभार को राज्य सरकार वहन करेगी। ज्ञातव्य है कि 6 अक्टूबर, 2017 को समन्वित बाल विकास योजना के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 6 माह से 72 माह के सामान्य एवं अति कुपोषित बच्चों, गर्भवती, धात्री महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को पोषाहार दिए जाने का आदेश जारी किया गया था।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=900

कृषि ऋण माफी योजना

प्रश्न-हाल ही में पंजाब सरकार ने कृषि ऋण माफी योजना का शुभारंभ किया। इस योजनांतर्गत पहले चरण में कितने किसान लाभान्वित होंगे?

(a) 4.50 लाख (b) 5.25 लाख (c) 5.63 लाख (d) 10.25 लाख

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 7 जनवरी, 2018 को पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने मनसा में कृषि ऋण माफी योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर उन्होंने पांच जिलों (मनसा, भटिंडा, फरीदकोट, मुक्तसर और मोगा) के 10 किसानों को सांकेतिक तौर पर ऋण माफी प्रमाण-पत्र सौंपा। इस योजनांतर्गत पहले चरण में 5.63 लाख किसान लाभान्वित होंगे। इन किसानों को 2700 करोड़ रू. की राशि राहत के तौर पर मुहैया कराई जाएगी। पंजाब सरकार के अनुसार राज्य में 17.5 लाख कृषक परिवार हैं।

- इस योजना के तहत 10.25 लाख किसानों को लाभांवित किया जाएगा। योजनांतर्गत बड़े किसान शामिल नहीं है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/national/amarinder-singh-launches-farm-debt-waiver-scheme/article22391823.ece

ऑपरेशन/अभियान

'टाइम्स अप' अभियान

प्रश्न-हाल ही में किस देश में फिल्म उद्योग और अन्य कामकाजी जगहों पर यौन उत्पीड़न के मुकाबले हेतु 'टाइम्स अप' अभियान शुरू किया गया है?

(a) अमेरिका (b) रूस (c) फ्रांस (d) ब्रिटेन

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2018 में अमेरिका में फिल्म उद्योग और अन्य कामकाजी जगहों पर यौन उत्पीड़न के मुकाबले हेतु एक अभियान शुरू किया गया है। 'टाइम्स अप' नामक इस अभियान में 300 से अधिक महिलाएं शामिल हैं जिसमें अभिनेत्रियां, लेखक, एजेंट, निर्माता, मनोरंजन कार्यकारी और निर्देशक हैं। इस अभियान का बुनियादी उद्देश्य खेती या फिर फैक्ट्री में कार्यरत मजदूरों, केयर टेकर और वेटर का काम करने वालों तथा विभिन्न उद्योगों से ताल्लुक रखने वाले पीड़ितों की कानूनी सहायता के लिए एक कोष बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 1.3 अरब करोड़ डॉलर की राशि होगी।
- 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने औपचारिक रूप से इस अभियान की घोषणा की है।
- उल्लेखनीय है कि दिसंबर, 2017 में टाइम मैगजीन ने यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने वाली महिलाओं और पुरुषों को 'द साइलेंस ब्रेकर्स' के तौर पर वर्ष 2017 का 'पर्सन ऑफ द ईयर' करार दिया था। विगत वर्ष # MeToo हैशटैग के तहत विश्वभर की महिलाओं और पुरुषों ने यौन उत्पीड़न से जुड़ी कहानियां साझा की थीं।

संबंधित लिंक

https://www.theguardian.com/world/2018/jan/01/times-up-hollywood-women-launch-campaign-to-fight-sexual-harassment

आयोग/समिति

एन.आर. नारायण मूर्ति समिति

प्रश्न-हाल ही में एन.आर. नारायण मूर्ति समिति ने वैकल्पिक निवेश उद्योग (AIF) के लिए एक अनुकूल कर प्रणाली और नियामकीय ढांचे का सुझाव दिया है। यह समिति गठित की गई थी-

(a) सेबी द्वारा (b) आरबीआई द्वारा (c) वित्त मंत्रालय द्वारा (d) सीबीडीटी द्वारा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 19 जनवरी, 2018 को एन.आर. नारायण मूर्ति समिति ने वैकल्पिक निवेश उद्योग (AIF) के लिए के लिए एक अनुकूल कर प्रणाली और नियामकीय ढांचे का सुझाव दिया है।
- ज्ञातव्य है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) ने मार्च, 2015 में इंफोसिस के सह संस्थापक एन.आर. नारायण मूर्ति की अध्यक्षता में 21 सदस्यीय स्थायी समिति 'वैकल्पिक निवेश नीति परामर्श समिति' का गठन किया था।
- इस समिति को वैकल्पिक निवेश के लिए नया नियामकीय ढांचा बनाना था।
- यह समिति की तीसरी रिपोर्ट है।
- समिति ने अपनी पहली और दूसरी सिफारिशें क्रमशः जनवरी, 2016 और नवंबर, 2016 में दी थीं।
- समिति ने वैकल्पिक निवेश कोष की अलग श्रेणी के रूप में सोशल एंटरप्राइजेज का सुझाव दिया।
- विदेशों से परिचालन कर भारत में निवेश करने वाले विदेशी कोष प्रबंधकों को अपना कोष प्रबंधन और प्रशासन देश में स्थानांतरित करने को प्रोत्साहित करने के लिए समिति ने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों (IIFC): एआईएफ को जगह देने के लिए एक अनुकूल कर और नियामकीय व्यवस्था का सुझाव दिया है।
- इसके साथ ही समिति ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (CSR) कोष का आवंटन श्रेणी एक एआईएफ सामाजिक उपक्रम कोष में करने को कहा है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindubusinessline.com/markets/stock-markets/narayana-murthy-panel-pitches-for-friendly-tax-regime-for-aifs/article10042486.ece

सिख विरोधी दंगों की जांच हेतु एसआईटी का गठन

प्रश्न-हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने किसकी अध्यक्षता में वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों के 186 मामलों की जांच हेतु एक नई तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (SIT) का गठन किया?

(a) न्यायमूर्ति शिव कीर्ति सिंह (b) न्यायमूर्ति अरुण कुमार मिश्रा

(c) न्यायमूर्ति जी. रोहिणी (d) न्यायमूर्ति शिव नारायण ढींगरा

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 11 जनवरी, 2018 को उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों के 186 मामलों की जांच हेतु दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति शिव नारायण ढींगरा की अध्यक्षता में एक नई तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (Special Investigation Team: SIT) का गठन किया।
- एसआईटी के अन्य दो सदस्यों में सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी राजदीप सिंह और हिमाचल प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी अभिषेक दुलार शामिल हैं।
- एसआईटी के गठन का निर्णय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिश्र की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने किया है।
- एसआईटी दो माह में अपनी स्टेटस रिपोर्ट उच्चतम न्यायालय को सौंपेगी।

संबंधित लिंक

https://thewire.in/212953/new-sit-headed-justice-sn-dhingra-supervise-probe-186-anti-sikh-riot-cases-set/

सम्मेलन/समारोह

आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन-2018

प्रश्न-25-26 जनवरी, 2018 के मध्य 'आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन, 2018' कहां संपन्न हुआ?

(a) अमृतसर (b) नई दिल्ली (c) मुंबई (d) जयपुर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25-26 जनवरी, 2018 के मध्य भारत-आसियान सहयोग 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित 'आसियान-भारत स्मारक रजत जयंती शिखर सम्मेलन-2018' संपन्न हुआ।

- थीम-''साझा मूल्य, समान नियति'' (Shared Values, Common Destiny) था।
- इस सम्मेलन में आसियान देशों के प्रमुखों ने भाग लिया।
- गौरतलब है कि वर्ष 2018 में भारत के 69वें गणतंत्र दिवस समारोह में आसियान देशों के प्रमुख मुख्य अतिथि रहे।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175908

चौथा बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट, 2018

प्रश्न-16-17 जनवरी 2018 के मध्य आयोजित चौथा बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट, 2018 की थीम क्या थी?

(a) बंगाल अर्थात व्यवसाय (b) आगाज बंगाल (c) बंगाल अर्थात निवेश (d) बंगाल अर्थात प्रगति

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 16-17 जनवरी, 2018 के मध्य चौथे बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट, 2018 का आयोजन बिस्व बांग्ला इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, न्यू टाउन, कोलकाता में किया गया।
- सम्मेलन की थीम 'बंगाल अर्थात व्यवसाय' (Bengal Means Business) थी।
- सम्मेलन में 32 देशों के 350 प्रतिनिधिमंडलों ने हिस्सा लिया।
- ध्यातव्य है कि इस वर्ष के सम्मेलन में जापान, इटली, पोलैंड, जर्मनी, कोरिया गणराज्य, चेक गणराज्य, ग्रेट ब्रिटेन, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात भागीदार देश थे।
- सम्मेलन का उद्देश्य बंगाल में परिवहन, शिक्षा, आईटी, स्वास्थ्य और औद्योगिक क्षेत्रों में निवेश प्राप्त करना था।

संबंधित लिंक

https://bengalglobalsummit.com/
https://bengalglobalsummit.com/uploads/pdf_storage/BGBS%202018%20P

निर्वाचन प्रक्रियाओं में दिव्यांगजनों के समावेशन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 2018

प्रश्न-हाल ही में निर्वाचन प्रक्रियाओं में दिव्यांगजनों के समावेशन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 2018 कहां आयोजित हुआ?

(a) जयपुर (b) लखनऊ (c) मुंबई (d) नई दिल्ली

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 24 जनवरी, 2018 को निर्वाचन प्रक्रियाओं में दिव्यांगजनों के समावेशन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (International Conference on Inclusion of Persons with Disabilities in Election Process) होटल द अशोक, नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- इस सम्मेलन का आयोजन भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा किया गया था।
- इस सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया, भूटान, गिनी, मोल्दोवा और जाम्बिया के अध्यक्ष/आयुक्त/चुनाव प्रबंधन निकाय (EMB) के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।
- इसके अलावा सम्मेलन में दो अंतरराष्ट्रीय संगठनों 'इंटरनेशनल फाउंडेशन ऑफ इलेक्टोरल सिस्टम्स' (International Foundation of Electoral Systems: IFES) और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस (International Institute for Democracy and Electoral Assistance: IDEA) के प्रमुख भी शामिल हुए।
- इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग के लिए गिनी, मोल्दोवा और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस (IDEA) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्तारक्षर किया।

संबंधित लिंक

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1517729

भारत पर्व-2018

प्रश्न-26-31 जनवरी, 2018 के मध्य भारत पर्व-2018 कार्यक्रम का आयोजन कहां किया जाएगा?

(a) इंडिया गेट (b) लाल किला (c) प्रगति मैदान (d) कुतुबमीनार

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 26-31 जनवरी, 2018 के मध्य केंद्र सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस-2018 समारोह के एक भाग के रूप में दिल्ली स्थित लाल किले पर 'भारत पर्व-2018' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
- कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करना, देश के विविधता पूर्ण सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करना और जन-भागीदारी को बढ़ाना है।
- भारत पर्व कार्यक्रम के लिए पर्यटन मंत्रालय नोडल मंत्रालय के रूप में कार्य करेगा।
- इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में पहली बार भारतीय सीमा सुरक्षा बल की महिलाएं बाइक स्टंट हेतु प्रतिभाग करेंगी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175834

आसियान-इंडिया बिजनेस एंड इन्वेस्टमेंट मीट एंड एक्सपो-2018

प्रश्न-22-23 जनवरी, 2018 के मध्य 'आसियान-इंडिया बिजनेस एंड इन्वेस्टमेंट मीट एंड एक्सपो' का आयोजन कहां किया गया?

(a) बंगलुरू (b) कोलकाता (c) जयपुर (d) नई दिल्ली

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 22-23 जनवरी, 2018 के मध्य 'आसियान-इंडिया बिजनेस एंड इन्वेस्टमेंट मीट एंड एक्सपो' (ASEAN-INDIA Business and Investment Meet & Expo) का आयोजन अशोक होटल, नई दिल्ली में किया गया।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन की थीम-"Promoting Mutual Trade and Investment for Shared Prosperity" थी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175809
https://www.ibef.org/ASEAN-India-Business-and-Investment-Meet-and-Expo/index.html

डिफेंस एक्सपो इंडिया, 2018

प्रश्न-हाल ही में रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने डिफेंस एक्सपो इंडिया, 2018 (DEFEXPO INDIA, 2018) का आयोजन कहां करने की घोषणा की?

(a) विशाखापत्तनम (b) चेन्नई (c) तिरूवनंतपुरम (d) कोच्चि

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 18 जनवरी, 2018 को रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय रक्षा प्रदर्शनी 'डिफेंस एक्सपो इंडिया, 2018' (DEFEXPO INDIA, 2018) का आयोजन चेन्नई, तमिलनाडु में करने की घोषणा की।
- थल, नौसेना और आंतरिक होमलैंड की सुरक्षा प्रणाली पर आधारित यह दसवीं प्रदर्शनी होगी।
- इस द्विवार्षिक एक्सपो का आयोजन 11-14 अप्रैल, 2018 के मध्य किया जाएगा।
- ध्यातव्य है कि चेन्नई में आयोजित होने वाला यह पहला डिफेंस एक्सपो है।
- इससे पूर्व 28-31 मार्च, 2016 के मध्य 9वां 'डिफेंस एक्सपो इंडिया' गोवा में आयोजित किया गया था जो आयोजित सभी एक्सपो में सबसे बड़ा एक्सपो था।

संबंधित लिंक

http://www.defexpoindia.in/

सुगम्यता के विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन, 2018

प्रश्न-हाल ही में 'सुगम्यता के विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन' कहां आयोजित हुआ?

(a) लखनऊ (b) जयपुर (c) बंगलुरू (d) नई दिल्ली

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 19 जनवरी, 2018 को 'सुगम्यता के विकास पर राष्ट्रीय सम्मेलन' (National Conference on Improving Accessibility) विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांगजनों के अधिकार के लिए विभिन्न राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदशों की 100 सुगम्य वेबसाइटों का 'सुगम्य भारत अभियान' के अंतर्गत लोकार्पण किया।
- सुगम्य वेबसाइटें इस तरह की वेबसाइटें हैं, जहां दिव्यांगजन उनके आसान उपयोग से सूचनाएं प्राप्त कर सकते हैं, जानकारियों को समझ सकते हैं और वेबसाइटों का उपयोग कर सकते हैं।
- इसके अलावा दिव्यांगजन वेबसाइट में योगदान भी कर सकते हैं।
- दिव्यांगजन अधिकारिता विभाग ने राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए 'वेबसाइट सुगम्यता परियोजना' की शुरूआत की है।
- यह परियोजना इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन स्वायत्तशासी वैज्ञानिक सोसाइटी इआरएनईटी (ERNET) इंडिया के जरिए सुगम्य भारत अभियान के तहत शुरू की गई है।
- इस प्रकार कुल 917 सुगम्य वेबसाइटें तैयार की जाएंगी और उनका वित्त पोषण किया जाएगा।

संबंधित लिंक

www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1517187
http://prowellnessindia.com/2018/01/19/accessible-india-campaign-gets-100-accessible-websites-national-conference-on-improving-accessibility/

हिन्दी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

प्रश्न-5-7 जनवरी, 2018 के मध्य हिन्दी पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?

(a) जयपुर (b) बंगलुरू (c) कोलकाता (d) अहमदाबाद

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 5-7 जनवरी, 2018 के मध्य हिन्दी पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कोलकाता में किया गया।
- सम्मेलन का उद्घाटन कोलकाता के जी.डी. बिड़ला सभागार में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी ने किया।
- सम्मेलन का मुख्य विषय 'हिंदीतर प्रांतों में हिन्दी भाषा-साहित्य दशा और दिशा'।
- इसका आयोजन भाषा भारतीय विद्या मंदिर और भारतीय संस्कृति संसद द्वारा किया गया।
- सम्मेलन में हिंदी को श्रमिकों और आम-आदमी के संपर्क की भाषा बनाने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया।
- इसके अलावा सम्मेलन के दौरान तकनीकी पाठ्य सामग्री और चरित्र निर्माण संबंधी साहित्य हिन्दी व अन्य देशी भाषाओं में लिखे जाने के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया गया।

संबंधित लिंक

https://navbharattimes.indiatimes.com/india/three-day-international-conference-on-hindi-in-kolkata/articleshow/62324895.cms

उत्तर प्रदेश राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की पहली बैठक

प्रश्न-उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट, 2018 में कौन-कौन देश कंट्री पार्टनर्स हैं?

(a) नीदरलैंड्स, जापान, ताइवान (b) फिनलैंड, दक्षिण कोरिया, जर्मनी

(c) नीदरलैंड्स, फिनलैंडस, चेक रिपब्लिक (d) जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोकभवन में उत्तर प्रदेश राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की पहली बैठक संपन्न हुई।
- इस बैठक में बोर्ड के सदस्यों ने राज्य में निवेश और रोजगार प्रोत्साहन के संबंध में अपने सुझाव दिए।
- 21-22 फरवरी, 2018 के मध्य उत्तर प्रदेश इंवेस्टर्स समिट-2018 का आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया जाएगा।
- इस समिट में एग्रो एंड फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, टेक्सटाइल, रिन्यूएबल एनर्जी, टूरिज्म, सिविल एविएशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, आई.टी. एंड स्टार्टअप, फिल्म, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम आदि व्यावसायिक क्षेत्रों पर मुख्य फोकस होगा।
- इस समित के दौरान एन.आर.आई. पर एक पूरा सेशन रखा गया है।

- नीदरलैंड्स, फिनलैंड तथा चेक रिपब्लिक इस समिट के कंट्री पार्टनर्स हैं।
- भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) और फिक्की समिट के नेशनल पार्टनर हैं।
- इस समिट में ई.वाई. नॉलेज पार्टनर, आई.आई.टी. कानपुर टेक्नोलॉजी पार्टनर तथा आई.आई.एम. लखनऊ एकेडमिक पार्टनर हैं।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=885

तीस्ता रंगीत पर्यटन महोत्सव, 2017

प्रश्न-27-31 दिसंबर, 2017 के मध्य तीस्ता रंगीत पर्यटन महोत्सव, 2017 किन दो जिलों के विभिन्न पहाड़ी शहरों में आयोजित किया जा रहा है?

(a) दार्जिलिंग, बांकुरा (b) दार्जिलिंग, कलिम्पोंग

(c) दार्जिलिंग, बांकुरा (d) दार्जिलिंग, पुरुलिया

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 27 दिसंबर, 2017 को गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (GTA-Gorkhaland Territorial Administration) के चेयरमैन बिनॉय तमांग ने 5 दिवसीय तीस्ता रंगीत पर्यटन महोत्सव, 2017 का शुभारंभ दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल में किया। इस महोत्सव का समापन 31 दिसंबर, 2017 को हुआ।
- यह महोत्सव दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों के विभिन्न पहाड़ी शहरों में क्रमिक ढंग से आयोजित किया गया। महोत्सव दार्जिलिंग में 27-29 दिसंबर, 2017 के मध्य, कुर्सीओंग में 28-30 दिसंबर, 2017 के मध्य 29-30 दिसंबर, 2017 के मध्य कालिम्पोंग और 30-31 दिसंबर, 2017 के मध्य मिरीक में आयोजित किया गया।
- दार्जिलिंग में इस महोत्सव का आयोजन गोरखालैंड क्षेत्रीय या प्रादेशिक प्रशासन, राज्य पर्यटन विभाग और सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।
- इस पर्यटन महोत्सव का ब्रांड एंबेसडर तेनजिंग नोर्गे शेरपा को नामित किया गया था।
- इस महोत्सव के दौरान पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विविध कार्यक्रमों यथा सौंदर्य प्रतियोगिता, संगीत कार्यक्रम, श्रवान प्रदर्शनी, नृत्य प्रतिस्पर्धा, मैराथन दौड़, पुरुष प्रदर्शनी, तथा पारंपरिक घुड़सवारी और नौकायन, पैराग्लाइडिंग और माउंटेन बाइकिंग का आयोजन किया गया।

संबंधित लिंक

https://darjeelingfestivals.com/

‘इंडिया @ 70: द जम्मू एंड कश्मीर सागा’ प्रदर्शनी

प्रश्न-11 जनवरी से 10 फरवरी, 2018 के मध्य ‘इंडिया @ 70: द जम्मू एंड कश्मीर सागा’ प्रदर्शनी कहां आयोजित की जा रही है?

(a) पटियाला (b) चंडीगढ़ (c) नई दिल्ली (d) जयपुर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 11 जनवरी से 10 फरवरी, 2018 के मध्य भारत में जम्मू एवं कश्मीर के विलय के 70 वर्ष हो जाने पर ‘इंडिया @ 70: द जम्मू एंड कश्मीर सागा’ प्रदर्शनी का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, जनपथ, नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- इस प्रदर्शनी का उद्घाटन केंद्रीय संस्कृति राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री डॉ. महेश शर्मा ने किया।
- प्रदर्शनी में 11 मार्च, 1846 की लाहौर संधि, 16 मार्च, 1846 की अमृतसर संधि, 27 अक्टूबर, 1947 का विलय समझौता तथा नव-स्वाधीन भारत और पाकिस्तान तथा नए राज्य में अपने विलय के पहले ब्रिटिश शासन के अधीन रजवाड़ों से संबंधित समझौते संबंधित वस्तुएं भी रखी गई हैं।
- रक्षा मंत्रालय के इतिहास प्रभाग ने भी जम्मू-कश्मीर अभियान, 1947-48 से संबंधित युद्ध डायरियों, संदेशों सहित दुर्लभ और मूल्यवान दस्तावेंजों को आम जनता के लिए पहली बार पेश किया है।

संबंधित लिंक

http://nationalarchives.nic.in/sites/default/files/new/Nai_0.pdf
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175554

चौथा भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव-2018

प्रश्न-चौथा भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF)-2018 कहां आयोजित होगा?

(a) नई दिल्ली (b) लखनऊ (c) हैदराबाद (d) बंगलुरू

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 20 जनवरी, 2018 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चौथा भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव (IISF)-2018 लखनऊ में आयोजित होगा।
- गौरतलब है कि तीसरा भारतीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव 13-16 अक्टूबर, 2017 के मध्य चेन्नई में आयोजित हुआ था।

एससीओ के अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग विभाग की बैठक

प्रश्न-हाल ही में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग विभाग की बैठक कहां आयोजित हुई?

(a) शंघाई (b) बीजिंग (c) अस्ताना (d) बिस्केक

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15-16 जनवरी, 2018 के मध्य शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग विभाग की बैठक 'बीजिंग' में आयोजित हुई।
- शंघाई सहयोग संगठन फ्रेमवर्क के तहत रक्षा क्षेत्र में सहयोग हेतु भारत ने पहली बार इस बैठक में भाग लिया।
- इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व मेजर जनरल अजय सेठ ने किया।
- भारत और पाकिस्तान को विगत वर्ष चीन की प्रभावी भूमिका वाले शंघाई सहयोग संगठन में शामिल किया गया था।
- इस संगठन में चीन, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान शामिल हैं।

संबंधित लिंक

https://timesofindia.indiatimes.com/india/india-attends-its-first-sco-military-cooperation-meeting/articleshow/62521727.cms

कृषि एवं वानिकी पर चौथी आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय बैठक, 2018

प्रश्न-11-12 जनवरी, 2018 के मध्य कृषि एवं वानिकी पर चौथी आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय बैठक कहां संपन्न हुई?

(a) बैंकाक (b) कोलंबो (c) दोहा (d) नई दिल्ली

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 11-12 जनवरी, 2018 के मध्य कृषि एवं वानिकी पर चौथी आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय बैठक (4th Asean India Ministerial Meeting on Agriculture and Forestry) नई दिल्ली में संपन्न हुई।
- इस बैठक की सह-अध्यक्षता थाइलैंड के कृषि एवं सहकारिता मंत्री ग्रिसड बूनराच एवं भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह द्वारा की गई।

- उल्लेखनीय है कि कृषि एवं वानिकी पर पांचवीं आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय बैठक वर्ष 2019 में ब्रूनेई दारूशलम में आयोजित होगी।

संबंधित लिंक

http://www.icar.org.in/content/4th-asean-india-ministerial-meeting-agriculture-and-forestry-begins-new-delhi-0

व्यापार विकास और संवर्धन परिषद की तीसरी बैठक

प्रश्न-किस वर्ष व्यापार विकास और संवर्द्धन परिषद का गठन किया गया था?

(a) 2013 (b) 2014 (c) 2015 (d) 2016

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8 जनवरी, 2018 को व्यापार विकास और संवर्धन परिषद की तीसरी बैठक विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई।
- इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने की।
- विदेश व्यापार नीति विवतरण (कथन) 2015-20 के प्रावधानों के अनुसरण में वाणिज्य और उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में 3 जुलाई, 2015 को व्यापार विकास और संवर्धन परिषद का गठन किया गया था।
- इसका उद्देश्य विदेश व्यापार को बढ़ावा देने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ वार्ता में निरंतरता बनाए रखना है और विदेश व्यापार वातावरण निर्माण हेतु आवश्यक उपाय प्रस्तुत करना है।
- इस परिषद की पहली और दूसरी बैठक क्रमशः 8 जनवरी, 2016 और 5 जनवरी, 2017 को नई दिल्ली में आयोजित हुई थी।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175358

खाद्य एवं कृषि के लिए 10वां वैश्विक फोरम

प्रश्न-18-20 जनवरी, 2018 के मध्य खाद्य एवं कृषि के लिए 10वां वैश्विक फोरम (10th Global Forum for Food & Agriculture) कहां आयोजित किया जा रहा है?

(a) न्यूयॉर्क (b) पेरिस (c) बर्लिन (d) नई दिल्ली

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 18-20 जनवरी, 2018 के मध्य खाद्य एवं कृषि के लिए 10वां वैश्विक फोरम (10th Global Forum for Food & Agriculture) बर्लिन, जर्मनी में आयोजित किया जा रहा है।
- इस तीन दिवसीय फोरम का मुख्य विषय (Theme) -''सतत पोषकता, जवाबदेही और कुशलता के साथ पशुधन के भविष्य को बेहतर बनाना' (Shaping the future of livestock-Sustainably, Responsibly, efficiently)। इसके अंतर्गत कृषि मंत्रियों के 10वें बर्लिन सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।
- केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत इस वैश्विक फोरम में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।
- इसके अलावा, कृषि और संबंधित क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए जर्मनी, उज्बेकिस्तान और अर्जेंटीना के कृषि मंत्रियों/प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकों का भी आयोजन किया गया।
- वैश्विक खाद्य और कृषि फोरम (GFFA) एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है जो वैश्विक कृषि-खाद्य क्षेत्र के भविष्य के प्रश्नों पर विचार करता है।

संबंधित लिंक

http://www.gffa-berlin.de/en/

राष्ट्रीय गर्भाशय कैंसर कांग्रेस-2018

प्रश्न-18 जनवरी, 2018 को 'राष्ट्रीय गर्भाशय कैंसर कांग्रेस' कहां आयोजित हुआ?

(a) जयपुर (b) लखनऊ (c) चडीगढ़ (d) नई दिल्ली

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 18 जनवरी, 2018 को 'राष्ट्रीय गर्भाशय कैंसर कांग्रेस' नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने इसका उद्घाटन किया।
- इसका आयोजन एसौचैम (Assocham) द्वारा किया गया था।

संबंधित लिंक

http://www.prokerala.com/news/photos/national-congress-on-cervical-cancer-326103.html
http://www.5dariyanews.com/hindi/news/154365

आईडब्ल्यूडीआरआई-2018

प्रश्न-15-16 जनवरी, 2018 के मध्य आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला (IWDRI) कहां संपन्न हुई?

(a) जयपुर (b) नई दिल्ली (c) गुवाहाटी (d) राजकोट

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15-16 जनवरी, 2018 के मध्य 'आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला' (IWDRI:International Workshop on Disaster Resilient Infrastructure) नई दिल्ली में संपन्न हुई।
- केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने इस कार्यशाला का उद्घाटन किया।
- इस दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण (UNISDR) के सहयोग से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) ने किया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175629

आर्थिक लोकतंत्र कॉन्क्लेव

प्रश्न-हाल ही में 'आर्थिक लोकतंत्र कॉन्क्लेव' कहां संपन्न हुआ?

(a) पुणे (b) थाणे (c) गांधीनगर (d) पणजी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 14 जनवरी, 2018 को महाराष्ट्र के थाणे में 'आर्थिक लोकतंत्र कॉन्क्लेव' (Economic Democracy Conclave)-2018 आयोजित हुआ।
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इसका उद्घाटन किया।
- इसका आयोजन रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी द्वारा किया गया था।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175619

'सुशासन एवं सर्वोत्तम प्रथाओं की प्रतिकृति' पर क्षेत्रीय सम्मेलन

प्रश्न-हाल ही में सुशासन एवं सर्वोत्तम प्रथाओं की प्रतिकृति पर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?

(a) नई दिल्ली (b) अहमदाबाद (c) गुवाहाटी (d) बंगलुरू

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22-23 दिसंबर, 2017 के मध्य 'सुशासन एवं सर्वोत्तम प्रथाओं की प्रतिकृति' पर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन गुवाहाटी, असम में किया गया।
- इस सम्मेलन का शुभारंभ असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने किया।
- सम्मेलन का आयोजन भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के प्रशासकीय सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) द्वारा असम सरकार के सहयोग से किया गया।
- सम्मेलन का उद्देश्य नागरिक केंद्रित गवर्नेंस, सार्वजनिक सेवाओं की बेहतर डिलीवरी, सुशासन सूचकांक, प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई पहलों और डीएआरपीजी की राज्य सहयोग पहल योजना के विषय में जागरूकता से संबंधित अनुभवों को साझा करने हेतु एक साझा मंच उपलब्ध कराना था।
- इस सम्मेलन में 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने भागीदारी की।
- सम्मेलन के दौरान विविध विषयों पर कुल छह सत्र आयोजित हुए।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=174656

32वां भारतीय अभियांत्रिकी कांग्रेस-2017

प्रश्न-21-23 दिसंबर, 2017 के मध्य '32वें भारतीय अभियांत्रिकी कांग्रेस' का आयोजन कहां किया गया?

(a) नई दिल्ली (b) कोलकाता (c) भुवनेश्वर (d) चेन्नई

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 21-23 दिसंबर, 2017 के मध्य '32वें भारतीय अभियांत्रिकी कांग्रेस' (32nd Indian Engineering Congress) का आयोजन चेन्नई, तमिलनाडु में किया गया।
- इस तीन दिवसीय समारोह का मुख्य विषय (Theme)- 'अभियांत्रिकी में नवाचारः प्रतिस्पर्धात्मक रणनीति परिदृश्य' (Innovation in Engineering: Competitive Strategy Perspective) था।
- इसका आयोजन द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा तमिलनाडु स्टेट सेंटर की मेजबानी में किया गया।

- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस समारोह के समापन सत्र को संबोधित किया।

संबंधित लिंक

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1513980
http://www.iec2017chennai.in/Download/32nd%20IEC%20Brochure.pdf

कृषि एवं वानिकी पर चौथी आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय बैठक, 2018

प्रश्न-11-12 जनवरी, 2018 के मध्य कृषि एवं वानिकी पर चौथी मंत्रिस्तरीय बैठक कहां संपन्न हुई?

(a) बैंकाक (b) कोलंबो (c) दोहा (d) नई दिल्ली

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 11-12 जनवरी, 2018 के मध्य कृषि एवं वानिकी पर चौथी आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय बैठक (4th Asean India Ministerial Meeting on Agriculture and Forestry) नई दिल्ली में संपन्न हुई।
- इस बैठक की सह-अध्यक्षता थाइलैंड के कृषि एवं सहकारिता मंत्री ग्रिसड बूनराच एवं भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह द्वारा की गई।
- उल्लेखनीय है कि कृषि एवं वानिकी पर पांचवे आसियान भारत मंत्रिस्तरीय बैठक वर्ष 2019 में ब्रूनेई दारूशलम में आयोजित होगी।

संबंधित लिंक

http://www.icar.org.in/content/4th-asean-india-ministerial-meeting-agriculture-and-forestry-begins-new-delhi-0

प्रथम नार्थ इंडियन साइंस कांग्रेस-2018

प्रश्न-हाल ही में प्रथम नार्थ इंडियन कांग्रेस-2018 का आयोजन कहां किया गया?

(a) बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में

(b) बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में

(c) रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी में

(d) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ में

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10-11 जनवरी, 2018 के मध्य प्रथम नार्थ इंडियन साइंस कांग्रेस, 2018 का आयोजन बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ में किया गया।

- ज्ञातव्य है इसका आयोजन इस विश्वविद्यालय के 22वें स्थापना दिवस के अवसर पर हुआ।
- इस कांग्रेस का मुख्य विषय- टिकाऊ भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी (Science and Technology for Sustainable Future)।
- इसमें वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं ने भागीदारी की।
- इससे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी भाग लिया और संबोधित किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय में बॉटेनिकल गार्डेन हेतु एक करोड़ रुपये और बुद्ध योग केंद्र हेतु 25 लाख रुपये देने की घोषणा की।इसके अलावा उन्होंने जैव प्रौद्योगिकी ब्लॉक एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति उपवन का लोकार्पण किया तथा विश्वविद्यालय की स्मारिका का भी विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वैज्ञानिकों को सम्मानित भी किया।

संबंधित लिंक

http://www.bbau.ac.in/Conference/NISC2018.pdf

प्रधानमंत्री की अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक

प्रश्न-हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग में देश के दिग्गज अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की। इस बैठक का मुख्य विषय क्या था?

(a) इन इंडिया इकोनॉमिक डेवलपमेंट एंड इकोनॉमिक सर्वे

(b) इकोनॉमिक ग्रोथ ऐंड सस्टेनेबल डेवलमपेंट

(c) इकोनॉमिक पॉलिसीः द रोड अहेड

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नीति आयोग में देश के दिग्गज अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की।
- यह बैठक 1 फरवरी, 2018 को पेश होने वाले आम बजट के मद्देनजर आयोजित हुई।
- इस बैठक का मुख्य विषय- 'इकोनॉमिक पॉलिसीः द रोड अहेड' था।
- बैठक में प्रधानमंत्री ने अर्थशास्त्रियों और आर्थिक क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ देश के आर्थिक वृद्धि को गति, रोजगार को बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया।
- बैठक में मुख्यतः जिन 6 बिंदुओं पर चर्चा हुई उनमें वृहद आर्थिक संतुलन, कृषि और ग्रामीण विकास, शहरी विकास, बुनियादी ढांचा एवं संपर्क, रोजगार, निर्माण, निर्यात, स्वास्थ्य और शिक्षा शामिल रहे।

24वां राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकारों का सम्मेलन

प्रश्न-8-13 जनवरी, 2018 के मध्य राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकरों और पीठासीन अधिकारियों के 24वें सम्मेलन का आयोजन कहां किया जा रहा है?

(a) निकोसिया (b) सेशेल्स (c) ढाका (d) ओतावा

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8-13 जनवरी, 2018 के मध्य राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकरों और पीठासीन अधिकारियों के 24वें सम्मेलन (CSPOC) का आयोजन सेशेल्स में किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन भाग ले रहीं हैं।
- इसके अलावा लोकसभा अध्यक्ष ने सेशेल्स में आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस समारोह की अध्यक्षता भी की।

संबंधित लिंक

http://nationalassembly.sc/index.php/2018/01/09/24th-conference-of-speakers-presiding-officers-of-the-commonwealth-officially-open/

अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन, 2018

प्रश्न-11-13 जनवरी, 2018 के मध्य अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का आयोजन कहां किया जा रहा है?

(a) कुशीनगर (b) लुम्बिनी (c) राजगीर (d) सारनाथ

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 11-13 जनवरी, 2018 के मध्य चौथे अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन का आयोजन राजगीर (बिहार) में किया जा रहा है।
- मुख्य विषय-"State and Social Order in Dharma Dhamma Traditions"।
- इस सम्मेलन का आयोजन धर्म और समाज अध्ययन केंद्र, इंडिया फाउंडेशन और विदेश मंत्रालय के सहयोग से नालंदा विश्वविद्यालय कर रहा है।
- इस सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत और विदेश के शिक्षा विदों तथा नीति निर्माताओं को ऐसा अवसर प्रदान करना है जिसमें वे अपने विचारों का आदान-प्रदान कर सकें।

संबंधित लिंक

https://www.facebook.com/events/1148428655291751/

प्रवासी सांसदों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 2018

प्रश्न-हाल ही में 'प्रवासी सांसदों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन' कहां संपन्न हुआ?

(a) जयपुर (b) बंगलुरू (c) नई दिल्ली (d) मुंबई

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को 'प्रवासी सांसदों का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन' (International Conference of PIO Parliamentarians) होटल अशोका, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) "Building Bridges of Friendship and Understanding" था।
- सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया।
- इसका आयोजन अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद, भारत द्वारा पीआईओ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री तथा विदेश मंत्रालय के सहयोग से किया गया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175499
http://rstv.nic.in/president-pio-lawmakers-help-bridging-gap-india-world.html

18वां अखिल भारतीय सचेतक सम्मेलन

प्रश्न-8-9 जनवरी, 2018 के मध्य '18वें अखिल भारतीय सचेतक सम्मेलन' का आयोजन कहां किया जा रहा है?

(a) नई दिल्ली (b) जयपुर (c) उदयपुर (d) भुवनेश्वर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 8-9 जनवरी, 2018 के मध्य '18वें अखिल भारतीय सचेतक सम्मेलन' (18th All India Whips' Conference) का आयोजन होटल रेडिसन ब्लू, उदयपुर, राजस्थान में किया जा रहा है।
- यह सम्मेलन केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्रालय एवं राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है।
- केंद्रीय संसदीय कार्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री अनंत कुमार ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- जिसमें अन्य विषयों के अलावा संसद एवं राज्य विधानसभाओं के डिजिटलीकरण एवं उनके कामकाज को कागज रहित बनाने के लिए ई-संसद एवं ई-विधान पर भी चर्चा हुई।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175448

अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन-2018

प्रश्न-6-8 जनवरी, 2018 के मध्य 'अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?

(a) जयपुर (b) उदयपुर (c) टेकनपुर (d) गुवाहाटी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 6-8 जनवरी, 2018 के मध्य 'अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन बीएसएफ अकादमी, टेकनपुर, मध्य प्रदेश में आयोजित किया गया।
- पुलिस महानिदेशकों का सम्मेलन एक वार्षिक कार्यक्रम है जिसमें पूरे देश से उच्च पुलिस अधिकारी सुरक्षा संबंधित मामलों को साझा करते हैं और उन पर चर्चा करते हैं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175434

संधि/समझौता

उत्तर कोयल जलाशय परियोजना हेतु समझौता

प्रश्न-उत्तर कोयल जलाशय परियोजना उत्तर कोयल नदी पर स्थापित की जा रही है, यह किसकी सहायक नदी है?

(a) पुनपुन (b) बूढ़ी गंडक (c) सोन (d) बागमती

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 12 जनवरी, 2018 को उत्तर कोयल जलाशय परियोजना के शेष कार्यों को पूरा करने हेतु भारत सरकार के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय, बिहार तथा झारखंड राज्य के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। इस परियोजना की अनुमानित लागत राशि 1622.27 करोड़ रुपये है।
- इसके अलावा इस परियोजना के दीर्घकालिक सिंचाई निधि के तहत राज्य के हिस्से के वित्त पोषण हेतु भारत सरकार के जल संसाधन, नदी विकास तथा गंगा संरक्षण मंत्रालय, राष्ट्रीय जल विकास

एजेंसी, नाबार्ड तथा बिहार और झारखंड राज्य सरकारों के बीच एक पूरक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए।

- यह समझौता ज्ञापन जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के सचिव उपेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान हस्ताक्षरित हुआ।
- उत्तर कोयल जलाशय परियोजना का निर्माण कार्य वर्ष 1972 में प्रारंभ हुआ था, किंतु बाद में वर्ष 1993 में निर्माण कार्य बंद कर दिया गया।
- यह परियोजना सोन नदी की सहायक नदी उत्तर कोयल नदी पर स्थापित की जा रही है।
- इससे झारखंड के पलामू और गढ़ावा जिलों तथा बिहार के औरंगाबाद और गया जिलों के अत्यधिक पिछड़े और सूखाग्रस्त क्षेत्रों में प्रतिवर्ष 1,11,521 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।
- 1622.27 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत राशि में से 1013.11 करोड़ रुपये भारत सरकार, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत दीर्घकालिक सिंचाई कोष से अनुदान के रूप में दिया जाएगा। झारखंड और बिहार के हिस्से के 609.16 करोड़ रुपये के शेष कार्य की लागत में से 365.5 करोड़ रुपये अर्थात 60 प्रतिशत दीर्घकालिक सिंचाई कोष से केंद्र सरकार प्रदान करेगी।
- अतः केंद्र के हिस्से की कुल राशि 1378.61 करोड़ रुपये होगी।
- लागत का 40 प्रतिशत शेष राशि 243.66 करोड़ रुपये का वहन राज्य सरकार नाबार्ड द्वारा प्राप्त ऋण से करेंगे। परियोजना की पूर्णता अवधि प्रारंभ होने की तिथि से 30 माह की अवधि तक है।

संबंधित लिंक

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1516590

भारतीय आईटी कंपनी का अमेरिकी बीमा समूह से अनुबंध

प्रश्न-हाल ही में देश की किस सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी ने अमेरिकी बीमा कंपनी समूह ट्रांस अमेरिका के साथ 2 बिलियन डॉलर से अधिक राशि का अनुबंध किया है?

(a) विप्रो (b) टीसीएस (c) टेक महिंद्रा (d) इंफोसिस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 12 जनवरी, 2018 को देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टाटा कंसल्टेसी सविर्सेज (टीसीएस) ने अमेरिकी बीमा कंपनी समूह ट्रांस-अमेरिका के साथ अनुबंध किए जाने की घोषणा की।
- इस अनुबंध के तहत टीसीएस को इस अमेरिकी बीमा कंपनी से 2 बिलियन डॉलर से अधिक की राशि का कांट्रैक्ट प्राप्त हुआ है।
- यह अभी तक टीसीएस द्वारा किया गया सबसे बड़ा अनुबंध है।

- इस अनुबंध के तहत टीसीएस अमेरिका में कंपनी के बीमा तथा वार्षिक भत्ता कारोबार के डिजिटल ढांचें में बदलाव करेगी।
- इस भागीदारी से ट्रांस अमेरिका को तीव्रता से अपनी डिजिटल क्षमताओं का विस्तार करने में मदद मिलेगी और वह कंपनी की 10 मिलियन डॉलर से अधिक पॉलिसियों का सरलीकृत कर आधुनिक प्लेटफार्म में एकीकृत कर सकेगी।
- इस बहुवर्षीय समझौते के तहत टीसीएस मूल्यवान प्रशासनिक एवं गुणवत्ता वाली ग्राहक सेवाएं उपलब्ध कराएगी।
- इस अनुबंध के साथ ही टीसीएस का अमेरिका के विशेषज्ञता वाले बीमा क्षेत्र के तीसरे पक्ष प्रशासन मार्केटप्लस में प्रवेश हो गया है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/business/tcs-bags-over-2-billion-deal-from-us-insurance-group-transamerica/article22427511.ece

भारत-कनाडा में समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और कनाडा के बीच किस क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की गई?

(a) स्वास्थ्य एवं औषधि क्षेत्र (b) वायु परिवहन

(c) विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र (d) दोहरा कराधान

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और कनाडा के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की गई।
- यह समझौता ज्ञापन एक तंत्र प्रदान करेगा और इससे अनुसंधान एवं विकास तथा दोनों देशों के अकादमिक संस्थानों के बीच वैज्ञानिक सहयोग बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- **इस समझौता ज्ञापन की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं-**
- विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा कनाडा के प्राकृतिक विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान परिषद (NSERC) के बीच समझौता ज्ञापन के तहत भारत और कनाडा के बीच अनुसंधान और विकास का नवाचारी मॉडल लागू किया जाएगा।

- इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत भारत-कनाडा बहुआयामी सहयोगी साझेदारी हेतु सामुदायिक परिवर्तन और स्थिरता कार्यक्रम को गति देने हेतु भारत-कनाडा बहुआयामी साझेदारी को बढ़ावा देने हेतु समर्थन प्रदान किया जाएगा।
- अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं का उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी के एप्लीकेशन के माध्यम से समाधान प्रदत्त कर सामाजिक परिवर्तन में तीव्रता लाना है।
- प्रतिभागियों में भारत और कनाडा के वैज्ञानिक संगठन शिक्षा और अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं के शोधकर्ता शामिल होंगे।
- पारस्परिक सहयोग के चिह्नित क्षेत्रों में सुरक्षित और टिकाऊ बुनियादी ढांचा तथा एकीकृत जल प्रबंधन शामिल है।
- इससे संस्थागत नेटवर्किंग विकसित करने और भारत एवं कनाडा के वैज्ञानिक संगठनों, वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के बीच संबंधों की स्थापना करने में सहायता प्राप्त होगी।
- यह समझौता ज्ञापन नवंबर, 2005 में वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी सहयोग हेतु भारत और कनाडा के बीच हुए अंतर-सरकारी समझौते के अनुरूप हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175512

मेघालय सरकार और आईओए में समझौता

प्रश्न-वर्ष, 2022 में 39वें राष्ट्रीय खेल का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?

(a) मणिपुर (b) मेघालय (c) असम (d) नगालैंड

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2018 को मेघालय सरकार ने वर्ष 2022 में होने वाले 39वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी हेतु भारतीय ओलंपिक के साथ मेजबान शहर अनुबंध (Host City Contract) पर हस्ताक्षर किए।
- इस त्रिपक्षीय अनुबंध पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), मेघालय राज्य ओलंपिक संघ और मेघालय सरकार ने हस्ताक्षर किए।
- वर्ष 2017 में दक्षिण-एशियाई खेलों की सह-मेजबानी मेघालय राज्य ने की थी।
- इस इवेंट को आयोजित करने हेतु अनुबंध शुल्क के रूप में 4.5 करोड़ की राशि मेघालय सरकार ने आईओए को सौंपा।
- केंद्र सरकार राष्ट्रीय खेल के लिए कुल बजट का 30 प्रतिशत मुहैया कराती है जबकि शेष 70 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा स्वयं वहन किया जाता है।

- राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करने वाला मेघालय पूर्वोत्तर का तीसरा राज्य होगा।
- इससे पूर्व राष्ट्रीय खेल वर्ष 1999 में मणिपुर में तथा वर्ष 2007 में असम में आयोजित किए गए थे।

संबंधित लिंक

http://www.theshillongtimes.com/2018/01/04/meghalaya-signs-host-city-contract-with-ioa-for-national-games-2022/

राजस्थान पुलिस और एसबीआई में समझौता

प्रश्न-हाल ही में राजस्थान पुलिस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बीच हुए समझौते के तहत पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत राजस्थान पुलिस के समस्त कर्मियों एवं अधिकारियों को कितनी राशि का मुफ्त जीवन बीमा कवर उपलब्ध होगा?

(a) 2 लाख रुपये (b) 3 लाख रुपये (c) 4 लाख रुपये (d) 5 लाख रुपये

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2018 को राजस्थान पुलिस और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) के बीच पुलिस सैलरी पैकेज हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया तथा एक-दूसरे को समझौता ज्ञापन दस्तावेज सौंपे गए।
- पुलिस सैलरी पैकेज के तहत वेतन सैलरी एकाउंट एसबीआई बैंक में खुलवाने पर उन्हें कई प्रकार के बीमा कवर सुविधाएं एवं छूट देय होगी।
- इस विशेष पैकेज के अंतर्गत राजस्थान पुलिस के समस्त कर्मियों एवं अधिकारियों को 3 लाख रुपये का मुफ्त जीवन बीमा कवर उपलब्ध होगा।
- इसके तहत सामान्य मृत्यु की स्थिति में भी उसके नोमिनी को 3 लाख रुपये की राशि देय होगी।
- कर्तव्य निर्वहन के दौरान, किसी मुठभेड़ अथवा ऑपरेशन के दौरान एवं दुर्घटना में मृत्यु होने पर 30 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा प्रदत्त किया जाएगा।
- कर्तव्य निर्वहन के दौरान एवं दुर्घटना में स्थायी रूप से निर्योगिता होने पर भी 30 लाख रुपये के बीमा कवर की सुविधा उपलब्ध होगी।
- इस पैकेज के अंतर्गत पुलिस एवं अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के कल्याण हेतु कई अन्य परिलाभ शामिल किए गए हैं जिनमें खुदरा ऋण की सुविधा, विशेषकर हाउसिंग लोन व

अन्य अपने घरों की मरम्मत, नवीकरण, अतिरिक्त निर्माण आदि तथा कार और दुपहिया वाहन ऋण, शिक्षा ऋण तथा व्यक्तिगत ऋण आदि शामिल हैं।

- राजस्थान पुलिसकर्मी राजस्थान में स्टेट बैंक के कॉरपोरेट वेतन पैकेज के तहत भारत में सबसे बड़े एटीएम नेटवर्क के उपयोग आदि सुविधाओं के साथ-साथ जीरो बैलेंस की सुविधा, व्यक्तिगत एवं कार लोन लेने पर प्रोसेसिंग चार्ज में 50 प्रतिशत एवं आवास लोन पर शत-प्रतिशत छूट देय होगी।

संबंधित लिंक

http://www.khaskhabar.com/local/rajasthan/jaipur-news/news-rajasthan-police-and-sbi-to-mou-for-salary-package-news-hindi-1-283729-KKN.html

गेल-गैजप्रॉम समझौता

प्रश्न-हाल ही में गेल इंडिया और गैजप्रॉम (Gazprom) ने अपने 20 वर्षीय एलएनजी (LNG) बिक्री-खरीद समझौता में संशोधन किया। यह समझौता मूल रूप से किया गया था-

(a) 2008में (b) 2009में (c) 2011में (d) 2012में

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 16 जनवरी, 2018 को गेल (Gail) और गैजप्रॉम (Gazprom) मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर के मध्य एक संशोधित समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।
- समझौता दोनों कंपनियों के मध्य एलएनजी आपूर्ति की कीमत और मात्रा में संशोधन करने के उद्देश्य से किया गया।
- उल्लेखनीय है कि गेल और गैजप्रॉम मार्केटिंग एंड ट्रेडिंग सिंगापुर के मध्य इसके मूल समझौते पर 2012 में हस्ताक्षर किया गया था।
- 2012 में हस्ताक्षरित मूल समझौते में 2.5 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष क्रय-विक्रय पर समझौता किया गया था।

संबंधित लिंक

http://www.gailonline.com/final_site/MI-PressReleases.html

भारत-इटली में समझौता

प्रश्न-भारत और इटली के मध्य नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग हेतु कब समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ था?

(a) 15 मार्च, 2017 को (b) 30 अप्रैल, 2017 को (c) 15 सितंबर, 2017 को (d) 30 अक्टूबर, 2017 को

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2018 को नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग हेतु भारत और इटली के मध्य हुए समझौता ज्ञापन के विषय में केंद्रीय मंत्रिमंडल को जानकारी प्रदान की गई।
- यह समझौता ज्ञापन 30 अक्टूबर, 2017 को नई दिल्ली में हस्ताक्षरित हुआ था।
- इस समझौता ज्ञापन पर भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में सचिव आनंद कुमार और भारत में इटली के राजदूत लोरेंजो एंजेलोनी ने हस्ताक्षर किए थे।
- इस समझौते के तहत दोनों देशों में आपसी लाभ, समानता, पारस्परिकता के आधार पर नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा से जुड़े मामलों पर तकनीकी द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक सहकारी संस्थागत संबंध की स्थापना हेतु एक समुचित आधार स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।
- इस समझौता ज्ञापन में सहयोग से जुड़े मसलों की समीक्षा, निगरानी और विचार-विमर्श करने हेतु एक संयुक्त कार्यकारी समिति की स्थापना करने की परिकल्पना की गई है।
- इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच विशेषज्ञता (विशेष ज्ञान) और सूचनाओं का आदान-प्रदान तथा द्विपक्षीय सहयोग को सुदृढ़ करने में मदद करना है।

संबंधित लिंक

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1515185

भारत-अमेरिका में समझौता

प्रश्न-नवंबर, 2017 में ग्लोबल उद्यमिता सम्मेलन, 2017 (जीईएस-2017) कहां आयोजित हुआ था?

(a) जयपुर (b) अहमदाबाद (c) हैदराबाद (d) बंगलुरू

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2018 को संपन्न केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में वर्ष 2017 में भारत में ग्लोबल उद्यमिता सम्मेलन (जीईएस-2017) की सह-मेजबानी हेतु भारत और अमेरिका के मध्य हस्ताक्षरित सहमति ज्ञापन को पूर्व प्रभाव में मंजूरी प्रदान की गई।
- इस सहमति ज्ञापन से जिम्मेदारियां निरूपित की गई और सम्मेलन के सुचारू रूप से संचालन हेतु दोनों पक्षों के बीच लाजिस्टिक एवं स्थान से संबंधित आवश्यकताओं को पूरा किया गया।
- इस सम्मेलन में युवा उद्यमियों विशेषकर महिलाओं उद्यमियों तथा दीर्घकालिक रूप से वंचित समूहों के लिए आर्थिक अवसरों को बढ़ाने हेतु एक मंच प्रदान किया गया।

- जीईएस-2017 ने उद्यमियों और निवेशकों को वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं के साथ बैठक, नेटवर्किंग, सत्र, स्पर्धा, रणनीतिक कार्यशाला तथा नवीन सहयोग बनाने हेतु सेक्टर विशेष कार्यक्रमों के लिए शानदार अवसर प्रदान किया।
- 28-30 नवंबर, 2017 के मध्य ग्लोबल उद्यमिता सम्मेलन (जीईएस-2017) का आयोजन हैदराबाद में किया गया था।
- इस सम्मेलन में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुख कार्यकारी अधिकारियों, नीति निर्माताओं और सरकारी अधिकारियों के अतिरिक्त 150 देशों के 1500 पंजीकृत प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।
- ज्ञातव्य है कि 7 जून, 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के मध्य हुई बैठक में संयुक्त घोषणा-पत्र के अंतर्गत भारत में 2017 में 8वें जीईएस की दोनों देशों द्वारा सह-मेजबानी करने का फैसला किया गया था।
- इस सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति की सलाहकार इवांका ट्रंप ने भाग लिया था।

संबंधित लिंक

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1515185

इंफोसिस द्वारा अमेरिकी कर संधि हस्ताक्षरित

प्रश्न-हाल ही में इंफोसिस द्वारा कितनी राशि के टैक्स रिवर्सल को प्राप्त करने के लिए अमेरिकी कर संधि हस्ताक्षरित की गई?

(a) 225 मिलियन डॉलर की (b) 250 मिलियन डॉलर की

(c) 275 मिलियन डॉलर की (d) 300 मिलियन डॉलर की

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2018 को इंफोसिस लिमिटेड द्वारा अमेरिकी आंतरिक राजस्व सेवा (आईआरएस) के साथ एक एडवांस प्राइस एग्रीमेंट (एपीए) या कर संधि पर हस्ताक्षर किए जाने की घोषणा की गई।
- यह समझौता 31 दिसंबर, 2017 को समाप्त तिमाही में 225 मिलियन डॉलर के कर प्रावधानों को रिवर्स करने में सक्षम होगा।
- फाइलिंग के अनुसार, यह समझौता वर्ष 2011 से 2021 तक के वित्तीय वर्ष को कवर (आच्छदित) करता है।
- टैक्स रिवर्सल से दिसंबर में समाप्त हो रही तिमाही के लिए इंफोसिस की प्रति शेयर समेकित मूल आय 0.10 डॉलर तक बढ़ जाएगी।

- एपीए से इंफोसिस के यू.एस. संचालन संबंधी कर दायित्वों की भविष्य वचनीयता (Predictability) बढ़ जाएगी।
- ध्यातव्य है कि संधि की पृष्ठभूमि वर्ष 2015 से बननी शुरू हुई थी।
- एपीए की पद्धति के अनुसार, इंफोसिस भविष्य में अपना समग्र प्रभावी कर दर 100 आधार अंक तक कम हो जाने के प्रति आशान्वित है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/todays-paper/tp-business/infosys-signs-us-tax-pact/article22408213.ece

भारत-बेल्जियम में समझौता

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किस क्षेत्र में सहयोग हेतु बेल्जियम के साथ समझौता ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की गई?

(a) हीरा उद्योग के क्षेत्र में (b) कर अपवंचन के क्षेत्र में

(c) स्वास्थ्य क्षेत्र में (d) सूचना संचार प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक के क्षेत्र में

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सूचना संचार प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक के क्षेत्र में सहयोग हेतु भारत और बेल्जियम के मध्य समझौता ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की गई।
- बेल्जियम के नरेश फिलिप की भारत यात्रा के दौरान 7 नवंबर, 2017 को यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ था।
- इस समझौता ज्ञापन के तहत सूचना संचार प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक के क्षेत्र में नीति, निर्माण एवं सेवाओं के विकास पर विशेष बल देते हुए अनुसंधान तथा डिजिटल एजेंडा प्रौद्योगिकी, ई-शासन में भागीदारी की जाएगी।
- इसके अलावा ई-जनसेवा आपूर्ति, सम्मेलनों में भागीदारी, अध्ययन एवं विशेषज्ञों के आदान-प्रदान, साइबर सुरक्षा, आंकड़ा उपयुक्तता के मुद्दों का निपटारा, बाजार पहुंच, कारोबार और सेवाओं के क्षेत्र में भी भागीदारी की जाएगी।
- ज्ञातव्य है कि यूरोपीय संघ में बेल्जियम, भारत का दूसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1515188

भारत-ट्रांसपोर्ट फॉर लंदन में समझौता

प्रश्न-ट्रांसपोर्ट फॉर लंदन किस एक्ट के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है?

(a) ग्रेटर लंदन अथॉरिटी एक्ट, 1985 (b) ग्रेटर लंदन अथॉरिटी एक्ट, 1988

(c) ग्रेटर लंदन अथॉरिटी एक्ट, 1999 (d) ग्रेटर लंदन अथॉरिटी एक्ट, 2001

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत में सार्वजनिक परिवहन को बेहतर करने हेतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार और 'ट्रांसपोर्ट फॉर लंदन' के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर और इस पर कार्यान्वयन किए जाने हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- यह समझौता ज्ञापन देश में समग्र सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में सुधार, यात्री सेवाओं को बेहतर बनाने और भारत में उच्च क्षमता बसों के उपयोग को बढ़ावा देने में मददगार होगा।
- यह समझौता ज्ञापन सभी के लिए एकीकृत सार्वजनिक परिवहन को सुदृढ़ करने में सहायक होगा।
- इससे समाज के गरीब तबकों के लोगों की पहुंच उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक परिवहन प्रणाली तक सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

संबंधित लिंक

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1515186

भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार में समझौता

प्रश्न-हाल ही में भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के बीच किस सदर्भ में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?

(a) राज्य में एसईजेड क्षेत्र की स्थापना हेतु।

(b) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य में अपना क्षेत्रीय कार्यालय खोलने हेतु।

(c) गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस के माध्यम से सरकारी विभागों में पारदर्शी, त्वरित एवं भ्रष्टाचार मुक्त खरीद व्यवस्था लागू करने हेतु।

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 दिसंबर, 2017 को उत्तराखंड सचिवालय में गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस के माध्यम से सरकारी विभागों में पारदर्शी, त्वरित एवं भ्रष्टाचार मुक्त खरीद व्यवस्था लागू करने हेतु भारत सरकार के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत वाणिज्य विभाग और उत्तराखंड सरकार के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौता ज्ञापन में प्रमुख सचिव (उत्तराखंड सरकार) राधा रतूड़ी और गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस की ओर से सीईओ एस. सुरेश कुमार ने हस्ताक्षर किए।
- ज्ञातव्य है कि गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस की शुरूआत भारत सरकार के डिजिटल अभियान के अंतर्गत मंत्रालयों, विभागों, पीएसयू, स्वायत्त निकायों आदि में सामान व सेवाओं की खरीद में पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा व निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत वाणिज्य विभाग द्वारा की गई है।

संबंधित लिंक

http://cm.uk.gov.in/upload/pressrelease/Pressrelease-2399.pdf

भारत और स्विट्जरलैंड के मध्य समझौता

प्रश्न-हाल ही में भारत सरकार ने स्विट्जरलैंड के साथ किस समझौते पर हस्ताक्षर किया है-

(a) दोनों देशों के मध्य व्यापार में वृद्धि हेतु

(b) सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहभागिता हेतु

(c) विदेशों में जमा काले धन पर अंकुश लगाने हेतु

(d) आतंकवाद के संदर्भ में पारस्परिक सहायता हेतु

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 21 दिसंबर, 2017 को भारत ने विदेशों में जमा काले धन पर अंकुश लगाने हेतु स्विट्जरलैंड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- इस समझौते पर सीबीडीटी के अध्यक्ष सुशील चंद्र और भारत में स्विट्जरलैंड के राजदूत एंड्रेज बॉन ने नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए।
- इस समझौते के तहत 1 जनवरी, 2018 से दोनों देशों के बीच स्वतः ही टैक्स संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान होने लगेगा।

संबंधित लिंक

http://www.financialexpress.com/india-news/black-money-crackdown-india-switzerland-sign-deal-data-sharing-to-start-from-january-1/984871/

कोंकण रेलवे, आईआईटी बॉम्बे के मध्य समझौता

प्रश्न-हाल ही में कोंकण रेलवे ने अपने सुरंग तकनीक संस्थान की सहायता के लिए किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ समझौता किया?

(a) आईआईटी, मद्रास (b) आईआईटी, गुवाहाटी

(c) आईआईटी, बॉम्बे (d) आईआईटी, गांधीनगर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 दिसंबर, 2017 को कोंकण रेलवे और आईआईटी बॉम्बे ने तकनीकी सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए।
- यह तकनीकी सहयोग कोंकण रेलवे द्वारा मडगांव में स्थापित 'जॉर्ज फर्नांडीज इंस्टीट्यूट ऑफ टनल टेक्नोलॉजी' (GFITT) को प्राप्त होगा।
- ध्यातव्य है कि इससे पूर्व अगस्त में कोंकण रेलवे ने स्विट्जरलैंड के विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित हेतु ईटीएच ज्यूरिच विश्वविद्यालय के साथ भी समझौता किया था।
- वर्तमान समझौते का उद्देश्य 'जॉर्ज फर्नांडीज इंस्टीट्यूट ऑफ टनल टेक्नोलॉजी' को सुरंग और भूमिगत संरचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक विश्वस्तरीय संस्थान के रूप में विकसित करना है।
- इसके साथ ही इस समझौते से आईआईटी बॉम्बे के अंडर-ग्रेजुएट और पोस्ट-ग्रेजुएट छात्रों को सुरंग और भूमिगत संरचनाओं में अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों का व्यावहारिक अनुभव हासिल होगा।
- कोंकण रेलवे द्वारा स्थापित सुरंग तकनीक संस्थान का नाम पूर्व रेलमंत्री जॉर्ज फर्नांडीज के नाम पर रखा गया।
- कोंकण रेलवे के निर्माण में उनकी महती भूमिका थी।

संबंधित लिंक

http://www.konkanrailway.com/press/details/721

भारत-श्रीलंका में समझौता

प्रश्न-कंकेसनथुरै (केकेएस) बंदरगाह किस देश में स्थित है?

(a) मालदीव (b) भारत (c) श्रीलंका (d) म्यांमार

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को श्रीलंका के वित्त मंत्रालय और भारत के निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) के बीच एक करार पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किया गया।
- इस करार पर निर्यात-आयात बैंक के प्रबंध निदेशक डेविड रस्किंहा और श्रीलंका के वित्त मंत्रालय के सचिव आर.एच.एस. समारातुंगा ने हस्ताक्षर किए।
- इस करार के तहत भारत उत्तरी श्रीलंका के कंकेसनथुरै (केकेएस) बंदरगाह को विकसित कर वाणिज्यिक बंदरगाह का स्वरूप देने और श्रीलंका को क्षेत्रीय समुद्री हब के केंद्र रूप में विकसित करने हेतु 45.27 मिलियन अमेरिकी डॉलर की नई वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।
- ज्ञातव्य है कि इस परियोजनान्तर्गत केकेएस बंदरगाह को एक पूर्ण बंदरगाह के रूप में विकसित किया जाएगा।

संबंधित लिंक

https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/india-gives-45-27-million-aid-to-develop-kks-harbour-in-sri-lanka/articleshow/62472575.cms

पंजाब नेशनल बैंक और एनएसएफडीसी में समझौता

प्रश्न-हाल ही में पंजाब नेशनल बैंक और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम के बीच एक करार किया गया। इससे संबंधित विकल्प में कौन सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह करार 5 जनवरी, 2018 को किया गया।

(b) यह करार दोहरी गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले अनुसूचित जाति परिवारों के लोगों के आर्थिक सशक्तीकरण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किया गया है।

(c) इस आशय के समझौता-ज्ञापन पर पीएनबी के बी.एम. पाधा और एनएसएफडीसी के देवानंद ने हस्ताक्षर किए।

(d) इस करार के तहत एनएसएफडीसी की ऋण योजनाओं हेतु पीएनबी चैनलाइजिंग एजेंट के रूप में कार्य करेगी।

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 8 जनवरी, 2018 को पंजाब नेशनल बैंक और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम (NSFDC-National Scheduled Castes Finance and Development Corporation) के बीच एक करार (Tie-up) किया गया।यह करार दोहरी गरीबी रेखा (DPL-Double Poverty line) से नीचे रहने वाले अनुसूचित जाति परिवारों के लोगों के आर्थिक सशक्तीकरण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए किया गया है।इस आशय के समझौता ज्ञापन पर बी.एम. पाथा (महाप्रबंधक,

प्राथमिकता क्षेत्र वित्तीय समावेश विभाग, पीएनबी) और देवानंद (महाप्रबंधक, एनएसएफडीसी) ने हस्ताक्षर किए। इस करार के तहत एनएसएफडीसी के ऋण योजनाओं हेतु पीएनबी चैनलाइजिंग एजेंट के रूप में कार्य करेगी।

- दोहरी गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले बेरोजगार अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को रियायती वित्त और कौशल प्रशिक्षण अनुदान प्रदान किया जाएगा।

संबंधित लिंक

http://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/pnb-signs-moa-with-nsfdc/article10020461.ece

संघ/संगठन

भारत ऑस्ट्रेलिया ग्रुप में शामिल

प्रश्न-19 जनवरी, 2018 को भारत औपचारिक रूप से ऑस्ट्रेलिया ग्रुप (AG) का सदस्य बना। इस समूह का उद्देश्य है-

(a) रासायनिक और जैविक हथियारों के प्रसार को नियंत्रित करना

(b) परमाणु प्रसार को नियंत्रित करना (c) चिकित्सा प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना

(d) कृषि प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 19 जनवरी, 2018 को भारत औपचारिक रूप से ऑस्ट्रेलिया ग्रुप (AG) का 43वां सदस्य बना।
- यह देशों का सहकारी और स्वैच्छिक, समूह है जो उन सामग्रियों, उपकरणों और प्रौद्योगिकियों के प्रसार को रोकने के लिए काम कर रहा है जो रासायनिक और जैविक हथियारों के विकास या अधिग्रहण में योगदान दे सकता है। गौरतलब है कि भारत वर्ष 2016 में मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (MTCR) में तथा वर्ष 2017 में वासेनार समूह में शामिल हुआ था।
- ज्ञातव्य है कि ऑस्ट्रेलिया समूह विभिन्न देशों का एक अनौपचारिक समूह है (इसमें अब यूरोपीय आयोग भी जुड़ गया है) जिसकी स्थापना वर्ष 1985 में (वर्ष 1984 में इराक द्वारा रासायनिक हथियारों का प्रयोग करने के बाद) हुई थी इसका उद्देश्य सदस्य देशों द्वारा उन निर्यातों को नियंत्रित किए जाने की आवश्यकता है जिससे रासायनिक और जैविक हथियारों के प्रसार को रोका जा सके।

संबंधित लिंक

http://www.australiagroup.net/en/objectives.html

तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड

प्रश्न-तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

(a) वर्ष 1958 (b) वर्ष 1960 (c) वर्ष 1967 (d) वर्ष 1982

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड की अचल परिसंपत्तियों के निपटान हेतु इस कंपनी को बंद करने के संबंध में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) के निर्णय के कार्यान्वयन हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- इसके साथ ही तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीएसपी) की शेष देनदारियों के समायोजन के बाद कंपनी रजिस्ट्रार की सूची से इस कंपनी का नाम हटाने को भी स्वीकृति दी गई।
- ज्ञातव्य है कि सीसीईए ने कर्मचारियों/कामगारों और लेनदारों के सभी बकाया राशि के निपटान के बाद दिसंबर, 2015 में इस कंपनी को बंद करने की स्वीकृति प्रदान की थी।
- इसके अलावा मंत्रिमंडल ने 20,000 वर्ग मीटर भूमि के साथ एमएमएच संयंत्रों का हस्तांतरण कर्नाटक सरकार को करने की स्वीकृति दी थी। मंत्रिमंडल द्वारा कर्नाटक राज्य आवास बोर्ड के उपयोग हेतु हॉस्पेट स्थित कंपनी की 82.37 एकड़ भूमि की बिक्री कर्नाटक सरकार को किए जाने हेतु भी स्वीकृति प्रदान की गई थी। यह भूमि कर्नाटक सरकार को उसके द्वारा पेश की गई 66 लाख रुपये प्रति एकड़ के दर से बिक्रीत की गई। तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्ट्स लिमिटेड की स्थापना वर्ष 1960 में हुई थी।

संबंधित लिंक

http://www.pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1516120

ईगल इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट का अधिग्रहण

प्रश्न-हाल ही में स्किल एंड टैलेंट डेवलपमेंट कंपनी एनआईआईटी लिमिटेड ने कितनी राशि में ईगल इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट का अधिग्रहण किया?

(a) 5.1 मिलियन डॉलर (b) 7.5 मिलियन डॉलर

(c) 8.1 मिलियन डॉलर (d) 9.5 मिलियन डॉलर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 3 जनवरी, 2018 को स्किल एंड टैलेंट डेवलपमेंट कंपनी एनआईआईटी लिमिटेड द्वारा ईगल इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट (EII) का अधिग्रहण किया गया।
- इस सौदे से एनआईआईटी लिमिटेड को दवा उद्योग के लिए वैश्विक क्लाउड आधारित इंटरप्राइज एप्लीकेशन के क्षेत्र में अपनी प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।
- अधिग्रहण (शेयर, साख और ऋण दायित्व) के लिए कुल सौदे की राशि 8.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर है।
- इस नकद सौदे में 5 वर्ष की अवधि के अग्रिम और विलंबित भुगतान शामिल हैं।
- वर्ष 1988 में स्थापित ईगल प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण और कार्य प्रक्रिया परामर्श का कारोबार करती है।

संबंधित लिंक

http://www.livemint.com/Companies/9Bl02Z17HWPDY4BkO4ZZTL/NIIT-acquires-Eagle-Productivity-Solutions-for-81-million.html

फूडपांडा का अधिग्रहण

प्रश्न-हाल ही में कैब संचालक किस कंपनी ने फूड डिलीवरी कारोबार में विस्तार के लिए 'फूडपांडा' का अधिग्रहण किया है?

(a) मेरू कैब (b) ईजी कैब (c) मेगा कैब (d) ओला कैब

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 19 दिसंबर, 2017 को प्रमुख कैब (Cab) संचालक 'ओला' ने 'फूडपांडा इंडिया' के अधिग्रहण की घोषणा की। ध्यातव्य है कि 'फूडपांडा' ऑनलाइन ऑर्डर के द्वारा घर बैठे व्यंजनों (खाद्य फूड) की डिलीवरी के व्यवसाय में संलग्न है।
- अधिग्रहण की घोषणा में ओला ने सौदे की राशि का खुलासा नहीं किया है।
- इस व्यवसाय (फूड डिलीवरी) को आगे बढ़ाने के लिए 'ओला' 200 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी।
- ध्यातव्य है कि इस व्यवसाय में पहले से ही 'उबर ईट्स', 'जोमेटो', और 'स्विगी' जैसी कंपनियां मौजूद हैं। ओला ने इससे पूर्व वर्ष 2014 में 'ओला कैफे' के माध्यम से फूड बिजनेस शुरू किया था जो असफल रहा।
- 'ओला' के संस्थापक साझेदार प्रणय जिवराजका ने 'फूड पांडा इंडिया' के अंतरिम सीईओ के रूप में पदभार संभाला है।

संबंधित लिंक

https://tech.economictimes.indiatimes.com/news/internet/ola-acquires-foodpanda-india-business-to-further-invest-200-million/62131014

भारती एयरटेल मिलिकॉम करार

प्रश्न-हाल ही में भारतीय दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने अफ्रीका की किस दूरसंचार कंपनी के साथ साझेदारी कर उसके रवांडा परिचालन की सौ प्रतिशत स्टेक (हिस्सेदारी) प्राप्त की?

(a) मिलिकॉम (b) रवांडाटेल (c) एमटीएनएल (d) इंकोनेट

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 19 दिसंबर, 2017 को 'भारती एयरटेल' ने 'मिलिकॉम इंटरनेशनल' के साथ साझेदारी कर उसके रवांडा के परिचालन में 100 फीसदी स्टेक प्राप्त कर लिया।
- वर्तमान में यह 'टिगो रवांडा' के ब्रांड नाम के तहत परिचालन कर रही है। समझौते के तहत 'एयरटेल रवांडा लिमिटेड','टिगो रवांडा लिमिटेड की 100% हिस्सेदारी खरीदेगी।
- करार (समझौते) के तहत टिगो के ग्राहक एयरटेल रवांडा के नेटवर्क के साथ जुड़ जाएंगे।
- ध्यातव्य है कि भारती एयरटेल 17 देशों में मौजूद 370 मिलियन ग्राहकों को सर्विस दे रहा है।
- इस अधिग्रहण के बाद एयरटेल रवांडा उस देश की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी बन जाएगी।
- कंपनी ने युगांडा और कांगो में 'वरिड' के परिचालन का केन्या में 'यू मोबाइल' का और घाना में 'मिलिकॉम' का अधिग्रहण किया हुआ है।

संबंधित लिंक

http://bit.ly/2lmR6Oz

विधि/न्याय

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग विधेयक, 2017

प्रश्न-29 दिसंबर, 2017 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने लोकसभा में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग विधेयक, 2017 पेश किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) प्रस्तावित विधेयक में मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (MCI) के स्थान पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) की स्थापना की जाएगी।

(ii) विधेयक के अनुसार एक ब्रिज कोर्स, लाया जाएगा जिसे करके आयुर्वेद, होम्योपैथी के डॉक्टर एलोपैथी का इलाज कर पाएंगे।

(iii) ग्रेजुएशन के बाद डॉक्टरों को एक परीक्षा देनी होगी और उसके बाद ही मेडिकल प्रैक्टिस का लाइसेंस मिल सकेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं?

(a) केवल (i) (b) केवल (ii) (c) केवल (ii) एवं (ii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 29 दिसंबर, 2017 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी.नड्डा ने लोकसभा में 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग विधेयक, 2017' पेश किया गया।
- बाद में सरकार ने लोकसभा सदस्यों की मांग के मद्देनजर इसे संसद की स्थायी समिति को भेजने का निर्णय लिया।
- **इस विधेयक की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं-**
  (i) प्रस्तावित विधेयक में मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया समाप्त हो जाएगी और उसकी जगह राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) लेगा।
- केंद्र सरकार एक काउंसिल बनाएगी जो मेडिकल शिक्षा और ट्रेनिंग के बारे में राज्यों को अपनी समस्याएं और सुझाव रखने का मौका देगी।
- ये काउंसिल राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को सुझाव देगी कि मेडिकल शिक्षा को कैसे सुलभ बनाया जाए।
- प्रस्तावित विधेयक में भारत के मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए सिर्फ एक परीक्षा 'नेशनल एलिजिबिलिटी इंट्रेंस टेस्ट' (NEET) कराने का प्रावधान है।
- प्रस्तावित विधेयक के अनुसार, स्नातक के बाद डॉक्टरों को एक परीक्षा देनी होगी और उसके बाद ही मेडिकल प्रैक्टिस का लाइसेंस मिल सकेगा।
- इस परीक्षा के आधार पर पोस्टग्रेजुएशन के लिए प्रवेश होगा।
- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग निजी मेडिकल संस्थानों की 40 प्रतिशत सीटों की फीस तय करेगा, शेष 60 प्रतिशत सीटों पर निजी संस्थान स्वयं फीस तय कर सकते हैं। विधेयक के अनुसार, एक ब्रिज कोर्स लाया जाएगा जिसे करके आयुर्वेद, होम्योपैथी के डॉक्टर भी एलोपैथी इलाज कर पाएंगे।

संबंधित लिंक

https://www.sansarlochan.in/national-medical-commission-bill-hindi/

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) दूसरा (संशोधन) विधेयक, 2017

प्रश्न-किस तिथि को दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) दूसरा (संशोधन) विधेयक, 2017 लोकसभा में पारित हुआ?

(a) 23 दिसंबर, 2017 (b) 26 दिसंबर, 2017

(c) 27 दिसंबर, 2017 (d) 28 दिसंबर, 2017

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 27 दिसंबर, 2017 को लोकसभा में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) दूसरा (संशोधन) विधेयक, 2017 पारित किया गया।
- इस विधेयक के तहत मलिन बस्तियों में रहने वालों तथा झुग्गी झोपड़ी समूहों को अन्य स्थलों पर बसाने, रेहड़ी-पट्टी वालों को नियमित करने की समय सीमा बढ़ाने का प्रावधान है।
- इसके अतिरिक्त अनाधिकृत कालोनियों तथा ग्रामीण आबादी क्षेत्रों को नियमित करने और स्वीकृत सीमा से अधिक क्षेत्र में निर्मित फार्म हाउसों हेतु नीति बनाने की समय-सीमा भी बढ़ाने का प्रावधान किया गया है।
- विधेयक में वर्ष 2021 के मास्टर प्लान के दृष्टिगत दिल्ली के सभी अन्य क्षेत्रों के लिए नीति या योजना बनाने का भी प्रावधान है।
- दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र विधि (विशेष उपबंध) दूसरा अधिनियम, 2011 के अनुसार छूट की सीमा इस माह की 31 तारीख तक थी, जिसे 1 जनवरी, 2018 से 31 दिसंबर, 2020 (तीन वर्ष) तक की अवधि के लिए विस्तारित किया गया है।

संबंधित लिंक

http://www.prsindia.org/billtrack/the-national-capital-territory-of-delhi-laws-special-provisions-second-amendment-bill-2017-5015/

उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2017

प्रश्न-दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की किस धारा में की गई अपेक्षा के क्रम में भारत सरकार द्वारा निर्मित मॉडल ड्रॉफ्ट के आधार पर राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2017 का प्रारूप तैयार किया है?

(a) धारा 100 (b) धारा 101 (c) धारा 102 (d) धारा 106

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 26 दिसंबर, 2017 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2017 को मंजूरी प्रदान की गई।

- दिव्यांगजन अधिकार अधिनिमय, 2016 की धारा 101 में की गई अपेक्षा के क्रम में भारत सरकार द्वारा निर्मित मॉडल ड्रॉफ्ट के आधार पर राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2017 का प्रारूप तैयार किया है।
- इस अधिनियम की धारा-101 में यह प्रावधान है कि राज्य सरकारें इस अधिनियम की प्रारंभिक तिथि से 6 माह की अनधिक अवधि में उपबन्धों में की गई व्यवस्थाओं को कार्यान्वित करने हेतु नियम/नियमावली का प्राख्यापन कर सकेंगे।
- ज्ञातव्य है कि विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगजन के समग्र कल्याण हेतु भारत सरकार द्वारा निःशक्तजन (समान अवसर, अधिकार संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 को निष्प्रभावी कर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 प्रख्यापित किया गया है।
- यह अधिनियम 19 अप्रैल, 2017 से पूरे देश में लागू है। इस अधिनियम में दिव्यांगजन के कल्याण, हित संरक्षण एवं उनकी समस्याओं आदि के निराकरण के संबंध में विभिन्न प्रावधान किए गए हैं तथा इन प्राविधानों को राज्य सरकारों से प्रभावी ढंग से लागू किए जाने की अपेक्षा की गई है।
- अधिनियम की धारा-100 के तहत केंद्र सरकार द्वारा 15 जून, 2017 को जारी अधिसूचना के द्वारा इस अधिनियम के उपबंधों के क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार द्वारा नियमावली प्रख्यापित की जा चुकी है।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=868

माल और सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) संशोधन विधेयक, 2017

प्रश्न-हाल ही में लोकसभा में माल और सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) संशोधन विधेयक, 2017 पारित किया गया। विकल्प में इस विधेयक के विषय में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) यह विधेयक 27 दिसंबर, 2017 को लोकसभा में पारित हुआ।

(b) यह विधेयक सितंबर, 2016 में जारी अध्यादेश का स्थान ग्रहण करेगा।

(c) इस विधेयक में केंद्र सरकार को कुछ वस्तुओं यथा पान-मसाला, कोयला, गैस-मिश्रित पेय तथा तंबाकू जैसी वस्तुओं पर जीएसटी की दर अधिसूचित करने हेतु अनुमति का प्रावधान है।

(d) जीएसटी लागू होने के पश्चात राज्यों को राजस्व की जो हानि हुई है उसकी पूर्ति सेस की इस राशि से की जाती है।

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 27 दिसंबर, 2017 को माल और सेवा कर (राज्यों को प्रतिकर) संशोधन विधेयक, 2017 लोकसभा में पारित किया गया।
- यह विधेयक सितंबर, 2017 में जारी अध्यादेश का स्थान ग्रहण करेगा।
- इस विधेयक में केंद्र सरकार को कुछ वस्तुओं, जैसे पान मसाला, कोयला, गैस-मिश्रित पेय को तथा तंबाकू जैसी वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर अधिसूचित करने के लिए अनुमति का प्रावधान है।
- जीएसटी लागू होने के पश्चात राज्यों को राजस्व का जो नुकसान हुआ है उसकी पूर्ति सेस की इस राशि से की जाती है।
- यह बिल 2017 के अधिनियम में संशोधन करता है जिससे वाहनों पर जीएसटी मुआवजा हेतु सेस की दर 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत की जा सके।

संबंधित लिंक

http://www.prsindia.org/uploads/media/GST%20compensation/GST%20Compensation%20Bill%20Summary.pdf

सिनेमाघरों में राष्ट्रगान बजाना स्वैच्छिक

प्रश्न-हाल ही में किस न्यायालय द्वारा वर्ष 2016 में दिए गए अपने आदेश में सुधार करते हुए सिनेमाघरों में फिल्म के प्रदर्शन से पूर्व राष्ट्रगान बजाने को अब स्वैच्छिक कर दिया गया है?

(a) दिल्ली उच्च न्यायालय (b) मद्रास उच्च न्यायालय

(c) उच्चतम न्यायालय (d) इलाहाबाद उच्च न्यायालय

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को उच्चतम न्यायालय द्वारा वर्ष 2016 में दिए गए अपने आदेश में सुधार करते हुए सिनेमाघरों में फिल्म के प्रदर्शन से पूर्व राष्ट्रगान बजाने को अब स्वैच्छिक कर दिया गया है।
- ध्यातव्य है कि 30 नवंबर, 2016 को उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में फिल्म के प्रदर्शन पूर्व सिनेमाघरों के लिए राष्ट्रगान बजाना अनिवार्य बना दिया था।
  सिनेमाघरों में राष्ट्रगान बजाना स्वैच्छिक है यह आदेश प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा, न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर और न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़ की तीन सदस्यीय पीठ ने दिया।
- तीन सदस्यीय खंडपीठ के अनुसार केंद्र द्वारा गठित 12 सदस्यीय अंतर-मंत्रालयी समिति सिनेमाघरों में राष्ट्रगान बजाने के विषय में अंतिम निर्णय लेगी।
- यह समिति राष्ट्रगान बजाने से संबंधित सभी पहलुओं पर विस्तार से विचार करेगी।

- इसके साथ ही पीठ द्वारा याचिकाकर्त्ताओं को इस समिति के समक्ष अपना प्रतिवेदन रखने की अनुमति भी प्रदान की गई। ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय सम्मान कानून, 1971 के अपमान को रोकने में संशोधन के विषय में सुझाव देने हेतु 12 सदस्यीय समिति गठित की जा चुकी है। यह समिति अपने गठन (5 दिसंबर, 2017) से छह माह तक अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/todays-paper/playing-of-national-anthem-in-cinema-halls-made-optional/article22408357.ece

वर्ष/दिवस/सप्ताह

विश्व कुष्ठ दिवस

प्रश्न-'विश्व कुष्ठ दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) जनवरी माह के प्रथम रविवार को (b) जनवरी माह के अंतिम रविवार को

(c) जनवरी माह के प्रथम शुक्रवार को (d) जनवरी माह के अंतिम शुक्रवार को

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 28 जनवरी, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व कुष्ठ दिवस' (World Leprosy Day) मनाया गया।
- इस वर्ष हेतु इसकी थीम 'लड़के एवं लड़कियों के लिए शून्य विकलांगता' (Zero Disability in Boys and Girls) निर्धारित की गई।गौरतलब है कि यह दिवस प्रतिवर्ष जनवरी माह के अंतिम रविवार को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों की सहायता तथा इस रोग से पीड़ित लोगों की देखभाल करने वाले व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने के बारे में जागरूकता पैदा करना है। ज्ञातव्य है कि कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्री के कारण होने वाला एक क्रोनिक संक्रामक रोग है। जिसके परिणामस्वरूप त्वचा पर गंभीर कुरूप घाव हो जाते हैं तथा हाथों और पैरों की तंत्रिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं।इस रोग को हैन्सेन का रोग (इस रोग के बैक्टीरिया की खोज करने वाले चिकित्सक डॉ. आर्मोर हैन्सेन के नाम पर रखा गया है) के रूप में भी जाना जाता है।
- डब्ल्यूएचओ की सिफारिश के अनुसार, कुष्ठ रोग का प्रभावी उपचार मल्टीड्रग थेरेपी (MDT) द्वारा किया जा सकता है

संबंधित लिंक

https://www.lepra.org.uk/world-leprosy-day

राष्ट्रीय मतदाता दिवस

प्रश्न-25 जनवरी, 2018 को देश भर में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मनाया गया। इस दिवस का मुख्य विषय क्या है?

(a) सरल पंजीकरण, सरल सुधार (b) सुगम निर्वाचन

(c) लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी (d) युवा और भावी मतदाताओं का सशक्तीकरण

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 25 जनवरी, 2018 को देश भर में 8वां 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' (National Voters Day) मनाया गया।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-'सुगम निर्वाचन' (Accessible Elections) है।
- इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए देश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा लोगों को 'मतदाता दिवस' की शपथ दिलाई गई। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2011 में 25 जनवरी को भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस (वर्ष 1950 में स्थापित) के अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने इस दिवस का शुभारंभ किया था।
- इस अवसर पर भारतीय निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया कंपनी 'फेसबुक' के साथ मिलकर 18 साल या उससे अधिक उम्र के यूजर्स के लिए 'टेक ए प्लेज' नामक अभियान की शुरूआत की है जिसकी सहायता से वह मतदाता दिवस हेतु शपथ ले सकते हैं।

संबंधित लिंक

http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1517538

राष्ट्रीय बालिका दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय बालिका दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 11 अक्टूबर (b) 23 नवंबर (c) 24 जनवरी (d) 20 जनवरी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 24 जनवरी, 2018 को देश भर में 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' (National Girl Child Day) मनाया गया। उल्लेखनीय है कि यह दिवस बालिका शक्ति को लोगों के सामने लाने तथा उनके प्रति समाज

में जागरूकता और चेतना पैदा करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2008 में इस दिवस को पहली बार मनाया था।

- गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस' प्रतिवर्ष 11 अक्टूबर को मनाया जाता है।

संबंधित लिंक

http://www.indiacelebrating.com/events/national-girl-child-day/

विश्व ब्रेल दिवस

प्रश्न-'विश्व ब्रेल दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 1 जनवरी (b) 5 जनवरी (c) 4 जनवरी (d) 8 जनवरी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व ब्रेल दिवस' (World Braille Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस ब्रेल लिपि के आविष्कारक सर लुईस ब्रेल (फ्रांस) के जन्मदिन की स्मृति में मनाया जाता है। ब्रेल एक कूट भाषा है, जिसमें वर्णों और संपूर्ण अक्षरों की प्रस्तुति के लिए सतह पर उभारों और अभिज्ञानों का इस्तेमाल किया जाता है।

संबंधित लिंक

https://www.thenews.com.pk/latest/264479-world-braille-day-education-for-the-blind-population-of-the-world

ट्राई द्वारा दूरसंचार इंटर-कनेक्शन विनियमन, 2018 जारी

प्रश्न-हाल ही में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा दूर संचार इंटर-कनेक्शन विनियमन, 2018 जारी किया गया। यह कब से प्रभावी होगा?

(a) 26 जनवरी, 2018 (b) 30 जनवरी, 2018 (c) 31 जनवरी, 2018 (d) 1 फरवरी, 2018

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 1 जनवरी, 2018 को भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार इंटर-कनेक्शन विनियमन, 2018 जारी किया।
- इस विनियमन में ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों में बिना किसी भेदभाव के इंटर-कनेक्शन समझौते को अनिवार्य कर दिया है।

- ट्राई द्वारा किसी प्रकार के उल्लंघन पर प्रत्येक सेवा क्षेत्र के हिसाब से एक लाख रुपये तक का दैनिक जुर्माना निर्धारित किया गया है। पूरे देश में कुल 22 सेवा क्षेत्र हैं।
- किसी सेवा प्रदाता के ग्राहक द्वारा अपने उपकरण, नेटवर्क एवं सेवाओं के माध्यम से अन्य सेवा प्रदाताओं के ग्राहक, नेटवर्क तथा सेवाओं तक पहुंच बनाने में सक्षम होने के लिए तैयार की गई वाणिज्यिक एवं तकनीकी व्यवस्था ही 'इंटर-कनेक्शन' कहलाती है।
- यह 1 फरवरी, 2018 से प्रभावी होगा।

संबंधित लिंक

http://trai.gov.in/sites/default/files/Press_Release_No2_02012018.pdf
http://www.trai.gov.in/sites/default/files/Regulation_TIR_02012018.pdf

किसान दिवस

प्रश्न-'किसान दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 25 दिसंबर (b) 20 दिसंबर (c) 28 दिसंबर (d) 23 दिसंबर



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 23 दिसंबर, 2017 को देश भर में 'किसान दिवस' मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है।
- इनका जन्म 23 दिसंबर, 1902 को मेरठ (उ.प्र.) में हुआ था।

संबंधित लिंक

http://bit.ly/2pILGCg

राष्ट्रीय गणित दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय गणित दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 23 दिसंबर (b) 20 दिसंबर (c) 22 दिसंबर (d) 25 दिसंबर

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 22 दिसंबर, 2017 को देश भर में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' (National Mathematics Day) मनाया गया।

- उल्लेखनीय है कि देश में प्रतिवर्ष 22 दिसंबर को महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास आयंगर रामानुजन के जन्म दिवस के अवसर पर यह दिवस मनाया जाता है।
- वर्ष 2012 में इनकी 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की गई थी।
- इनका जन्म 22 दिसंबर, 1887 को मद्रास (चेन्नई) से 400 किमी. दूर ईरोड नगर में हुआ था।
- उनके द्वारा गणित में की गई अद्भुत खोज आज के आधुनिक गणित और विज्ञान की आधारशिला बनी।
- संख्या सिद्धांत पर रामानुजन के अद्भुत कार्य के लिए उन्हें 'संख्याओं का जादूगर' माना जाता है।
- उनको 'गणितज्ञों का गणितज्ञ' भी कहा जाता है।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/srinivasa-ramanujan-national-mathematics-day-facts/1/840477.html
http://indianexpress.com/article/education/india-national-mathematics-day-in-memory-of-srinivasa-ramanujan-4993857/

70वां भारतीय सेना दिवस

प्रश्न-15 जनवरी, 2018 को देश भर में 70वां भारतीय सेना दिवस मनाया गया। आजादी के बाद भारतीय सेना के पहले कमांडर प्रमुख कौन थे?

(a) ले. जनरल सैम मॉनिकशॉ (b) ले. जनरल के.एम. करियप्पा
(c) ले. जनरल जैकब हसन (d) ले. जनरल बिपिन चंद्र जोशी

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 जनवरी, 2018 को देशभर में '70वां भारतीय सेना दिवस' मनाया गया।
- यह दिवस आजादी के बाद भारतीय सेना के पहले कमांडर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल के.एम. करियप्पा के शीर्ष कमांडर का पदभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- गौरतलब है कि उन्होंने 15 जनवरी, 1949 को भारतीय सेना के अंतिम अंग्रेज शीर्ष कमांडर जनरल रॉय (फ्रांसिस रॉबर्ट) बुचर से यह पदभार ग्रहण किया था।
- इस अवसर पर भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल बिपिन रावत ने अमर जवान ज्योति पर बलिदानी जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

संबंधित लिंक

http://www.india.com/festivals-events/70th-army-day-2018-significance-about-the-day-honoring-indian-army-2843970/

राष्ट्रीय युवा दिवस

प्रश्न-12 जनवरी, 2018 को देश भर में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया गया। केंद्र सरकार ने इस दिवस को मनाने की घोषणा कब की थी?

(a) वर्ष 1986 (b) वर्ष 1984 (c) वर्ष 1989 (d) वर्ष 2001

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 12 जनवरी, 2018 को देश भर में 34वां 'राष्ट्रीय युवा दिवस' (National Youth Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस समाज सुधारक, दार्शनिक और सुप्रसिद्ध विचारक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- 12 जनवरी, 2018 को स्वामी विवेकानंद की 155वीं जयंती मनाई गई।
- केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 1984 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी।
- जिसके पश्चात वर्ष 1985 से स्वामी विवेकानंद की जयंती को 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाने लगा।
- स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी, 1863 को कोलकाता में हुआ था।
- इनका वास्तविक नाम नरेंद्रनाथ दत्त था।
- 11 सितंबर, 1893 को उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था।
- उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना बेलूर मठ, पश्चिम बंगाल में की थी।
- इनके गुरू का नाम रामकृष्ण परमहंस था।
- 4 जुलाई, 1902 में स्वामी विवेकानंद का निधन हो गया था।

संबंधित लिंक

http://bit.ly/2D6HaUd
http://www.ddinews.gov.in/people/national-youth-day-being-celebrated-today

विश्व हिंदी दिवस

प्रश्न-'विश्व हिंदी दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 18 जनवरी (b) 12 जनवरी (c) 10 जनवरी (d) 9 जनवरी

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 10 जनवरी, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व हिंदी दिवस' (World Hindi Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि इसी दिन वर्ष 1975 में नागपुर में प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन हुआ था।
- यह दिवस पहली बार 10 जनवरी, 2006 को मनाया गया था।
- गौरतलब है कि यह दिवस 14 सितंबर को मनाये जाने वाले राष्ट्रीय हिंदी दिवस का ही एक भाग है।

संबंधित लिंक

http://www.thedailystar.net/city/world-hindi-day-observed-1518250

पुस्तकें

इलेक्शन एटलस ऑफ इंडिया

प्रश्न-किसने वर्ष 1952 से 2014 तक के सभी लोकसभा चुनाव परिणामों पर आधारित पुस्तक 'इलेक्शन एटलस ऑफ इंडिया' का प्राक्कथन लिखा है?

(a) टी.एन. शेषन (b) नसीम जैदी (c) अचल कुमार ज्योति (d) एच.एस. ब्रह्मा



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 8 जनवरी, 2018 को वर्ष 1952 से 2014 तक के सभी लोकसभा परिणामों पर आधारित पुस्तक 'इलेक्शन एटलस ऑफ इंडिया' संसद भवन में जारी की गई।
- इस एटलस की सहायता से स्वतंत्र भारत में हुए सभी लोकसभा चुनावों का मानचित्रों पर आधारित विश्लेषण किया जा सकेगा।
- इलेक्शन एटलस ऑफ इंडिया में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र के पहले आम चुनाव से लेकर अब तक के प्रत्येक चुनाव परिणाम की तथ्यवार जानकारी दी गई है।
- इस पुस्तक का प्राक्कथन लेखन पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. नसीम जैदी ने किया है।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/news-ians/book-on-data-about-indian-elections-released-at-world-book-fair-118010801181_1.html

विविध

‘साइबर सुरक्षित भारत’ लांच

प्रश्न-हाल ही में किसने साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए ‘साइबर सुरक्षित भारत’ लांच किया?

(a) भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (b) गृह मंत्रालय

(c) इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (d) रक्षा मंत्रालय

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 19 जनवरी, 2018 को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MEITY) ने राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन (NEGD) एवं उद्योग जगत के सहयोग से साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए ‘साइबर सुरक्षित भारत’ पहल की शुरूआत की।
- भारत में यह अपनी तरह की पहली सार्वजनिक निजी साझीदारी है और यह साइबर सुरक्षा में आईटी क्षेत्र की विशेषज्ञता का लाभ उठाएगा।

संबंधित लिंक

http://www.business-standard.com/article/news-cm/meity-launches-cyber-surakshit-bharat-to-strengthen-cybersecurity-118012000191_1.html

उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक द्वारा नाबार्ड से ऋण आहरित करने हेतु शासकीय गारंटी स्वीकृत

प्रश्न-जनवरी, 2018 में संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड, लखनऊ द्वारा नाबार्ड से ऋण आहरित करने हेतु कितनी राशि की गारंटी स्वीकृत की गई?

(a) 2200 करोड़ रुपये (b) 2300 करोड़ रुपये (c) 2400 करोड़ रुपये (d) 2500 करोड़ रुपये

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड लखनऊ द्वारा नाबार्ड से ऋण आहरित करने हेतु 2400 करोड़ रुपये की गारंटी स्वीकृत की गई।

- इसके अलावा वर्ष 2017-18 में (1 जुलाई, 2017 से 30 जून, 2018 तक) 1040 करोड़ रुपये की सीमा तक ऋण अथवा अन्य प्रकार से पुनर्वित्त आहरण की स्वीकृति भी प्रदान की गई।
- ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश ग्राम सहकारी विकास बैंक लिमिटेड, लखनऊ द्वारा कृषि निवेशों की खरीद हेतु दीर्घकालीन ऋण के प्रतिदान तथा उस पर देय ब्याज के लिए शासन द्वारा गारंटी प्रदान की जाती है।
- बैंक की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ है तथा बैंक द्वारा सभी विनियोजकों को निर्धारित तिथियों पर समय से भुगतान किया जा रहा है। तथा बैंक पर कोई बकाया नहीं है।
- नाबार्ड द्वारा बैंक को उक्त वित्तीयन प्रदान करने के पूर्व उत्तर प्रदेश शासन से शासकीय गारंटी स्वीकृति करानी पड़ती है।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=884

ऑनलाइन पोर्टल 'नारी'

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका संजय गांधी द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु एक ऑनलाइन पोर्टल 'नारी' का शुभारंभ कहां किया गया?

(a) गुरुग्राम (b) नई दिल्ली (c) बेंगलुरू (d) भुवनेश्वर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 2 जनवरी, 2018 को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका संजय गांधी ने महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु एक ऑनलाइन पोर्टल 'नारी' (http://nari.nic in) का शुभारंभ नई दिल्ली में किया।
- यह पोर्टल महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है।
- इसके अलावा इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री द्वारा एनजीओ और सिविल सोसायटी हेतु ई-संवाद पोर्टल भी लांच किया गया।
- महिलाओं से संबंधित सारी सूचनाओं को एक ही स्थान पर सुलभ कराने के उद्देश्य से 'नारी' पोर्टल में महिलाओं के कल्याण हेतु 350 सरकारी योजनाओं से संबंधित कराई गई हैं व अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई हैं।
- इस पोर्टल में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के लिए महत्वपूर्ण लिंक दिया गया है।
- इस पोर्टल पर पोषण, स्वास्थ्य जांच, बीमारी, नौकरी, साक्षात्कार, निवेश और बचत सलाह, महिलाओं के खिलाफ अपराध, कानूनी सहायता प्रदाता के नंबर, गोद लेने की सरल प्रक्रिया आदि विषयों पर जानकारी उपलब्ध है।

- ई-संवाद पोर्टल के माध्यम से एनजीओ और सिविल सोसायटी अपने सुझाव, शिकायत व प्रतिक्रिया दे सकते हैं। ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार द्वारा कठिन परिस्थितियों में महिलाओं की सहायता हेतु वर्तमान में 168 जिलों में वन स्टॉप सेंटर संचालित है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=69945

'युवा संगम' वेबसाइट

प्रश्न-उत्तर प्रदेश में युवा संगम का आयोजन प्रतियोगिता के रूप में तीन चरणों में किया गया। इस पहल में साझीदार संस्था कौन-सी है?

(a) आवास एवं विकास परिषद, उत्तर प्रदेश (b) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की

(c) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर (d) अंबेडकर हिंदी विश्वविद्यालय, लखनऊ

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 दिसंबर, 2017 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शास्त्री भवन, लखनऊ में 'युवा संगम' वेबसाइट (www.yuvasangam.in) का शुभारंभ किया था।
- इस वेबसाइट के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को 11 सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों के समाधान को प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।
- इन विषयों में उत्तम शिक्षा, स्वच्छ उत्तर प्रदेश, कृषि कल्याण, डिजिटल उत्तर प्रदेश, पारदर्शी प्रदेश, स्वस्थ घर परिवार, सुरक्षित प्रदेश, अंत्योदय से सर्वोदय, जन भागीदारी, कौशल युवा तथा अपना घर शामिल है।
- युवा संगम का आयोजन प्रतियोगिता के रूप में तीन चरणों (ऑनलाइन प्रतियोगिता, क्षेत्रीय सम्मेलन और समापन महासम्मेलन) में किया गया।
- इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के सभी मूल निवासी जिनकी आयु 15-35 वर्ष के बीच हो तथा राज्य के कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थी (आयु 15-35 वर्ष) भाग लेने हेतु पात्र थे।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर इस पहल में साझीदार है। क्षेत्रीय सम्मेलन नोएडा, आगरा, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर में आयोजित हुआ। इसका समापन महासम्मेलन 'यू.पी.दिवस' के अवसर पर लखनऊ में आयोजित किया गया।
- यह प्रतियोगिता 29 दिसंबर, 2017 से 24 जनवरी, 2018 को संपन्न हुई।युवा संगम का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को उत्तर प्रदेश सरकार के साथ सार्थक संवाद के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराना था।

संबंधित लिंक
http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=875

LDFM- ऐप लांच

प्रश्न-एलडीएफएम-ऐप (LDFM-APP) है-

(a) फसल रोग पूर्वानुमान मोबाइल एप्लीकेशन (b) पशु रोग पूर्वानुमान मोबाइल एप्लीकेशन

(c) वायु प्रदूषण पूर्वानुमान मोबाइल एप्लीकेशन (d) कृषि संबंधी जानकारी देने हेतु मोबाइल एप्लीकेशन

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 27 दिसंबर, 2017 को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने पशु रोग पूर्वानुमान मोबाइल एप्लीकेशन (LDFM-ऐप) का नई दिल्ली में शुभारंभ किया।
- यह ऐप आईसीएआर-राष्ट्रीय पशुरोग जानपदिक एवं सूचना विज्ञान संस्थान (Nivedi National Institute of Veterinary Epidemiology and Disease Informatics) द्वारा विकसित किया गया है।
- प्रारंभिक चेतावानी प्रेषित करने हेतु इस मोबाइल ऐप में मासिक बुलेटिन प्रणाली का उपयोग किया गया है।
- प्रारंभिक चेतावनी के अलावा एलडीएफएम मोबाइल ऐप महामारी के संदर्भ में निदान हेतु नैदानिक नमूनों के विषय में जानकारी भी प्रदान करता है।
- आईसीएआर निवेदी बंगलुरू द्वारा पूर्व में घटित रोग प्रकोप के आधार पर 13 रोगों की प्राथमिकता का निर्धारण किया गया है।
- इसका एक ठोस डेटाबेस तैयार किया गया है जो राष्ट्रीय पशुरोग रेफरल विशेषज्ञ प्रणाली का आधारभूत है।
- इसका उपयोग हर माह पशु रोगों की पूर्व चेतावनी देने के लिए किया जाता है।
- यह मोबाइल ऐप पशु रोग नियंत्रण में लगे उपयोगकर्ता हितधारकों के लिए उपयोगी होगा।

संबंधित लिंक
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=174896

हेरिटेज कैबिनेट

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य की सरकार द्वारा 'हेरिटेज कैबिनेट' के गठन का फैसला किया गया?

(a) उत्तराखंड (b) ओडिशा (c) जम्मू-कश्मीर (d) कर्नाटक

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 26 दिसंबर, 2017 को ओडिशा राज्य मंत्रिमंडल की बैठक पहली बार भुवनेश्वर के बजायपुरी में आयोजित हुई।
- इस बैठक में ओडिशा सरकार द्वारा राज्य के अवशेषों और स्मारकों के संरक्षण हेतु तथा समृद्ध संस्कृति और भाषा के प्रसार के लिए एक अनोखी 'हेरिटेज कैबिनेट' और ओडिशा भाषा आयोग के गठन का निर्णय किया गया।
- हेरिटेज कैबिनेट राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में गठित होगी।
- इसका उद्देश्य राज्य में प्राचीन स्मारकों, मंदिरों और पुरातात्विक महत्व के स्थानों को संरक्षण प्रदान करना तथा राज्य की संस्कृति, भाषा और साहित्य को संरक्षण प्रदान करना तथा राज्य की संस्कृति, भाषा और साहित्य के संरक्षण हेतु आवश्यक कदम उठाना है।
- इसके अलावा इसी बैठक में राज्य मंत्रिमंडल द्वारा राज्य के पर्यटन और संस्कृति विभागों को अलग करने से संबंधित प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई।
- संस्कृति विभाग का नाम 'ओडिया भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग' करने को फैसला किया गया।
- ओडिशा आधिकारिक भाषा अधिनियम, 1954 में शीघ्र संशोधन किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने पर दंड के प्रावधान शामिल किए जाएंगे।

संबंधित लिंक

http://www.newindianexpress.com/states/odisha/2017/dec/26/odisha-government-to-set-up-heritage-cabinet-headed-by-chief-minister-naveen-patnaik-1737136.html

मंगल ग्रह पर स्पोर्ट्स कार

प्रश्न-जनवरी, 2018 में किस स्पोर्ट्स कार को मंगल मिशन पर भेजा गया?

(a) हुंडई स्पोर्ट्स कार (b) टेस्ला रोडस्टर (c) फॉक्सवैगन रोडस्टर (d) महिंद्रा रोडस्टर

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2018 में विश्व की सबसे तेज दौड़ने वाली कारों में शामिल स्पोर्ट्स कार टेस्ला रोडस्टर को मंगल मिशन पर भेजा गया।
- इस कार को फ्लोरिडा स्थित केप कैनावेरल लांचिंग पैड से फाल्कन हैवी रॉकेट के माध्यम से मंगल ग्रह पर भेजा गया।
- ज्ञातव्य है कि यह रॉकेट उसी पैड से लांच किया गया, जहां से चांद पर जाने वाला नासा का स्पेस शटल सैटर्न वी अपोलो- 11 लांच किया गया था।

संबंधित लिंक

http://www.bbc.co.uk/newsround/42650487
https://www.express.co.uk/news/world/898231/tesla-elon-musk-space-x-mars

हज सब्सिडी समाप्त

प्रश्न-वर्ष 2012 में उच्चतम न्यायालय ने किस वर्ष से हज सब्सिडी समाप्त करने हेतु निर्देशित किया था?

(a) वर्ष 2019 (b) वर्ष 2020 (c) वर्ष 2021 (d) वर्ष 2022

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 16 जनवरी, 2018 को केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी द्वारा प्रतिवर्ष हज तीर्थयात्रा पर दी जाने वाली सब्सिडी इस वर्ष से समाप्त किए जाने की घोषणा की गई।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2012 में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशानुसार हज सब्सिडी 2022 तक समाप्त किया जाना था किन्तु सरकार ने इसी वर्ष (वर्ष, 2018) से इसे समाप्त करने का निर्णय लिया।
- सुप्रीम कोर्ट के आदेश में कहा गया कि यह सब्सिडी न केवल असंवैधानिक है कि बल्कि कुरान की शिक्षाओं के अनुरूप भी नहीं है।
- हज सब्सिडी समाप्त होने से प्रतिवर्ष लगभग 450 करोड़ रुपये की बचत होगी।
- यह राशि अल्पसंख्यक महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा पर खर्च की जाएगी।
- ज्ञातव्य है कि इस वर्ष रिकॉर्ड 1.75 लाख मुस्लिम हज यात्रा पर जाएंगे जो आजादी के बाद का सबसे बड़ा भारतीय जत्था होगा।
- इस वर्ष पहली बार महिलाएं भी पुरुष अनुरक्षण या मेहरम के बिना हज यात्रा पर जाएंगी।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/national/government-ends-haj-subsidy-from-this-year/article22450240.ece

बौद्धिक संपदा प्रतियोगिता का शुभारंभ

प्रश्न-देश में बौद्धिक संपदा (आईपी) इको प्रणाली की रचना हेतु आईपीआर नीति कब लागू की गई?

(a) 12 मार्च, 2016 (b) 12 अप्रैल, 2016 (c) 12 मई, 2016 (d) 12 अक्टूबर, 2016

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 15 जनवरी, 2018 को केंद्र सरकार के औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन विभाग (डीआईपीपी) के अंतर्गत आईपीआर प्रोत्साहन और प्रबंधन प्रकोष्ठ (सीआईपीएएम) ने महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए एक अनोखी बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रतियोगिता 'आईपी रिस्म' का शुभारंभ किया।
- इस प्रतियोगिता का आयोजन डीआईपीपी-आईपीआर प्रोत्साहन और प्रबंधन प्रकोष्ठ द्वारा एसोचैम और एरिक्सन, भारत के सहयोग से किया गया है।
- इस प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्रों से 30 और 60 सेकेंड की दो श्रेणियों में चोरी और जालसाजी पर फिल्म बनाने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- इस प्रतियोगिता की एक अन्य श्रेणी में बौद्धिक संपदा पर मोबाइल गेंमिग ऐप भी है।
- प्रतियोगिता हेतु आवेदन भेजने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2018 है।
- प्रतियोगिता में विजेता दल को 4 लाख रुपए के नकद पुरस्कार के साथ ही स्मृति चिह्न, प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।
- इसे सीआईपीएएम की आधिकारिक वेबसाइट (www.cipam.gov.in) पर प्रदर्शित भी किया जाएगा।
- प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा पीढ़ी में नवप्रवर्तन और रचनात्मकता की संस्कृति को बढ़ावा देना है।
- ज्ञातव्य है कि देश में आईपी इको प्रणाली की रचना करने हेतु आईपीआर नीति को 12 मई, 2016 को लागू किया गया था।
- इस नीति का प्रथम और मुख्य उद्देश्य पहुंच वाले और प्रगतिशील कार्यकलापों के माध्यम से आईपीआईपीआर जागरूकता का प्रसार करना है।
- डीआईपीपी के अंतर्गत एक व्यावसायिक अंग सीआईपीएएम बहुत से कार्यों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है, जिसमें राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान भी शामिल है।

संबंधित लिंक

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=175623

मदरसों में संस्कृत पढ़ाए जाने की मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में किस राज्य में मदरसों में संस्कृत को वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाए जाने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है?

(a) कर्नाटक (b) केरल (c) उत्तराखंड (d) तेलंगाना

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2018 में उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड (यूएमईबी) की एक निचली समिति द्वारा राज्य के मदरसों में संस्कृत को वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाए जाने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।इसके अलावा कंप्यूटर साइंस को भी वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाए जाने को भी मंजूरी दी गई।
- बोर्ड की छह सदस्यीय समिति ने इन दोनों विषयों से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।
- इस प्रस्ताव को मंजूरी हेतु बोर्ड की उच्चस्तरीय समिति के पास भेजा जाएगा।
- कुछ दिन पूर्व उत्तराखंड मदरसा वेलफेयर सोसायटी ने विषय के तौर पर संस्कृत को शामिल करने हेतु राज्य सरकार से संपर्क किया था।
- यह निर्णय सामाजिक संस्था मदरसा वेलफेयर सोसायटी ऑफ उत्तराखंड (मदरसे एमडब्ल्यूएसयू) के अनुरोध के पश्चात लिया गया है।
- एमडब्ल्यूएमयू द्वारा राज्य भर में 207 मदरसे संचालित हैं जिसमें लगभग 25 हजार छात्र शिक्षा ग्रहण करते हैं।
- वर्तमान में राज्य के मदरसों में छात्रों को गणित, विज्ञान, आयुष और सामाजिक विज्ञान वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाया जाता है।

संबंधित लिंक

http://www.thehindu.com/news/national/other-states/uttarakhand-madrasas-to-teach-sanskrit/article22422556.ece

ड्रोन कैमरों द्वारा रेल परियोजनाओं की निगरानी

प्रश्न-हाल ही में रेल मंत्रालय ने अपने सभी मंडलों में ड्रोन कैमरे लगाने का निर्णय लिया है इस क्रम में सबसे पहले किस मंडल में ड्रोन कैमरे तैनात किए जाएंगे-

(a) उत्तर मध्य रेलवे (b) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (c) पूर्व मध्य रेलवे (d) पश्चिम मध्य रेलवे

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 8 जनवरी, 2018 को रेल मंत्रालय ने ट्रेनों के संचालन, सुरक्षा की निगरानी के लिए प्रत्येक मंडलों (रेल जोन) में ड्रोन कैमरे तैनात करने का निर्णय लिया। ड्रोन कैमरे सबसे पहले पश्चिम मध्य रेलवे में तैनात किए जाएंगे जिसका मुख्यालय जबलपुर में है।
- उल्लेखनीय है कि यह कदम मुंबई के एलफिन्सटन स्टेशन सड़क पुल त्रासदी को ध्यान में रखकर उठाया गया है। इससे पहले जबलपुर यार्ड की विद्युतीकरण परियोजना की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरे लगाए गये थे।

संबंधित लिंक

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1515897

वर्चुअल आईडी

प्रश्न-हाल ही में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने वर्चुअल आईडी पेश की है। इस आईडी में कितने अंकों की संख्या होगी?

(a) 12 (b) 14 (c) 16 (d) 18

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2018 में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार की गोपनीयता से जुड़ी आशंकाओं को दूर करने हेतु वर्चुअल आईडी की पेशकश की है।
- कोई भी आधार कार्ड धारक प्राधिकरण की वेबसाइट पर जाकर अपनी वर्चुअल आईडी प्राप्त कर सकते हैं।
- इसके माध्यम से बगैर आधार संख्या साझा किए सिम के सत्यापन सहित कई अन्य कार्य किए जा सकते हैं।
- वर्चुअल आईडी बायोमैट्रिक्स के साथ 16 अंकों वाली संख्या होगी।
- किसी भी कार्ड धारक द्वारा नई वर्चुअल आईडी बनाने पर पुरानी आईडी स्वतः ही रद्द हो जाएगी।

संबंधित लिंक

http://www.hindustantimes.com/india-news/instead-of-aadhaar-now-submit-virtual-id-to-protect-your-privacy/story-eIsFwFnCG9oImArFQJiELJ.html

देश की पहली डिजिटल ऑनलाइन ऑन्कोलॉजी ट्यूटोरियल सीरीज लांच

प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से किसके द्वारा डिजाइन की गई देश की पहली डिजिटल ऑनलाइन ऑन्कोलॉजी ट्यूटोरियल सीरीज लांच की गई?

(a) सी-डैक (b) भारतीय विज्ञान संस्थान

(c) रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (d) टाटा मेमोरियल सेंटर

उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2018 को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव प्रीति सुदान ने स्वास्थ्य मंत्रालय के सहयोग से टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा डिजाइन की गई देश की पहली डिजिटल ऑनलाइन ऑन्कोलॉजी ट्यूटोरियल सीरीज को लांच किया।
- ऑन्कोलॉजी ट्यूटोरियल सीरीज का उद्देश्य देशभर के डॉक्टरों को विभिन्न तरह की कैंसर बीमारी की जल्दी पहचान, रोकथाम, दर्द में कमी लाने, पुनर्वास तथा उपचार के बारे में शिक्षित करना है।
- यह राष्ट्रीय कार्यक्रम का हिस्सा है और इसे राज्य सरकारों के सहयोग से देश भर में टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा चलाया जाएगा।
- संपूर्ण पाठ्यक्रम सात सप्ताह का है।
- इसमें कैंसर की विभिन्न साइटों तथा सब-साइटों पर आधारित विभिन्न मॉड्यूल हैं।
- इसमें 40 वीडियो लेक्चर, केस स्टडी, मूल्यांकन, प्रश्नावली तथा टाटा मेमोरियल अस्पताल के संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ इंटरएक्टिव वेबिनार के जरिए 14 घंटे का व्यापक ई-लर्निंग शामिल हैं।

संबंधित लिंक

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1515449

'मेरा होर्डिंग' ऐप

प्रश्न-हाल ही में 'मेरा होर्डिंग' एप लांच किया गया। यह ऐप संबंधित है-

(a) खेल (b) स्वास्थ्य (c) रेल (d) ऊर्जा

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2018 को स्पेन की प्रमुख बैडमिंटन खिलाड़ी कैरोलिना मारिन ने 'मेरा होर्डिंग' ऐप लांच किया।
- मेरा होर्डिंग सड़क किनारे प्रचार के लिए लगाए जाने वाले विभिन्न तरह के होर्डिंगों की कंपनियों के लिए ई-मार्केट प्लेस की तरह काम करेगी।

संबंधित लिंक

http://indiatoday.intoday.in/story/carolina-marin-launches-mera-hoardings-app/1/1124190.html

29वां विजयवाड़ा पुस्तक उत्सव

प्रश्न-29वें विजयवाड़ा पुस्तक उत्सव का आयोजन किस राज्य में किया गया?

(a) आंध्र प्रदेश (b) तेलंगाना (c) कर्नाटक (d) केरल

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 1 जनवरी, 2018 को उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने पीडब्लूडी स्वराज मैदान ग्राउंड, विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में आयोजित विजयवाड़ा पुस्तक उत्सव का उद्घाटन किया।
- यह विजयवाड़ा पुस्तक उत्सव का 29वां संस्करण था।
- इस उत्सव का समापन 12 जनवरी, 2018 को हुआ।
- कोलकाता पुस्तक मेले के बाद यह देश का दूसरा सबसे बड़ा पुस्तक मेला था।
- इस उत्सव का आयोजन विजयवाड़ा पुस्तक महोत्सव सोसायटी द्वारा एनटीआर ट्रस्ट के साथ संयुक्त रूप से किया गया।
- भाषा और संस्कृति विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार भी इस आयोजन में सहभागी हुई।
- इस वर्ष इस महोत्सव में 200 से अधिक स्टाल लगाए गए थे।

संबंधित लिंक

http://www.uniindia.com/vice-prez-inaugurates-vijayawada-book-festival/states/news/1092810.html

माजुली द्वीप के बाढ़ और क्षरण से बचाव हेतु सुरक्षा कार्यों की आधारशिला

प्रश्न-सैटेलाइट से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर माजुली द्वीप की भूमि का क्षेत्रफल नवंबर, 2016 में कितना है?

(a) 502.21 वर्ग किमी. (b) 520.38 वर्ग किमी. (c) 524.29 वर्ग किमी. (d) 556.49 वर्ग किमी.

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 29 दिसंबर, 2017 को जल संसाधन, नदी विकास व गंगा संरक्षण, सड़क, परिवहन तथा राजमार्ग और शिपिंग मंत्री नितिन गडकरी और असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने माजुली (असम) में नियमित माल ढुलाई परिवहन वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया।
- यह वाहन राष्ट्रीय जलमार्ग-2 (NW-2) के माध्यम से पांडु से धुबरी के रास्ते आवागमन करेगा।
- इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने असम के माजुली द्वीप को बाढ़ और क्षरण से बचाने हेतु सुरक्षा कार्यों की आधारशिला रखी।

- जल संसाधन मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञों की समिति की सिफारिश के आधार पर ब्रह्मपुत्र बोर्ड में बाढ़ और क्षरण से द्वीप के बचाव हेतु जनवरी, 2004 में विभिन्न चरणों में सुरक्षा कार्य प्रारंभ किया गया था।
- इन कार्यों में नदी किनारों पर तटबंध का निर्माण और सुदृढ़ीकरण, आरसीसी स्क्रीन को बिछाना, अवरोधों का निर्माण शामिल है।
- इसके अलावा नितिन गडकरी ने माजुली में ब्रह्मपुत्र बोर्ड कार्यालय के निर्माण की आधारशिला रखी।
- इस कार्यालय के निर्माण की अनुमानित लागत राशि 40 करोड़ रुपए है।
- माजुली द्वीप दक्षिण में विशाल ब्रह्मपुत्र नदी से तथा उत्तर में खेरकाटिया, सूटी, लुइत सूटी और सुबनश्री नदियों से घिरा हुआ है।
- सैटेलाइट से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर माजुली द्वीप की भूमि का क्षेत्रफल वर्ष 2004 में 502.21 वर्ग किमी. था, जो नवंबर, 2016 में 524.29 वर्ग किमी. हो गया।

संबंधित लिंक

http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1514605

पराली जलाने की समस्या से निपटने हेतु क्षेत्रीय परियोजना को मंजूरी

प्रश्न-हाल ही में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पराली जलाने की समस्या से निपटने हेतु परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई। इस क्षेत्रीय परियोजना का पहला चरण पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कितनी लागत राशि से शुरू किया जाएगा?

(a) 100 करोड़ रुपये (b) 125 करोड़ रुपये (c) 150 करोड़ रुपये (d) 200 करोड़ रुपये

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 28 दिसंबर, 2017 को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पराली जलाने की समस्या से निपटने तथा जलवायु परितर्वन हेतु राष्ट्रीय अनुकूलन कोष के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन के माध्यम से किसानों में जलवायु सुदृढ़ता निर्माण पर एक क्षेत्रीय परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस परियोजना को मंजूरी नई दिल्ली में जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक में प्रदान की गई।
- परियोजना का पहला चरण पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत राशि से शुरू किया जाएगा।

- इस परियोजना का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के साथ-साथ अनुकूलन क्षमता को बढ़ाना और पराली जलाने से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से निपटने का उपाय खोजना है।
- प्रारंभ में किसानों को वैकल्पिक व्यवहारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और जागरूकता अभियान और क्षमता सृजन गतिविधियां संचालित की जाएंगी।
- इसी बैठक में नगालैंड, झारखंड तथा उत्तर प्रदेश की परियोजनाओं को भी जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय संचालन समिति द्वारा मंजूरी प्रदान की गई।
- इस समिति ने कृषि, पशुपालन, जल, वानिकी जैसे कमजोर क्षेत्रों को कवर करने वाली 27 नवाचारी परियोजनाओं को मंजूरी दी।

संबंधित लिंक

http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1514536

भारत और अफगानिस्तान के मध्य दूसरा वायु मार्ग

प्रश्न-हाल ही में भारत और अफगानिस्तान के मध्य दूसरे मालवाहक वायु मार्ग का शुभारंभ किया गया। यह वायु मार्ग किन दो शहरों के बीच शुरू किया गया है?

(a) काबुल और बंगलुरू के बीच (b) काबुल और मुंबई के बीच

(c) काबुल और नई दिल्ली के बीच (d) काबुल और कोलकाता के बीच

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 27 दिसंबर, 2017 को काबुल स्थित हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से भारत और अफगानिस्तान के बीच दूसरे मालवाहक वायु मार्ग का अधिकारिक शुभारंभ किया गया।
- इस वायुमार्ग के माध्यम से अफगानिस्तान से ताजे फल एवं मेवे और औषधि बनाने वाली जड़ी बूटियों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।
- इससे पूर्व दोनों देशों के बीच पहला मालवाहक हवाई मार्ग (काबुल और नई दिल्ली के बीच) जून, 2017 में शुरू हुआ था।

संबंधित लिंक

http://indianexpress.com/article/india/second-india-afghan-air-cargo-route-launched-5001827/

मेडागास्कर में उष्णकटिबंधीय चक्रवात

प्रश्न-हाल ही में हिंद महासागर स्थित अफ्रीकी देश मेडागास्कर में कौन-से उष्णकटिबंधीय चक्रवात ने दस्तक दिया?

(a) एवान (Evan) (b) इयान (Ian) (c) एवा (Ava) (d) जेवियर (Xavier)

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- जनवरी, 2018 के प्रथम सप्ताह में मेडागास्कर उष्णकटिबंधीय चक्रवात (Tropical Cyclone) से प्रभावित हुआ।
- ध्यातव्य है कि इससे पूर्व वर्ष 2017 के भी पूर्वार्द्ध (मार्च) में मेडागास्कर चक्रवाती तूफान 'एनोवो' (Enawo) से पीड़ित हुआ था।
- जिसमें 78 लोगों की जान गई थी।
- मेडागास्कर में प्रायः चक्रवाती तूफान आते रहते हैं।
- हालिया चक्रवात 'एवा' 5 जनवरी, 2018 की सुबह मेडागास्कर के पूर्वी तट से टकराया।
- चक्रवात की वजह से 29 लोगों की जान गई और 17 हजार से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा।
- 80,0000 से अधिक लोग इस चक्रवात की जद में आए जबकि 22 लोग लापता हो गए।
- चक्रवात राजधानी अंतानानारिवो और बंदरगाह शहर टोमासीना और पूर्वी शहर तामाताव में तीव्र बाढ़ का कारण बना।

संबंधित लिंक

https://www.nasa.gov/feature/goddard/2018/ava-southern-indian-ocean
https://reliefweb.int/disaster/tc-2018-000001-mdg

भारत-श्रीलंका संयुक्त महासागरीय सर्वेक्षण पूर्ण

प्रश्न-हाल ही में भारत और श्रीलंका ने संयुक्त रूप से महासागरीय सर्वेक्षण का कौन-सा चरण पूरा किया है?

(a) प्रथम (b) द्वितीय (c) तृतीय (d) चतुर्थ

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 19 दिसंबर, 2017 को भारत और श्रीलंका ने संयुक्त रूप से महासागरीय सर्वेक्षण का दूसरा चरण पूरा किया। सर्वेक्षण चार्ट को श्रीलंकाई नौसेना के कमांडर को सौंप दिया गया है।
- सर्वेक्षण कर्ता भारतीय और श्रीलंकाई नौसेना थी।
- सर्वेक्षण 26 अक्टूबर, 2017 को भारतीय नौसेना पोत 'सतलज' के श्रीलंका आगमन के साथ शुरू हुआ था। संयुक्त सर्वेक्षण का उद्देश्य दक्षिणी श्रीलंका को आच्छादित करने वाले जलराशि के सभी नौवहन चार्ट (नक्शे) को अपडेट करना है। नक्शा अद्यतन (अपडेशन) का यह कार्य 'नवीनतम हाइड्रोग्राफिक आंकड़ों' के साथ किया जाना लक्षित था।

- कोलंबो से गाले तक विस्तारित सर्वेक्षण कार्य समुद्र में 200 मीटर की गहराई तक किया गया।
- जिससे श्रीलंका के सामुद्रिक संसाधन से होने वाले राजस्व में वृद्धि एक 'ब्लू इकोनॉमी' का मार्ग प्रशस्त करेगी।
- ध्यातव्य है कि संयुक्त हाइड्रोग्रॉफिक (महासागरीय) सर्वेक्षण का पहला चरण इसी वर्ष 29 मार्च से 11 मई तक दक्षिणी समुद्र में संपन्न हुआ था।
- जबकि सर्वेक्षण का तीसरा चरण अगले वर्ष ग्रेट बासेस (Great Basses) से संगमनकंद तक आयोजित किया जाना है।

संबंधित लिंक

http://www.newsbharati.com/Encyc/2017/12/22/Oceanographic-survey.html

ईरानी कंपनियों पर प्रतिबंध

प्रश्न-हाल ही में अमेरिका ने ईरान के मिसाइल कार्यक्रम में मदद करने वाली पांच ईरानी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। ये पांचों कंपनियां ईरान के किस इंडस्ट्रियल ग्रुप की अधीनस्थ कंपनियां हैं?

(a) महमूद बाकरी (b) शाहिद बाकरी (c) अफजल खुमैनी (d) अहमद बिलाल

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 4 जनवरी, 2018 को अमेरिका ने ईरान के मिसाइल कार्यक्रम में मदद करने वाली पांच ईरानी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया। प्रतिबंध के अंतर्गत अमेरिका में इन कंपनियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और अमेरिकी नागरिक इनसे लेन-देन नहीं कर सकेंगे।
- ये पांचों कंपनियां ईरान के शाहिद बाकरी इंडस्ट्रियल ग्रुप की अधीनस्थ कंपनियां हैं, जो ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों के विकास से जुड़ी हुई हैं।

संबंधित लिंक

https://www.rferl.org/a/iran-sanctions-ballistic-missile-program-mnichkin-u-s/28955437.html

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की चिकित्सा प्रतिपूर्ति

प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा प्रदान की गई मंजूरी के तहत मुख्य न्यायाधीश (इलाहाबाद उच्च न्यायालय) कितनी धनराशि तक के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों को स्वीकृत कर सकेंगे?

(a) 5 लाख रुपये (b) 8 लाख रुपये (c) 10 लाख रुपये (d) 12 लाख रुपये

उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 9 जनवरी, 2018 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद के सेवारत एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीशों तथा उन पर आश्रित दावों/बिलों की स्वीकृत किए जाने के संबंध में मुख्य न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा चिकित्सा प्रतिपूर्ति के दावों को मंजूर करने की सीमा बढ़ाने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इस मंजूरी के तहत अब मुख्य न्यायाधीश (इलाहाबाद उच्च न्यायालय) 5 लाख रुपये के स्थान पर 10 लाख रुपये तक के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों को स्वीकृत कर सकेंगे। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) नियमावली, 2011 (यथा संशोधित) प्रदेश सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लागू होती है। प्रदेश सरकार के मंत्रियों और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति हेतु कोई पृथक नियमावली नहीं है। अंतः विगत वर्षों से मंत्रियों एवं न्यायाधीशों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों का निस्तारण उपर्युक्त नियमावली के प्राविधानों के अनुसार किया जाता है।

संबंधित लिंक

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=900